RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 335
लखनऊ, शनिवार, 26 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




शूटिंग शुरू करने से पहले वरुण धवन ने कराई कोविड-19 जांच

विविध-12

# हक मांगते अन्नदाता सड़कों-पटरियों पर

## कृषि विधेयकों के खिलाफ उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक सुनाई दे रही किसान आंदोलन की धमक

● पंजाब के लांबी में सुखबीर और हरसिमरत कौर बादल ने की अगुवाई मुख्यमंत्री अमरिंदर से की हस्तक्षेप की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**संसद** से पारित हुए कृषि विधेयकों को लेकर शुक्रवार को देश भर में किसानों ने प्रदर्शन किया। पंजाब और हरियाणा में बंद का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला। किसान सुबह ही सड़क और रेलवे ट्रैक पर बैठ गए, जगह-जगह चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन किया।

यहां पर बाजार भी पूरे दिन बंद रहे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल समेत देश के अन्य हिस्सों में भी विरोध प्रदर्शन हुआ। पंजाब में विधेयकों को वापस लेने के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के उद्देश्य से प्रदर्शन कर रहे किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सड़कों को बाधित कर दिया। इन विधेयकों को अभी राष्ट्रपति की मंजूरी मिलनी बाकी है। प्रदर्शनकारियों द्वारा सड़कों को बाधित किए जाने से दोनों राज्यों के आम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पंजाब के किसानों ने विधेयकों के खिलाफ बुलाई गई 'बंद' के तहत प्रदर्शन किया। 'पंजाब बंद' के आह्वान का सरकारी कर्मचारी संघों, गायकों, आढ़तियों, मजदूरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का समर्थन मिला। किसानों के समर्थन में दुकानें, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, सब्जी मंडी और अन्य स्थान बंद रहे। दुकानदारों ने किसानों के समर्थन में दुकानें बंद रखने की अपील की थी।

किसानों ने विधेयकों के खिलाफ गुरुवार को तीन दिवसीय 'रेल रोको' प्रदर्शन शुरू किया और पटरियों पर धरना दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार विधेयकों के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह किसानों के साथ है और धारा 144 के उल्लंघन के लिए प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी। पूर्णतया पंजाब बंद के लिए भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वावधान में 31 किसान संगठनों ने हाथ मिलाया है। भारतीय किसान संगठन जो बंद का समर्थन कर रहे हैं उनमें किसान मजदूर संघर्ष समिति, कीर्ति किसान यूनियन और भारतीय किसान यूनियन के कई गुट शामिल हैं। पंजाब की सरकारी निगम पेप्सू सड़क परिवहन निगम (पीआरटीसी) की बसें (शेष पेज 9)

## विपक्ष पर बरसे मोदी-वादों के सिवा किसानों को कुछ न दिया

● भाजपा कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संबोधन में बोले कृषि बिलों को लेकर दूर करें किसानों का भ्रम


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मोदी** सरकार के कृषि विधेयकों के खिलाफ किसानों द्वारा बुलाए गए भारत बंद के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं आह्वान करते हुए कहा कि इस कानून तथा किसानों और मजदूरों की बेहतरी के लिए सरकार द्वारा ईमानदारी से किए जा रहे प्रयासों के बारे में वे लोगों में जागरूकता फैलाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने धारा 370 समेत और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समेत अपने सभी बड़े वादों को पूरा किया है। भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने यह बात कही। प्रधानमंत्री हाल ही में संसद द्वारा पारित कृषि सुधार विधेयकों को लेकर सरकार पर निशाना साधने पर विपक्षी दलों को आड़े हाथ लिया और कहा कि जिन्होंने दशकों तक किसानों के नाम पर सिर्फ नारे लगाए और 'खोखले' वादे किए वे आज अपने 'राजनीतिक स्वार्थ' के लिए उन्हीं के कंधे पर रखकर बंदूक चला रहे हैं।

संसद में पारित कृषि सुधार से संबंधित विधेयकों को किसानों के जीवन में व्यापक बदलाव लाने वाला करार देते प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर छोटे-छोटे किसानों से मिलें और कृषि विधेयकों के फायदों से उन्हें अवगत कराएं। प्रधानमंत्री ने कृषि सुधार संबंधी विधेयकों पर विपक्ष के विरोध को राजनीतिक स्वार्थ बताते हुए आरोप लगाया कि (शेष पेज 9)

# दीवाली के बाद बिहार को मिलेगी नई सरकार



● चुनाव तारीखों का ऐलान, 28 अक्टूबर, तीन व 7 नवंबर को तीन चरणों में होगा मतदान, दस नवंबर को आएंगे नतीजे

● कोरोना महामारी के दौरान पूरी दुनिया में पहला सबसे बड़ा कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चुनाव** आयोग ने बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। राज्य की 243 विधानसभा सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण की वोटिंग 28 अक्टूबर को होगी। दूसरा चरण 3 नवंबर और तीसरे चरण में 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। मतों की गिनती एक साथ 10 नवंबर को होगी। बिहार में विधानसभा चुनाव दुनिया में कोरोनो वायरस के दौरान होने वाला सबसे बड़ा चुनाव कार्यक्रम है। महामारी के कारण शुरू में 70 से अधिक देशों ने अपने चुनाव स्थगित कर दिए थे। चुनाव की घोषणा के साथ राज्य में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। बिहार विधानसभा का कार्यकाल आगामी 29 नवंबर को पूरा होगा। इससे पहले ही सरकार गठन का काम संपन्न होना है।

महामारी के दौरान चुनाव आयोजित करने के निर्णय का बचाव करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त अरोड़ा ने कहा कि कोरोनो वायरस के खिलाफ लड़ाई का कोई अंत नहीं है। इसलिए जिंदगी चलती रहनी चाहिए। उन्होंने इसके लिए हाल ही में देषभर में आयोजित जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं का उदाहरण दिया। संक्रमण से बचाव के लिए कई इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके तहत मतदान का समय एक घंटे तक बढ़ जाएगा और माओवादी प्रभाव वाले इलाकों को छोड़कर वोट सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जाएंगे। कोविड संक्रमित और संदिग्ध व्यक्तियों के लिए अलग मतदान की व्यवस्था की जाएगी। क्वॉरंटीन में रहने वाले लोग मतदान के समय के अंत में अपना वोट डाल सकते हैं। चुनाव के पहले चरण में 16 जिलों की 71 विधानसभा सीटों (शेष पेज 9)

### रैलियां भी होंगी और रोड शो भी

**मुख्य** चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि राज्य में केवल आभासी चुनाव प्रचार नहीं होगा। राजनीतिक दल और उम्मीदवार बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान के दौरान रैलियों का आयोजन कर सकते हैं, लेकिन उन्हें सोशल डिस्टैंसिंग का ख्याल रखना होगा और लोगों को एक-दूसरे से अलग सफेद घेरे में खड़ा होना होगा। अरोड़ा ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी पहले ही उन स्थानों की पहचान कर चुके हैं, जहां सभाएं हो सकती हैं। जहां तक डोर टू डोर प्रचार का सवाल है तो इसमें उम्मीदवार समेत पांच लोग ही शामिल हो सकते हैं। हालांकि सुरक्षा गार्डों को इनमें नहीं गिना जाएगा। इसी तरह रोड शो में दस के बजाय पांच वाहन ही चलेंगे। राज्य में इन चुनावों में 7.29 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे। सीईसी अरोड़ा ने (शेष पेज 9)

### चुनावी झटकों से सहमी भाजपा तो कोरोना से डर रहा विपक्ष

**बिहार** चुनाव भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि उसे 2019 में केंद्र में विषाल बहुमत के साथ सत्ता हासिल करने के बावजूद उसे कई राज्यों में तगड़ा चुनावी झटका लगा है। महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने के बावजूद वह अपनी सबसे भरोसेमंद और पुरानी सहयोगी शिवसेना के साथ सरकार बनाने में नाकाम रही। सत्ता के बंटवारे को लेकर दोनों दलों के रास्ते अलग हो गए और शिवसेना ने कांग्रेस व एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। हरियाणा में बड़ी मुश्किल से जननायक जनता पार्टी के समर्थन से उसकी सरकार बन सकी। दिसंबर 2019 में झारखंड ने भी चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। दूसरी ओर विपक्षी दलों के सामने भी चुनौती कम नहीं है। वे आपसी खींचतान के अलावा, भरोसे और मजबूत नेतृत्व के संकट से जूझ (शेष पेज 9)

# योगी ने दिया मीडिया कर्मियों को तोहफा

● मीडिया कर्मियों को पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर व कोरोना संक्रमण से मौत होने पर परिवार को दस लाख की आर्थिक मदद का ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में मीडिया कर्मियों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाएगा। इसके अलावा कोरोना वायरस संक्रमण से किसी मीडिया कर्मी की मौत होने पर उसके परिजन को दस लाख सरकार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं राजधानी में नवनिर्मित पंडित दीन दयाल उपाध्याय सूचना परिसर भवन के उद्घाटन के दौरान कीं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरकार की योजनाओं के साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर प्रकाश डाला। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि शासन का काम योजनाएं बनाना है। प्रशासन योजना लोगों तक पहुंचाता है। इसके बाद मीडिया सेतु के रूप में काम करता है। मीडिया तो सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करता है। प्रदेश के सूचना तथा जनसंपर्क विभाग का काम सरकार के काम को सामने लाने का है।

इसके बाद मीडिया का काम इसको जनता के बीच लाने का है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में पंडित दीनदयाल के नाम पर भवन बनाया गया है, यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में मीडियाकर्मी काम कर रहे हैं और पत्रकारों को पूरी सुरक्षा और जागरूकता के साथ काम करते हुए संक्रमण से बचना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि राज्य में इन्सेफेलाइटिस कुछ साल तक एक जान लेवा बीमारी थी जो धीरे-धीरे पूरे पूर्वी प्रदेश को अपनी चपेट में ले चुकी थी, लेकिन प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन कार्यक्रमों और प्रदेश सरकार की योजनाओं की बदौलत इस बीमारी को समाप्त करने में सफलता मिली। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डॉ. दिनेश शर्मा, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जल शक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी तथा सूचना निदेशक शिशिर भी मौजूद थे।

# जिलों में कैंप कर ठोस रणनीति बनाकर दें: सीएम


● कोविड-19 के प्रभावी नियंत्रण में तैनात नोडल अधिकारियों को योगी ने किया सम्बोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** के लगातार बढते मामलों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काफी गंभीरता से लिया है। उन्होंने नोडल अधिकारियों को अपनी टीम के साथ ऐसे 16 जिलों में कैंप करने के निर्देश दिये हैं जिनमे पिछले एक सप्ताह के दौरान प्रतिदिन 100 या उससे अधिक कोरोना मरीज मिले हैं।

सीएम योगी ने कहा कि इन जनपदों में तैनात अपर मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी संबंधित जनपदों में पहुंचकर ठोस रणनीति तथा व्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर दो दिनों के अन्दर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके साथ ही ऐसे जिलों में संक्रमित के पाये जाने पर 10 से 15 लोगों की 48 घण्टों के भीतर कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा माइक्रो कण्टेनमेण्ट जोन बनाने के भी निर्देश दिये हैं। कैंप करने वाली टीम के सहयोग के (शेष पेज 9)

## राजधानी में कोरोना के 580 केस



● सूबे में कोरोना के 4519 नए मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। शुक्रवार को राजधानी में 580 नए कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही 9 मरीजों की मौत हुई है। राजधानी में अब तक 49,387 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं।

आज 854 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 40433 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 8954 केस एक्टिव है। अभी तक राजधानी में 653 मरीजों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 10626 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमे प्रमुख रूप से आज आशियाना 29, इंदिरा नगर 48, आलमबाग 23, ठाकुरगंज 11, तालकटोरा 14, हसनगंज 18, गोमती नगर 49, हजरतगंज 20, मड़ियांव 21, रायबरेली रोड 30, अलीगंज 26, जानकीपुरम 22, महानगर 18 चौक 26 चिनहट 14, नाका 15, विकासनगर 10, वृन्दावन योजना 12, गोमतीनगर विस्तार 11, सुशान्त गोल्फ सिटी 10, इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये हैं।

आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 172 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से 172 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 123 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 49 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया। वहीं दूसरी (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,388 | ↑ 835 |
| निफ्टी | 11,050 | ↑ 244 |
| सोना | 50,824 | ↑ 324 /10g |
| चांदी | 60,536 | ↑ 2124 /kg |

### क्विक न्यूज

**दो सगे भाइयों सहित तीन बच्चों की नाले में डूबने से हुई मौत**

**शाजापुर (मध्य प्रदेश)।** शाजापुर जिला मुख्यालय से लगभग 40 किमी. दूर पेवची गांव में दो सगे भाइयो सहित तीन बच्चों की एक नाले में डूबने से शुक्रवार को मौत हो गई। अकोदिया पुलिस थाना प्रभारी एके शेषा ने बताया, आज दोपहर में राजपाल सिंह (12), उसके बड़े भाई युवराज सिंह (15) तथा देवेन्द्र (12) की नाले में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि राजपाल एवं युवराज इंदौर जिले के उपड़ी गांव के रहने वाले थे और अपने नाना के यहाँ बृहस्पतिवार को ही आए थे, जबकि देवेन्द्र अपने रिश्तेदार के यहां आया था। शेषा ने बताया कि तीनों शवों को नाले से निकाल लिया गया है और पोस्टमॉर्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होने कहा कि इस घटना के संबंध में अकोदिया पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच जारी है।

# नहीं रहे मशहूर गायक एसपी बालासुब्रमण्यम

**भाषा।** चेन्नई

● राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया शोक

**अपनी** मखमली आवाज से पांच दशक तक लाखों प्रशंसकों के दिलों पर राज करने वाले मशहूर गायक एस. पी. बालासुब्रमण्यम का शुक्रवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। अगस्त में कोरोना वायरस की चपेट में आने के बाद से उनका इलाज चल रहा था।

एमजीएम हेल्थकेयर ने एक बयान में बताया कि कोविड-19 संक्रमण के बाद 52 दिन तक जिंदगी के लिए जंग करने के बाद 74 वर्षीय बालासुब्रमण्यम के हृदय ने काम करना बंद कर दिया जिसके बाद दोपहर में उनका निधन हो गया। इससे एक दिन पहले उनकी हालत काफी नाजुक हो गई थी। एमजीएम हेल्थकेयर में उनका इलाज चल रहा था। बयान में बताया गया है कि दुख के साथ सूचित किया जाता है कि दोपहर एक बजकर चार मिनट पर उनका निधन हो गया। बहरहाल, अस्पताल ने बताया कि एसपीबी नाम से मशहूर बालासुब्रमण्यम की कोविड-19 की रिपोर्ट चार सितंबर को निगेटिव आई थी।

अस्पताल में भर्ती होने के दौरान गायक ने एक वीडियो में कहा था, संक्रमण बहुत मामूली है और वह दो दिन में घर लौट आएंगे। मगर उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखना पड़ा। उनके निधन पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिनेमा जगत ने शोक जताया। इनके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी, केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन, पश्चिम बंगाल



की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी गायक के निधन पर शोक जताया। वहीं द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

वहीं वरिष्ठ गायिका लता मंगेशकर, संगीतकार इलयाराजा एवं ए आर रहमान, अभिनेता रजनीकांत, कमल हासन, सलमान खान, अक्षय कुमार, अनिल कपूर और राम्या कृष्णन और फिल्मकार भारतीराजा जैसी भारतीय फिल्म जगत की जानी-मानी हस्तियों ने भी बालासुब्रमण्यम के निधन पर अफसोस जताया और उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

बालासुब्रमण्यम ने 16 भाषाओं में गाने गाए। उनका अधिक काम दक्षिण भारतीय फिल्मों में रहा, खासकर, तमिल और उनकी मातृभाषा तेलुगु में। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। छह बार राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले बालासुब्रमण्यम को 2001 में पद्म श्री और 2011 में पद्म भूषण से नवाजा गया था। उन्होंने 16 भाषाओं में 40,000 से ज्यादा गाने गाए हैं। बालासुब्रमण्यम गायक मोहम्मद रफी से प्रभावित थे और उन्होंने संगीतकारों की पीढ़ियों के साथ काम किया है। बालासुब्रमण्य के हिंदी के कुछ यादगार गानों में पहला पहला प्यार, वाह वाह रामजी (सलमान खान अभिनीत हम आपके हैं कौन), देखा है पहली बार (साजन) शामिल हैं।

# चैट ग्रुप की एडमिन थीं दीपिका

**सुशांत केस में खुलासा**

● करण जौहर से भी होगी पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** मुम्बई





**बॉलीवुड** में ड्रग के सेवन और लेनदेन पर हर रोज एक से बढ़कर एक खुलासे हो रहे हैं। चौंकाने वाली खबर यह है कि जिस वाट्सऐप ग्रुप पर ड्रग लेनदेन की बात होती थी, उसकी एडमिन अभिनेत्री दीपिका पादुकोण थीं।

एनसीबी ने शुक्रवार को अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह और दीपिका की मैनेजर करिश्मा प्रकाश से पूछताछ की जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इन्हीं खुलासों के आधार पर एनसीबी शनिवार को दीपिका से पूछताछ करेगी। सारा अली खान से भी आज ही पूछताछ होगी। इस बीच, खबर है कि फिल्म निर्माता करण जौहर को भी एनसीबी ने समन भेजा है। उन्हें भी जल्द पूछताछ का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि बीते साल करण जौहर ने अपने घर पर पार्टी की थी, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री के कई सेलिब्रेटी शामिल हुए थे।

इस वीडियो सामने आने के बाद दावा किया गया था कि पार्टी में ड्रग्स का इस्तेमाल किया गया है। इस पार्टी में दीपिका भी मौजूद थीं। मालूम हो कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग मामले में शनिवार को दीपिका पादुकोण और सारा अली खान से पूछताछ होनी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जिस वॉट्सऐप ग्रुप में 2017 के ड्रग चैट सामने आए हैं, दीपिका पादुकोण उस ग्रुप की एडमिन थीं। खुद दीपिका ने साल 2017 में उस ग्रुप पर करिश्मा प्रकाश से यह लिखकर ड्रग्स की मांग की थी कि 'माल है क्या?' दिलचस्प बात (शेष पेज 9)

# हमारा किसान प्रगतिशील, चाहता है नए अनुसंधान: योगी

## ● सीएम ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र हापुड़ का लोकार्पण व कृषि विज्ञान केन्द्र सम्भल, बुलन्दशहर तथा मुरादाबाद के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा किसान प्रगतिशील किसान है, वह नया अनुसंधान चाहता है। नये तौर-तरीके के साथ अपनी खेती को आगे बढ़ाना चाहता है लेकिन उसे नये तौर-तरीके कौन बताएगा। यह उसके सामने एक प्रश्न रहता था लेकिन विगत 3 वर्ष में कृषि विज्ञान केन्द्रों की नई श्रृंखला ने किसानों को आधुनिक तकनीक के साथ उन्हें उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने में मदद की है।

सीएम योगी अपने सरकारी आवास से हापुड़ के कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रशासनिक भवन का लोकार्पण एवं कृषि विज्ञान केन्द्र सम्भल, कृषि विज्ञान केन्द्र बुलन्दशहर तथा कृषि विज्ञान केन्द्र मुरादाबाद द्वितीय के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2022 तक किसानों की आमदनी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रत्येक किसान को उसकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त हो सके, इस पर जोर दिया गया। ष्प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ ही प्रत्येक किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ जोड़ा गया है। योगी ने कहा कि अब किसान वन नेशन, वन मार्केट के नये युग की ओर जा रहा है, जहां वह अपनी उपज की देश के अन्दर कहीं भी बिक्री करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। इसके साथ ही सरकार उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारण्टी भी दे रही है। उन्होंने कहा कि हमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाना ही होगा। अगर किसानों की आमदनी बढ़ानी है, तो कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलाव को हमें खुले दिमाग से स्वीकार करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहें, इसके लिए राज्य के सभी कृषि विश्वविद्यालय व सभी कृषि विज्ञान केन्द्र इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को पिछले 3 वर्ष में 1 लाख 5 हजार करोड़ रुपये के गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इकलौता राज्य रहा, जिसने लॉकडाउन के दौरान अपनी 119 चीनी मिलों का संचालन पूरी सुरक्षा के साथ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने कृषि से सम्बन्धित जो बिल पास किये वह किसानों के हित में हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य हर हाल में देती रहेगी और इसको इसी रूप में आगे ले जाने का कार्य करेगी। कृषि विज्ञान केन्द्र खेती-किसानी की बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इससे किसानों के जीवन में खुशहाली आयी है। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से किसानों को तकनीक के विषय में जानकारी प्राप्त हो रही है। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को ज्यादा से ज्यादा स्थापित किये जाने की आवश्यकता है। अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर केकेसी कॉलेज के पास स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# ई-टेंडरिंग के माध्यम से हो शत-प्रतिशत कार्य

## ● जिन कार्यों के लिए धनराशि आवंटित की जा चुकी है वह सभी आरंभ हो जाने चाहिए: मुख्य सचिव

**लखनऊ। मुख्य सचिव** राजेन्द्र कुमार तिवारी ने निर्माण कार्यों से सम्बन्धित सभी विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाएं निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि आगणन के अनुसार जब पूरी धनराशि कार्यदायी संस्था को दे दी जाती है तो सम्बन्धित कार्यों को समय से पूरा करने की जिम्मेदारी भी उनकी ही बनती है। यदि आवंटित धनराशि के उपयोग में अनियमितता अथवा गबन की शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित ठेकेदार एवं दोषी विभागीय कार्मिकों से वसूली का दायित्व सम्बन्धी कार्यदायी संस्था का है और इससे कार्य की प्रगति व उसे पूरा करने की समय सारिणी प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाओं के सभी डिवीजन में मानक के अनुसार स्टाफ की तैनाती हो और मानक व उनकी क्षमता के अनुसार कार्य का आवंटन हो। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिए धनराशि आवंटित की जा चुकी है वह सभी कार्य आरंभ हो जाने चाहिए तथा माहवार कार्य की प्रगति की समीक्षा का शिड्यूल भी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत कार्य ई-टेण्डरिंग से और बिना डीपीआर कोई भी कार्य शुरू नहीं होना चाहिए। इससे पूर्व बैठक में बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में लोक निर्माण विभाग 23761 कार्य धनराशि 9911 करोड़, उप्र राजकीय निर्माण निगम 2023 कार्य धनराशि 5403 करोड़, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन 2728 कार्य 1728.39 करोड़, यूपी स्टेट इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि. 1842 कार्य 1087 करोड़, उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. 1751 कार्य 549.32 करोड़, उप्र आवास एवं विकास परिषद 222 कार्य 258 करोड़, उप्र जल निगम 1600 करोड के कार्य, सीएण्डडीएस जल निगम 203 कार्य 1041 करोड़, आरईएस 11132 कार्य 1257.27 करोड़ रुपए यूपीसीएलडीएफ962 कार्य 227.52 करोड़ रुपए तथा उप्र पुलिस आवास निगम लि. 248 कार्य 1433.02 करोड़ रुपए के कराए जा रहे हैं।

# कृषि विधेयकों का मकसद अन्नदाता को बर्बाद करना

## ● किसान विरोधी नए कृषि कानून को सुप्रीमकोर्ट में चुनौती देगी पंजाब सरकार: मनप्रीत सिंह बादल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पंजाब** सरकार के वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने कृषि बिल को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कृषि विधेयकों का मुख्य मकसद किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के सुरक्षा कवच से वंचित करना और देश के अन्नदाता को बर्बाद करना है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस नए कानून को सर्वोच्च न्यायालय में चैलेन्ज करने के लिए तैयार है।

बादल शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संसद में बगैर चर्चा और प्रक्रिया अपनाए ही तानाशाही तरीके से तीन कृषि कानून पारित करने से मोदी सरकार का किसान विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। खुद को किसान हितैषी बताने वाली मोदी सरकार ने सत्ता में आने से पहले किसानों की आय को दुगुना करने का संकल्प लिया था किन्तु 6 साल में भाजपा के शासनकाल में कृषि ग्रोथ जहां 3.1 प्रतिशत है वहीं यूपीए शासनकाल में 4.3 प्रतिशत थी। कृषि आय 14 साल में इस साल सबसे कम है। किसान की उपज का दाम पिछले 18 साल में इस साल सबसे कम आया है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करेंगे लेकिन उसे लागू न करके किसानों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि तीनों नए कृषि कानूनों में एमएसपी का जिक्र न किये जाने से सरकारी अनाज मंडिया सब्जी तथा फल मंडिया समाप्त हो जायेंगीं जिसकी वजह से किसान पूंजीपतियों द्वारा तय किए गए मूल्य पर अपने उत्पादित फसल को बेचने के लिए बाध्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार कुछ किसानों के खाते में 500 रुपए प्रतिमाह यानि 6000 रुपए वार्षिक देकर डीजल पर जो एक्साइज यूपीए शासनकाल में 3.56 पैसे था उसे बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया है जिससे किसानों को सिर्फ डीजल खरीद में 6000 रुपए सालाना अधिक देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि आज देश में हर घंटे पर एक किसान आत्महत्या करने को विवश है। एक दिन में 24 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। एक्साइज ड्यूटी का जो हिस्सा लगभग 42 प्रतिशत राज्यों का होता है उसे नहीं दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए इस काले कानून से जहां एक तरफहमारे देश और प्रदेश के किसान अधिकारविहीन और बेचारा बनकर रह जाएंगे वहीं एक बहुत बड़ा विभाग मंडी परिषद जिसमें लाखों लोग नौकरी से जुड़े हैं का समापन हो जाएगा।

# डीएम के खिलाफ धरने पर बैठे एसडीएम निलंबित

**लखनऊ।** प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी के खिलाफपरिवार सहित धरने पर बैठने वाले विनीत कुमार उपाध्याय को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी तथा दो एसडीएम पर गंभीर आरोप लगाने पर निलंबित किये गये एसडीएम अपनी पत्नी के साथ डीएम के सरकारी बंगले में धरने पर बैठे थे। डीएम डा. रुपेश कुमार के आवास पर धरने पर बैठने के बाद उनको मनाने के लिए प्रतापगढ़ का जिला प्रशासन काफी देर तक लगा रहा।

# अतिरिक्त टीम लगाकर संक्रमण रोकें: सीएम

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ और कानपुर में कोरोना के लगातार बढ़ते ग्राफ को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों जिलों में अतिरिक्त चिकित्सा कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों जिलों में चिकित्सा व्यवस्था को और मजबूत करके कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण करें। सीएम ने कहा है कि राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उपलब्ध 300 बेड्स के भवन को डेडिकेटेड कोविड अस्पताल के रूप में संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कोविड अस्पतालों में सभी औषधियों एवं अन्य मेडिकल सामग्री की सुचारु उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों से जनपद स्तर पर संवाद के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से भी सम्पर्क स्थापित रखते हुए उनके स्वास्थ्य की नियमित जानकारी प्राप्त की जाए। कोविड-19 के संक्रमण की चेन को तोड़ने में कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा मेडिकल टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है।


यूको बैंक
पनसरी टोला, डनकनगंज, मिर्जापुर - 231001

**लॉकर धारकों को सूचना**

यूको बैंक के निम्नलिखित लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा काफी दिनों से लॉकरों से सम्बन्धित व्यवहार नहीं किया जा रहा है। अत: यूको बैंक द्वारा नियमों के अधीन सम्बन्धित लॉकरों को इस सूचना प्रकाशन के 14 दिनों के बाद तोड़ दिया जायेगा। सम्बन्धित लॉकरों के सन्दर्भ में इसके पश्चात् किसी भी प्रकार के दावों हेतु यूको बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

| क्र. सं. | लॉकर सं. | बकाया राशि | ग्राहक का नाम | ज्वाईट होल्डर का नाम | पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AA003 | 4004/- | सभाजीत मिश्रा | सुरेश कुमार मिश्रा | ग्रा. भीटी, पो. महाराजगंज, एस आर एन, भदोही - 221401 |
| 2 | AA046 | 21523/- | रमेश कुमार | पूनम देवी | ग्रा. शाहगंज, पो. राजपुर, जिला. सोनभद्र - 231216 |
| 3 | BA142 | 19539/- | मीना पाण्डेय | शक्ति राज पाण्डेय | बुन्देलखण्डी, माधवा जी, मिर्जापुर- 231001 |
| 4 | BA154 | 14973/- | विकास जायसवाल | मीरा जायसवाल | डंकिनगंज, आई डी बी आई बैंक के ऊपर, मिर्जापुर - 231001 |
| 5 | BA171 | 18648/- | सन्तोष कुमार सिंह | सन्ध्या सिंह | वडसागर कॉलोनी, दानघर, मिर्जापुर - 231001 |

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी मूल पाठ्य ही मान्य होगा।

दिनांक : 25.09.2020 स्थान : मिर्जापुर
शाखा प्रबंधक, यूको बैंक


# दलितों व महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी नहीं: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कानून व्यवस्था को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुये कहा कि सरकार की अनंत घोषणाओं और निर्देशों के बावजूद दलितों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी नहीं आई है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए लिखा कि यूपी सरकार की अनन्त घोषणाओं व निर्देशों आदि के बावजूद दलितों व महिलाओं पर अन्याय-अत्याचार, बलात्कार व हत्या आदि की घटनायें नहीं रुक रही हैं तो इससे सरकार की नीयत पर सवाल उठना स्वाभाविक है। खासकर छात्राओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है तो ऐसी कानून-व्यवस्था किस काम की।

# राज्यपाल ने जताया शोक

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मशहूर गायक एसपी बालासुब्रमण्यम के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना एवं सहानुभूति व्यक्त की है।


पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में त्रुटिवश मेरा नाम कासिम अली गौरी अंकित हो गया है, जो गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैनकार्ड में मेरा नाम कासिम अली अंकित है, जो सही है। अत: अबसे मुझे मेरे सही नाम कासिम अली नाम से ही जाना व पहचाना जाये। कासिम अली पुत्र अशरफ अली, निवासी - 2, चिड़ीमारी टोला, मिरदही टोला, बिसवाँ, सीतापुर।


# सबका साथ-सबका विकास ही सही मायने में अंत्योदय है : केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के संकल्प को लेकर सरकार जो कार्य कर रही है, सही मायने में यही अंत्योदय है। उन्होंने कहा अंत्योदय दर्शन के महान शिल्पकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान देखने का सपना देखा था, उनके दर्शन के अनुसार ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर सरकार सबसे अन्तिम छोर के व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उनके स्वावलम्बन का मार्ग प्रशस्त कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने यह बात है शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है। हम सबको उनके जीवन सुकृत्यों से न केवल प्रेरणा लेनी चाहिए बल्कि उनके जीवन दर्शन को आत्मसात् करना चाहिये। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संकल्पों को पूरा करने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी सरकार ने अन्तिम पायदान के व्यक्तियों तक अनेक योजनाएं संचालित कर लाभ पहुंचाया है। कोई भूखा न रह, अंधेरे में न रहे, इसके लिये भी महत्वपूर्ण योजनाएं चल रहीं हैं। खाद्यान्न आपूर्ति भरपूर मात्रा में की जा रही है। गरीबों की आर्थिक मदद भी की जा रही है।

# किसानों की जमीनों पर पूंजी पतियों की नजर: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने कृषि एवं श्रम कानूनों के विरोध में शुक्रवार को प्रदेश भर में जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा और इन कानूनों को वापस लेने तथा प्रदेश में इन्हें लागू न करने का निर्देश देने का आग्रह किया। राजधानी लखनऊ में जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत और महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि युवा बेरोजगार है, किसान की जमीन पर बड़े-बड़े पूंजीपतियों की नज़र है। संसद में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और चंद उद्योगपतियों के लिए ही कानून बन रहे हैं। भाजपा सरकार पहले किसानों के शोषण का बिल लाई और अब अपने उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए श्रमिक शोषण का एकतरफा बिल लाई है।


भारतीय रिज़र्व बैंक
पर्यवेक्षण विभाग,
8-9, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ - 226010

**भारतीय रिज़र्व बैंक ने यू.पी. सिविल सेक्रेटेरिएट प्राइमरी को-आपरेटिव बैंक लि., लखनऊ (उत्तर प्रदेश) पर बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 35(क) के अंतर्गत जारी निदेश की वैधता अवधि को बढ़ाया**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई) ने यू .पी. सिविल सेक्रेटेरिएट प्राइमरी को-आपरेटिव बैंक लि., लखनऊ (उत्तर प्रदेश) को जारी निदेशों की वैधता अवधि को तीन महीने बढ़ाकर 26 सितंबर 2020 से 25 दिसंबर 2020 तक कर दिया है जो समीक्षाधीन होगा। बैंक, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथालागू) की धारा 35(क) के अंतर्गत जारी 19 सितंबर 2018 के निदेश DCBS.CO.BSD-IV/D-1/12.28.029/2018-19 के तहत 25 सितंबर 2018 से निदेशाधीन है।

उपर्युक्त निदेश को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उसकी वैधता अवधि को 25 सितंबर 2020 तक बढ़ाया था, जिसे अब 18 सितंबर 2020 के निदेश DoR.CO.AID/D-22/12.28.029/2020-21 के माध्यम से अगले तीन महीने की अवधि अर्थात 26 सितंबर 2020 से 25 दिसंबर 2020 तक बढ़ाया गया है, जो कि समीक्षाधीन होगा। संदर्भाधीन निदेश की अन्य शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। 18 सितंबर 2020 के निदेश की प्रतिलिपि जनता के अवलोकनार्थ बैंक परिसर में प्रदर्शित की गई है।

रिज़र्व बैंक द्वारा उक्त निदेश की वैधता अवधि का बढ़ाया जाने का तात्पर्य उक्त बैंक के वित्तीय स्थिति में सुधार या गिरावट से नहीं लगाया जाना चाहिए। रिज़र्व बैंक परिस्थितियों के आधार पर निदेश में संशोधन करने पर विचार कर सकता है।

लखनऊ
26 सितंबर 2020
क्षेत्रीय निदेशक



# कार्यालय नगर पंचायत हरगाँव-सीतापुर

पत्रांक : 226/न०पं०ह०/नि०आ०सू०/2020-21
दिनांक : 25.09.2020

## निविदा/ई-निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2020-21 में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न कार्यों की निविदायें दिनांक 15.10.2020 अप्राहन 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदायें उसी दिन दिनांक 16.10.2020 को अप्राहन 02 बजे कार्यालय नगर पंचायत हरगाँव एवं मु० 05 लाख रूपया से अधिक की निविदायें जिलाधिकारी स्थानीय निकाय अनुभाग के कार्यालय सीता. पुर में सायं 04 बजे खोली जायेंगी। निविदाओं के साथ 02 प्रतिशत धनराशि तथा 100.00 रूपया का स्टाम्प लगाना अनिवार्य होगा। अन्य जानक. ारी कार्यालय में प्रकाशन की दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनु0 लागत | निविदा मूल्य 12% GST सहित (बैंक DD द्वारा) | जमानत 2% (बैंक FDR द्वारा) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मोहल्ला सराँयपित्थू में शिवपूजन के मकान से इण्टरलाक रोड तक नाली व इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 524300.00 | 524+63=587.00 | 10500.00 | 06 माह। |
| 02 | मोहल्ला पिपरा में रफी के गुल्ला प्लान्ट से सुर्जीपारा डामर रोड तक आर.सी.सी. पट्टा व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 945000.00 | 945+113=1058.00 | 18900.00 | 06 माह। |
| 03 | मोहल्ला जलालीपुर में नजीर अहमद के मकान से जकी अहमद के मकान तक आर.सी.सी. नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 482300.00 | 482+58=540.00 | 9650.00 | 06 माह। |

टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in) पर

| क्रमांक | नगर पंचायत हरगाँव, सीतापुर | ठेकेदार/फर्म | प्रारम्भ दिनांक व समय | अन्तिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | - | 28.09.2020, 11.00 AM | - |
| 2 | - | Tender Download | 28.09.2020, 11.00 AM | 19.10.2020, 05.00 PM |
| 3 | - | Bid Submission | 28.09.2020, 11.00 AM | 19.10.2020, 02.00 PM |
| 4 | Bid Opening | - | 19.10.2020, 02.00 PM | - |
| | | Bid Opening Place | Office of the Nagar Panchayat Hargaon- Sitapur | |

कार्य का विवरण

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनु0 लागत (लाख में) | निविदा मूल्य 12% GST सहित (बैंक DD द्वारा) | जमानत 2% (बैंक FDR द्वारा) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | हरगाँव-लहरपुर मार्ग से सूर्यकुण्ड द्वार होते हुए मोक्ष द्वार तक एवं कताई के होटल तक | 1646926.00 | 1647+198=1845.00 | 32950.00 | 06 माह। |
| 02 | सीतापुर-लखीमपुर रोड पर श्रीकृष्ण द्वार से विजय शेरा के मकान तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 3980500.00 | 3980+478=4458⁰00 | 79600.00 | 06 माह। |

निविदा मूल्य बैंक ऑफ इण्डिया शाखा हरगाँव के खात संख्या- 684610110000401 के पक्ष में डी.डी. देय होगा। नियम व शर्तें तथा अन्य जानकारी नगर पंचायत की बेबसाइट www.nphargaon.com एवं www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

नोट :-
1. अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।
2. सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार द्वारा कम से कम तीन सड़कों के निर्माण कार्य कराने का अनुभव प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा।
3. किसी भी प्रकार की आपत्तियाँ प्रकाशन की दिनांक से दिनांक 15.10.2020 तक मान्य होगी।

नियम शर्तें

1. कार्य सन्तोषजनक होने एवं अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के सत्यापन पर भुगतान किया जायेगा।
2. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिन के अन्दर नियमानुसार अपने व्यय पर उचित मूल्य के स्टाम्प पर अनुबंध पत्र निष्पादन करना होगा।
3. ठेकेदार को जमानत राशि FDR/NSC के रूप में जमा कराते हुए अधिशासी अधिकारी के नाम से बंधक करनी होगी।
4. कार्य सन्तोषजनक होने पर ही जमानत राशि की वापसी समय सीमा में की जायेगी।
5. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/181ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक बाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
6. सशर्त निविदा पर विचार नहीं होगा। समस्त अथवा किसी एक निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

(अरविन्द सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत हरगाँव, सीतापुर

(गफ्फार खाँ)
अध्यक्ष
नगर पंचायत हरगाँव, सीतापुर


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# चार फीसद से अधिक न हो कोविड संक्रमण का पॉजिटिविटी रेटः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोविड-19 की पॉजिटिविटी दर को 4 फीसद से नीचे लाने के लिए पूरी कोशिश की जाए। इसके साथ ही डेथ रेट एक फीसद से नीचे लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। सीएम ने कहा है राष्ट्रीय पैमाने के लिहाज से प्रदेश की स्थिति बहुत अच्छी है। इसे और बेहतर किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आरटीपीसीआर और एंटीजन टेस्ट 1रू3 के हिसाब से की जाए। इसके साथ ही सीएम ने लखनऊ में कैसर अस्पताल तथा नए फ्लाई ओवर का लोकापर्ण जल्द किये जाने की बात भी कही।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लखनऊ मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। कोविड नियंत्रण में हरदोई की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्नाव में लेवल टू के कोविड हॉस्पिटल सरस्वती मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में उपलब्ध 100 बेड को बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को 16 जनपदों के

## सीएम ने की लखनऊ मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा

लिए नए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जनपद स्तरीय अधिकारी इन नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय बना कर काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक कोई प्रभावी टीका या वैक्सीन नहीं आ जाती तब तक कोरोना का खतरा टला नहीं है। अनलॉक के नाते सारी गतिविधियां खुल चुकी हैं। ऐसे मे यह समय और सतर्कता बरतने का है।

लखीमपुर में थारू जनजाति को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य में स्वयं सहायता समूहों से मदद ली जाए। उन्होंने कहा कि सभी को शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जाए। पात्रों के राशन कार्ड बनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली अक्टूबर से धान क्रय केंद्र खुल रहे हैं। कोविड के दृष्टिगत



आवश्यक व्यवस्था कर ली जाए।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। शुद्ध पानी तमाम बीमारियों से बचाने वाली है आर्सेनिक और फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों के लिए कार्ययोजना बन रही है। उन्होंने कहा कि अटल भूजल योजना और अमृत योजना के अन्तर्गत सभी कार्यों को मानक और गुणवत्ता के साथ पूरा करें। लखनऊ स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना महत्वाकांक्षी है। सभी संबंधित विभाग मिलकर इस परियोजना के उद्देश्य को सफल बनायें।

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में पहली बार ग्राम सचिवालय बनाए जाने की जारी प्रक्रिया के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सचिवालय गांवों को उपहार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ग्राम सचिवालय के लिए 20 लाख का बजट है। इतने में बेहतरीन भवन तैयार होगा। यह गांवों में बारात घर के रूप में भी इस्तेमाल हो सकेंगे। इसे जितनी जल्दी बनवा लिया जाए, उतना ही अच्छा है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित शौचालयों की शत.प्रतिशत जियो टैगिंग किए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिस कार्य के लिए धन अवमुक्त होए वहीं खर्च हो। वहीं गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति से अवगत होते हुए कहा कि जिला प्रशासन और गन्ना विभाग, मिल प्रबंधनों से समन्वय कर किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान प्राथमिकता पर कराए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेहड़ी पटरी व्यवसायियों से लेकर एमएसएमई उद्योगों और बड़े उद्योगों के लिए सरकार ने वित्तीय प्रोत्साहन की व्यवस्था की है।

## कोरोना संक्रमण से हुई सभी मौतों का हो डेथ आडिटः डीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** के नियंत्रण पर जिलाधिकारी द्वारा आईएलआई व एसएआरआई के लक्षण वाले रोगियों का एन्टीजन और आरटीपीसीआर कोविड टेस्ट किया जाए। यही नहीं जिलाधिकारी ने आईएलआई व एसएआरआई की ट्रेसिंग 4 गुना बढ़ाने के निर्देश दिये । कोरोना से हुई सभी मृत्यु का डेथ ऑडिट कराने के लिए कहा है। साथ ही इलाज में लापरवाह अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई करने का आदेश भी दिया है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यालय में कोविड नियंत्रण की बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कांटैक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा की गई, जिसमें सभी सीएचसी को निर्देश दिया गया कि वह आरआरटी टीमों से युद्धस्तर पर कांटैक्ट ट्रेसिंग का कार्य कराएं।

# विरोध के बीच अमीनाबाद में लगने लगीं पटरी दुकानें

## आवंटित जगह पर शिफ्ट करते नजर आए दुकानदार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** के सबसे व्यवस्ततम इलाके अमीनाबाद में नगर निगम द्वारा पटरी दुकानों को जगह आवंटित की गयी है। भारी सं या में पहुंचे पटरी दुकानदारों को पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार जगह दी गयी। आंवटित हुए 438 दुकानदार अपनी दुकानें लगाते दिखाई पड़े। इस बीच नगर निगम के आला अफसर और पुलिस प्रशासन की मदद से कुछ पटरी दुकानदारों कीनारजगी के बाद भी वेंडरों को व्यवस्थित किया गया।

अमीनाबाद बाजार में विरोध के बीच शुक्रवार से पटरी दुकानें लगने लगीं। गुरूवार को पुलिस—प्रशासन की मौजूदगी में नगर निगम द्वारा 438 वेंडर्स को जगह आवंटित की गयी थी। जिनको दुकानें आवंटित हुयीं वे दिन भर दुकानें शिफ्ट करते नजर आए। जिन वेंडर्स को जगह आवंटित हो गयी उनके चेहरे खुशी से खिले नजर आए। वहीं दूसरी ओर जिन्हें जगह आवंटित नहीं हुयी उन्होंने विरोध किया। नगर निगम के अधिकारियों ने वेंडर्स को अलॉट जगह का सत्यापन किया। नोंक-झोंक के बीच अमीनाबाद वेंडिंग जोन में दुकानें अलॉट करने का काम जारी रहा। क्षेत्रीय पुलिस द्वारा अवैध दुकानों को हटवाने का काम जारी रहा। वहीं अमीनाबाद पटरी दुकानदार वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मुनीश चौधरी और महामंत्री शैलू सोनकर ने आवंटन को गलत बताते हुए अफसरों पर मनमानी का आरोप लगाया है।


यूको बैंक
त्रिपाठी सदर, 10 पार्क रोड़ गोरखपुर, उत्तर प्रदेश - 273001

लॉकर धारकों को सूचना

यूको बैंक के निम्नलिखित लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा काफी दिनों से लॉकरों से सम्बन्धित व्यवहार नहीं किया जा रहा है । अतः यूको बैंक द्वारा नियमों के अधीन सम्बन्धित लॉकरों को इस सूचना प्रकाशन के 14 दिनों के बाद तोड़ दिया जायेगा । सम्बन्धित लॉकरों के सन्दर्भ में इसके पश्चात् किसी भी प्रकार के दावों हेतु यूको बैंक उत्तरदायी नहीं होगा ।

| क्र. सं. | लॉकर सं. | ग्राहक का नाम | पता |
|---|---|---|---|
| 1 | AA007 | राजकुमार गुप्ता | जगदम्बा इंजीनियरिंग, बख्शीपुर, गोरखपुर - 273001 |
| 2 | AA073 | विद्या देवी | शारदा जनता होटल, गोरखपुर - 273001 |
| 3 | AC064 | जानकी देवी व बालकृष्ण दास | अशोक ऑटो सर्विस, पार्क रोड, गोरखपुर - 273001 |
| 4 | BA093 | सावित्रि देवी व अनूप कुमार अग्रहरी | 204 मूंगपाल गोला, साहाबगंज, गोरखपुर - 273005 |
| 5 | CA159 | पार्थ ओक्षा | शिवपुर साहबगंज, पडरी बाजार, गोरखपुर - 273014 |
| 6 | CA165 | प्रमावती पाण्डेय, नरसिंह पाण्डेय व बिन्दू पाण्डेय | विन्ध्यवासिनी नगर, गोरखपुर - 273001 |
| 7 | CA173 | जीवन कुमार | जटाशंकर पोखरा के पास , कैलाश नगर, गोरखपुर - 273001 |
| 8 | CA175 | शशिबाला श्रीवास्तव व रघुनाथ श्रीवास्तव | गोरखपुर - 273001 |
| 9 | CA196 | रविन्द सहगल | 180 विकास नगर, बारगदवा, गोरखपुर - 273015 |
| 10 | CA219 | अशोक कुमार व रामविलास भारती | म. नं. 4 सिनचर कॉलोनी, इंद्रा नगर, गोरखपुर - 273211 |
| 11 | CA223 | श्याम बिहारी अग्रवाल | भरत मेडिकल स्टोर्स, टाउनहॉल गोरखपुर - 273001 |
| 12 | CB188 | अन्नु अग्रवाल व कैलाश चन्द्रा | मेसर्स हरी कृष्णा राम प्रसाद, ऊर्दू बाजार, गोरखपुर - 273005 |
| 13 | DA232 | मोती लाल खेतान व चाँद देवी | कैप्टनगंज कुशीनगर - 274301 |
| 14 | DA271 | शकुन्तला देवी व पुरूषोत्तम दास | मुखराम रामअवतार, हिन्दू बाजार, गोरखपुर - 273001 |
| 15 | DA296 | जगदीश चन्द्रा व सविता | 43, विन्ध्रासिनी नगर, गोरखपुर - 273007 |

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी मूल पाठ्य ही मान्य होगा ।

दिनांक : 25.09.2020 स्थान : गोरखपुर
प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक


## क्विक न्यूज

### ऑनलाइन नियुक्ति को लेकर वेबसाइट शुरू

**लखनऊ।** लोकसेवा आयोग प्रयागराज की तरफ से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए नियुक्त शिक्षकों की ऑनलाइन नियुक्ति-पदस्थापन को लेकर एनआईसी की तरफ से विकसित साफ्टवेयर का उद्घाटन शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने किया। इसमें अभ्यर्थी घर बैठे वेबसाइट पर अपना आवेदन कर सकता है तथा वेबसाइट में दर्शाये गये रिक्त पदों से अपने पसंद के विद्यालय का चयन कर सकता है। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के इतिहास में प्रथम बार प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप वेबसाइट के माध्यम से पारदर्शी आनलाइन नियुक्ति-पदस्थापन की प्रकिया अपनाते हुए अभ्यर्थियों को फोटो युक्त नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

### जिला प्रशासन ने शुरू किया प्लाज्मा डोनेशन अभियान

**लखनऊ।** कोविड वैश्विक महामारी से संक्रमित गंभीर मरीजों की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने कोविड प्लाज्मा डोनेशन अभियान शुरू किया। कोरोना को मात देने वाले एडीएम टीजी, एडीएम, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुल सचिव सहित काफी संख्या में लोगों ने प्लाजमा डोनेट किया। डोनेटरों को जिलाधिकारी ने अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के निर्देश पर प्लाजमा डोनेशन अभियान शुरू किया।

### डॉ. वाचस्पति बने उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु निर्मित टास्क फोर्स में नामित सदस्य उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष आचार्य डॉ. वाचस्पति मिश्र को संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु अध्यक्ष पद पर पुनः एक वर्ष के लिए नामित किया गया है। इन्दिरा नगर स्थित कार्यालय परिसर में आचार्य डा. वाचस्पति मिश्र ने शुक्रवार को अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। बता दें कि डॉ. मिश्र वर्ष 2017 में पहली बार संस्थान के अध्यक्ष पद हेतु नामित हुए थे।

### दुराचार के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** चित्रकुट की एक महिला से दुराचार करने व उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने के आपराधिक मामले में निरुद्ध मुल्जिम रामसिंह राजपूत की जमानत अर्जी पॉक्सो की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज अरविन्द मिश्र ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के इस अपराध को अत्यन्त गंभीर करार दिया है। अदालत के समक्ष मुल्जिम की जमानत अर्जी का पीड़िता की ओर से भी जोरदार विरोध किया गया। पीड़िता के विशेष वकील ध्रुव कुमार सिंह का कहना था कि वर्ष 2016 में मुल्जिम ने पार्क रोड स्थित एक बंगले में चाय में नशीली गोली देकर पीड़िता के साथ दुराचार किया। साथ ही मोबाइल से उसकी आपत्तिजनक फोटो भी खींच लिया। इसके बाद पीड़िता को यह धमकी दी कि यदि किसी को कुछ बताया, तो फोटो को वायरल कर देगा। वह पीड़िता के साथ लखनऊ व दिल्ली के होटल में भी दुराचार करता रहा। पीड़िता की अवयस्क पुत्री के साथ भी गंदी हरकत की। 27 दिसंबर, 2019 को पीड़िता ने इस मामले की एफआईआर थाना गौतमपल्ली में दर्ज कराई थी।

# मायके से नहीं आ रही थी पत्नी, युवक ने खुद को गोली से उड़ाया

**लखनऊ।** जानकीपुरम में एक युवक ने पत्नी से विवाद के कारण खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मायके गई पत्नी वापस आने को तैयार नहीं थी। आत्महत्या की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने मौके से एक अवैध पिस्टल और दो खोखे बरामद किए हैं।

इंस्पेक्टर जानकीपुरम अभिषेक तिवारी ने बताया कि सेक्टर तीन जानकीपुरम निवासी असलम सिद्दीकी 32 बिजली मैकेनिक होने के साथ ही सपा से उत्तर विधान सभा से सचिव के पद पर भी मनोनीत था। उसकी शादी करीब नौ साल पहले गोरखपुर निवासी चांदनी के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि पति पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। बकरीद के त्योहार पर चांदनी अपने मायके गोरखपुर चली गई थी। बहन सबीना के मुताबिक असलम पत्नी को मनाने के लिए मायके भी गया था। लेकिन वह आने के लिए राजी नहीं थी। इस पर वह दोनों बच्चों को अपने साथ ले आया था। सबीना के मुताबिक शुक्रवार दोपहर असलम घर के बाहर खड़ी अपनी एक्सयूवी कार में बैठा था जब वह उसे बुलाने गयी तो उसने भगा दिया और कुछ देर बाद वह कार से बाहर निकला और अपनी पत्नी को गालियां देते हुए एक गोली कार पर चलाई। गोली की आवाज सुनकर जब तक लोग मौके पर पहुंचते उससे पहले ही उसने दूसरी गोली अपने सीने पर मार ली। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को ट्रॉमा सेंटर ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विद्युतकर्मी की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित शिवपुरी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मचारी की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हालांकि अन्य कर्मचारियों ने फौरन इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल ले जाते समय मौत हो चुकी थी। वहीं, उसकी कोविड.19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। एसडीओ राहुल शर्मा ने बताया कि बाराबंकी के नीरपुर निवासी दयाराम(50) स्थानीय स्तर पर तिवारीगंज इलाके में रहता था। साथ ही शिवपुरी विद्युत उपकेंद्र पर बतौर लाइनमैन कार्यरत था। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे ड्यूटी कर कमरे पर वापस लौटा तो अचानक लड़खड़ा कर जमीन पर गिर गया। इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ट्रस्ट का पैसा गबन करने के मामले में मुल्जिम की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ( वि.सं. )।** कुटरचित दस्तावेजों के जरिए फर्जी बैंक खाता खोलकर एक ट्रस्ट का लाखों की रकम हड़पने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम ओम प्रकाश त्रिपाठी की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष एडीजे मीना श्रीवास्तव ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के इस अपराध को गंभीर करार दिया है। थाना सरोजनीनगर से संबधित इस मामले की एफआईआर अरुणिमा फाउण्डेशन ट्रस्ट की ट्रस्टी अरुणिमा सिन्हा ने दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक यह ट्रस्ट दिव्यांग बच्चों के सम्मानित विकास एवं समाजपयोगी कार्यो का संचालन करता है। उन्होंने अपनी बहन लक्ष्मी सिन्हा के पति ओम प्रकाश त्रिपाठी को इस ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया था। जब ट्रस्ट में धन का आगमन होने लगा, तो अपनी निजी आवश्यक्ताओं के लिए मुल्जिम व अन्य मुल्जिम भी बतौर कर्ज पैसे मांगने लगे। लेकिन वापस नहीं किए।

## ठेका दिलाने का झांसा दे ठगे सवा करोड़

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में जनरेटर सप्लाई का ठेका दिलाने का झांसा देकर व्यापारी से सवा करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित ने आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस की मानें तो रुचिखण्ड निवासी प्रवीण प्रताप सिंह की शक्ति बिल्डवेल के नाम से फर्म है। परिचित ने उनकी मुलाकात आरोपी से कराई थी। ऐसा पीड़ित का आरोप है। पीड़ित के अनुसार बातचीत के दौरान मेट्रो फ र्नीशिंग और इलेक्ट्रिक उपकरण आपूर्ति का ठेका दिलाने की बात कही थी। पीड़ित का आरोप है कि बातचीत के बाद मुम्बई का काम देखने का जिम्मा दिया गया। बीते सितंबर 2019 में सिविल काम कराने के लिए 40 लाख रुपये पीड़ित ने दिए थे।

# अचानक जिला जेल पहुंचे पुलिस कमिश्नर, परखी खाने की गुणवत्ता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** कमिश्नर सुजीत पाण्डेय शुक्रवार अचानक जिला जेल निरीक्षण पर पहुंचे। बताया गया कि शुक्रवार निरीक्षण के दौरान जेल अस्पताल में भर्ती कोरोना संक्रमित बन्दियों को मिल रहे इलाज की गुणवत्ता परखी गई। इससे पूर्व लापरवाही से कैदी हुये थे बीमार। पुलिस कमिश्नर ने किसी भी तरह की इलाज में कोताही न बरतने की सख्त हिदायत दी। आदेश दिया गया कि बन्दियों की स्थिति गम्भीर लगने पर तुरंत सीएमओ की मदद से इन्हें जेल से बाहर के अस्पताल में भर्ती कर उपचार सुनिश्चित कराएं। बीमार बंदियों की रोजाना कॉउंसलिंग करें। जरुरत पडने् पर बलरामपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की मदद लें। इसके अलावा बैरकों की साफ सफ ाई के अलावा वहां बन रहे भोजन को खाकर भी देखा। शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय और डीएम अभिषेक प्रकाश पुलिस बल के साथ जिला जेल पहुंचे। अधिकारियों ने कोरोना संक्रमित बन्दियों की संख्या और उन्हें दिए जा रहे उपचार के बारे में जानकारी ली। मौजूदा समय मे करीब एक दर्जन संक्रमित बन्दी हैं। जिनका उपचार जेल में चल रहा है। इसके बाद जेल अस्पताल में भर्ती बन्दियों से बातकर उपचार के बारे में जानकारी ली। फि र इन अफसरों ने सर्किल दो में जाकर बन्दियों से उपचार और भोजन के बारे में पूछा। यहां बन्दियों के भोजन को चखा। सूत्रों की मानें तो कुछ दिन पहले जिला जेल के दो कोरोना संक्रमित बन्दियों की मौत और जेल डॉक्टरों द्वारा बैरकों और पाकशाला में गंदगी के साथ पीपीई किट व मास्क जेल प्रशासन द्वारा न दिए जाने की शिकायत के चलते प्रशासन के अफसरों ने निरीक्षण किया है।

## महिलाओं को निशाना बनाने वाले टप्पेबाजों की लगी फोटोयुक्त होर्डिंग



**लखनऊ।** राजधानी में लखनऊ पुलिस कमिश्नरेटर ने शुक्रवार को चौक थाना क्षेत्र स्थित चौराहे पर टप्पेबाजों की होडिंग लगाई है। जिसमें टप्पेबाजों की फोटो के साथ ही जरूरी जानकारी दी गई है। पुलिस कमिश्नर सुजीत पाण्डेय के मुताबिक मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार अपराधियों पर नकेल कसने और आमजन को सावधान करने के लिए लखनऊ के सार्वजनिक स्थानों पर अपराधियों की फोटोयुक्त होर्डिंग लगाई जा रही है। टप्पेबाजों की होर्डिंग से शुरूआत की गई है। जल्द ही महिलाओं से दुष्कर्म, छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने वाले मनचलों की फोटोयुक्त होडिंग चौराहों व शिक्षण संस्थानों के आसपास लगाई जायेगी। बताते चलें कि राजधानी में पुलिस के लिए टप्पेबाज और मनचले शोहदे सिरदर्द बने हुए हैं। टप्पेबाज जहां एक ओर कभी पुलिस तो कभी सीबीआई अधिकारी बन महिलाओं को निशाना बनाते हैं।




# पं. दीनदयाल के सपनों को साकार कर रहे पीएम मोदी व सीएम योगी : स्वतंत्र देव

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पीएम आवास के लाभार्थियों के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** लखनऊ महानगर द्वारा सरोजनीनगर विधानसभा में राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड के छुहारा खेड़ा में प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय लाभार्थियों के मध्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, क्षेत्रीय विधायक व मंत्री स्वाती सिंह, महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंडित जी चाहते थे कि अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक भी योजनाओं का लाभ पंहुचे और उसे बराबरी का दर्जा मिले और ऐसी विचार धारा को हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने बढ़ाया जिसको वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास, महिलाओं के लिए उज्वला गैस और शौचालय किसानों के लिए किसान सम्मान निधी के रूप में प्रति वर्ष छ: हजार रुपए देने का काम जैसी अनेकों योजनाओं को लागू करने का काम किया है। इन सारे लाभ और योजनाओ को अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचाने का काम हमारी सरकारों द्वारा किया जा रहा है। हमारे देश का गौरव पूर्ण इतिहास रहा है, यहां दूध दही की भरमार थी, सोने की चिड़िया कहलाता था भारत देश। एक बार फिर इस देश की जनता ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को चुनकर भेजा और हमारे प्रधानमंत्री देश को पुन: वह गौरव प्रदान हो ऐसे कार्यों और योजनाओं में अपना सम्पूर्ण योगदान से रहे हैं। भारत देश विश्व गुरु बनेए सभी देशवासी सुखी और संपन्न रहे ऐसा भारत बनाने में हमारी पार्टी और सरकार काम कर रही हैं, यही पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि-पुष्पांजलि होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा, शिवशंकर विश्वकर्मा, पार्षद बीना रावत, सरबजीत सिंह, सेक्टर संयोजक राम अवतार, बूथ अध्यक्ष नंदलाल सहित योजनाओं के लाभार्थी एवं गांववासी उपस्थित रहे। वहीं लखनऊ महानगर के 392 सेक्टरों के 2168 बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

## यूपी के 16 शहरों में 45 केंद्रों में होगी क्लैट परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश के** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों से लेकर नेशनल इंस्टीट्यूट में विधि पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर आगामी 28 सितम्बर को प्रस्तावित कॉमन एडमिशन ला टेस्ट 2020 यूपी के 16 शहरों में आयोजित होगी। इन 16 शहरों में कुल 45 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर 13,487 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे। यूपी के जिन 16 शहरों में क्लैट 2020 के लिए सेंटर बनाये गए हैं, उनमे लखनऊ, कानपुर, ग्रेटर नोयडा, गाजियाबाद, नोयडा, मेरठ, आगरा, बरेली, अलीगढ़, मथुरा, गोरखपुर, झांसी, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज और वाराणसी शामिल हैं। क्लैट 2020 एडमिशन कोआर्डिनेटर प्रो बलराज चौहान ने बताया कि कोविड 19 को देखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग सहित सेनेटाइजेशन, थर्मल स्कैनर आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा अपरान्ह 2 से 4 बजे के बीच आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा को लेकर राजधानी में 12 सेंटर बनाये गए हैं। परीक्षा के दौरान जिन अभ्यर्थियों में कोविड के लक्षण पाए जाएंगे, उनकी परीक्षाएं आइसोलेशन रूम में सम्पन्न कराई जाएंगी।

# जमीन हड़पने को लेकर भतीजे ने ही की थी रिटायर्ड रेलकर्मी की हत्या

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में तकरीबन एक पखवारे पहले हुई रिटायर्ड रेलकर्मी की हत्या उसके भतीजे ने ही जमीन हथियाने व पत्नी के साथ अवैध संबंध होने की आशंका में की थी। जांच के दौरान मृतक के भतीजे पर शक होने पर पुलिस ने सर्विलांस टीम के साथ मिलकर तथ्यों को इकठ्ठा करने के बाद मृतक के भतीजे को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया और इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया। बंथरा पुलिस ने शुक्रवार को मृतक के भतीजे को गिरफ्तार कर उसके खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया। बंथरा के प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि लल्लूराम सरोज के एक बेटी है जिसके नाम उसने अपनी कुछ जमीन वसियत करा दी थी। इसी जमीन को उसका भतीजा सुरेन्द्र उस जमीन को बटाई पर लेकर खेती करता था और अक्सर अपने चाचा की जमीन को हथियाने के तरीके सोचता रहता था। इसके अलावा उसे अपनी पत्नी के लल्लूराम से अवैध संबंध की भी शंका थी। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद जब जांच पड़ताल शुरू की गई तो ग्रामीणों से पूछतांछ के दौरान सुरेन्द्र की तरफ इशारा मिला। इसके बाद सर्विलांस टीम को लगाकर घटना के दौरान वहां पर मोबाइल फोन की लोकेशन तलाशी गई। जांच के दौरान सुरेन्द्र के मोबाइल की लोकेशन घटना स्थल के पास मिली। जिसके बाद पुलिस ने उसे पूछतांछ के लिए हिरासत में ले लिया।

## एकेटीयू पीएचडी पाठ्यक्रम की फेज एक की प्रवेश परीक्षा संपन्न

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की पीएचडी पाठ्यक्रम की फेज एक की प्रवेश परीक्षा शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में विधिवत सम्पन्न हो गयी। परीक्षा के दौरान कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। डीन पीजीएसआर प्रो एमके दत्ता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा प्रदेश के दो परीक्षा केन्दों पर आयोजित की गयी। इसमें लखनऊ में बंसल इंस्टीट्यूट ऑफ़इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं जेएसएस एकेडमी ऑफटेक्निकल एजुकेशन नोएडा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए 608 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसमें नोएडा में 210 एवं लखनऊ में 398 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसके सापेक्ष नोएडा में 165 एवं लखनऊ 297 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा में उपस्थिति का प्रतिशत 75.98 प्रतिशत रहा। प्रो दत्ता ने बताया कि दोनों परीक्षा केद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग, सेनेटाइजेशन आदि व्यवस्थाएं विधिवत रही। सभी अभ्यर्थियों की थर्मल स्कैनिंग की गयी।

**शुद्धि-पत्र**

पायनियर हिन्दी समाचार पत्र में दिनांक 23.09.2020 को प्रकाशित निविदा में कार्यालय ग्राम पंचायत अम्बोआ के स्थान पर त्रुटिवश कार्यालय ग्राम पंचायत परेई रायपुर प्रकाशित हो गया था। कृपया इसे कार्यालय ग्राम पंचायत अम्बोआ, वि0ख0 ऐलिया-सीतापुर पढ़ा व समझा जाये।

प्रधान सचिव

मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, प्रधान कार्यालय – 4-ए, गोखले मार्ग, लखनऊ। **निविदा सूचना (ई-निविदा)** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित समय में आपूर्ति में सक्षम, प्रतिष्ठित निविदाकर्ताओं से निम्न सामग्री की आपूर्ति हेत ई-टेण्डरिंग के माध्यम से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकर्ता द्वारा न्यूनतम 20 प्रतिशत सामग्री की मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा एवं उसी अनुपात में धरोहर धनराशि जमा करना होगा : **क्र0सं0** 1, **निविदा विशिष्टि संख्या** MEDCO/2520/2020, **सामग्री का विवरण** 11/0.433KV, 25KVA, I Star Rating Level - 2 Aluminum Wound Distribution Transformer (IS:1180/2014) BIS Certified with ICB, **मात्रा (नग में)** 4500, **धरोहर राशि (रू0 लाख में)** 25.56, **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 16-10-2020 13:00 **बजे, निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय** 16-10-2020 15:00 **बजे।** निविदा का शुल्क रु0 11800.00 (जीएसटी सहित) है, जिसको आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से तथा धरोहर राशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 या बैंक गारण्टी के माध्यम से जमा किया जाना है, जिनकी स्कैन्ड कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड करनी होगी। आपूर्ति म0वि0वि0नि0 लि0 के आवश्यकता अनुसार करनी होगी। उक्त निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in उपलब्ध कराई जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (सा.प्र.-प्रथम) म.वि.वि.नि.लि. 4-ए, गोखले मार्ग लखनऊ।** पत्रांक-245, दिनांक-25.09.2020, **म0वि0वि0नि0 लि0, हेल्पलाईन नं0 – 18001800440, राष्ट्रहित में बिजली बचाए, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें।**

## भू माफियाओं से पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से न्याय की लगाई गुहार

**लखनऊ।** उपभोक्ता संरक्षण एवं अधिकार परिषद उत्तर प्रदेश ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। परिषद के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में अपराधी और भूमाफिया गरीबों का उत्पीड़न कर उनकी जमीन पर अवैध रूप से काबिज हो रहे हैं। इस मौके पर मौजूद भू माफियाओं से पीड़ित राजाजीपुरम निवासी सुभाषिनी मौर्या ने बताया कि गौरव मिश्रा व अजय लोधी अपनी दबंगई के बल पर हमारी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहें है। जबकि उक्त जमीन के समस्त दस्तावेज हमारे नाम से हैं इसके बावजूद भी यह दबंग किस्म के लोग जबरदस्ती मेरे परिवार को धमका कर मेरी जमीन पर कब्जा करने में लगे हुए हैं। सुभाषिनी से मुख्यमंत्री से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# यूपी में महिलाओं के मुकाबले पुरुष नसबंदी में काफी पीछे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विश्व गर्भनिरोधक दिवस (26 सितम्बर) पर विशेष

**उत्तरप्रदेश** में महिलाओं के मुकाबले पुरुष नसबंदी में काफी पीछे हैं। कुल मिलाकर नसबंदी के मामले में पुरुषों की भागीदारी सिर्फ ढाई से तीन फीसदी हैं। ऐसे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने पुरुषों के लिए प्रोत्साहन राशि देना शुरू कर दिया हैए जिससे पुरुष नसबंदी को बढ़ावा मिल सके।

इस बारे में यूपी एनएचएम के एएमडी हीरालाल का कहना है कि नसबंदी के पीछे पुरुषों में कई तरह की धारणा व्याप्त रहती है। जिसे दूर करने के लिए काउंसलिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पुरुषों को इसमे आगे आने के लिए इंसेंटिव भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सकल प्रजनन दर 2.7 से 2.1 पर लाने और परिवार कल्याण कार्यक्रमों को गति देने के लिए प्रचार.प्रसार व जागरूकता पर पूरा जोर है। यूपी में नसबंदी के मामलों में महिलाओं और पुरुषों के डेटा पर प्रकाश डालें तो प्रदेश में पुरुष नसबंदी वर्ष 2017-18 में 3884, वर्ष 2018-19 में 3914 और 2019-20 में 5773 हुई । महिला नसबंदी वर्ष 2017-18 में 258182, वर्ष 2018-19 में 281955 और 2019-20 में 295650 हुई है।

### 13 जिलों में पूरे अक्टूबर चलेगा विशेष अभियान

प्रदेश के 13 जिलों में एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दो गज की दूरीए मास्क और परिवार नियोजन है जरूरी अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना और हर आशा कार्यकर्ता द्वारा कम से कम तीन लाभार्थियों को अंतराल विधियों जैसे एक लाभार्थी को त्रैमासिक इंजेक्शन अंतरा, एक को पीपीआईयूसीडी व एक को आईयूसीडी की सेवा दिलाना है।

## यूपी में मिशन मोड में चलेगा परिवार नियोजन कार्यक्रमः जय प्रताप सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अब परिवार नियोजन कार्यक्रम को मिशन मोड में चलाने की तैयारी हो रही है। इससे जहां शिशु व मातृ मृत्यु दर में कमी आएगी वहीं घर.घर बेहतर स्वास्थ्य के आयाम मिल सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को विश्व गर्भ निरोधक दिवस के एक दिन पूर्व एक वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। यह वर्चुअल संवाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से बिल एंड मिलेंडा गेट्स फाउंडेशन की सहयोगी संस्था ममता एचएमआईएस ने आयोजित किया था। स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी लाभार्थियों के लिए गर्भनिरोधक सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए एक सरकारी आदेश जारी किया है। राज्य ने उन सभी प्रवासियों के लिए आजीविका और सामाजिक सुरक्षा का अधिकार भी सुनिश्चित किया है जो कोविड.19 वैश्विक महामारी के दौरान इस राज्य में वापस लौटकर आए हैं। फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता ग्रामीणों के लिए अल्पकालीन गर्भनिरोधक विधियों के संबंध में परिवार नियोजन सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए कठिन परिश्रम कर रहे हैं।

## सीएमएस में मैकफेयर इण्टरनेशनल का हुआ समापन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा ऑनलाइन आयोजित पाँच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं कम्प्यूटर प्रतियोगिता 'मैकफेयर इण्टरनेशनल-2020' का आज भव्य समापन हुआ। पाँच दिनों तक चले इस अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं कम्प्यूटर में नेपाल व देश के विभिन्न प्रान्तों के प्रतिष्ठित विद्यालयों की लगभग 40 छात्र टीमों ने साइन्स क्विज, साइन्स ओलम्पियाड, जिंगल्स, डिबेट एवं भाषण प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया एवं विज्ञान व कम्प्यूटर के इस दौर में एकता, शान्ति व सौहार्द के महत्व को उजागर किया। समापन समारोह में मेधावी छात्रों को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने प्रतिभागी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को विकसित कर मानव जाति का गौरव बनकर दिखाएं। डा. गाँधी ने कहा कि मैकफेयर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विश्व के सभी देशों के बच्चों की प्रतिभाओं को एक मंच पर एकत्रित करना एवं विश्व एकता एवं विश्व शान्ति की अलख को इन बच्चों के माध्यम से आगे बढ़ाना है।

## पंजाब नेशनल बैंक ने बांटे मास्क व सैनिटाइजर

**लखनऊ।** आज पंजाब नेशनल बैंक मंडल लखनऊ पूर्व की सभी ग्रामीण व अर्धशहरी शाखाओं के माध्यम से सीएसआर के अंतर्गत कोरोना वायरस से बचाव के लिए फेस मास्क व सैनिटाइजर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंक द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर प्रति माह इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । यह कार्यक्रम का तीसरा चरण है। सभी ग्राहकों ने पंजाब नैशनल बैंक के इस सहयोग हेतु शाखा प्रबन्धकों का आभार प्रकट किया ।

## एसबीआई ने किया गोल्ड पाइंट योजना का शुभारंभ



**लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक रिटेल एवं डिजिटल बैंकिंग सीएस सेट्टी के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ मण्डल के अंतर्गत 151 शाखाओं में ग्राहकों को स्वर्ण ऋण की सुविधा प्रदान करने हेतु गोल्ड पॉइंट का उद्घाटन किया गया। ये शाखाएँ उत्तर प्रदेश के 58 जिलों में स्थित हैं। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार खन्ना ने बताया की इन शाखाओं में ग्राहकों को स्वर्ण ऋण प्रदान करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। ग्राहक अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वर्ण आभूषण बैंक में जमा करके 7.5 प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यदि ग्राहक योनो के माध्यम से स्वर्ण ऋण हेतु आवेदन करते हैं तो प्रोसेसिंग शुल्क भी नहीं देना पड़ता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मोहनलालगंज ।** सिसेण्डी इलाके में शुक्रवार देर शाम घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस हादसे में जख्मी युवक को सीएचसी ले गई। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर गऊदीन शुक्ला के मुताबिक उन्नाव जिले के असोहा थानान्तर्गत समाधा गांव निवासी राजेश कुमार शुक्रवार की देरशाम लखनऊ से वापस घर लौट रहा था। मीनापुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जख्मी राजेश को सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सड़क हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत

**लखनऊ।** अलीगंज इलाके में तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन की टक्कर से मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि चालक घटना के बाद गाड़ी समेत भाग निकला। इससे पहचान नहीं हो सकी। मुकदमा दर्ज पुलिस आरोपी चालक की खोजबीन में लगी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। आधारशिला कॉम्प्लेक्स विकासनगर निवासी सुनील 25 पुत्र कमलेश पेशे से मजदूर था। इसकी पत्नी ममता ने बताया कि बीते गुरुवार शाम करीब 9बजे सुनील एलडीए मार्किट सेक्टर.जी अलीगंज फल लेने गये थे। इसी बीच किसी तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन के चालक ने गाड़ी को लापरवाही से चलाते हुये उसे टक्कर मार दिया। आनन-फानन इलाज के लिये ट्रामा सेण्टर भेजा गया। जहां शुक्रवार की सुबह करीब 6रू30 बजे के आस.पास उसकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी व एक पुत्र है। शव को मेडिकल परीक्षण के लिये मर्च्युरी भेज दिया गया है।

## हसनगंज हत्याकाण्डः हाईटेक पुलिस को चकमा हत्यारोपी कोर्ट में सरेंडर

**लखनऊ।** कमिश्नरेट पुलिस को चकमा देकर हत्याकाण्ड मामले में फरार 20 हजार का इनामी हत्यारोपी छह दिन बाद कोर्ट में सरेंडर हो गया। यहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब आरोपी को रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। पुलिस कमिश्नरेट की हसनगंज थाना क्षेत्र में आशुतोष हत्याकाण्ड मामले में पुलिस की सर्विलांस समेत तीन टीमें लखनऊ से लेकर गैरजनपद में हत्यारोपी की तलाश कर ही रही थी। इसी बीच हाईटेक पुलिस को चकमा देकर हत्यारोपी जयसिंह ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। हसनगंज पुलिस अब आरोपी की रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है। गौरतलब हो कि 19 सितंबर को हसनगंज खदरा के दीनदयाल नगर निवासी आशुतोष त्रिवेदी अपने दोस्त जयसिंह की काव्या मेडिकल स्टोर पर मौजूद था। इस बीच जयसिंह उर्फ राका और आशुतोष में किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। इसी दौरान जयसिंह ने असलहे से आशुतोष को गोली मार दी। पड़ोसी दुकानदारों ने पुलिस को सूचना देकर उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता रमेश चंद्र त्रिवेदी ने जय सिंह पर गोली मारने का आरोप लगाया है।

## पालीटेक्निक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ।** कोविड 19 के दौर में पालीटेक्निक अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुक्रवार से प्रदेश के 185 केंद्रों पर शुरू हो गई। परीक्षा को लेकर पहली बार प्राविधिक शिक्षा परिषद की तरफ से ऑनलाइन पेपर भेजे गए। परीक्षा शुरू होने के एक घण्टे पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे छात्रों को कोरोना सर्टिफिकेट के आधार पर प्रवेश दिया गया। हालांकि परीक्षा केंद्रों पर थर्मल स्कैनर की भी व्यवस्था थी। प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव डा आरके सिंह ने बताया कि सम सेमेस्टर अंतिम सेमेस्टर वार्षिक परीक्षा ,अंतिम वर्षद्ध बैक पेपर विशेष बैक पेपर परीक्षा सितम्बर.2020 के प्रश्नपत्रों का प्रथम बार डिजिटली रूप में संप्रेषण परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक किया गया। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्रों के आनलाइन संप्रेषण हेतु निर्धारित कुल 186 परीक्षा केन्द्रों में से 103 राजकीय, 18 अनुदानित एवं 65 निजी क्षेत्र की संस्थाओं को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। दो पालियों में शुरू हुई परीक्षा के दौरान कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। बता दें, मुख्य परीक्षाएं आठ अक्टूबर तक चलेंगी। आर के सिंह ने बताया कि अंतिम वर्ष की परीक्षा में लगभग 75000 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। बैक पेपर और विशेष बैंक पेपर परीक्षाएं 12 अक्टूबर तक होंगी। 20 केंद्रों पर पास के संस्थानों से प्रश्नपत्र भेजे गए। उन्होंने बताया कि केवल लक्षण की पड़ताल के लिए ऐसा किया गया है। अंतिम सेमेस्टरए वार्षिक परीक्षाएं ;अंतिम वर्षद्धए बैक पेपर और विशेष बैक पेपर के जो विद्यार्थी कोरोना पॉजिटिव हैं। उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है, उनकी बाद में परीक्षा कराई जाएगी।

## डीजीपी से की वसूली की जांच की मांग

**लखनऊ।** प्रयागराज और महोबा के बाद अब चंदौली पुलिस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने चंदौली जिले की मुगलसराय कोतवाली की कथित वसूली की पूरी सूची ट्वीट की है। उन्होंने दावा किया है कि केवल मुगलसराय कोतवाली से 35 लाख रुपए से अधिक की वसूली प्रति माह की जा रही है। पुलिस महानिदेशक एचसी अवस्थी को भेजे अपने पत्र तथा ट्वीट में अमिताभ ने इस कथित वसूली लिस्ट को संलग्न करते हुए कहा कि जानकारी के अनुसार यह थाना कोतवाली मुगलसराय, चंदौली की वसूली लिस्ट बताई गयी है। हाथ से लिखी कई सूची के मुताबिक कुल प्रति माह की वसूली 35.64 लाख रुपए के अलावा 15 व्यक्तियों से अवैध खनन से 12,500 रुपए प्रति वाहन तथा पड़वा कट्टा का काम करने वाले कबाड़ी से 4,000 रुपए प्रति वाहन होता है।

# किसान बिल के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा सरकार** द्वारा पास किए गए किसान बिल के विरुद्ध अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर किसान संघर्ष समिति के समर्थन में महानगर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और ऐशबाग स्थित हैदरगंज चौराहा मार्केट को बन्द कराया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि भाजपा सरकार द्वारा किसान विरोधी बिल पास करके हरित क्रांति को विफल करने का प्रयास किया जा रहा हैए जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के किसानए खेत और खलिहान के खिलाफएक घिनौना षडयंत्र किया है। उन्होंने कहा कि देश के अन्नदाता व भाग्यविधाता किसान तथा खेत मजदूर की मेहनत को केन्द्र सरकार द्वारा चंद पूंजीपतियों के हाथों गिरवी रखने का षडयंत्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अपने बिल में न्यूनतम समर्थन मूल्य को दर्शाया जाना चाहिए था जो कि नहीं लिखा गया हैए जो किसानों के साथ सरासर अन्याय है। इस अवसर पर डॉए शहजाद आलमए पूर्व पार्षद केके शुक्ला, रईस अहमद, योगेश्वर सिंह, शाहिद अली, नदीम अहमद, हसन अब्बास, विकास सक्सेना, शब्बू कुरैशी, केडी अवस्थी, सिराज, हासिम, अनिल श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, राजू मन्नी, मोहम्मद हासिम, मो. शफीक, शकील, शादाब आदि कांग्रेस नेता मौजूद थे।

### किसानों ने किया हाईवे जाम

**मोहनलालगंज।** केन्द्र सरकार के कृषि अध्यादेश के विरोध में किसानों ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। शुरुआत मोहनलालगंज तहसील में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने अध्यादेश के विरोध में घूम-घूम कर नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए की। तहसील अध्यक्ष राजेश रावत और ब्लाक अध्यक्ष रामानन्द की अगुवाई में सैकड़ों किसान सुबह ही पुलिस की किलेबन्दी को भेदकर तहसील पहुंच गए। प्रदर्शन की भनक लगते ही प्रशासन ने समझा-बुझाकर उनका प्रदर्शन समाप्त कराया। वहीं कुछ ही देर बाद राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश यादव की अगुवाई में रायबरेली हाईवे जाम कर धरने पर बैठ गए।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● महापौर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

**पंडित दीनदयाल** उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने कैंट विधानसभा के मण्डल-2 के विभिन्न वार्डों में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि उनके एकात्म मानवतावाद ने सदियों से समाज के हाशिए पर खड़े दुर्बल वर्गों को सामाजिक एवं आर्थिक विकास की मूलधारा में सम्मिलित करने के लिए अंत्योदय जैसे विशेष प्रयास करने का आग्रह किया था। उपाध्याय जी का मानना था कि समावेशी विकास ही स्थाई विकास है। कमजोर तबके की सेवा करने का उनके जीवन का संदेश दूर-दूर तक आज भी गूंजता है। महापौर ने कहा कि योगी एवं मोदी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। शहर के दूसरे इलाके भूतनाथ मार्केट के जनसेवा केंद्र, सब्जी मंडी ए ब्लाक, बी ब्लाक तिकोनिया पार्क में पार्षद व प्रवक्ता भाजपा दिलीप श्रीवास्तवद्वारा आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता दीन दयाल उपाध्याय जी के जीवन से जुड़े प्रसंग बताए।

**कार्यालय जिलाधिकारी कानपुर देहात**

**विज्ञप्ति**

संख्या-581/जि.आ.अ./दैनिक व्यवस्थापन/2020-21/का.दे./दिनांक 25.09.2020

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद कानपुर देहात में निलम्बित देशी शराब दुकान काशीपुर (क) (दैनिक एम.जी.क्यू.-29.00 ब0ली0) का दिनांक 29.09.2020 से आफर के माध्यम से 14 दिन की अवधि अथवा नियमित व्यवस्थापन, जो भी पहले हो, तक के लिये अन्तरिम व्यवस्थापन किया जाना है।

दुकान चलाने हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनांक 28.09.2020 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, कानपुर देहात में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है

**(डॉ. दिनेश चन्द्र)** कलेक्टर/लाईसेंस प्राधिकारी कानपुर देहात

**(जितेन्द्र सिंह)** जिला आबकारी अधिकारी कानपुर देहात

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-हरदोई**

पत्राक-1007/ग्रा0अ0वि0/टी0एण्डपी0/नीलामी-पत्रा0/2020-21/दिनांक-18-09-2020

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-हरदोई के प्रांगण में निम्न विवरण के अनुसार निष्प्रयोज्य रोड रोलर की नीलामी जहाँ है, जैसी है, के आधार पर दि0 06.10.2020 को 02.00 बजे अपरान्ह दिन को होनी सुनिश्चित की गयी है। नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है, कि नीलामी हेतु उपलब्ध यन्त्र संयन्त्रों का अवलोकन निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी कार्यालय दिवस में कर लें। 5000 रू0 जमानत के अलग-अलग 12 बजे तक जमा करने होंगे। नीलामी के उपरान्त अधिकतम बोली दाताओं को सामग्री का शत प्रतिशत मूल्य तथा उस पर लागू कर जमा करना अनिवार्य होगा। शेष बोली दाताओं की जमानत नीलामी के उपरान्त उसी दिन वापस कर दी जायेगी। सामग्री की दरों में वृद्धि तथा समस्त बोलियों को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में निहित होगा।

| क्र.सं. | नीलामी हेतु उपलब्ध | संख्या | न्यूनतम निर्धारित मूल्य | उपलब्ध सामग्री का स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | रोड रोलर | 1 | 93172.50 | अधिशासी अभियन्ता आवास |

अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्र विभाग प्रखण्ड-हरदोई।

उ0प्र0 155318, दिनांक 23.09.2020
विज्ञापन वेबसाईट www.up.gov.nic.in पर उपलब्ध है।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री ने दिया मांगों को पूरा करने का आश्वासन

**लखनऊ।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पूरे प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। राजधानी लखनऊ में सभी चिकित्सालय में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सिविल चिकित्सालय में राजकीय फार्मासिस्ट महासंघ के अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में फार्मासिस्टों ने ट्रांसफॉर्मिंग ग्लोबल हेल्थ विषय पर चर्चा की गई। वहीं लोक बंधु चिकित्सालय, बलरामपुर चिकित्सालय, लोहिया चिकित्सालय में भी वर्ल्ड फार्मेसी डे मनाया गया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा इस विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया। वेविनार को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि फार्मासिस्ट के पद नाम परिवर्तन, वेतनमान एवं पदों की गणना बढ़ाए जाने की मांग पर सरकार गंभीरता पूर्वक विचार करेगी और वह स्वयं इन मांगों को लेकर गंभीर हैं। जल्द ही इन मांगों पर कार्रवाई कराई जाएगी। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में विभिन्न चिकित्सालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपद में अभी चिकित्सालय में वर्ल्ड फार्मेसी डे मनाया गया। उधर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा अलीगंज में समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर लखनऊ मंडल के ड्रग लाइसेंस अथॉरिटी मनोज कुमार गुप्ता और लखनऊ औषधि निरीक्षक बृजेश यादव एवं माधुरी सिंह ने समारोह में उपस्थित होकर सभी फार्मासिस्ट बंधुओं को फार्मेसी के क्षेत्र के बारे में विस्तार से समझाया और कोविड.19 महामारी में डॉक्टरों के साथ खड़े होकर साथ देने का आवाहन किया।

## भाजपा पदाधिकारी को अवैध बूचड़खाने का विरोध करना पड़ा भारी

● आरोपितो ने घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के बिजनौर गांव में चलाए जा रहे अवैध बूचड़खाने का विरोध करना भाजपा के एक मंडल पदाधिकारी को भारी पड़ गया। आरोपितो की लिखित शिकायत पर पुलिस तो पीड़ित के घर नही पहुंची लेकिन आरोपितों ने घर में घुसकर हमला बोल दिया। लेकिन पड़ोसियों की सक्रियता से पीड़ित की जान बच गई। इसका आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगो से पूछतांछ कर वापस लौट गई। सत्तापक्ष के पदाधिकारी पर जानलेवा हमला होने के बाद भी पुलिस द्वारा रिपोर्ट न दर्ज किये जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

थाना क्षेत्र की बिजनौर ग्राम पंचायत के रहने वाले व भाजपा के मंडल पदाधिकारी संजय कुमार का आरोप है कि गांव में ही रहने वाले फैसल पुत्र मुजीब, मो. तबील पुत्र मोबीन और उसके चाचा ओसामा मिलकर मोहल्ले में ही अवैध बूचड़खाना चलाते है। संजय का आरोप है कि सफाई के अभाव में मोहल्लावासी बदबू से परेशान रहते है। सभी पड़ोसियों ने बूचड़खाना चलाने वाले फैसल व तबील से इसे गांव के बाहर चलाने का अनुरोध किया। जिसपर यह सभी भड़क गये और मारपीट पर उतारू हो गये। लेकिन अन्य मोहल्ले वालो ने मौके पर पहुंच कर समझौता करा दिया। संजय का आरोप है कि इसके बाद फैसल ने उसे फोन पर धमकाया और जब उसने इसकी शिकायत सरोजनीनगर के प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार साही की तो बौखलाये फैसल ने अपने चचेरे भाई मो तबील व चाचा याकूब के साथ मिलकर उनके घर पर हमला बोल दिया।

# विकास के रथ पर सवार है भाजपाः संजू



टांडा में एक कार्यक्रम में भाग लेते श्याम बाबू पायनियर

## ● टांडा में दीन दयाल जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में लिया भाग

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**टाण्डा** विधानसभा क्षेत्र के नगर मण्डल के अलीगंज के 96,97,98 बूथ पर विधायक संजूदेवी व कश्मिरिया के 65,66,67 बूथ पर विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू को संगठन की व्यवस्था के अनुसार पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती को मनाने की जिम्मेदारी दी गई थी जिसकी तैयारी की दृष्टि से कार्यकर्ताओं ने आम जनमानस को सूचना देकर शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

विधायक संजू देवी ने कहा कि पंडित दीनदयाल का सपना एक ऐसे भारत का निर्माण करना था जिसमे लोग रामराज्य जैसे शासन का अनुभूति करें। इसके लिए समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के बगैर यह सपना साकार नही हो सकता था। इसी से प्रेरणा लेकर भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ देश के विकास में आने वाली बधाओ को दूर कर विकास का रथ आगे ले जा रही है । हम सभी कार्यकर्ता इस मुहिम को आगे ले जाने के लिए लगातार काम कर पार्टी की मजबूत स्थिति को बनाये रखने में सहयोगी बने।

पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निभाते हुए श्याम बाबू ने कहा कि भाजपा व्यक्तिगत स्वार्थ के खातिर नही बल्कि देश को आगे बढ़ाकर सीमाओं की सुरक्षा के साथ आंतरिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए शासन करती है। आज दुनिया में देश की मजबूत स्थिति किसी से छिपा नही है। निश्चित रूप से हम और आप एक ऐसे संगठन के लिए काम कर रहे जिस संगठन का उद्देष्य देश और समाज को खुशहाल कर उन्हें अपनी सरकार होने का है । श्याम बाबू ने कहा कि सरकार ने जो कहा सो किया। वह चाहे धारा 370,35 हो या श्रीरामजन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण। 2022 तक सभी के सर पर छत देने के लिए लगातार काम कर किसानों के हित मे किसान सम्मान निधि जैसी कल्याणकारी योजना के माध्यम से 2करोड़33 लाख किसानों को इस योजना से लाभान्वित करने के क्रम में अब तक 1करोड़ 57 लाख किसानों को प्रथम किस्त 4364,57 करोड़ की धनराशि लोगो के खाते में भेज चुकी है। अभी किसानों की हितैसी बिल लाने के बाद विपक्षी बिल का विरोध कर रहे वह सिर्फ इसलिए कि अन्य पार्टियां किसानों का हित नही चाहती। दोनों कार्यक्रमो में लालदेव कन्नौजिया, राजमन, गोलू चौरसिया,निर्मल, सुमित गुप्ता, संजय यादव, राकेश चौहान, सर्वेश यादव, विजय चौरसिया, आलोक, राहुल चौरसिया, महेंद्र, रितेश चौहान, अखिलेश राजभर, राम अवतार कन्नौजिया, योगेश जायसवाल, आयुष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने पंडित दीन दयाल की जयंती पर आयोजित किये कार्यक्रम



श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता पायनियर

### ● पूर्व जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में दी गई श्रद्धांजलि

**अम्बेडकरनगर।** रूकुनपुर कासिमपुर के पारा ग्राम सभा में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य जनसंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयन्ती के अवसर पर पंडित के चित्र पर भा0ज0पा0 कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर और श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के जयन्ती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को भा0ज0पा0 किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामप्रकाश यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा पंडित जी प्रकाण्ड विद्वान और अर्थशास्त्र के ज्ञाता थे, पंडित जी समाज के अन्तिम व्यक्ति को लाभा पंहुचाने के लिए दलित, पिछड़े व्यक्ति को सहायता पंहुचाने के लिए आजीवन कार्य किया। आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को लाभ पंहुचाने के लिए कृषि विल 2020 लाकर किसानों के हित में समाज के अन्तिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा लाभ पंहुचाने का कार्य किया है। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है। इसमें बड़े, छोटे, मझले किसानों का तथा व्यवसायियों को विल लाकर आजादी दिलायी है। हम सभी लोग प्रधानमंत्री जी द्वारा किसान हित में लाये गये विल की सराहना किया। विचार गोष्ठी को प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ सिंह, जीवत मंडल के उपाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अंशुमान सिंह, जीवत मंडल मंत्री, नितिन वर्मा, राम आसरे वर्मा, अंकुर वर्मा, संजीत वर्मा, विजय प्रकाश, अश्वनी कुमार आदि प्रमुख से विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किये हैं।

# जयंती पर एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीन दयाल को दी गई श्रद्धांजलि

### ● बूथ स्तर तक आयोजित हुआ कार्यक्रम

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारतीय** जनता पार्टी की विचारधारा के प्रेरणास्रोत, महामानव,प्रखर राष्ट्रवादी,उत्कृष्ट संघठनकर्ता,एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 104वीं जयंती जनपद में पहली बार पूरे धूम धाम से भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर मनाया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने टांडा विधानसभा के सद्दरपुर मण्डल के बूथ संख्या 13 त्रिलोकपुर,14 शमशुद्दीन पुर,15 सुलेमपुर,में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी ने समाज के अन्तिम व्यक्ति के उत्थान के लिए सतत् प्रयासरत रहते थे।पण्डित जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई थी।आज भारतीय जनता पार्टी पण्डित जी के ही विचारों से ओत प्रोत होकर सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र के साथ आगे बढा रही है और विश्व में भारत की प्रभुता को स्थापित करने की ओर अग्रसर है। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती के जिला संयोजक डाक्टर राना रणधीर सिंह ने कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के बरहा नियामक चक,आमा, गोपालपुर, जिला महामंत्री मिथिलेश त्रिपाठी ने जलालपुर विधान सभा के डीह भियांव, हैदरा बाद,जिला सह संयोजक दिलीप पटेल (देव), ने सरदार पटेल नगर, विधायक अनीता कमल ने आलापुर विधान सभा के सोलहवां,जल्लापुर,पूर्व सांसद हरिओम पांडेय ने खेमपुर, सया,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय और गौरव उपाध्याय ने रसूलाबाद हौजापत्ती, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्त ने सकरावल, जिला उपाध्यक्ष सुमन पांडेय ने भूपति पुर, नखमलपुर हेथरिया, ठेंगी प्रताप पुर,अकबरपुर नगर पालिक परिषद के चेयरमैन सरिता गुप्ता ने मीरानपुर,जिला उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा ने अकबरपुर के अब्दुल्ला पुर, सिझौली, पंडाटोला, जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह (मोनू)ने शहजादपुर, वरिष्ठभाजपा नेत्री लीलावती वर्मा और गौतम उपाध्याय ने मुबारकपुर, भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी ने टड़वा जलालपुर, अहियां, करौली लठौरी, जिला मंत्री दीपक तिवारी ने राबी बहाउद्दीन पुर, मण्डल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, अमरजीत मौर्य,सदा राम वर्मा, अनुराग जायसवाल, रवि सिंह चौहान, दिलीप तिवारी, सुबास वर्मा, राजा राम मौर्य, दिनेश चौधरी, हरिदर्शन राजभर, महेंद्र वर्मा, आनंद श्रीवास्तव, मनोज मौर्य, राजेन्द्र निषाद, दान बहादुर यादव, सहित सभी मण्डल अध्यक्ष ने दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया।



पंडित दीन दयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष पायनियर

# भाजपा ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**संवाददाता।** अयोध्या

**एकात्म** मानववाद का सिद्धान्त को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा ने महानगर व जिले के सभी बूथों पर मनाई। नगर निगम में महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व विधायक वेद गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इस अवसर पर उनके जीवन चरित्र पर भी चर्चा की गयी। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि एकात्म मानववाद व अंत्योदय के विचारों से राष्ट्र को प्रगतिपथ पर गतिमान करने का सोच पंडित दीनदयान उपाध्याय की थी। उन्ही के पथचिन्हों पर चलते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को सार्थक करते हुए सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने की लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धान्तों को लागू करके ही हम रामराज्य की कल्पना कर सकते है। जिसमें बिना भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पहुंचे। केन्द्र व प्रदेश सरकार इसमें कामयाब भी हुई है। पात्रों को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिला है। नि:शुल्क आवासए शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन ने गरीबों की जीवनशैली में परिवर्तन किया है। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में नगर निगम में पूर्व चेयर मैन विजय गुप्ताए पूर्व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तवए किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरीश श्रीवास्तवए अशोका द्विवेदीए मनमोहन जायसवालए रवि सोनकरए आलोक द्विवेदीए दिवाकर सिंहए दिनेश जायसवालए राजकुमार वर्माए मनोज पाण्डेयए सचिन सरीनए बब्लू मिश्राए विश्व प्रकाश रुपनए ओम मोटवानी मौजूद रहे। वहीं अयोध्या में कार्यक्रम के दौरान महंत रामकुमार दासए रमेश दासए परमानंद मिश्राए बालकृष्ण वैश्यए प्रतीक श्रीवास्तव व महानगर के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़े अभियुक्त

**गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं उन्हें बेहतर यात्रा सुविधा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल एकमा रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति को गाड़ी सं. 05910 के वातानुकूलित कोच में सामानों की खोजबीन करते हुए को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उस व्यक्ति के पास चोरी का 04 अदद मोबाइल फोन, 02 अदद ईयर फोन, एक 01 अदद व अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपी के विरूद्व राजकीय रेल पुलिस, छपरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, प्रयागराज रामबाग के निरीक्षक एवं स्टाफ द्वारा इंडिया चौराहा के पास से 02 अदद ई-टिकट के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा गया तथा उसे रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत उनके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, लखनऊ एवं कमर्शियल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाये गये अभियान के तहत लखनऊ जं. स्टेशन पर एक व्यक्ति को 02 अदद ई-टिकट के साथ पकड़कर रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत उनके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### पास्को एक्ट में वांछित आरोपी धराया

**गोरखपुर।** बड़हलगंज थाने की पुलिस टीम ने पास्को एक्ट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे उ.नि. जगदम्बा प्रसाद, हे.का. जितेन्द्र कुमार यादव, का.निलेश शर्मा क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि 23 सितंबर को 10 वर्षीया बच्ची के साथ छेड़खानी करने वाला पास्को एवं एसीसी एसटी एक्ट का आरोपी रामअशीष यादव पुत्र स्व. सम्पत यादव निवासी बिहुआ उर्फ अगलगहुआ थाना बड़हलगंज, ग्राम सीधेगौर में है जो कहीं जाने की फिराक में है, पर विश्वास करके टीम ने अभियुक्त को सीधेगौर बाजार थाना बड़हलगंज से गिरफ्तार किया।

### आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार द्वारा पुरस्कार घोषित/वांछित/चोर/लुटेरों अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में झंगहा थाना की पुलिस टीम ने पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविंद कुमार पांडेय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष झंगहा द्वारा पुरस्कार घोषित/वांछित/चोर/लुटेरों अपराधी की गिरफ्तारी हेतु एक सशक्त टीम गठित की गयी थी। उक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आर्म्स एक्ट से संबन्धित अभियुक्त गुड्डू यादव उर्फ दीप नरायन पुत्र रामपति यादव निवासी शिकारगढ थाना झंगहा को केरवानी टोला थाना झंगहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वालों में प्रमुख रूप से उ.नि. सूरज सिंह, उ.नि. रुद्र प्रताप सिंह, का. ऋषिरमण उपाध्याय, का. राहुल यादव शामिल रहें।

### लड़की की मां ने लगाया छेड़खानी का आरोप

**गोरखपुर।** गोरखनाथ थाना क्षेत्र की हुमायूंपुर शनि मंदिर के पास रहने वाली एक महिला ने एक दुकानदार पर अपनी लड़की को छेड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की की मां ने बताया कि उसकी बेटी 24 सितंबर को संगम स्वीट के मालिक प्रमोद सिंह की दुकान पर सामान लेने गई थी। उसी दौरान दुकान मालिक ने लड़की से छेड़खानी की। आज करीब 10 बजे लड़की की माँ और परिवार के 4 लोग प्रमोद सिंह की दुकान पर पहुंचे और मार पीट करने लगे। किसी ने मारपीट का वीडियो बना कर वायरल कर दिया। थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह को वादिनी ने थाने पर आकर तहरीर दिया। थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह ने तहरीर मिलते ही प्रमोद सिंह के खिलाफ मुकदमा लिख कर उसको गिरफ्तार कर लिया। प्रमोद सिंह भी उसी मोहल्ले के रहने वाले हैं, उनकी उम्र करीब 62 वर्ष है। जब प्रमोद सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बकाया 546 रुपये मांगने पर मेरे ऊपर इस तरह का आरोप लगाया गया है। मैंने कोई छेड़खानी नहीं किया है। थाना प्रभारी ने पूछने पर बताया कि जिन लोगों ने सड़क पर मारपीट किया है, उसके खिलाफतहरीर मिलने पर उन लोगों के खिलाफभी मुकदमा लिखा जाएगा।

### चौकी इंचार्ज पर हमले में शामिल युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के बलुआ चौकी इंचार्ज पर हमले में शामिल युवक राजन यादव निवासी गेरुई बुजुर्ग को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 47/20 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई हेतु न्यायालय भेजा गया।

## नदी में मिला युवक का शव, हुई पहचान

**अम्बेडकरनगर।** 34 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में पाए जाने से हड़कंप मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है । बीते गुरुवार को जलालपुर थाना क्षेत्र के जीवत के पास झाडी के किनारे नदी में एक अज्ञात 34 वर्षीय युवक का शव पाया गया जिसे देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना जलालपुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसकी तलाशी ली जिसके जेब से एक आधार कार्ड मिला जिसकी पहचान राजेंद्र शर्मा पुत्र राजकिशोर निवासी महमूदपुर थाना इब्राहिमपुर जिला अंबेडकर नगर के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त कर ली गई है ।

## राहुल ने क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज का प्रभार किया ग्रहण

**गोरखपुर।** 2018 बैच के आईपीएस राहुल भाटी ने क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज का पदभार ग्रहण किया। श्री भाटी ने बताया कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाना कैम्पियरगंज सर्किल में पहली प्राथमिकता होगी। सर्किल के अंतर्गत सभी थानों पर निष्पक्ष मुकदमों का निस्तारण व फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। जानकारी के अनुसार मूलत: राजस्थान निवासी श्री भाटी स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त कर भारतीय पुलिस सेवा में नौकरी शुरू करते हुए गौतम बुद्धनगर (नोएडा) से ट्रेनिंग प्राप्त कर गोरखपुर में सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर भेजा गया। जिन्हें कैंपियरगंज सर्किल का क्षेत्राधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार ने बनाया है। कैंपियरगंज सर्किल जनपद का सबसे बड़ा सर्किल 5 थानों चिलुआताल पीपीगंज कैंपियरगंज सहजनवा गीडा को समाहित कर बनाया गया है।

# कमिश्नर और डीएम ने डाभासेमर स्टेडियम का किया निरीक्षण

### ● जांच के उपरांत कमी को एक माह में दूर करने के कार्यदायी संस्था को दिये गए निर्देश

**अयोध्या।** मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल ने जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती चंचल मिश्रा के साथ डाभासेमर स्थित स्टेडियम का किया निरीक्षण। तरणताल के निरीक्षण के दौरान मिली कई कमियां। 18 फीट गहरे तरणताल में निचली सतह तथा साइड से नहर के पानी का सीपेज की शिकायत मिलने पर आयुक्त महोदय ने लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता को तरणताल में बरसात के पानी को खाली कराकर जांच करने के निर्देश दिए। नहर के पानी का सीपेज तल से अथवा साइड से आ रहा है देखने के लिए कहा। आयुक्त ने जांच के उपरांत कमी को एक माह में दूर करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। तरणताल में चढ़ने हेतु बनाए गए सीढ़ी पर रेलिंग लगाने तथा अपूर्ण डाइविंग बोर्ड भी यथाशीघ्र लगाने के निर्देश कार्यदाई संस्था सीएनडीएस यूनिट 44 को दिए। मौके पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने तरणताल के दोनों तरफ बने दर्शक दीर्घा पवेलियन में शेड व रेलिंग लगाने का सुझाव दियाए जिस पर आयुक्त ने उक्त दोनों कार्ययोजना में सम्मिलित करए लगाने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया इसके पूर्व दोनों अधिकारियों द्वारा निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त महोदय ने क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि खेल विभाग लखनऊ की टेक्निकल टीम बुलाकर क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण कराएं तथा निरीक्षण की रिपोर्ट संस्था व जिलाधिकारी को भी दें। निरीक्षण रिपोर्ट में जो भी कमी हो उसे 1 माह में दूर कर लिया जाए। अधिकारियों की टीम द्वारा लॉन टेनिस कोर्ट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोर्ट में बिछाई गई ड्यूराकोड सतह मानक के अनुसार न होने के कारण मौके पर ही कार्यदायी संस्था सी एंड डी एस को चेंज करने के निर्देश आयुक्त द्वारा दिया गया। तत्पश्चात एथलेटिक ट्रैक व सिंथेटिक हॉकी मैदान का निरीक्षण भी किया गया।

# जन्मदिन पर याद किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के विचारक और जनसंघ के सह-संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सदर सांसद रवि किशन ने अपने दिल्ली आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल ने देश को एकात्म मानववाद जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी। आज का दिन इतिहास के पन्नों में काफी अहमियत रखता है। उन्होंने कहा कि दुनिया को पूंजीवाद या साम्यवाद नहीं, बल्कि मानववाद की ज़रूरत है। दीनदयाल उपाध्याय का ये भी कहना था कि हिंदू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसंघ के संस्थापकों में शामिल रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को ही साकार कर रहे हैं। उन्हीं की राह पर चलते हुए मोदी ने समाज में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के कल्याण पर योजनाओं को केंद्रित किया है। सांसद रवि किशन के गोरखपुर पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्त्ताओं ने भी दीनदयाल को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। चौरी चौरा के डुमरी खास सिनेमा हाल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि, पिपराइच ब्लाक प्रमुख व हियुवा जिला प्रभारी आनंद शाही व ब्लाक संयोजक राम दुलारे, सरदार नगर मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पूर्व प्रधान राजदेव पासवान आदि ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

# किसान विरोधी अध्यादेश पास कर हरित क्रांति को विफल करने का भाजपा कर रही प्रयासःअखिलेश

**अयोध्या।** भाजपा सरकार द्वारा तीन किसान विरोधी बिल पास करके हरित क्रांति को विफल करने का प्रयास किया है अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति ने भाजपा सरकार के इस किसान विरोधी बिल के विरोध मे आज भारत बंद किया गया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने किसान संगठनों द्वारा किए गए बंद को अपना पूर्ण रूप से समर्थन दिया उसी क्रम में जिलाध्महानगर कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बंद का समर्थन देने हेतु कांग्रेसजन सैकड़ों की तादाद में पार्टी कार्यालय कमला नेहरू पर एकत्र होकर जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई मेंष्किसान विरोधी अध्यादेश वापस लो वापस लो कांग्रेस का नारा है, किसान भाई हमारा हैष् ष्किसान विरोधी भाजपा सरकार नहीं चलेगी नहीं चलेगी आदि नारे लगाते हुए आगे बढ़े जहां पहले से मौजूद एडीएम सिटी, एसपी सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटीएनगर कोतवाल सहित बडी संख्या में पुलिस बल द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो कांग्रेसजनों से पुलिस की तीखी नोकझोंक हुई और कांग्रेसजन सड़कों पर बैठ गए जहां से इन्हें जबरदस्ती उठाने का जब प्रयास किया गया तो कांग्रेसजन सड़कों पर लेट गए इस पर पुलिस प्रशासन इनको बलपूर्वक गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले आई एवं सायंकाल निजी मुचलके पर रिहा किया। इसके पूर्व उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा मोदी सरकार ने किसानों के विरुद्ध जो काला कानून लाई है इसके विरूद्ध पूरे देश का किसान एकजुट है और कांग्रेस पार्टी किसानों के कंधे से कंधा मिलाकर उनकी आवाज में शामिल होकर किसी भी कीमत पर इस किसान विरोधी काले कानून को वापस लेने को बाध्य करेगी।

## किसान विल के विरोध में भाकियू ने दिया धरना

**अम्बेडकरनगर।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसान बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष बृजेश यादव के नेतृत्व में जलालपुर के रामलीला मैदान से तहसील तक धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिला उपाध्यक्ष बृजेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया किसान बिल किसानों के लिए हितेषी नहीं है इसलिए सरकार को तुरंत किसान बिल को वापस ले लेना चाहिए उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन संबोधन पत्र उप जिलाधिकारी एमपी सिंह को सौंपा ज्ञापन पत्र में कहा गया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उपज फ्ल एवं सब्जी को खरीदने के लिए कानून बनाया जाए, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू किया जाए तथा आवारा पशुओं, जंगली सुरों से कृषि को बचाया जाए। धरना प्रदर्शन में कृष्णा यादव, आसाराम, शिवनारायण, तनवीर फातिमा, आशा कुमारी मकरध्वज, अरविंद यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने टाण्डा परियोजना के कार्यों को सराहा

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर


**एनटीपीसी** लिमिटेड, के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) देबाशीष सेन एवं केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली से पधारे कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा) एस.एम. चौधरी ने टाण्डा सुपर थर्मल पावर स्टेशन का भ्रमण किया। सरयू भवन अतिथि गृह पहुँचने पर परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक (टांडा) के.एस. रॉव ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन) एस.के.सिंह, महाप्रबंधक (कमिश्निंग एवं टेस्टिंग) जयंत सेनशर्मा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) बी.सी.पोलाई, महाप्रबंधक (परियोजना) जे.एस.अहलावत, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा0 उदयन तिवारी, अपरमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) एस.एन.पाणिग्राही के साथ-साथ वरि. अधिकारीगण भी उपस्थित थे। अपने संक्षिप्त प्रवास के दौरान श्री सेन एवं श्री चौधरी ने मुख्य महाप्रबंधक श्री रॉव तथा अन्य महाप्रबंधकों के साथ परियोजना के प्रथम चरण के युनिट कंट्रोल रुम एवं स्टेकर एरिया तथा द्वितीय चरण के कंट्रोल रुम, युनिट-5 एवं 6 के टी.जी. एरिया, युनिट-5 के ब्वायलर एरिया, एम.पी.एच, ट्रांसफार्मर यार्ड, सी.डब्लू. का निरीक्षण किया। अपने भ्रमण के दौरान श्री सेन ने परियोजना के प्रशासनिक भवन सम्मेलन कक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परियोजना के उत्पादन तथा द्वितीय चरण के कार्य प्रगति से सम्बन्धित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होने नैगमिक सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत किए गए कार्यो तथा विशेष रुप से कोविड-19 से बचाव हेतु किए गए विविध उपायों की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने द्वितीय चरण विस्तार में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के साथ बैठक करके यहाँ के कार्यों की गहन समीक्षा की तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने परियोजना के कर्मचारी संगठनों के साथ वार्ता की। प्रस्थान से पूर्व कार्यकारी निदेशक (उत्तर) श्री सेन एवं कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा) श्री चौधरी ने परियोजना के अतिथि गृह प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया।



# सलमान खुर्शीद पर आरोप

## दिल्ली में भड़काऊ भाषण

**दिल्ली** पुलिस ने अन्य लोगों के साथ सलमान खुर्शीद पर दिल्ली में भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया है जिसके कारण दंगा भड़का। दिल्ली दंगों की जांच के बाद उनका नाम आरोपपत्र में शामिल किया गया है। ऐसा लगता है कि उनका नाम गृह मंत्रालय के इशारे पर जोड़ा गया है तथा दिल्ली पुलिस पर जांच में पक्षपात के आरोप लग रहे हैं। शायद असहमति और विरोध के लोकतांत्रिक अधिकार को देशद्रोह की संज्ञा दी जा रही है। इस मामले में नए कानून को चुनौती दी गई थी जिसमें धर्म के आधार पर नागरिकता देने तथा सभी भारतीयों के सेक्युलर अधिकारों पर प्रहार की बात कही गई थी। दिल्ली पुलिस ने फरवरी में हुए दंगों के लिए अनेक कांग्रेसियों, वामपंथियों, वैज्ञानिकों, फिल्म निर्माताओं, सिविल सोसाइटी एक्टिविस्टों, छात्रों, आदि पर आरोप लगाए हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद पूर्व केन्द्रीय मंत्री, शिक्षाविद व न्यायविद के साथ ऐसे उदारवादी मुस्लिम हैं जिनके साथ कोई पूर्वाग्रह नहीं जोड़े जा सकते हैं। वे देश के तीसरे राष्ट्रपति जाकिर हुसेन के पौत्र हैं। इसके पहले उन पर कभी शब्दों के आक्रामक प्रयोग के भी आरोप नहीं लगे हैं। उन पर भड़काऊ भाषण के आरोपों के बावजूद कोई खास उदाहरण नहीं दिए गए हैं। कांग्रेस नेता उदित राज व माकपा नेत्री बृंदा करात के साथ उन पर नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भावनायें भड़काने का आरोप है। पुलिस ने गवाहों को 'संरक्षण' देने की बात कही है, जबकि वे स्वयं षड्यंत्रकारी थे। पुलिस ने बताया है कि उनके बयान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराए गए हैं। गवाहों के इन बयानों के



आधार पर वामपंथी नेता कविता कृष्णन, छात्र एक्टिविस्ट कंवलप्रीत कौर, वैज्ञानिक गौहर रज़ा तथा वकील प्रशांत भूषण को भी आरोपी बनाया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि 'गोली मारो सालों को' जैसे शब्दों का प्रयोग करने वाले भाजपा नेताओं को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया जिनके बयान बार-बार खबरिया चैनलों पर दिखाए गए थे। अनुराग ठाकुर व कपिल मिश्रा जैसे लोगों पर उंगली नहीं उठाई गई। ईंट पत्थर फेंकते हुए एक समूह द्वारा 'जय श्रीराम' के नारे लगाने के वीडियो वाइरल हुए थे। फरवरी में भड़काऊ भाषणों के साथ ही मौजपुर की मुस्लिम बस्ती में दूकानों में आग लगाई गई थी। ऐसे में उन भाजपा नेताओं पर आरोप क्यों नहीं लगाए गए जिन्होंने नए नागरिकता कानून के पक्ष में रैलियां निकाली थीं जिनसे सांप्रदायिक सद्भाव और शांति को खतरा पैदा हुआ था। यदि घृणा से घृणा पैदा होती है तो इनको भी आरोपी बनाया जाना चाहिए था। इसके पहले भी कुछ आरोपियों के खुलासे के आधार पर पेश पूरक आरोपपत्र में शामिल प्रख्यात सिविल सोसाइटी एक्टिविस्टों के नाम मीडिया में लीक हुए थे। हालांकि, पुलिस का दावा है कि आरोप केवल इन खुलासों के आधार पर नहीं लगाए गए हैं और उनकी पुष्टि में अन्य प्रमाण हैं जिनकी जांच व परीक्षण किए गए हैं। संभवत: वैचारिक रूप से विपरीत ध्रुव पर होने के कारण माकपा नेता सीताराम येचुरी पर भी जनता को भड़काने का आरोप लगा है। दंगों की जांच अपनी प्रकृति से बहुत संवेदनशील होती है जिसमें पुलिस को तथ्यों को कल्पनाओं से अलग कर बिना भय या दबाव के दंगा उकसाने वालों की पहचान करनी होती है। सरकार ने स्वयं स्वीकार किया है कि दिल्ली दंगों में आगजनी और हिंसा का अल्पसंख्यक समुदाय पर ज्यादा प्रभाव पड़ा था। ये दंगे इस मामले में एक खतरनाक उदाहरण भी पेश करते हैं कि कानून का विरोध करने वाले नागरिकों व दंगाइयों में विभाजक रेखायें समाप्त हो गई थीं। भविष्य में भी ऐसी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। यदि देश के कुछ सर्वाधिक शिक्षित व सूचनाओं से लैस लोगों पर चयनित रूप से निशाना लगाया जाए तो इससे नए भारत का विचार प्रभावित होता है जिसमें ज्ञान और विवेक को बहुत महत्व दिया गया है। यह प्रकरण इस तर्क को मजबूत करता लगता है कि नागरिकता देने का आधार संकुचित नहीं होना चाहिए। मुस्लिम बुद्धिजीवियों का अलग-थलग होना भी चिन्ता का विषय है।

# न्यायपालिका व सिविल सेवाओं की स्वतंत्रता

उन स्थितियों पर लगाम लगाने की जरूरत है जहां न्यायपालिका व सिविल सेवाओं की स्वतंत्रता खतरे में पड़ सकती हो। ऐसे में जवाबदेही तय होनी चाहिए।



**अजय कुमार**
लेखक पूर्व आईपीएस व पूर्व सांसद हैं)



अधिकांश लोगों की तरह मुझे भी खाली समय में संगीत सुनना पसंद है। कला की अभिव्यक्ति के साथ ही गाने अक्सर संदेश देने का बहुत महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कुछ गानों में बहुत सौम्य तरीके से बुद्धिमत्तापूर्ण संदेश दिए गए हैं। लेकिन इसके साथ ही आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिल सकते हैं जिनमें कहा गया है कि 'सुशांत सुपरस्टार तुम बिहार के खजाने थे। डीजीपी आए, उन्होंने आलोचनायें झेलीं, पर मामले को सीबीआई के पास ले गए। डीजीपी पर देश को गर्व है।' डीजीपी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति वाले दिन जारी इस संगीत वीडियो के बारे में यह कहना उचित होगा कि इसमें निश्चित रूप से 'सौम्यता' का अभाव है।

संगीत वीडियो जारी होने तथा इस मामले में लक्षित डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे के बारे में खबरें आजकल राजनीति में प्रमुख स्थान पर हैं। हमें इनसे अवसर मिलता है कि देश की स्थिति का अवलोकन कर भारतीय सिविल सेवाओं और न्यायपालिका में बैठे कुछ लोगों के व्यवहार की समीक्षा की जाए। ये दोनों स्तंभ आधुनिक भारतीय राज्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। इस सप्ताह के स्तंभ का शीर्षक थोड़ा विडंबनापूर्ण लगता है क्योंकि यह लेखक स्वयं एक समय 'बाबू' था और आज सक्रिय राजनीति में है। मैंने एक दशक पहले सिविल सेवा छोड़ कर राजनीति में प्रवेश किया था। ऐसे में मेरा विश्वास है कि इस विषय पर मेरा दृष्टिकोण अपने आप में विशिष्ट है।

स्पष्ट रूप से यह उन सवालों से अलग है जिनका संबंध सिविल सेवाओं या न्यायपालिका से आने वाले लोगों की नियुक्ति या नामांकन की नैतिकता से है। इन मुद्दों पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। इस पर चर्चा संविधान सभा की बैठक में भी हुई थी। प्रोफेसर के.टी. शाह ने एक संशोधन रखा था जिसमें सर्वोच्च न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय में पांच साल से अधिक न्यायाधीश या सरकार के किसी मंत्रालय में कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके व्यक्ति की पुन: नियुक्ति पर नियंत्रण के प्राविधान थे। संशोधन के समर्थक के अनुसार इसके पीछे इरादा यह था कि 'यदि सेवानिवृत्ति के बाद अन्य उच्च पदों पर नियुक्ति का लालच दूर नहीं किया गया तो इससे कोई सत्तारूढ़ पार्टी कार्यपालिका का दुरुपयोग कर सकती है और लोगों को ऐसे लालच दिए जा सकते हैं जिनसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है।' डा. बी.आर. अंबेडकर ने अंतत: यह संशोधन अस्वीकार कर दिया था क्योंकि उस समय विश्वास किया जाता था कि यह केवल सैद्धान्तिक संरक्षण होगा क्योंकि 'कार्यपालिका के पास न्यायपालिका को प्रभावित करने के अधिक अवसर नहीं हैं।' ऐसा कोई नियंत्रण न होने के साथ ही भारतीय संविधान न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति तथा भुगतान के बारे में विस्तृत प्रशासनिक व्यवस्था करता है। इसी प्रकार सिविल सर्वेन्टों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन जैसे विशेषाधिकार दिए गए हैं। इसके साथ ही किसी सिविल सर्वेन्ट को सेवा से हटाना अत्यधिक कठिन है। इन संरक्षणों का इरादा यह सुनिश्चित करना है कि सिविल सर्वेन्ट तथा न्यायाधीश बिना भय या लालच के संविधान द्वारा निर्धारित अपना दायित्व निभा सकें।

**संभवतः डा. आंबेडकर को विश्वास था कि न्यायपालिका या सिविल सेवाओं में बैठे लोग अपने व्यक्तिगत नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए इस सीमा तक नहीं जाएंगे जहां इन संस्थानों की स्वतंत्रता पर सवाल उठें और उन पर दाग लगने की आशंका पैदा हो। लेकिन अब धीरे-धीरे स्पष्ट होता जा रहा है कि हमें नैतिकता के बारे में विधायन करने तथा उसकी विकृति होने पर दंड के प्रावधान करने होंगे।**

संभवत: डा. अंबेडकर को विश्वास था कि न्यायपालिका या सिविल सेवाओं में बैठे लोग अपने व्यक्तिगत नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए इस सीमा तक नहीं जाएंगे जहां इन संस्थानों की स्वतंत्रता पर सवाल उठें और उन पर दाग लगने की आशंका पैदा हो। लेकिन अब धीरे-धीरे स्पष्ट होता जा रहा है कि हमें नैतिकता के बारे में विधायन करने तथा उसकी विकृति होने पर दंड के प्राविधान करने होंगे। हाल ही में न्यायपालिका के संदर्भ में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई का उदाहरण सबके सामने है जिनको राज्यसभा में नामांकित किया गया। इस कदम की अनेक न्यायाधीशों और वकीलों ने समान रूप से आलोचना की। उन्होंने इस तथ्य की ओर संकेत किया कि प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति उनका कार्यकाल समाप्त होने के कुछ ही महीनों के भीतर की गई। इस नियुक्ति के मामले में आलोचना इतनी गंभीर है कि एक वरिष्ठ पत्रकार ने डीजीपी द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने और संभवत: राजनीति में शामिल होने के कृत्य को 'गोगोई जैसा' मामला बताया है। सेवानिवृत्ति के फौरन बाद केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त द्वारा एक बड़े कार्पोरेट घराने में शामिल होने की भी इसी प्रकार आलोचना हुई है।

लेकिन जैसा कि मैंने पहले कहा है, इसका संबंध किसी खास घटना से नहीं है। एक विधि संबंधी थिंक टैंक 'विधि' द्वारा कराए एक अध्ययन के अनुसार, लगभग 70 से अधिक सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने सेवानिवृत्ति के बाद अन्य दायित्व संभाले हैं। दुर्भाग्य से अनेक विधिक अधिकरणों में सेवानिवृत्त न्यायाधीश की नियुक्ति की वर्तमान व्यवस्था के कारण ऐसा होना अपरिहार्य भी है। वर्तमान कानूनों के अनुसार इनके पदों पर सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को नियुक्त किया जाता है।

इस स्थिति में आगे का रास्ता क्या हो सकता है? स्पष्ट है कि ऐसे मामलों में हर बार व्यक्तियों की निष्ठा पर विश्वास किया गया है। हालांकि, अनेक मामलों में लोगों ने साहस, निष्ठा तथा अपनी अंतश्चेतना के आधार पर काम किया है और अब भी कर रहे हैं। लेकिन कुछ लोगों के कृत्यों द्वारा संस्थानों को हुए नुकसान को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। यह स्थिति इतनी भयावह हो सकती है कि इसका प्रभाव हमारे जैसे लोकतांत्रिक गणराज्य के आधारों पर पड़ सकता है। ऐसे में उन स्थितियों के बारे में विधायन की आवश्यकता है जहां न्यायपालिका या सिविल सेवाओं की स्वतंत्रता को खतरा पैदा हो सकता हो। एक समाधान सेवानिवृत्ति-पश्चात पदों को समाप्त करना तथा केवल वरिष्ठ कर्मियों की नियुक्ति करना हो जो इस समय न्यायाधीश या सिविल सर्वेन्ट के रूप में काम कर रहे हों। एक और विकल्प अमेरिका जैसा विधायन करना है जहां कुछ विभागों में वरिष्ठ सिविल सर्वेन्टों पर उन मामलों में अन्य सरकारी अधिकारियों के समक्ष पेश होने पर पूर्ण प्रतिबंध है जिनमें उन्होंने व्यक्तिगत रूप से या बड़े स्तर तक भाग लिया हो। पूर्व सिविल सर्वेन्ट अनिल स्वरूप ने अपनी पुस्तक 'इथिकल डिलेमाज़ आफअ सिविल सर्वेन्ट' में केन्द्रीय लोक सेवा आयोग-यूपीएससी जैसी एक अलग संस्था बनाने का प्रस्ताव किया है। स्वरूप के अनुसार यूपीएससी जैसी एक संस्था ऐसे उम्मीदवारों की सूची बनाने के लिए होनी चाहिए जो सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्तियों के बारे में निर्णय करे तथा इनको सत्तारूढ़ लोगों की इच्छा पर न छोड़ा जाए। मेरे विचार से ऐसी नियुक्तियों को एक विशेष व्यवस्था के माध्यम से सार्वजनिक किया जा सकता है। अनेक संभावित समाधान हैं, पर कोई समाधान लागू करने के पहले यह स्वीकार करना जरूरी होगा कि समस्या है और इसका फौरन ढांचागत समाधान होना चाहिए।

डा. मार्टिन लूथर किंग ने कहा था, 'नैतिक ब्रह्मांड का दायरा बहुत विस्तृत है, पर यह न्याय के पक्ष में झुका है।' मुझे उम्मीद है कि दीर्घकालीन रूप से हमारे संस्थान सफल रहेंगे क्योंकि अनेक न्यायप्रिय व्यक्ति इन संस्थानों की सेवा कर रहे हैं। मुझे यह विश्वास भी है कि वर्तमान समय के उदाहरण भावी पीढ़ियों की सतर्कता के लिए उदाहरण सिद्ध होंगे। ऐसा आज आपातकाल के उदाहरणों के बारे में लागू होता है। थोड़ा पीछे जा कर देखें तो स्पष्ट होगा कि यदि आज की परिस्थितियों में डा. अंबेडकर को प्रोफेसर के.टी. शाह द्वारा पेश संशोधन पर विचार का समय मिलता तो संविधान सभा द्वारा निकाला नतीजा एकदम अलग होता।

# प्रकृति में है जीवन का मूल-मंत्र

**"घमंड में चूर मानव विज्ञान को कोरोना महामारी ने एक मूल मंत्र दिया है, जिसकी जड़ें प्रकृति में निहित हैं। अर्थात हमें प्रकृति की ओर देखना चाहिए।"**

**केशव प्रसाद मौर्य**
(लेखक उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री हैं)



कोरोना महामारी ने हमारे सामने बड़ा प्रश्न उपस्थित किया है। सच तो यह है कि इसने पुनर्विचार का अवसर दिया है। क्या इस संकट से हम अधिक आत्मिक रूप से समृद्ध होकर निकल पाएंगे। यदि इस प्रश्न का उत्तर हां है, तो यह जरूरी है कि अपनी प्रकृति सम्मत ज्ञान परंपरा का स्मरण करें। उस ज्ञान से चेतना का संचार करें। इसके लिए यह जहां अवसर है, वहीं चुनौती भी विद्यमान है।

इस बात का स्मरण रहे कि घमंड में चूर मानव विज्ञान को कोरोना महामारी ने एक मूल मंत्र दिया है, जिसकी जड़ प्रकृति में निहित हैं। अर्थात हमें प्रकृति की ओर देखना चाहिए। उससे ज्ञान अर्जित करना चाहिए। हम यही करते रहे हैं। भारतीय सभ्यता में प्रकृति का ऊंचा स्थान है। किंतु, सुविधा भोगी संसार में हम रास्ता भटक गए। हमें फिर से प्रकृति सम्मत ज्ञान के पथ पर लौटना होगा। उससे सीखना होगा कि जीवन में आगे कैसे बढ़ा जाए? कैसे आपदाओं से लड़ा जाए? 21वीं शताब्दी में प्रवेश करते- करते हमने मां-बाप, भाई-बहन, रिश्ते-नाते, गुरु-शिष्य के संबंधों की तासीर को तो एक हद तक याद रख पाए हैं, लेकिन प्रकृति से अपने संबंधों को लेकर पूरी तरह बेफिक्र हो गए। प्रकृति के संबंध में गंभीरता से विचार करना हमने लगभग छोड़ दिया। जबकि, प्रकृति माता है। गुरु के तुल्य है। प्रकृति हममें जीने की आस जगाती है। निराशा के क्षण में उम्मीद की किरण देती है। लेकिन, हम अपनी ऋषि परम्परा को भूल गए, उसमें यह बाद निहित है कि प्रकृति के साथ सहज संबंध ही मनुष्य को पूर्णतर बनाता है।

मैं समझता हूं कि प्रकृति से अभिभावक तुल्य संबंध ही मानव दृष्टि का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। पतझड़ के मौसम में वृक्ष के सारे पत्ते टूटकर जमीन पर बिखर जाते हैं। लेकिन, वृक्ष पर उसका कोई असर नहीं होता है। वह तो मौसम के बदलने की राह देखता रहता है। फिर कुछ दिन बाद वृक्ष में पत्ते आने शुरू हो जाते हैं। फिर से वृक्ष पर हरियाली छा जाती है। वही ठूंठ पेड़ फिर से हम सबको छांव देने लगता है। इसी तरह से जीवन में एक समय आता हैए जब आशा के सभी पत्ते झड़ जाते हैं। हम तेजी



से निराशा की ओर बढ़ने लगते हैं। ऐसी बेला में धैर्य की जरूरत होती है। उसी ठूंठ वृक्ष के समान अविचल रहने की जरूरत आ पड़ती है। उस समय प्रकृति को अपना आराध्य मानकर चिंतन करना चाहिए। ऐसा कर व्यक्ति निराशा के बोझ से बाहर निकल सकता है। महामारी का यह वक्त संध्या बेला की तरह है। क्षणभर रहने वाली है। स्मरण रहे कि हमारे यहां संध्या को आत्माचिंतन के साथ वंदना की बेला कहा गया है। वह ध्यान में उतरने की बेला है। आराधना के साथ-साथ यह लोकरीति और गीति की बेला है। संध्या बेला सबके घर लौटने की बेला है। काम पर गया व्यक्ति होए गउ माताएं हो, चहचहाते पक्षी हों या फिर कोई और। दरअसल, पूरी प्रकृति समस्त ऐन्द्रिय व्याापार सिमटकर अंतर्मुख होने लगती है। समय के साथ इस बेला का अंत हो जाता है। यही प्रकृति का नियम है।

सो महामारी के इस काल में जैसी खबरें आ रही हैं, उससे लोगों में निराशा पैदा हो रही है। लोग निराशा के भाव में डूबते जा रहे हैं। युवा पीढ़ी की हताशा बढ़ रही है। कुछ आत्महत्या की खबरें भी आई हैं। वहीं घर-परिवार की कलह खुलकर सामने आ रही हैं। हालांकि, यह सब नहीं होना चाहिए। ऐसी विपरीत परिस्थिति में प्रकृति से उन्नयन की प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रकृति साक्षात उदाहण रूप में सामने है। यह सीख लेनी चाहिए कि जिस प्रकार प्रकृति परिवर्तनशील है, उसी तरह जीवन में बदलाव आता है। मानव जीवन प्रकृति का ही एक छोटा रूप है। जब हम पूजा करते हैंए तब भूमि पूजन, सूर्य पूजन, वनस्पति पूजन, अग्नि पूजन की चर्चा करते हैं। इसी तरह तुलसी, पीपल, वट सावित्री की पूजा करते हैं। लेकिन इन सबके बीच जब हम अपने जीवन के कुछ बिंदुओं पर चिंतन करते हैं तो निराश होने लगते हैं। यह उचित नहीं है। यह स्मरण रखना चाहिए कि वह व्यक्ति जो रात से उबरने की आस नहीं संभाल सकताए वह अगले प्रभात तक धीरज नहीं बंध सकता है। संघर्ष के अवसान पर ही सत्वर का उदय होता है।

हम जानते हैं कि प्रकृति अपना संदेश बड़े कोमल और सहज रूप में देती है। हम देखते हैं कि कमल कीचड़ में खिलात है। इसके बावजूद वह अपनी अलग पहचान बनाता है। कमल भारतीय संस्कृहति के सर्वप्रधान गुण समन्वरय का प्रतिमान है। इस पहचान से आशय यह है कि मनुष्य को भी अपने आसपास के कीचड़ से दूर रहकर अपनी अलग पहचान बनानी होगी। क्योंकिए कमल का संदेश तो यही है. कीचड़ के बीच भी गुण से युक्त रहें। कमल प्रकृति की सुंदर रचना है। इस सुंदर रचना के जरिए प्रकृति हमें सिखाती है कि मुस्कुराते रहिए और भारतीय संस्कृति प्रतीक पुरुष बने रहिए। साथ ही जीवन के आने वाले सुख दुख का आनंद लेते रहें।

इसी तरह नदियां और पहाड़ भी अपने व्यवहार से सूक्ष्म मानवीय गुण की शिक्षा देते हैं। इसलिए प्रकृति के हर रंग और रूप का आनंद लें। साथ ही इस बात की सीख अर्जित करें कि प्रकृति के अनुकूल कैसे जीवन पथ पर आगे बढ़ा जाए। प्रकृति के तौर पर हम तुलसी के पौधे, पीपल और वट के वृक्ष की पूजा करते हैं, जिससे हमारे मन में आत्मविश्वास बढ़ता है। यही आत्मविश्वास आगे बढ़ने का मूल मंत्र होता है।

## आप की बात

### नई शिक्षा नीति

**आवश्यकता** ही अविष्कार की जननी होती है, और समयानुसार परिवर्तन आवश्यक होता है। आज नई शिक्षा नीति के माध्यम से बड़ा बदलाव देखने को मिला। इसमें कोई दो राय नहीं कोरोना ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है। शिक्षा नीति में परिवर्तन तो हुए ही साथ में मानव संसाधन मंत्रालय का भी नवीन नामकरण कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया। बच्चों को बचपन से ही नई शिक्षा प्रणाली से जोड़ने का,जिससे कि वे आगे चलकर विदेशों में भी काम कर सके। जरूरत की मांग के अनुसार सरकार ने,बदलाव कर एक नया मार्ग और बेहतर भविष्य बनाने की कामना की। उच्च शिक्षा में रिसर्च के लिए जाने वाले छात्रों ले लिए भी,कम समय में ही पीएचडी कर सकेंगे। वहीं इंटरमीडिएट में हर विषय को समान माना गया है। कॉमर्स, साइंस या आर्ट्स हो, वोकेशनल या नॉन वोकेशनल, सभी को सामान्य दर्जा दिया गया है, छात्र अपने पसंद के अनुसार किसी में से भी कोई भी विषय चुन सकते हैं।हालांकि दिक्कत की बात ये है कि सरकार ने नई शिक्षा नीति तो ला दी, लेकिन रोजगार के लिए कुछ नहीं किया। आज वो बच्चे बेहद ना खुश है, जिन्होंने अपनी शिक्षा तो पूरी करली लेकिन अभी भी बेरोजगार हैं।

– **विनीत राठौर**, कानपुर

### ड्रैगन की हिमाकत

**ड्रैगन** अपनी नापाक हरकतों से बाज़ नहीं आ रहा है। विश्व को कोरोना जैसी भयंकर महामारी से परेशान करने के बाद भी शायद अभी भी चीन को चैन नहीं मिला है। बहरहाल, ताइवान ने हाल ही में अमेरिकी दूत के इस स्व-शासित द्वीप के नेताओं से मुलाकात की और इस दौरान चीनी सेना ने अप्रत्याशित तौर पर शक्ति प्रदर्शन करते हुए ताइवानी क्षेत्र में लड़ाकू जेट समेत 18 विमान उड़ाए, तथा अमेरिकी विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी कीथ क्रेच ने ताइवान के आर्थिक मामलों के मंत्री और उप प्रमुख के साथ चर्चा की और उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं से भी मुलाकात की व ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि, चीन के 18 लड़ाकू विमानों ने ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया है एवं उन्होंने कहा कि ताइवान ने चीनी विमानों की आवाजाही पर निगरानी रखी हुई है। वहीं, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेन ग्योकियांग ने इसे राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए ताइवान स्ट्रेट की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर की गई एक वैध और आवश्यक कार्रवाई करार दिया। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है, और इसके व अन्य किसी देश के बीच किसी भी तरह की औपचारिक वार्ता का सख्ती से विरोध करता है।

– **निधि जैन**, गाज़ियाबाद


### टीवी चैनलों की चाल

**लोकप्रिय** पत्रकार व रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित रवीश कुमार जो किसानों, मजदूरों, गरीबों, कमजोरों,असहायों, बेरोजगारों व पीड़ितों की आवाज उठाने में अव्वल है। उन्होंने 25 सितंबर को किसानों द्वारा भारत बंद के आह्वान पर पत्र लिखा है। 25 सितंबर को होने वाले किसानों के आंदोलन को देश के प्रमुख राष्ट्रीय चैनलों में कोई सुर्खियां प्रमुखता नहीं मिलने की बात कही है क्योंकि इसी दिन फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण व अन्य की ड्रग्स मामले में पेशी है, जो राष्ट्रीय चैनलों में छाई रहेगी। दिनभर उसकी एक एक हलचल को कवरेज किया जाएगा, इसी विषय पर प्रमुखता से बहस होगी, क्योंकि...जय किसान, इस दिन गड्ढी में समा जाएगा। किसान आंदोलन हाशिए से बाहर हो जाएगा। विडंबना है कि राष्ट्रीय चैनलों से मुख्य बुनियादी मुद्दे गायब हो गए हैं। उनके स्थान पर ऐसे मुद्दे छाए हुए रहते हैं जिससे ना तो जनता का भला होता है ना देश का। सरकार की नाकामियों को छिपाने के लिए राष्ट्रीय चैनल अजब गजब भूमिका निभा रहे हैं । रविश का पत्र सत्य से आगाह कराता है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**संप्रभुता** व क्षेत्रीय अखंडता बहाल करने एवं सुधारों का समर्थन करने में यूरोपीय संघ हमारे लिए प्रमुख है, हालांकि यूक्रेन यूरोपीय संघ में पूर्ण एकीकरण चाहता है।

– **वोलोदोमीर जेलेंस्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति

**आर्थिक** पुनरोद्धार की हमारी योजना के अंतर्गत मॉरीसन सरकार आस्ट्रेलिया की कंगाली व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार लागू करेगी।

– **जोश फ्रेड्रेनबर्ग**
आस्ट्रेलियाई कोषाधिकारी





**हमारे** विशाल प्रांतों में दूसरी लहर प्रारम्भ नहीं हो रही है बल्कि पहले से ही जारी है। हम ऐसे पतन की कगार पर हैं जो वसंत से भी ज्यादा बुरा हो सकता है।

– **जस्टिन ट्रूडियू**
कनाडा के प्रधानमंत्री

# चकबन्दी कार्यालय के चार कर्मचारियों पर गिरी गाज

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**चकबन्दी** कार्यालय के चार कर्मचारियों पर विभागीय कार्यों में लापरवाही भारी पड़ी है। जिलाधिकारी ने बन्दोबस्त (चकबन्दी) कार्यालय के चार चकबन्दी कर्ताओं को विभागीय कार्यों में लापरवाही को गंभीरता से लिया है। डीएम ने उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने का दिया निर्देश दिया है।

विभागीय अधिकारियों व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे शासकीय कार्यों की जाँच करायी जाती रहेगी और लापरवाही व शिथिलता मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बन्दोबस्त अधिकारी (चकबन्दी) कार्यालय के

## ● जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यों में लापरवाही को गंभीरता से लिया, कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

सुभाष चन्द्र, चकबन्दीकर्ता द्वारा ग्राम पहाड़ी परगना देहात अमानत, तहसील व जिला वाराणसी को अंतिम भू-चित्र की जांच में लापरवाही बरते जाने, रकबे की कमी वृद्धि संबंधी त्रुटि किये जाने व इसके फलस्वरूप गलत एवं त्रुटिपूर्ण भूचित्र निर्मित हो जाने के सम्बन्ध में इन्हें वृहद दण्ड का नोटिस देने का आदेश दिया हैं।

इसी वर्ष 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए शम्भू नारायण प्रसाद, चकबन्दीकर्ता द्वारा तत्समय ग्राम कोईराजपुर, परगना अठगांवा, तहसील पिण्डरा में धारा-27 का लक्ष्य नियत समयावधि में पूर्ण न किये जाने, रिंग रोड फेज-2 अन्तर्गत प्रभावित कृषकगणों को मुआवजा वितरण का कार्य पूर्ण न किये जाने के आरोप में जाँच अधिकारी की जाँच आख्या में आरोप पूर्णतया सिद्ध होने के फलस्वरूप शम्भू नारायण प्रसाद, सेवानिवृत्त चकबन्दीकर्ता की सर्विस बुक में लघु दण्ड के रूप में परिनिन्दा प्रविष्टि अंकित कराने व कर्मचारी पर विभागीय कार्यों में गंभीर लापरवाही, अनुशासनहीनता व स्वेच्छाचारिता प्रमाणित होने पर उनकी सत्यनिष्ठा संदिग्ध किये जाने के आदेश दिये हैं।

# अनियमितता और लापरवाही पर जेवनिया चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**अनियमितता** और लापरवाही के मामले में डीआईजी एवम एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने जेवनिया चौकी प्रभारी शिखर उपाध्याय को निलंबित कर दिया है। यमुनापार के कई ऐसे दरोगाओं पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है जो भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाएंगे। वह भी दरोगा जो टेंडर से कुर्सी खरीद कर कब्जा जमाए बैठे हैं। एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने गंभीर अनियमितता एवं लापरवाही में मेजा के जेवनिया चौकी इंचार्ज शिखर उपाध्याय को लाइन हाजिर किया है। नए कप्तान सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने कमान संभालने के साथ महकमे की गंदगी को साफ करना शुरू कर दिया है। हाल में नैनी कोतवाली में इस तरह की तैनाती पर उनका चाबुक चल चुका है। नैनी थाने के कोतवाल राजकिशोर सहित कई एसआई और सिपाहियों को हटाया तो कई को निलंबित भी किया। आईजी ने दारागंज थाने के दो सिपाही

## ● कप्तान के रडार पर हैं अभी कई भ्रष्ट दरोगा

निलंबित किया है। चर्चा है कि मेजा कोतवाली की जेवनिया चौकी प्रभारी की कुर्सी के लिए उप निरीक्षक शिखर उपाध्याय ने लाखों रुपये अदा किए थे। तत्कालीन कप्तान अभिषेक दीक्षित ने लाखों रुपये के एवज में नियमों को ताक पर रखकर चौथी बार मेजा सर्किल में शिखर को तैनाती दी थी। शिखर उपाध्याय का रिकार्ड देखें तो उनकी किसी भी तैनाती के बाद वापसी लाइन में ही हुई है। इसके पीछे बड़ी वजह उनके द्वारा किये गए भ्रष्टाचार अपराधियों को संरक्षण आम जनता के साथ दुर्व्यवहार है। जेवनिया चौकी प्रभारी की तैनाती पर गौर करें तो मेजा कोतवाली की पहली तैनाती में उन्हें हल्का नंबर चार दिया गया। यह वही हल्का है जहाँ बाद में जेवनिया चौकी बनी और शिखर उपाध्याय इसी चौकी के प्रभारी थे।

# दारोगा पर छेड़छाड़ और हरिजन एक्ट का केस

## ● औरास थाना क्षेत्र का मामला, महकमें में हड़कंप

संवाददाता। उन्नाव

**औरास थाना** क्षेत्र की एक गांव की रहने वाली युवती ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि 12 सितंबर को वह अपनी मां के साथ औरास थाने गई थी। जहां एक मुकदमे के संबंध में दरोगा नरेंद्र सिंह ने उसे शाम कमरे में बुलाकर मां को प्रार्थना पत्र की फोटो कॉपी कराने के लिए भेज दिया था। मां के जाने के बाद दरोगा ने उससे छेड़छाड़ की। मां के लौटने पर उसने जानकारी दी।

औरास थाने में पीड़िता की मां चौकीदार के पद पर तैनात है। बेटी छेड़छाड़ किए जाने पर मां ने दरोगा से बात की तो दरोगा माफी मांगते हुए एक हजार रुपए देकर मुंह बंद करने लगा। मां बेटी से विरोध करने पर दरोगा ने शिकायत करने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी।

एसपी ने बुधवार को बांगरमऊ सीओ अंजनी कुमार राय व महिला इंस्पेक्टर अर्चना गौतम को औरास थाने भेजकर मामले की जांच करवाई। जांच रिपोर्ट के बाद एसपी आनंद कुलकर्णी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया था। एसपी के आदेश पर गुरुवार को दोबारा सीओ और महिला इंस्पेक्टर औरास थाने पहुंचे और एसपी के आदेश पर औरास थाने में आरोपित दरोगा नरेन्द्र कुमार के खिलाफ युवती की तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ व हरिजन एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### दारोगा ने शिक्षिका से की बदसलूकी

आसीवन थाना क्षेत्र के एक कस्बा निवासी युवक 22 सितंबर को अपनी शिक्षिक पत्नी को लेकर बाइक से अस्पताल जा रहा था। तभी आसीवन कस्बा निवासी युवक की बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद शिक्षिका ने आसीवन थाने में बाइक सवार युवक पर केस दर्ज कराया था। शिक्षिका से डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि मामले को लेकर दरोगा ने चौकी पर बुलाया। जहां सुलह समझौते से इंकार करने पर दरोगा से बदसलूकी की गई और एससीएसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी गई। पीड़ित शिक्षिका ने मामले को लेकर दरोगा के खिलाफ डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग उठाई। डीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए एसपी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। एसपी आनंद कुलकर्णी ने बताया कि मामला जानकारी में आया है। जांच करवाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### कोतवाल समेत आठ की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

**हसनगंज,उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली स्टाफका एंटी रैपिड कोरोना जांच में कोतवाली प्रभारी समेत आठ लोगो की रिपोर्ट शुक्रवार को पाजिटिव आने के बाद हडकंप मच गया। सभी को होमक्वारटींन कर दिया गया है। शुक्रवार को एक सिपाही को कुछ सांस लेने मे समस्या हुई। जिसके चलते कोतवाली प्रभारी ने सिपाही को जांच के लिए भेजा। जहां उसकी जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई। उसी समय समस्त स्टाफकी भी जांच कराई गई। जिसमे सात लोग और पाजिटिव निकलने से हडकंप मच गया।

### जनप्रतिनिधियों की लगी होर्डिंग उखाड़ी गई

**बांगरमऊ,उन्नाव।** चुनावी अधिसूचना जारी किए जाने से पहले ही नगर पंचायत कर्मियों की फौज द्वारा शुक्रवार को सभी प्रमुख जगहों से जनप्रतिनिधियो की लगी होर्डिंग उखाड़ दी गई। जिससे लोगो मे तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। चुनावी सरगर्मी तेज होते ही नगर पंचायत प्रसाशन को शुक्रवार को पूरे फार्म में देखा गया। नगर पंचायत की गाड़ी लेकर कई कर्मचारियों द्वारा मु य हरदोई-उन्नाव मार्ग ब्लाक रोड आदि सहित सभी प्रमुख जगहों पर लगे दर्जनों जनप्रतिनिधियों के पोस्टर बैनर उखाड़ दिए गए और उन्हें पंचायत के वाहन में भरकर ले जाया गया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती मनाई गई

**फतेहपुरचौरासी,उन्नाव।** क्षेत्र के कठिघरा गांव में शुक्रवार को भाजपा के पदाधिकारियों की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 104वीं जयंती मनाई गई। जिसमें मु य अतिथि के रुप में पुरवा विधायक अनिल सिंह नें पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही साथ उपाध्याय जी द्विराष्ट्रवाद के खिलाफथे। उन्होंने अखंड भारत की कल्पना की थी। इसके साथ ही उनके द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद में संप्रदाय से ऊपर उठकर अंतिम छोर के व्यक्ति के विकास की कल्पना की थी। इस दौरान कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने की कोटदार की शिकायत, कार्रवाई की उठाई मांग

**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोटेदार द्वारा की जा रही घटतौली व अभद्रता से आहत दर्जनों ग्रामीणों द्वारा कोटेदार के खिलाफ शुक्रवार को मोर्चा खोलते हुए एसडीएम से कार्रवाई की मांग उठाई है। बांगरमऊ थाना क्षेत्र के गांव बल्लापुर निवासी शुकरु पुत्र बिहारी, रमेश चंद्र, नरेश, अवधेस, सुरेश, मूलचन्द, नन्हेलाल समेत दर्जनों ग्रामीणों ग्रामीणों द्वारा एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया गया है कि गांव निवासी कोटेदार के पुत्रों द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद कई दिन दौड़ाया जाता है और राशन वितरण के दौरान प्रति कार्ड धारक को पांच किलो कम राशन दिया जाता हैं। जिसका विरोध करने पर अभद्रता की जाती है। कई बार शिकायत के बाद भी सुधार नही किया जा रहा है। पीड़ितों ने एसडीएम से कार्रवाई की मांग उठाई है।

### इस्ट इन्डिया कम्पनी की वापसी जैसा है नया कृषि कानून

**वाराणसी।** सरकार द्वारा लाया गया नया कृषि कानून 2020 के विरोध में किसान संगठनों द्वारा आयोजित भारत बंद के प्रति समर्थन व्यक्त करने हेतु आज पंडित कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन स्मृति जन सरोकार संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत हुये वर्चुअल वेबीनार में बोलते हुए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर महेश विक्रम सिंह ने कहा कि सर्व प्रथम किसानों द्वारा किये जा रहे देशव्यापी आंदोलन का मैं समर्थन करता हूं, सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य को किसान कानूनी जामा पहनाने की मांग कर रहे हैं ताकि उद्योगपति घराने की कंपनियां उनके उत्पाद को सस्ते दर पर खरीदकर भंडारण कर महंगे दामों पर बेचकर मुनाफाखोरी से मालामाल न हो सके। गुलामी के पीरियड में महात्मा गांधी द्वारा किया गया चंपारण सत्याग्रह इस बात का प्रमाण है कि अंग्रेजो की ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा पोषित छोटी छोटी कंपनियां किसानों का शोषण और उत्पीड़न करके किसानों को नील की खेती करने के लिए बाध्य करती थीं। श्री सिंह ने आगे कहा कि ये महात्मा गांधी का देश है सत्याग्रह और शान्तिमय आन्दोलन हमारा मौलिक अधिकार है और यह संविधान द्वारा हमें दिया गया है, सरकार द्वारा इस आन्दोलन को दबाना गैर कानूनी ही नहीं बल्कि बर्बरता का प्रतीक है, श्री सिंह ने आगे कहा कि इस आपदा काल में भी किसानों ने कड़ी मेहनत कर अपने खून पसीने से देश की जीडीपी में 3.4 प्रतिशत का योगदान किया जबकि बड़े बड़े औद्योगिक संगठन इस काल में औंधे मुह गिर पड़े। परिचर्चा में भाग लेते हुए दूसरे वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार सिंचाई आयोग के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता विजय शंकर पान्डेय ने कहा कि आजादी के बाद देश में खाद्यान्न की अनुपलब्धता के कारण हम पीएल 480 के अंतर्गत विदेशों से खाद्यान्न आयात करते थेए परंतु प्रथम और द्वितीय पंचवर्षीय योजना में देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो आधारभूत ढांचा तैयार किया गया और उस समय के सरकार द्वारा कराया गया उसका परिणाम यह हुआ कि किसानों ने कड़ी मेहनत करके देश के कृषि क्षेत्र को हरित क्रांति में लाकर खाद्यान्न के मामले में आत्म निर्भर ही नहीं बनाया बल्कि खाद्यान्न निर्यातक देश बना दिया।

# भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय जनता** पार्टी के सदस्यों ने एकात्म मानववाद के प्रवर्तक व अंत्योदय के प्रणेता पं0 दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर भाजपा नेताओं ने पौधरोपण, दीपदान कर पं0 दीनदयाल उपाध्याय को याद किया। राजनैतिक चिंतक और भाजपा कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक पं0 दीनदयाल उपाध्याय की 104वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित विशाल प्रतिमा के समीप 104 दीप जला कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति के समक्ष शीश नवाया। दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा के नेतृत्व में पुष्पार्चन किया गया। तत्पश्चात उन्हें स्मरण करते हुए 104 पौधे भी लगाए गए। पं0 दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आयोजित संगोष्ठी के प्रथम सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक एवं द्वितीय सत्र में सुनील ओझा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। सुनील ओझा ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि हमारे पूज्य पिताश्री को संघ कार्य मे जोड़कर और हमारे परिवार को संघ की विचारधारा के साथ लाने का श्रेय तत्कालीन उत्तरप्रदेश के प्रांत प्रचारक दीनदयाल और पूजनीय नानाजी देशमुख को ही था। पिताजी ने दीनदयाल के सानिध्य में वर्षों कार्य किया था। आज उनकी जन्म जयंती पर हम सभी कार्यकर्ता जीवनपर्यंत उनके अंत्योदय के सिद्धांत के अनुरूप जनसेवा करने का संकल्प लेते हैं। हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाएंगे और उसे समाज की मुख्यधारा में लाएंगे। इस मौके पर राज्यमंत्री डा. नीलकण्ठ तिवारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय असली माने में कर्मयोगी थे। वे अंत्योदय के जरिए समाज के अंतीम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के पक्षधर थे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर लगाया किसान विरोधी होने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**कांग्रेस** कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार पर किसान विरोधी बिल संसद में पारित कराने का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतरे कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति की ओर से देशव्यापी भारत बंदी का समर्थन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। वाराणसी में जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने लहुराबीर मार्केट की दुकान को दुकानदारो ने बन्द करके भारत बंद का समर्थन किया। तत्पश्चात पुलिस प्रशासन द्वारा रोके जाने पर कांग्रेसजनों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बिच नोक झोंक भी हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे व जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल ने संयुक्त रूप से किया। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे व जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल ने संयुक्त रूप से कहा की' काले किसान विरोधी विधेयक के खिलाफकांग्रेस पार्टी भारत बंद का पूर्ण समर्थन करती है। गांधीवादी तरीके से भाजपा सरकार के अलोकतांत्रिक फैसले का करते है। सरकार पर तानाशाही रैवाया अपनाने और नौजवानों को बेरोजगारी की आग में झोंकने का आरोप लगाया। प्रदर्शन करने वालों में मकसूद खां, जितेंद्र सेठ, सुनील कपूर, शिवजी सिंह, ओमप्रकाश ओझा, मयंक चौबे, साजिद अंसारी, राजू भारती, राजीव राम, मनीष मोरलिया, मनीष चौबे, आनंद सिंह, मनीष सिंह, चंचल शर्मा, अफसर खां, आशिष सिंह, सुफियान अहमद, आंनद पाठक, दुर्गा आदि उपस्थित रहे।।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मॉडल होगा मछोदरी स्कूलः कमिश्नर



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मछोदरी** स्कूल गुणवत्ता युक्त शिक्षा का केंद्र बनेगा। स्मार्ट सिटी योजना में बन रहे मछोदरी स्कूल में प्राइमरी, सेकेंडरी स्कूल, स्मार्ट क्लास, ऑडिटोरियम, कंप्यूटर लैब, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, सीसीटीवी कैमरा, शुद्ध पेयजल, सीवर व्यवस्था, रेन वाटर हार्वेस्ट सिस्टम, सोलर सिस्टम व किट्स प्ले एरिया होगा। क्षेत्र में गुणवत्ता युक्त स्कूल नहीं होने से यहां एक बेहतर स्कूल की जरूरत थी। स्कूल निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने कार्यदाई संस्था को हिदायत दी कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। स्कूल को सीबीएससी पद्धति से 12वीं तक करने की कार्यवाही करने को कहा। मछोदरी स्कूल का निर्माण स्मार्ट सिटी में 14.21 करोड़ रुपए धनराशि की लागत से किया जा रहा है। जिसका लगभग 50 फीसदी कार्य हो चुका है। इसी वर्ष के अंत तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# पॉवर प्रेजेन्टेशन के जरिए जीएम एनसीआर ने गिनाईं उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

## ● कोविड-19 में रेल कर्मचारियों के प्रयासों की जीएम ने की सराहना

## ● रेल राज्यमंत्री सुरेश अंगड़ी को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**महाप्रबंधक** उत्तर मध्य और उत्तर रेलवे राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे में संरक्षा माल लदान यात्री सेवाओं अवसंरचना विकास कोविड 19 की स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण प्रयासों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मीडिया से वार्ता की। महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से तमाम विषयों को रखा। प्रेस वार्ता में रेल राज्य मंत्री स्वर्गीय सुरेश अंगड़ी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महाप्रबंधक ने वर्ष 2020.21 के दौरान किए गए संरक्षा रखरखाव और बुनियादी ढांचे के कार्यों के विषय जानकारी दी। कहा कि टीम एनसीआर ने इस संकट को अवसर में बदलने के लिए अथक रूप से काम किया है। संरक्षा संबंधी कई कार्य विशेष रूप से जिनके लिए ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता थी। उनको कम यात्री गाड़ियों के परिचालन के दौरान पूरा किया गया। माल लदान के संबंध में चर्चा करते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि जून 20 से सकारात्मक लोडिंग का ट्रेंड हासिल की गई है। पिछले साल की तुलना में माल गाड़ियों की औसत गति में वृद्धि दर्ज की गई है। महाप्रबंधक ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे के ट्रंक मार्गों गाजियाबाद से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और पलवल से बीना पर पहले ही 50 किमी प्रति घंटे से अधिक की औसत गति प्राप्त की जा चुकी है। अक्टूबर 2020 तक 50 किमी प्रति



वेबिनार में बोलते जीएम राजीव चौधरी।

घंटे की समग्र औसत गति हासिल करने की उम्मीद है। महाप्रबंधक ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे को प्राप्त सभी व्यावसायिक प्रस्तावों परए विश्लेषण और काम करने के लिए तैयार है और इसी क्रम में अभिरुचि की अभिव्यक्ति द्वारा पीपीपी के माध्यम से 17 माल शेडों के विकास के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए है। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा कोविड 19 के मोर्चे पर किए गए प्रयासों को साझा करते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि 650 क्वारंटाइन बिस्तरों के अलावा उत्तर मध्य रेलवे ने झांसी और प्रयागराज के लेवल दो कोविड 19 अस्पतालों में 200 बिस्तरों की सुविधा प्रदान की है। जिससे 650 से अधिक कोविड 19 पॉजिटिव रोगियों को इलाज में मदद मिली और 3200 से अधिक कोविड 19 के परीक्षण भी रेलवे अस्पतालों में किए गए हैं।

रेलवे के अस्पतालों में संचालित 05 अलग अलग क्लीनिकों के माध्यम से रेलवे चिकित्सा सेवाओं के लगभग 14500 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग के अलावा अन्य प्रयास जैसे सामाजिक दूरी संबंधी व्यवस्थाएं वर्क फ्रॉम होम रेलवे कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग की गयी। इस मौके पर उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक रवि वल्लूरी प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एम एन ओझा सचिव महाप्रबंधक अमित मिश्रा उप महाप्रबंधक सामान्य मन्नू प्रकाश दुबे सीएफटीएम पी के ओझा सीपीटीएम डी के वर्मा सीसीएम पीएस एस पी वर्मा और सीसीएम एफएम अनु मणि त्रिपाठी आदि रहे।

# प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास में सहायक है मत्स्यपालन उद्योग

**प्रयागराज।** संसाधनों की विविधता और असीम संभावनाओं के साथ भारत में मत्स्यपालन बेहद अहम आर्थिक गतिविधि है। जिसका बड़ी तेजी से विकास हो रहा है। इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए वैश्विक प्रगति के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस उद्योग से जुड़े अलग अलग विषयों पर चर्चा करने के लिए भारत और दुनिया भर के कई उद्योग विशेषज्ञों ने आज एक वर्चुअल कॉन्क्लेव में भाग लिया। कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले उद्योग जगत के प्रतिष्ठित वक्ताओं में अनमोल डीड्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित सरावगी एक्वा फूड टेक्नोलॉजीज इंक के अध्यक्ष टिम ओश्कीफ और तरुण श्रीधर पूर्व सचिव मत्स्य मंत्रालय पशुपालन एवं डेयरी भारत सरकार शामिल थे। अनमोल डीड्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित सरावगी ने कहा मत्स्य पालन एक ऐसा क्षेत्र है जो अकेले 145 मिलियन लोगों को रोजगार देता है। राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड के हालिया अनुमान के अनुसार पिछले कुछ सालों के दौरान एक्वाकल्चर यानी मत्स्य पालन से न केवल सामाजिक आर्थिक स्तर पर देश को पर्याप्त लाभ मिला है।

# निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल में मिलीं खामियां, रिपोर्ट भेजी गई

**सफीपुर,उन्नाव।** क्षेत्र के एक गांव निवासी सलाउद्दीन नामक युवक ने 19 सितंबर को मुख्यमंत्री पोर्टल पर रामाशिव अस्पताल में मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने की शिकायत की थी। जिस पर शुक्रवार सीएचसी प्रभारी डा. ललित कुमार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल संचालक विशाल दीक्षित व रवि दीक्षित हॉस्पिटल संचालन स बन्धी कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाए। मौके पर हॉस्पिटल में कोई डिग्री धारक स्टाफ व चिकित्सक मौजूद नही मिला। पॉल्युशन कन्ट्रोल में भी हॉस्पिटल स बन्धी पंजीकरण नही कराया गया था। किसी अनहोनी को ध्यान में रंख कर फायर कट्रोल की कोई व्यवस्था नही थी। स्वास्थ्य केन्द्र को भेजे गए निर्देश के बावजूद कोविड-19 की हेल्पडेस्क नही बनी थी। इसके अलावा अस्पताल में मौजूद कोई भी मरीज मास्क नही लगाए था। वहां मौजूद लोगों में सोशल डिस्टेन्स का पालन नही हो रहा था। मौके पर सात मरीज भर्ती थे। जिनमें किसी भी मरीज



## ● सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग, सीएचसी प्रभारी की जांच में पाई गईं गड़बड़ियां

की कोविड-19 की जांच नही कराई गई थी। मौके पर दो मरीज की उपचार फाइल बनाई गई, मगर उसमें किसी भी डॉक्टर के हस्ताक्षर नही थे। अन्य भर्ती पांच मरीजों में किसी भी मरीज की उपचार फाइल नही बनी थी। पूरी जांच पड़ताल के बाद सीएचसी प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है। सूत्रों की माने तो इस तरह के सैकड़ों की सं या में मानक विहीन हास्पिटल संचालित है। जिनपर विभागीय अधिकारियों की कृपा रहने से कार्यवाही नहीं हो पाती है।

# 21 वीं शताब्दी में समस्याओं का समाधान एकात्म मानववाद सेः प्रो. कामेश्वर सिंह

## ● मुक्त विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर ई व्याख्यान का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**21वीं** शताब्दी की समस्याओं का समाधान पूंजीवादी अनुसार में वादी विचार धाराओं के पास नहीं अपितु भारत की गर्जनांद से निकली विचारधारा एकात्म मानववाद है। जो दीनदयाल जी का मौलिक दर्शन है। यह बातें दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित व्याख्यान में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहीं।

प्रोफेसर सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद का दर्शन एकीकृत सिद्धांत है। जिसके आधार पर आदर्श कृषिव्यवस्था प्रौद्योगिकी व्यवस्था व्यापार एवं सेवा व्यवस्था तथा शैक्षिक क्षेत्र की पुनर्रचना समाज हित एवं राष्ट्र हित में की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पूंजीवाद और रुग्णता का शिकार है और साम्यवाद अपनी प्रासंगिकता खो चुका है अब एकात्म मानववाद के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है।

ई व्याख्यान के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय को जीवन के यथार्थ का धरातल स्थल पर ज्ञान था और बुद्ध की तरह उनको दिव्य ज्ञान प्राप्त था। अपने एकात्म मानववाद दर्शन के आधार पर उन्होंने क्षमता युक्त विषमता मुक्त एवं समरसता पूर्ण भारत की रचना का स्वप्न देखा था। एक ऐसे कालखंड में उन्होंने एकात्म मानववाद का दर्शन दिया जब पूंजीवाद साम्यवाद दोनों खेमों के बीच शीत युद्ध चल रहा था। यह शीत युद्ध मानव कल्याण के लिए नहीं बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था पर कब्जा करने के लिए संघर्ष था। आज यह दोनों व्यवस्थाएं बिखर चुकी हैं। इसीलिए भारत चीन युद्ध के बाद 1967 में उन्होंने एकात्म मानववाद के दर्शन को जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत किया और आज यह विश्व फलक पर स्थापित हो चुका है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा सार्वभौमिक सर्वकालिक तथा सर्व प्रासंगिक है। इसी से समावेशी विकास संभव है। अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के निदेशक प्रोफेसर जी एस शुक्ला ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की प्रासंगिकता दिनोंदिन बढ़ रही है।

# डीएम ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जिलाधिकारी** कौशलराज शर्मा ने टाइम्स ऑफ इंडिया तथा एनसीएल के सहयोग से कोविड.19 से सुरक्षात्मक प्रचलित उपायों यथा मास्क लगाना, हैंड सैनिटाइजर का प्रयोग तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन के लिए लोगों को जागरूक करने के अभियान की शुक्रवार को सर्किट हाउस में अध्यक्षता की।

आटो व ई रिक्शा चालकों को अभियान का हिस्सा बनाया गया क्यों कि ज्यादा से ज्यादा लोग सवारी के रूप में इनके सम्पर्क में आते हैं इस लिये इनके द्वारा अधिकतर लोगों तक जागरूकता फैलाई जा सकेगी और कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने आटो चालकों को स्वयं भी बचाव के नियमों का पालन करने और परिवार के साथ लोगों को सुरक्षात्मक नियम अपनाने के लिए कहा। कोरोना को लोगों द्वारा गम्भीरता से न लेने पर चिंता जताते हुए कहा कि ये ना समझें कि हमें कोरोना नहीं होगा या हो चुका है तो दोबारा होने की सम्भावना नहीं है, दोबारा होने की जानकारी भी प्राप्त हुई है। इस अवसर आटो चालकों को वितरित करने हेतु मास्क वितरित किया और कहा कि यातायात विभाग द्वारा भी मास्क का वितरण कराया जायेगा।

### जिले में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या 203 हुई, 209 मरीज ठीक, 197 नये पॉजिटिव केस

**वाराणसी।** बनारस में कोविड.19 के मरीज प्रतिदिन ब?ने का सिलसिला जारी है। वहीं कोरोना से आज तीन मरीजों की मौत हो गई जिससे जिले में कोविड-19 से मरने वालों की दो सौ पार कर संख्या 203 हो गई। वाराणसी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर वीबी सिंह के अनुसार 25 सितंबर को कोरोना के 197 पॉजिटिव मरीज मिले हैं, 209 मरीज स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए गएएए 3 मरीज की मौत भी हुई है। वाराणसी में कुल कोरोना मरीजों की संख्या 12541 मरीज हो गया हैएकोरोना संक्रमण को हराकर 10766 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं, एक्टिव मरीज की संख्या 1572 है। कोरोना के कारण अब तक 203 मरीजो की मौत हो चुकी है।

# राज्यसभा में आचरण को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत थी: प्रह्लाद

भाषा। नई दिल्ली

**संसदीय कार्य** मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राज्यसभा में पिछले दिनों हंगामे के लिए विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि महासचिव की मेज पर चढ़ना और नियम पुस्तिका फाड़ने जैसे आचरण को लेकर ऐसे सांसदों के खिलाफ कार्वाई की जरूरत थी। जोशी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष को आत्मविश्लेषण करना चाहिए कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत उनके सांसद सत्र में अनुपस्थित क्यों थे। उन्होंने कहा कि उन्हें हंगामा करने के बजाए संख्या के दम पर सरकार का सामना करना चाहिए था।

जोशी ने जाहिरा तौर पर नेहरू-गांधी परिवार का जिक्र करते हुए कहा कि जिन लोगों का गांधीवादी सिद्धांतों में कोई भरोसा नहीं है, वे नकली गांधी नेताओं के आदेश पर प्रदर्शन के लिए गांधी की प्रतिमा के सामने धरना पर बैठे। राज्यसभा में कृषि संबंधी दो विधेयकों को पारित किए जाने के दौरान रविवार को काफी हंगामा हुआ था। विधेयकों को पारित किए जाने के तरीके के विरोध में विपक्षी सांसद आसन के बिल्कुल पास आ गए थे। हंगामा कर रहे सदस्यों ने कागज फाड़ दिए थे, वे मेजों पर चढ़ गए थे, नारेबाजी की थी और उस समय उपसभापति हरिवंश की ओर नियम पुस्तिका फेंकी थी।

## यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में काला दिन और विपक्ष पर धब्बा

सदन में अमर्यादित आचरण को लेकर विपक्ष के आठ सांसदों को सोमवार को निलंबित कर दिया था। इसके विरोध में इन सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट रात बिताई थी। जोशी ने कहा, यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में काला दिन और विपक्ष पर धब्बा है। उन्होंने कहा कि महासचिव की मेज पर खड़े होना, नियम पुस्तिका फाड़ना, सभापति के माइक को नुकसान पहुंचाना और मार्शल पर हमला करना, इस तरह के आचरण के लिए इन सांसदों के खिलाफ कार्वाई की जरूरत थी।जोशी ने हरिवंश के साथ आपत्तिजनक आचरण को लेकर विपक्षी सांसदों की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से हताश हैं और उन्होंने संतुलन खो दिया है। उन्होंने राज्यसभा में हाजिरी का जिक्र करते हुए कहा कि कृषि विधेयकों पर उच्च सदन में चर्चा के दौरान कई विपक्षी सांसद अनुपस्थित थे। उन्होंने कहा कि विधेयकों को पारित किए जाने के दौरान सदन में मौजूद कुल 182 सांसदों में से 110 सांसद राजग के थे।जोशी ने कहा, हंगामा करने के बजाए, विपक्ष को संख्या के बल पर सरकार का सामना करना चाहिए था। उन्होंने कहा, विपक्षी दलों को आत्मविश्लेषण करना चाहिए कि राहुल गांधी समेत बड़ी संख्या में उनके सांसद सत्र से अनुपस्थित क्यों थे।



पंजाब के रूपनगर में विभिन्न संगठनों के किसान बिल का रेलवे लाइन पर बैठकर विरोध करते हुए।

# शोपियां मुठभेड़ में मारे गए तीन लोगों के डीएनए नमूने परिवार के सदस्यों से मिले

भाषा। श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** के शोपियां जिले में जुलाई में सेना के साथ कथित फर्जी मुठभेड़ में मारे गए तीन लोगों के डीएनए नमूने राजौरी में उनके परिवारों के नमूनों से मेल खाते हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह पूछे जाने पर क्या वे तीनों वास्तव में मजदूर थे, जैसा उनके परिवारों ने दावा किया है और वे आतंकवादी गतिविधियों में शामिल नहीं थे, पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह आगे की जांच का विषय है।

सेना ने 18 जुलाई को दावा किया था कि दक्षिणी कश्मीर के शोपियां में गांव अमशीपुरा में तीन आतंकवादी मारे गए। सोशल मीडिया की रिपोर्टो से संकेत मिला कि वे राजौरी के रहने वाले तीन लोग अमशीपुरा में लापता हो गए थे। इसके बाद सेना ने जांच शुरू की थी। तीन लोगों के परिवारों ने दावा किया था कि वे मजदूर थे और इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

पुलिस ने भी जांच शुरू की और मारे गए लोगों के डीएनए नमूने लिए गए ताकि राजौरी में उनके परिवारों के नमूनों के साथ मिलान किया जा सके। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विजय कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, डीएनए रिपोर्ट आ गई है और मिलान हो गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या इसकी पुष्टि हो गई है कि तीनों लोग मजदूर थे और वे किसी आतंकवादी गतिविधियों में शामिल नहीं थे, कुमार ने कहा, पुलिस अब मामले में आगे की जांच कर रही है। सेना ने रिकार्ड चार सप्ताह में इस मामले की जांच पूरी कर ली। बल ने 18 सितंबर को कहा था कि प्रथम दृष्टया साक्ष्य के अनुसार मुठभेड़ के दौरान उसके जवानों ने सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम के तहत अधिकार का उल्लंघन किया। बल ने कहा था इस संबंध में अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## फडणवीस ने नए कृषि कानूनों का विरोध करने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कृषि क्षेत्र से जुड़े विधेयकों को संसद से पारित कराने का विरोध करने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मामले पर रुख कुछ और नहीं बल्कि दोहरा मानदंड है क्योंकि वह सत्ता से बाहर है। नवी मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में फडणवीस ने कहा कि विपक्षी पार्टियां केवल राजनीति की वजह से इन विधेयकों के खिलाफ है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, यही कांग्रेस जब सत्ता में थी जो इसी तरह का बदलाव (कानून में) करने का वादा कर रही थी। अब वह महज राजनीति के लिए विरोध कर रही है। वास्तव में इन कानूनों को लागू नहीं किया जाना किसान विरोधी होगा। फडणवीस ने कहा, कांग्रेस ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इसी वादे का उल्लेख किया था। इसलिए, उसका मौजूदा रुख पूरी तरह से दोहरा मानदंड है।

# शोपियां मुठभेड़ को लेकर अधिकारियों के दावे पर उमर ने उठाए सवाल

भाषा। श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जुलाई में शोपियां मुठभेड़ स्थल से हथियार और कारतूस बरामद होने को लेकर दिए गए आधिकारिक बयान पर सवाल उठाया है। डीएनए जांच के नतीजे शुक्रवार को सामने आने के बाद साबित हो गया कि मारे गए तीनों मजदूर राजौरी जिले के रहने वाले थे। उमर ने ट्वीट किया, आधिकारिक बयानों के मुताबिक मुठभेड़ स्थल से हथियार और कारतूस समेत भड़काऊसामग्री मिली थी। वहां पर किसने भड़काऊसामग्री रखी थी।

वह कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार के बयान पर प्रतिक्रिया जता रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि तीनों लोगों के डीएनए नमूनों का उनके परिजनों के नमूनों से मिलान हो गया है। सेना ने इन तीनों लोगों को आतंकी बताया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर ने कहा, तीनों युवकों के शवों को उत्तरी कश्मीर में कहीं दफना दिया गया। यह जरूरी है कि शवों को निकाल कर तुरंत उनके परिवारों को सौंपा जाए ताकि वे राजौरी जिले में अपने घरों के पास उनका अंतिम संस्कार कर सकें।

सेना ने 18 जुलाई को दावा किया था कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के अम्शीपुरा गांव में तीन आतंकी मारे गए। तीनों लोगों के राजौरी के बाशिंदा होने और अम्शीपुरा में लापता होने के बारे में सोशल मीडिया पर रिपोर्ट सामने आने के बाद जांच शुरू की गई थी। तीनों लोगों के परिवारों ने दावा किया था कि वे शोपियां में मजदूरी करते थे और उन्होंने इस संबंध में पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने जांच शुरू की और मारे गए युवकों के डीएनए के मिलान के लिए उनके परिवारों से नमूने लिए। कुमार ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा, डीएनए रिपोर्ट आ चुकी है और मिलान हो गया है। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने कहा कि हालिया घटनाक्रम से उन्हें कुछ भी बदलाव की उम्मीद नहीं है क्योंकि पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

लोन ने ट्वीट किया, क्या कुछ बदलेगा? मानव जीवन की गरिमा बहाल होगी? नहीं। कुछ नहीं बदलने वाला। मीडिया ने इस मुठभेड़ का पर्दाफाश किया जिसके बाद जांच शुरू की गई। आज के डिजिटल युग में कुछ भी छिपाना मुमकिन नहीं हैं। मेरी संवेदनाएं तीनों युवकों के प्रति हैं। उन्होंने लिखा है, क्या यह पहली बार हुआ, कोई उम्मीद कर सकता है कि आगे यह नहीं होगा। यह पहली बार नहीं है और ना ही आखिरी बार है।

## क्विक न्यूज

### उपचुनाव पर 29 सितंबर को निर्णय: मुख्य चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग एक लोकसभा सीट और 64 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव कराने पर संबंधित राज्यों के चुनाव अधिकारियों और मुख्य सचिवों से मिली जानकारी पर गौर करने के बाद 29 सितंबर को इस बारे में फैसला करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने शुक्रवार को इस बारे में बिहार विधानसभा चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा के लिए संवाददाता सम्मेलन के दौरान सवालों का जवाब देते हुए अरोड़ा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के महासचिव उमेश सिन्हा फैसले के आधार पर उसी शाम कार्यक्रम को लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करेंगे। इससे पहले निर्वाचन आयोग (ईसी) ने एक बयान में कहा था कि बिहार चुनाव और उपचुनाव एक ही समय के आसपास कराए जाएंगे। अरोड़ा ने कहा कि जब ईसी ने बिहार चुनाव के साथ उपचुनाव कराने का फैसला किया था तो उपचुनाव के संबंध में कुछ राज्यों ने निवेदन भेजने को लेकर दिलचस्पी नही दिखाई थी। अधिकतर निवेदन पिछले एक सप्ताह में मिले और आयोग अंतिम निर्णय के पहले सूचनाओं पर विचार-विमर्श करेगा। विभिन्न राज्यों में विधानसभा की 64 सीटें खाली हैं। इनमें से 27 सीटें मध्यप्रदेश में रिक्त हैं। कांग्रेस के बागी सदस्यों के पार्टी से इस्तीफे और भाजपा में शामिल होने पर ए सीटें रिक्त हुई थी। कांग्रेस सदस्यों के इस्तीफे के कारण कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी और सत्ता में भाजपा की वापसी हुई थी। बिहार में वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट का उपचुनाव भी लंबित है। छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक और बंगाल में विधानसभा की एक-एक सीट रिक्त है। असम, झारखंड, केरल, नगालैंड, तमिलनाडु और ओडिशा में दो-दो सीटें रिक्त हैं। मणिपुर में पांच और गुजरात तथा उत्तरप्रदेश में आठ-आठ सीटें रिक्त हैं। इस साल जुलाई में निर्वाचन आयोग ने लोकसभा की एक सीट और विधानसभा की सात सीटों के लिए चुनाव को टालने की घोषणा की थी।

### मप्र में 3,900 कैदियों की पैरोल अवधि 60 दिन के लिए बढ़ाई

**भोपाल।** कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने जेल के 3900 कैदियों की पैरोल अवधि 60 दिनों के लिए बढ़ा दी है। इससे अब इन कैदियों के नवंबर के अंत तक जेल की बैरकों में वापस आने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मार्च माह में उच्चतम न्यायालय ने जेलों में भीड़ कम करने के लिए राज्यों को उपाय करने के लिए कहा गया था। इसके बाद कैदियों को पैरोल पर जेल से छोड़ा गया था ताकि कोविड-19 के प्रसार को नियंत्रित किया जा सके। मध्यप्रदेश में 125 जेलों में लगभग 43,000 कैदी हैं। इनमें से 3900 को पैरोल पर जबकि 3000 को अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया है। जेल विभाग के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) संजय पांडे ने पीटीआई भाषा को बताया, 3900 कैदियों की पैरोल 60 और दिन के लिए बढ़ाई गई है। वे सब नवंबर अंत तक 125 जेलों में वापस लौट आएगें। जबकि 3000 अन्य कैदियों को अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था। एक अन्य जेल अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में करीब एक हजार कैदियों को कोरोना वायरस का संक्रमण हुआ था और फिलहाल 140 कैदियों का इलाज चल रहा है। इस महामारी से अब तक किसी कैदी की मौत नही हुई है। उन्होंने बताया कि जिला जेल के एक अधिकारी की कोरोना महामारी से मौत हो चुकी है।

### पलामू में बारूदी सुरंगें बरामद

**मेदिनीनगर।** सुरक्षा बलो ने पलामू जिले के मनातू- चक मार्ग में नक्सलियो द्वारा बनाई गई चार बड़ी बारूदी सुरंगों को समय रहते निष्क्रिय कर बलों पर हमले की कोशिश को नाकाम कर दिया। पलामू के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि नक्सलियो ने मनातू थानान्तर्गत मंसुरिया के पास बारूदी सुरंगे बनाई थी। उन्होंने बताया कि सभी में बारह से पंद्रह किलोग्राम विस्फोटक था जिससे भारी नुकसान हो सकता था। इन्हें सुरक्षा बलों को लक्ष्य कर सड़क के बीच में लगाया गया था। यह मार्ग चतरा होते हुए बिहार के गया तक जाता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इनका पता लगाकर निष्क्रिय करने का काम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 134वी बटालियन और स्थानीय पुलिस ने मिलकर किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अब तक यह पता नही चल पाया है कि इसमें किस नक्सली संगठन का हाथ है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पूरा क्षेत्र माओवादियो का गढ़ माना जाता है।

### कुलगाम में हथियारों के जखीरे व नकदी के साथ दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलो ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियारों व गोलाबारूद का जखीरा और नकदी जब्त की। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलो ने दक्षिणी कश्मीर के काजीगुंड क्षेत्र में बृहस्पतिवार को तलाशी अभियान के दौरान एक वाहन से हथियारों का जखीरा, गोलाबारूद और नकदी जब्त की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है।



कोच्चि में वाइस एडमिरल ए.के. चावला फ्लैग आफिसर कमांडिंग इन चीफ दक्षिणी नौसेना कमान कोच्चि में नौसेना निवेश समारोह के दौरान परेड की सलामी लेते हुए।

# बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे को लेकर मेरा संदेह सही साबित हुआ: अनिल देशमुख

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कहा है कि उन्हें संदेह था कि बिहार के पूर्व पुलिस प्रमुख गुप्तेश्वर पांडे अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में भाजपा नेता की तरह बात कर रहे हैं और यह बात अब सही साबित हो गई है। राजपूत मौत मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाले पांडे महाराष्ट्र में गैर-भाजपा दलों के निशाने पर हैं। हाल ही में उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है और कयास लगाए जा रहे हैं कि वह अक्टूबर-नवंबर में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमा सकते हैं।

पांडे के हालिया बयानों और भाजपा के साथ नजदीकी को लेकर महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी सरकार में साझेदार शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस उनपर निशाना साध रहे हैं। देशमुख ने बृहस्पतिवार को गोंदिया में पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा पर बिहार चुनाव के मद्देनजर साजिश के तहत महाराष्ट्र और इसकी पुलिस को बदनाम करने का आरोप भी लगाया।

राकांपा नेता ने कहा बीते डेढ़-दो महीने के दौरान आपने देखा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी होने के बावजूद पांडे ऐसे बात कर रहे थे जैसे कि भाजपा के वरिष्ठ नेता हों और अब यह बात सही साबित हो गई है।

देशमुख ने कहा वह इस्तीफा दे चुके हैं...मैं केवल एक ही बात कहना चाहूंगा कि यह बिहार चुनाव को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र और यहां की पुलिस को बदनाम करने की भाजपा की साजिश थी। पांडे ने मंगलवार को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद अगले दिन कहा था कि अब वह आजाद हैं और चुनाव लड़ना कोई गलत काम नहीं है।

# पंजाब के पूर्व डीजीपी सैनी मोहाली की अदालत के समक्ष पेश हुए

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुमेध सिंह सैनी शुक्रवार को मोहाली की एक अदालत के समक्ष पेश हुए और अपने खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने का अनुरोध किया। सैनी ने अदालत के समक्ष कहा कि वह वर्ष 1991 में बलवंत सिंह मुल्तानी की गुमशुदगी के मामले की जांच में शामिल होने को तैयार हैं।

अदालत ने पंजाब पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) को नोटिस जारी कर उनसे जवाब तलब किया और मामले की अगली सुनवाई की तारीख 30 सितंबर तय की। विशेष लोक अभियोजक सरतेज सिंह नरूला ने कहा कि पूर्व डीजीपी अपने वकील के साथ न्यायिक मैजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) रविंदर कौर की अदालत के समक्ष पेश हुए।

सैनी ने अपने आवेदन में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने उन्हें मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण दिया है और उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट वापस ले लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने और आवश्यकता पड़ने पर किसी भी समय सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

मोहाली के मटौर पुलिस थाने में एसआईटी के समक्ष पेश होने में विफल रहने के दो दिन बाद सैनी ने यह आवेदन दाखिल किया है। अदालत ने सैनी के खिलाफ 12 सितंबर को गिरफ्तारी वारंट जारी किया था और पुलिस को निर्देश दिया था कि सैनी को 25 सितंबर तक अदालत के समक्ष पेश करें। मुल्तानी की 1991 में गुमशुदगी के सिलसिले में पूर्व डीजीपी के खिलाफ मई में मामला दर्ज किया गया था। मुल्तानी अपनी गुमशुदगी के समय चंडीगढ़ उद्योग एवं पर्यटन निगम में जूनियर इंजीनियर के तौर पर कार्यरत थे। पुलिस ने मुल्तानी के लापता होने के संबंध में प्राथमिकी में पिछले महीने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप भी जोड़ दिए थे।

# हार्दिक पटेल नहीं जा सकेंगे गुजरात से बाहर

**अहमदाबाद।** कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल की वह अर्जी स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने गुजरात से बाहर जाने से उन्हें प्रतिबंधित करने वाली जमानत की शर्त को अस्थाई तौर पर निलंबित करने का अनुरोध किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बी जे गणात्रा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष पटेल की अर्जी खारिज की। पटेल ने इसी अदालत द्वारा उन पर लगाई गई जमानत की शर्त को 12 सप्ताह तक निलंबित रखने का अनुरोध किया था। इस शर्त के मुताबिक, उन्हें राज्य से बाहर जाने से पहले अदालत की अनुमति लेनी होगी।

सत्र अदालत ने इस साल जनवरी में उन्हें जमानत देते हुए यह शर्त लगाई थी। 2015 के देशद्रोह के मामले में निचली अदालत में सुनवाई में अनुपस्थित रहने को लेकर पटेल को गिरफ्तार किए जाने के बाद सत्र अदालत ने उन्हें जमानत दी थी। सत्र अदालत ने शुक्रवार के अपने आदेश में पटेल की अर्जी खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता जमानत की शर्त को अस्थाई तौर पर निलंबित करने का अनुरोध करने के लिए कोई तर्कसंगत आधार बताने में नाकाम रहे।

पटेल ने इस आधार पर राहत मांगी थी कि उन्हें प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए बार-बार राज्य से बाहर जाना होगा। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि उन्हें उच्चतम न्यायालय में अपने वकीलों को शीर्ष न्यायालय में लंबित चार मामलों में अपने वकीलों से मशविरा करने की जरूरत है। उन्होंने दलील दी कि इन मामलों को शीघ्र ही सूचीबद्ध किए जाने की संभावना है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर ज्यादातर राजनीतिक कार्यक्रम ऑनलाइन और डिजिटल माध्यम से हो रहे हैं। 12 सप्ताह के लिए गुजरात से बाहर की यात्रा करने की अनुमति मांगने का पटेल का अनुरोध तर्कसंगत नहीं दिखता है। अदालत ने कहा कि कोविड-19 स्थिति के मद्देनजर यह स्वीकार करने का कोई आधार नहीं है कि याचिकाकर्ता को अपने वकील से आमने-सामने जा कर मिलना है, ना ही चारों मामलों को शीघ्र ही शीर्ष न्यायालय में सूचीबद्ध किए जाने की संभावना है।

मामले के जांच अधिकारी, साइबर अपराध पुलिस निरीक्षक आर जे चौधरी ने अपनी अर्जी में कहा कि पटेल ने गुजरात उच्च न्यायालय और निचली अदालत द्वारा लगाई जमानत की शर्तों का कई मौकों पर उल्लंघन किया है और अपने पते में बदलाव के बारे में पुलिस को सूचना नहीं दी तथा देशद्रोह मामले में सुनवाई में 61 बार अनुपस्थित रहे। पटेल को अहमदाबाद अपराध शाखा ने जनवरी में गिरफ्तार किया था। देशद्रोह मामले में अदालती कार्यवाही में कई बार अनुपस्थित रहने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। यहां पाटीदार (समुदाय के) कोटा के लिए 25 अगस्त 2015 को एक रैली के बाद गुजरात के कई हिस्सों में हिंसा भड़क जाने के सिलसिले में अपराध शाखा ने पटेल के खिलाफ देशद्रोह का एक मामला दर्ज किया था। पटेल 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे।



कोलकाता में प. बंगाल किसान मजदूर कांग्रेस कमेटी के सदस्य सब्जियों से भारत का नक्शा बनाकर किसान बिल का विरोध करते हुए।

# देश की स्वास्थ्य सेवा से कोविड मृत्यु दर न्यूनतम और ठीक होने की दर अधिकतम रही: हर्षवर्धन

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शुक्रवार को कहा कि 50 लाख से अधिक लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बीच देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ने नैदानिक और प्रबंधन सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही मृत्यु दर न्यूनतम और स्वस्थ होने की दर अधिकतम बनाए रखने में काफी दक्षता दिखाई है।

वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के 65वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि देश में कोविड-19 मरीजों के ठीक होने की लगातार बढ़ रही दर और मृत्यु दर में कमी ने सभी राज्यों द्वारा अपनाई जा रही निषिद्ध रणनीति की कामयाबी को साबित किया है। हर्षवर्धन ने कहा, हमने अपनी परीक्षण क्षमता को सफलतापूर्वक बढ़ाया है और आज यह देश भर में फैली 1,800 से अधिक प्रयोगशालाओं के साथ लगभग 15 लाख के उच्च स्तर तक पहुंच गया है।

बयान में हर्षवर्धन के हवाले से कहा गया है, मुझे इलाज और कोविड-19 टीकों के क्षेत्र में हो रहे वैज्ञानिक विकास में पूरा भरोसा है तथा जल्दी ही भारत कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में अधिक सफलता हासिल करेगा। हर्षवर्धन ने मानव संसाधन और विकास मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) से चिकित्सा संस्थानों में नंबर एक का स्थान पाने के लिए एम्स बिरादरी को बधाई दी। उन्होंने संतोष जताया कि 1956 में भारतीय संसद द्वारा स्थापित एम्स ने अपने उद्देश्यों को पूरा किया है।

उन्होंने कोरोना वायरस महामारी के दौरान संस्थान के उल्लेखनीय योगदान का भी स्वागत किया। हर्षवर्धन ने कहा, मैं सराहना करता हूं कि पिछले छह महीनों में, एम्स ने कोविड-19 मरीजों की देखभाल, अनुसंधान में नवाचार करने, देश भर में सहयोगियों का मार्गदर्शन तथा शिक्षण और संचार के नए तरीकों को विकसित करने की एक बड़ी जिम्मेदारी निभाई है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कोविड के समय लगातार और निस्वार्थ प्रयासों के लिए चिकित्सा समुदाय की प्रशंसा की। बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि एम्स ने उच्च प्रतिष्ठा स्थापित की है तथा शैक्षणिक क्षेत्र, अनुसंधान और मरीजों की देखभाल में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसने अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी सहित कई अन्य देशों के छात्रों को आकर्षित किया है।

यह एक बड़ी उपलब्धि है। चौबे ने कहा कि केंद्र सरकार देश के कोने-कोने में एम्स की सेवाओं का प्रसार करने के लिए प्रयासरत है। हर्षवर्धन और चौबे ने कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्यों और स्नातक छात्रों को पुरस्कार और पदक प्रदान किए। हर्षवर्धन ने कहा कि एम्स का छात्र बनना हर मेडिकल छात्र का सपना होता है।



पुणे में शुक्रवार को पुणे मेट्रो परियोजना का निरीक्षण करते महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार

# अफगान के पूर्व उपराष्ट्रपति अब्दुल रशीद दोस्तम से एस जयशंकर ने की बातचीत

**भाषा।** नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अफगानिस्तान के पूर्व उपराष्ट्रपति मार्शल अब्दुल रशीद दोस्तम के साथ वार्ता की जिसमें उस देश में शांति एवं स्थिरता लाने की ऐतिहासिक पहल सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

अफगानिस्तान के प्रभावशाली नेता दोस्तम की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई हैं जब वहां 19 साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए हाल ही में तालिबान और अफगान सरकार के बीच पहली बार सीधी वार्ता हो हुई। वर्षो से जारी संघर्ष में अफगानिस्तान के विभिन्न इलाकों में कई हजार लोग मारे गए हैं। बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, भारत अफगान नीत, अफगान नियंत्रित और अफगानिस्तान के स्वामित्व वाली शंति प्रक्रिया को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मार्शल अब्दुल रशीद दोस्तम से मिलकर प्रसन्न हूं। अफगानिस्तान और क्षेत्र से जुड़े घटनाक्रमों पर विचारों का आदान प्रदान किया। उनका व्यापक अनुभव और गहरी सोच प्रकट हुई।

वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि दोस्तम ने विदेश सचिव हर्ष वर्द्धन श्रृंगला से भी मुलाकात की जिसमें अफगानिस्तान के समाज के सभी वर्गो के संवैधनिक अधिकार एवं व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा हई। श्रीवास्तव ने ट्वीट किया, विदेश सचिव हर्ष वर्द्धन श्रृंगला ने मार्शल अब्दुल रशीद दोस्तम से मुलाकात की और अफगान शांति वार्ता एवं उभरती स्थिति को लेकर उनके विचार जाना। अफगानिस्तान के समाज के सभी वर्गो के संवैधनिक अधिकार एवं व्यवस्था के बारे में भी चर्चा हई। भारत ने अफगानिस्तान के प्रति दीर्घकालीन प्रतिबद्धता को दोहराया। गौरतलब है कि भारत अफगानिस्तान में शांति एवं स्थिरता में एक महत्वपूर्ण पक्षकार है। उसने अफगानिस्तान में सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यो में 2 अरब डालर से अधिक निवेश किया है।

12 सितंबर को दोहा में अंतर अफगान वार्ता के उद्घाटन समारोह में भारतीय शिष्टमंडल ने हिस्सा लिया था और जयशंकर इसमें वीडियो कांफ्रेंस के जरिए शामिल हुए थे। अमेरिका और तालिबान के बीच फरवरी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत उभरती राजनीतिक स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है।

# आरेडिका में स्वच्छता विषय पर ऑनलाइन प्रतियोगिता



**संवाददाता।** रायबरेली

**आधुनिक** रेल डिब्बा कारखाना में 16 सितंबर से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को आरेडिका में स्वच्छता विषय पर ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कर्मचारियों के व्हाट्सएप नंबर पर लिंक भेजा गया, जिसके माध्यम से सभी प्रतिभागी कार्यस्थल से ही इसमें शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वच्छता पर कई सुझाव भी दिए।प्रधान मुख्य अभियंता और मुख्य यांत्रिक अभियंता उत्पादन की ओर से आरेडिका के फैक्ट्री परिसर, प्रशांति परिसर, शॉपिंग कांपलेक्स एवं प्रशानिक भवन में कर्मचारियों को एकल उपयोग प्लास्टिक पर अंकुश और स्च्छता के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

# रिया अपने भाई शौविक के जरिए सुशांत के लिए मंगवाती थी मादक पदार्थ: एनसीबी के अधिकारी

**भाषा।** मुंबई

● अधिकारी ने बताया कि शौविक ने माना कि वह परिहार और कैजान इब्राहिम के जरिए करता था यह काम

**मादक** पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि रिया चक्रवर्ती अपने भाई शौविक के जरिए मादक पदार्थ मंगवाती थी और इसे सुशांत सिंह राजपूत को मुहैया करवाती थी। उन्होंने बताया कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में मादक पदार्थ के पहलुओं की जांच कर रहे ब्यूरो को नशीले पदार्थों के नेटवर्क या जुड़ाव का पता चला है।

अधिकारी ने बताया कि उपनगर बांद्रा के निवासी और मादक पदार्थ के कथित तस्कर बासित परिहार से पूछताछ के दौरान शौविक चक्रवर्ती का नाम सामने आया। परिहार ने कथित तौर पर खुलासा किया कि वह अपने दोस्त शौविक के लिए मादक पदार्थ लाता था। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान शौविक ने माना कि वह परिहार और कैजान इब्राहिम के जरिए मादक पदार्थ मंगवाता था और इसे वह अपनी बहन रिया को देता था। रिया इसे सुशांत तक पहुंचा देती थी। उन्होंने दावा किया कि राजपूत का प्रबंधक सैमुअल मिरांडा और रसोइया दीपेश सावंत इसका प्रबंध करता था और अभिनेता को मादक पदार्थ देता था।

वाट्सऐप चैट में मादक पदार्थ से जुड़ी बात सामने आने के बाद जांच की शुरुआत हुई। प्रवर्तन निदेशालय को रिया और उसके परिवार के खिलाफ धन शोधन की जांच में इस चैट के बारे में पता चला। इसके बाद ईडी ने एनसीबी को सूचित किया। अधिकारी ने बताया, तकनीकी स्तर पर नेटवर्क के विश्लेषण के बाद जुड़ावों को खंगाला गया और 27-28 अगस्त की रात मादक पदार्थ नेटवर्क की गुत्थी उजागर हुई। उन्होंने कहा कि अब्बास लखानी और करन अरोड़ा को छापे के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से मादक पदार्थ को बरामद कर लिया गया। इसके बाद बांद्रा में भोजनालय चलाने वाले जैद विलात्रा को पकड़ा गया।

जैद के पास से 9.55 लाख रुपए, 2081 अमेरिकी डॉलर, 180 ब्रिटिश पाउंड और 15 दिरहम मुद्रा बरामद की गई। इसके बाद मामले में करनजीत, फर्नांडिस, गुप्ता, आफताब मोहम्मद, अंकुश और संकेत को गिरफ्तार किया गया। रिया और शौविक फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। एनसीबी ने बॉलीवुड की टैलेंट मैनेजर जया साहा, राजपूत की पूर्व प्रबंधक श्रुति मोदी, निर्माता मधु मंटेना, फैशन डिजाइनर सिमोन खंभाटा, अदाकारा रकुल प्रीत सिंह और अदाकारा दीपिका पादुकोण की प्रबंधक करिश्मा प्रकाश के बयान दर्ज किए हैं।

# अगस्ता हेलीकॉप्टर घोटाला: अदालत ने पूरक आरोपपत्र का लिया संज्ञान

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में ब्रितानी नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स, दिल्ली के कारोबारी राजीव सक्सेना और अन्य के खिलाफ दर्ज पूरक आरोप पत्र का शुक्रवार को संज्ञान लिया। सक्सेना, अगस्ता वेस्टलैंड के तत्कालीन अंतरराष्ट्रीय निदेशक जी सापोनारो और अन्य को 23 अक्टूबर को तलब किया गया है।

विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने तिहाड़ जेल में बंद मिशेल को अदालत में पेश करने के लिए वारंट जारी किया है। अदालत ने अधिकारियों से उसे सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत में पेश करने को कहा है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक पूरक आरोप पत्र में घोटाला में नेताओं, नौकरशाहों और वायु सेना के अधिकारियों के लिए रिश्वत लेने में सक्सेना और अन्य की कथित भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया है। सूत्रों ने बताया कि इस वर्ष की शुरूआत में पूर्व रक्षा सचिव शशिकांत शर्मा पर मुकदमा चलाने के लिए प्राधिकारों से अनुमति मांगी गई थी लेकिन अब तक अनुमति नहीं मिलने के कारण उनका नाम आरोपी के तौर पर शामिल नहीं किया गया है।

न्यायाधीश ने आईपीसी की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 201 (सबूतों को नष्ट करने), 420 (धोखाधड़ी), 467 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी से संबंधित) और 471 (जाली दस्तावेज को असली बताकर पेश करना) और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की विभिन्न धाराओं के तहत अपराधों का संज्ञान लिया है। न्यायाधीश ने 18 सितंबर को दाखिल आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए कहा, मैंने सीबीआई के वकील की दलीलें सुनी है और रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री पर गौर करूंगा। आरोपी व्यक्तियों को 23 अक्टूबर को तलब किया जाता है।

# कोविड, मंहगाई, बेरोजगारी पर कांग्रेस के आरोपों पर उत्तराखंड सरकार ने दिया जवाब

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड** सरकार ने शुक्रवार को कोविड-19, आपदा, मंहगाई, और बेरोजगारी से संबंधित मुद्दों पर प्रदेश में उठाए कदमों की जानकारी देते हुए कहा कि विपक्षी कांग्रेस अगर बुधवार को एक दिवसीय मानसून सत्र की कार्यवाही बाधित नहीं करता तो उसे विधानसभा में ही इन विषयों के उत्तर मिल जाते। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता मदन कौशिक ने संवाददाताओं को बताया कि कांग्रेस द्वारा तय किए गए इन मसलों पर सरकार जवाब देने को तैयार थी लेकिन जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्षी विधायकों ने उसे बाधित कर दिया।

पूर्ववर्ती कांग्रेस और वर्तमान भाजपा सरकार के कामकाज से संबंधित आंकड़ों की तुलना करते हुए मंत्री ने कहा कि जहां कांग्रेस सरकार ने 2013 से 2017 तक प्राकृतिक आपदा की दृष्टि से संवेदनशील होने के कारण विस्थापन के लिए चिन्हित 77 गांवों में से केवल दो गांवों के 11 परिवारों का पुनर्वासन करने के लिए 37.5 लाख रू की राशि खर्च की, वहीं भाजपा सरकार ने चार सालों में 28 गांवों के 825 परिवारों के पुनर्वासन के लिए 35 करोड़ रू खर्च किए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने कोविड तथा भूस्खलन और बादल फटने जैसी आपदाओं से निपटने के लिए जिला प्रशासन, लोकनिर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग को 354 करोड रू की राशि जारी की है।

कौशिक ने कहा कि कोविड महामारी से निपटने की पूरी तैयारी न होने के विपक्ष के आरोपों के विपरीत सरकार किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, हमारे पास 31000 आइसोलेशन बेड, 2759 आक्सीजन सपोर्ट बेड, 636 आइसीयू बेड, 605 वेंटीलेटर हैं। पहले से मौजूद 1400 चिकित्सकों के अलावा महामारी के संकट के दौरान हमने 598 और चिकित्सक नियुक्त किए हैं। कांग्रेस पर कोविड की तैयारियों को लेकर लोगों के सामने भयावह तस्वीर पेश करने का आरोप लगाते हुए कौशिक ने कहा कि प्रदेश में 10 कोविड अस्पताल, 15 कोविड स्वास्थ्य केंद्र, 411 कोविड केयर केंद्र और कोविड के इलाज की सुविधा वाले 12 निजी अस्पताल हैं। मंहगाई के मुददे पर कौशिक ने दावा किया कि उत्तराखंड में अन्य कई प्रदेशों जैसे पंजाब,छत्तीसगढ, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के मुकाबले काफी बेहतर स्थिति है।

# मेरा परिवार, मेरा दायित्व अभियान से लोग फिट होंगे : उद्धव ठाकरे

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना वायरस के खिलाफ राज्य सरकार का मेरा परिवार, मेरा दायित्व अभियान प्रदेश के लिए एक स्वास्थ्य खाका बनाएगा और लोगों को फिट रखेगा। ठाकरे कोंकण और पुणे क्षेत्रों में महामारी की स्थिति पर आयोजित एक समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में संबंधित क्षेत्रों के अधिकारियों ने वीडियो-कॉन्फ्रेंस के जरिए हिस्सा लिया। इस अभियान का मकसद राज्य में कोविड-19 मरीजों के साथ-साथ अन्य बीमारियों से पीडि़त लोगों का पता लगाना है। ठाकरे ने कहा कि स्वयंसेवक उन लोगों के आंकड़े संकलित कर रहे हैं जिनके संक्रमित होने का पता चला था, और जो ठीक हो गए। उन्होंने कहा कि कोंकण में 10.63 लाख परिवारों का सर्वेक्षण किया गया है। पुणे में 182 गांवों और 13 नगरपालिका परिषदों का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि पुणे में कारखानों, हाउसिंग सोसाइटी, और अन्य क्षेत्रों में अभियान शुरू किया जा रहा है। ठाकरे ने दावा किया कि हम दो तरह के लोगों को देख रहे हैं। एक वे, जो कोरोना वायरस को लेकर काफी भयभीत हैं और दूसरे वे, इस बीमारी को लेकर काफी लापरवाह हैं। उन्होंने कहा कि बिना लक्षण वाले लोगों से वायरस के फैलने का खतरा अधिक है।

# दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय की गरीब कल्याण नीति को आगे बढ़ा रहे हैं मोदी: शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गत छह वर्षो से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की गरीब कल्याण नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। शाह ने भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर अपने सरकारी आवास पर उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गत छह वर्षों से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अन्त्योदय की गरीब कल्याण नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। इस नीति के तहत मोदी सरकार 60 करोड़ गरीबों के घरों में गैस का चूल्हा, बिजली, शौचालय, घर, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। शाह ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने उस समय एक नई विचारधारा को जन्म दिया, जब आजादी के तुरंत बाद देश की नीतियां बननी थी और देश को आगे बढ़ने की दिशा तय होनी थी। उन्होंने कहा कि उपाध्याय ने पश्चिम का अनुकरण की जगह भारतीय मिट्टी की सुगंध वाली एक विचारधारा को जन्म देने का बहुत बड़ा काम किया। उन्होंने कहा कि देश के विकास और देश की राजनीति, विशेषकर गरीब कल्याण के प्रति दीनदयाल के योगदान हमेशा याद किए जाएंगे। शाह ने कहा, उनके विचार, सिद्धांत और देश व समाज के प्रति समर्पित जीवन सदियों तक देशवासियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चंद्रभान ग्राम में 25 सितंबर 1916 को जन्में उपाध्याय भाजपा की स्थापना के समय से ही उसके वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा स्रोत रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## हक मांगते...

शुक्रवार को सड़कों से नदारद रही। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी आप ने किसानों के प्रदर्शनों को समर्थन दिया, वहीं शिरोमणि अकाली दल ने सड़क मार्ग बाधित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कृषि विधेयकों को पारित करने को गलत दिशा में उठाया गया कदम करार दिया। उन्होंने ट्वीट किया कि किसान हमारे समाज के आधार हैं और हाल में केंद्र सरकार द्वारा पारित कृषि विधेयक गलत दिशा में उठाया गया कदम है। हम मिलकर केंद्र पर किसान विरोधी विधेयकों को वापस लेने के लिए दबाव बनाएं। शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने मुक्तसर जिले में ट्रैक्टर चलाकर विरोध किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और उनकी पत्नी हरसिमरत कौर बादल उनके साथ ट्रैक्टर पर बैठी थीं। सुखबीर सिंह के नेतृत्व में ट्रैक्टर मार्च उनके बादल गांव स्थित आवास से निकला और यह लंबी में जाकर खत्म हुआ जहां पर पार्टी ने विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन आयोजित किया था।

## विपक्ष पर...

वे (विपक्ष) अफवाहें फैलाकर किसानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि बहुत ही कम समय के भीतर हमने दशकों से चले आ रहे मामलों को निपटाया है। अनेक बड़े वादों को पूरा किया है। भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में जिस संकल्प पत्र को लेकर आप घर-घर, द्वार-द्वार गए थे, आज जब देखेंगे तो पाएंगे कि कितनी तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'हर घर जल' की योजना हो या हर गांव तक तेज इंटरनेट का वादा, ये करोड़ों देशवासियों के जीवन को आसान बनाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इसमें अनुच्छेद 370, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जैसे वो वादे भी शामिल हैं जो दशकों की हमारी तपस्या के आधार रहे हैं।

## दीवाली के...

पर मतदान होगा। दूसरे चरण में 17 जिलों के 94 विधानसभा क्षेत्र शामिल होंगे और अंतिम चरण में 15 जिलों की 78 सीटों पर वोट पड़ेंगे। वर्श 2015 की तुलना में जहां 65,337 पोलिंग बूथ थे, इस बार एक लाख से अधिक पोलिंग बूथ हैं। यही नहीं, 1,500 की तुलना में प्रति बूथ 1,000 से अधिक मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पहले चरण की अधिसूचना 1 अक्टूबर को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन की अंतिम तारीख 8 अक्टूबर होगी और उम्मीदवारी की वापसी 12 अक्टूबर तक हो सकती है।

## रैलियां भी...

बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए चुनाव के दौरान लगभग 46 लाख मास्क, 6 लाख पीपीई किट, 6.7 लाख यूनिट फेस-शील्ड, 23 लाख (जोड़े) हैंड ग्लव्स की व्यवस्था की गई है। यही नहीं, विशेष रूप से मतदाताओं के लिए 7.2 करोड़ एकल-उपयोग वाले दस्तानों की व्यवस्था की जा रही है। चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को एन-95 मास्क, सेनेटाइजर और दस्ताने दिए जाएंगे।

## चुनावी झटकों...

रहे हैं। राज्य में कोरोनो वायरस महामारी और बाढ़ का हवाला देकर विपक्षी राजनीतिक दल चुनाव स्थगित करने की मांग कर रहे थे, लेकिन आयोग ने उनकी मांग को खारिज कर दिया और उन्हें मजबूरन चुनाव में जाना पड़ रहा है।

## जिलों में...

लिए विशेष सचिव स्तर के अधिकारी के अलावा चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ भी इस टीम में मौजूद होंगे। विशेष सचिव स्तर के अधिकारी एक सप्ताह तक सम्बन्धित जिलों में कैम्प करना होगा जबकि वरिष्ठ नोडल अधिकारी सोमवार तक मुख्यालय वापस लौट सकेगे। सीएम कार्यालय भी कोविड.19 के सम्बन्ध में इन अधिकारियों के फीडबैक तथा अन्य समाधान के लिए जुड़ा रहेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर 16 जनपदों में कोविड.19 के प्रभावी नियंत्रण के सम्बन्ध मे तैनात किए गए नोडल अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए टेस्टिंग, ट्रैकिंग और ट्रीटमेण्ट महत्वपूर्ण हैं। नोडल अधिकारियों को अपने अपने जनपद में टेस्टों की संख्या बढ़ाने और कान्टैक्स ट्रेसिंग पर फोकस किए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति भी कोविड संक्रमित पाए जाने पर 10 से 15 लोगों की 48 घण्टों के भीतर कान्टैक्ट ट्रेसिंग की जाए। इससे संक्रमण की दर को नियंत्रित किया जा सकेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि डोर-टू-डोर सर्वे अभियान को सक्रियता से संचालित किया जाए। होम हाइसोलेशन में रह रहे मरीजों के साथ निरन्तर संवाद कर उनकी स्थिति की जानकारी ली जाए। उन्होंने इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर को और प्रभावी और सुदृढ़ करते हुए उसके बेहतर संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी, अलग-अलग समूहों को दी जाए और इनके कार्यों की गहन मानीटरिंग की जाए। योगी ने कहा कि कोविड.19 संक्रमण पाए जाने पर माइक्रो कण्टेनमेण्ट जोन बनाया जाए। उस जोन के तहत शतप्रतिशत टेस्टिंग सुनिश्चित की जाए। इनके अलावा हाई रिस्क ग्रुप की फोकस टेस्टिंग करते हुए लक्षणों के आधार पर उनका आरटीपीसीआर कराया जाए। प्रतिदिन किए जाने वाले टेस्ट में से 33 प्रतिशत टेस्ट आरटीपीसीआर द्वारा हर हाल में सुनिश्चित हो। कोविड संक्रमित मरीज पाए जाने पर उसे समय पर कोविड अस्पताल में भर्ती किया जाए।मुख्यमंत्री ने नोडल अधिकारियों से कहा कि रणनीति बनाते समय यह सुनिश्चित किया जाए रिकवरी दर और बेहतर हो। उन्होंने कहा कि कोविड.19 के नियंत्रण के सम्बन्ध में गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में अच्छा कार्य हुआ है। इन जनपदों में अपनायी गई कार्य योजना का अध्ययन करते हुए रणनीति बनायी जाए। यह कार्य योजना अन्य जनपदों में भी आवश्यकतानुसार लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्रात: 9 से 10 बजे तक जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद के किसी कोविड अस्पताल में कोविड.19 के नियंत्रण के सम्बन्ध में बैठक करें तथा सायं जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्साधिकारी इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर में इस संबंध में समीक्षा करें। लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाए।

## राजधानी में...

ओर सूबे में शुक्रवार को कोरोना वायरस के 4519 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 59397 केस एक्टिव बताए गए हैं। वही अभी तक प्रदेश में 5450 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 378533 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 6075 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 313686 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 580, कानपुर में 219, प्रयागराज में 291, गोरखपुर में 128, गाजियाबाद में 239, वाराणसी में 228, नोएडा में 242, बरेली में 84, मेरठ में 207, मुरादाबाद में 96, अलीगढ़ में 119, झांसी में 100, सहारनपुर में 60, बलिया में 46, बाराबंकी में 40, अयोध्या में 70, देवरिया में 14, शाहजहांपुर में 62, आगरा में 84, जौनपुर में 84, कुशीनगर में 31, रामपुर में 30, लखीमपुर खीरी में 100, महराजगंज में 10, मुजफ्फरनगर में 90, आजमगढ़ में 29, हरदोई में 47, मथुरा में 64, इटावा में 43, गाजीपुर में 44, गोंडा में 19, बुलंद शहर में 42, प्रतापगढ़ में 39, सीतापुर में 30, पीलीभीत में 20, बस्ती में 15, उन्नाव में 16, चंदौली में 43, सुल्तानपुर में 29, सिद्धार्थनगर में 15, बहराइच में 31, बिजनौर में 23, सोनभद्र में 47, बदांयू में 54, मैनपुरी में 26, रायबरेली में 37, अमरोहा में 62, हापुड़ में 32, फ़िरोज़ाबाद में 30, संत कबीर नगर में 11, कन्नौज में 28, मिर्ज़ापुर में 3, ललितपुर में 22, मऊ में 10, अमेठी में 17 फर्रुखाबाद में 60, शामली में 26, औरैय्या में 9, सम्भल में 22, जालौन में 29, फतेहपुर में 18, बांदा में 29, एटा में 10, कानपुर देहात में 5, भदोही में 13, बलरामपुर में 12, कौशाम्बी में 18, अम्बेडकर नगर में 10, कासगंज में 1, बागपत में 2, चित्रकूट में 19, हमीरपुर में 8, हाथरस में 15, श्रावस्ती में 9, महोबा में 12 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए है।।

## चैट ग्रुप...

यह है कि उस ग्रुप में जया साहा और करिश्मा भी थीं। जया साहा भी ग्रुप की एडमिन हैं। यह ग्रुप शुरू तो हुआ था क्वान टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी और दीपिका के बीच बिजनेस को लेकर, लेकिन देखते ही देखते यह ग्रुप ड्रग की लेन देन का जरिया बन गया। एनसीबी ने शुक्रवार को रकुलप्रीत सिंह से भी पूछताछ की है। करीब 4 घंटे की पूछताछ में रकुलप्रीत ने रिया चक्रवर्ती संग ड्रग चैट की बात कुबूल की, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उनका ड्रग से कोई लेना देना नहीं है। सारा ठीकरा रिया के सिर फोड़ेते हुए रकुल ने कह दिया है कि रिया के ड्रग उनके घर पर थे और इसी को लेकर उनके और रिया के बीच चैट पर बात हुई थी।

## लाहिड़ी ने 69 का कार्ड खेला, संयुक्त 29वें स्थान पर

पुंटा काना (डॉमिनिकन गणराज्य)। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने कोरालेस पुंटाकाना रिजार्ट एवं क्लब चैम्पियनशिप के पहले दौर में वापसी करते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। दूसरे होल में ट्रिपल बोगी और तीसरे में बोगी करने वाले लाहिड़ी ने जल्द ही वापसी की और चौथे होल में ईगल किया।

## त्वेसा मलिक ने 72 का कार्ड खेला, कट में प्रवेश किया

नई दिल्ली। भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने लावाक्स महिला ओपन के दूसरे दौर में 72 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। वह पिछले हफ्ते लेडीज यूरोपीय टूर पर लैकोस्टे ओपन डि फ्रांस में संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रही थी। त्वेसा 36 होल के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर चल रही है। उन्होंने पहले दौर में 74 का कार्ड खेला था।

## शुभंकर संयुक्त 52वें और भुल्लर संयुक्त 98वें स्थान पर

बालीमेना (उत्तरी आयरलैंड)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां डीडीएफ आयरिश ओपन में बैक नाइन के सात होल में से चार में बोगी करने से दो ओवर 72 का कार्ड ही बना सके शुभंकर ने दूसरे, चौथे और सातवें होल में बर्डी लगाई जिससे वह एक अंडर पर थे। लेकिन बैक नाइन पर वह 10वें, 11वें, 13वें और 16वें होल में चार बोगी कर बैठे।

## आस्ट्रेलिया ने टेस्ट और वनडे श्रृंखला स्थगित की

मेलबर्न। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने वैश्विक कोरेना वायरस महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए कार्यक्रम निर्धारण की जटिलता का हवाला देते हुए शुक्रवार को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला स्थगित कर दी। आस्ट्रेलिया को इस साल नवंबर मे पर्थ में अफगानिस्तान की मेजबानी करनी थी जबकि न्यूजीलैंड टीम को जनवरी 2021 मे आना था लेकिन दोनों को ही अगले साल (2021-22) गर्मियों के सत्र तक स्थगित कर दिया गया है।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट को मेजबानी के लिए मंजूरी मिली

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डेविड व्हाइट ने शुक्रवार को कहा कि बोर्ड को आगामी गर्मियों मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी के लिए सरकार से मंजूरी मिल गई है, जिसमे वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला शामिल है।

## बायर्न म्यूनिख को सुपरकप चैंयिन बनाया

बुडापेस्ट। जावी मार्टिनेज के अतिरिक्त समय मे किए गोल से बायर्न म्यूनिख ने गुरुवार को सेविला को 2-1 से हराकर सुपरकप का खिताब हासिल किया। नियमित समय में 1-1 की बराबरी रहने पर मैच अतिरिक्त समय मे खिंच गया जहां 104वें मिनट में मार्टिनेज ने गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया जो मैच खत्म होने तक बरकरार रहा।

# सॉव का शानदार अर्धशतक, दिल्ली का दिखा दम

## चेन्नई को 44 रनों से रौंदा


सॉव ने 43 गेंदों पर 64, नौ चौके एक छक्का लगाया

भाषा। दुबई

युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी सॉव के आकर्षक अर्धशतक और कैगिसो रबाडा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 44 रन से करारी शिकस्त देकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद तीन विकेट पर 175 रन बनाए और इसके बाद चेन्नई को सात विकेट पर 131 रन पर रोक दिया।

सॉव (43 गेंदों पर 64, नौ चौके एक छक्का) और शिखर धवन (27 गेंदों पर 35, तीन चौके, एक छक्का) ने पहले विकेट के लिए 94 रन जोड़कर दिल्ली को अच्छी शुरुआत दिलाई। ऋषभ पंत (25 गेंदों पर नाबाद 37) और कप्तान श्रेयस अय्यर (22 गेंदों पर 26) ने भी तीसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी निभाई। चेन्नई के बल्लेबाज लगातार दूसरे मैच में नहीं चल पाए। उसकी तरफ से फाफ डुप्लेसिस ने दो जीवनदान मिलने के बाद सर्वाधिक 43 रन बनाए। चेन्नई की यह लगातार दूसरी हार है। दिल्ली के लिए रबाडा (26 रन देकर तीन) और एनरिच नोर्जे (21 रन देकर दो) सफल गेंदबाज गेंदबाज रहे। उसके दोनों स्पिनरों अक्षर पटेल (18 रन देकर एक विकेट) और अमित मिश्रा (चार ओवर में 23 रन) ने कसी हुई गेंदबाजी की और चोटिल रविचंद्रन अश्विन की कमी नहीं खलने दी। गेंदबाजों का यह प्रदर्शन इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि उन्होंने क्षेत्ररक्षकों से खास मदद नहीं मिली। चेन्नई के दोनों सलामी बल्लेबाज शेन वाटसन (14) और मुरली विजय (10) फिर से नहीं चल पाए। पावरप्ले की समाप्ति पर स्कोर था दो विकेट पर 34 रन। इसके बाद भी स्थिति नहीं बदली क्योंकि दोनों स्पिनरों पटेल और मिश्रा ने बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। दस ओवर के बाद स्कोर तीन विकेट पर 47 रन था और रुतुराज गायकवाड़ (पांच) भी रन आउट होकर पवेलियन में विराजमान थे। पावरप्ले के बाद अगले पांच ओवर तक गेंद सीमा रेखा तक नहीं गई। डुप्लेसिस ने शिमरोन हेटमायर से मिले जीवनदान के बाद केदार जाधव (21 गेंदों पर 26) के साथ 54 रन की साझेदारी की लेकिन जरूरी रन और गेंदों के बीच अंतर बढ़ता रहा। जाधव के आउट होने के बाद महेंद्र सिंह धोनी छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। तब टीम को 26 गेंदों पर 78 रन चाहिए थे। डुप्लेसिस दूसरे जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए। धोनी 12 गेंदों पर 15 रन बनाकर जबकि रविंद्र जडेजा 12 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इससे पहले चेन्नई ने सॉव के खिलाफ पहले ओवर में विकेट के पीछे कैच की अपील नहीं की जबकि गेंद उनके बल्ले से निकलकर गई थी। सॉव ने इसका पूरा फायदा उठाया। पावरप्ले में दिल्ली की तरफ से चारों चौके उनके बल्ले से निकले थे जबकि धवन जूझते हुए नजर आए। सॉव ने आगे भी गेंद को सीमा रेखा तक पहुंचाना जारी रखा। जोश हेजलवुड पर एक शॉट के अलावा उनका हर शॉट किताबी था। उन्होंने 35 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर जडेजा की गेंद छह रन के लिए भी भेजी।


### स्कोर

**दिल्ली कैपिटल्स** : पृथ्वी सॉव स्टं धोनी बो चावला 64, शिखर धवन पगबाधा बो चावला 35, ऋषभ पंत नाबाद 37, श्रेयस अय्यर का धोनी बो कुरेन 26, मार्कस स्टोइनिस नाबाद 05, **अतिरिक्त** (लेग बाई 05, वाइड 03) 08, **कुल** (20 ओवर में, तीन विकेट पर) 175, **विकेट पतन** : 1-94, 2-103, 3-161, **गेंदबाजी** : चाहर 4-0-38-0, कुरेन 4-0-27-1, हेजलवुड 4-0-28-0, चावला 4-0-33-2, जडेजा 4-0-44-0

**चेन्नई सुपरकिंग्स** : मुरली विजय का रबाडा बो नोर्जे 10, वाटसन का हेटमायर बो अक्षर पटेल 14, डुप्लेसिस का पंत बो रबाडा 43, गायकवाड़ रन आउट 05, जाधव पगबाधा बो नोर्जे 26, धोनी का पंत बो रबाडा 15, जडेजा का मिश्रा बो रबाडा 12, सैम कुरेन नाबाद 01, **अतिरिक्त** (लेग बाई 01, वाइड 04) 05, **कुल** (20 ओवर में सात विकेट पर) 131, **विकेट पतन** : 1-23, 2-34, 3-44, 4-98, 5-113, 6-130, 7-131, **गेंदबाजी** : रबाडा 4-0-26-3, अक्षर पटेल 4-0-18-1, नोर्जे 4-0-21-2, अवेश खान 4-0-42-0, मिश्रा 4-0-23-0

# कोहली-अनुष्का पर गावस्कर की टिप्पणी से हुआ विवाद

## गलत ढंग से पेश किया गया : सुनील



दुबई। सुनील गावस्कर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच के बाद भारतीय कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा पर टिप्पणी करके विवाद में फंस गए लेकिन इस महान बल्लेबाज ने कहा कि इसे गलत ढंग से पेश किया गया जिसे सोशल मीडिया पर महिला विरोधी बताया जा रहा है। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ यहां गुरूवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर कप्तान कोहली का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मैच के दौरान दो कैच छोड़ने के बाद कोहली बल्लेबाजी में भी विफल रहे और पांच गेंदों पर महज एक रन ही बना सके। कोहली तब क्रीज पर ही थे, जब गावस्कर ने हिंदी में कमेंट्री करते हुए कहा, वह (कोहली) जानते हैं कि जितना अभ्यास करेंगे उतना बेहतर बनेंगे। जब लॉकडाउन था तो सिर्फ अनुष्का की गेंदबाजी पर उन्होंने अभ्यास किया, हमने वीडियो देखी है, उससे कुछ नहीं होना है। यह टिप्पणी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर कप्तान कोहली और अनुष्का के प्रशंसकों को अच्छी नहीं लगी और इनमें से कुछेक ने तो बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से गावस्कर को स्टार स्पोर्ट्स के कमेंट्री पैनल से बर्खास्त करने का भी अनुरोध कर दिया और सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना की। अनुष्का ने इस पर प्रतिक्रिया करते हुए अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक बयान डाला और कहा कि गावस्कर की टिप्पणी अप्रिय थी। वह इस बात से खफा थीं कि इतने सम्मानजनक क्रिकेटर ने उनके नाम का जिक्र बेवजह किया। उन्होंने लिखा, मिस्टर गावस्कर आपका संदेश अप्रिय था, यह तो सच है लेकिन मैं चाहूंगी कि आप इसका जवाब दें कि आपने एक पत्नी पर ऐसी बेकार टिप्पणी करने की क्यों सोची जिसमें उस पर अपने पति के खेल के लिए आरोप लगाया गया हो? उन्होंने लिखा, मुझे पूरा भरोसा है कि खेल की कमेंट्री करते समय आपने इतने वर्षों तक हर क्रिकेटर की निजी जिंदगी का सम्मान किया। आपको नहीं लगता कि आपको मेरे और हमारे लिए इतना ही सम्मान रखना चाहिए? उन्होंने लिखा, मुझे पूरा भरोसा है कि मेरे पति के प्रदर्शन पर टिप्पणी करने के लिए आप अपने दिमाग में कई शब्द और वाक्य रख सकते थे या फिर आपके शब्द तभी उचित होते जब आप इसमें मेरे नाम का इस्तेमाल करते? पिछले कुछ वर्षों में कुछ मौकों पर बालीवुड अभिनेत्री अनुष्का को 31 साल के कोहली के मैदान पर खराब प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। यह 2020 है और चीजें मेरे लिए अब तक नहीं बदली हैं। कब मुझे क्रिकेट में खींचा जाना और इस तरह के भद्दे बयान के लिए इस्तेमाल किया जाना बंद होगा? मिस्टर गावस्कर, आप एक महान खिलाड़ी हैं जिनका नाम इस भद्रजनों के खेल में सबसे ऊंचा है। सिर्फ आपको बताना चाहती थी कि जब मैंने आपको यह कहते हुए सुना तो मुझे क्या महसूस हुआ। गावस्कर ने कहा कि उनके बयान को सही संदर्भ में नहीं समझा गया। गावस्कर के अनुसार यह टिप्पणी एक वीडियो क्लिप के संदर्भ में थी जिसमें कोहली और अनुष्का को अपने घर के परिसर में टेनिस बॉल क्रिकेट का आनंद लेते देखा गया था।

## कोहली पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रूपए का जुर्माना



दुबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली पर यहां किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया। गुरूवार को हुए इस मुकाबले में बेंगलोर की टीम को 97 रन से हार का सामना करना पड़ा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की विज्ञप्ति के अनुसार, आईपीएल के न्यूनतम ओवर गति उल्लघंन से संबंधित आचार संहिता के अंतर्गत उनकी टीम का यह सत्र का पहला उल्लघंन था, कोहली पर 12 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया।

# बल्लेबाजी को लेकर मैं आश्वस्त नहीं था : राहुल



भाषा। दुबई


किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच से पहले वह अपनी बल्लेबाजी को लेकर बहुत आश्वस्त नहीं थे। राहुल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वोच्च स्कोर का रिकार्ड बनाया। उन्होंने नाबाद 132 रन बनाए जिससे किंग्स इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट पर 206 रन बनाए और फिर आरसीबी की टीम 17 ओवर में 109 रन पर आउट करके 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की। राहुल ने हालांकि जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया। अपनी शानदार पारी के लिए मैन आफ द मैच बने राहुल ने कहा, यह टीम के लिहाज से संपूर्ण प्रदर्शन था इसलिए खुश हूं। असल में मैं अपनी बल्लेबाजी को लेकर आश्वस्त नहीं था। कल मेरी मैक्सी (ग्लेन मैक्सवेल) से बात हुई थी और मैंने कहा था कि मुझे अपनी बल्लेबाजी पर पूरा नियंत्रण नहीं लग रहा है। उसने कहा कि तुम मजाक कर रहे हो। तुम बहुत अच्छी तरह से हिट कर रहे हो।

## अनिल सर ने मुझे संयम बरतने और काबिलियत पर भरोसा रखने को कहा: बिश्नोई

दुबई। किंग्स इलेवन पंजाब के युवा स्पिनर रवि बिश्नोई ने कहा कि मुख्य कोच अनिल कुंबले ने उन्हें सलाह दी कि हमेशा शांत रहो और बतौर गेंदबाज अपनी काबिलियत पर भरोसा रखो। टीम की गुरूवार रात इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर मिली 97 रन की जीत में 20 साल के बिश्नोई ने तीन विकेट चटकाए। बिश्नोई ने कहा, अनिल सर ने हमेशा मुझे अपनी गेंदबाजी काबिलियत और कौशल पर भरोसा रखने को कहा है।

# कार्तिक की कप्तानी पर केकेआर की नजर

## सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ केकेआर का मुकाबला आज



भाषा। अबुधाबी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान दिनेश कार्तिक की योजनाओं की आलोचना हुई जो शनिवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में टीम के जीत का खाता खोलना चाहेंगे। केकेआर की टीम ने पिछले सत्र की तुलना में कई बदलाव किए लेकिन बुधवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ उनकी योजना को देखकर लगा कि कार्तिक ने पिछली गल्तियों से सबक नहीं लिया है। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच 49 रन से गंवाने के बाद एक बार फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाज आंद्रे रसेल की बल्लीबाजी क्रम को लेकर सवाल उठे। पिछले सत्र में 249 गेंदों में लगभग 205 के स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 510 रन बनाने वाला जमैका का यह बल्लेबाज छठे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरा, जब टीम की मुश्किलें काफी बढ़ गई थी। विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन भी ज्यादा कुछ नहीं कर सकें क्योंकि जब वह बल्लेबाजी के लिए आए तो टीम को 13 रन प्रतिओवर के हिसाब से रन जुटाने थे।

गेंदबाजी में भी स्पिनर सुनील नरायण को देर से गेंदबाजी करने की कार्तिक के फैसले की आलोचना हो रही है। नारायण जब गेंदबाजी के लिए आए तब तक रोहित शर्मा ने लय हासिल कर ली थी। आक्रामक क्रिकेट के लिए जाने जाने वाले कोच ब्रेंडन मैकुलम का टीम से रक्षात्मक खेल देखना उम्मीदों के मुताबिक नहीं था। सनराइजर्स हैदराबाद की स्थिति भी पहले मैच में अच्छी नहीं रही। रॉयल चैलेंजर बेंगलोर के खिलाफ टीम का मध्यक्रम बुरी तरह बिखर गया। आखिरी पांच ओवर में टीम को जीत के लिए 43 रन चाहिए थे लेकिन वे सिर्फ 32 रन ही जुटा सकें और इस दौरान सात विकेट गंवा कर 10 रन से मैच हार गए। टीम के लिए एक और बुरी खबर यह रही कि हरफनमौला मिशेल मार्श चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पिछले मैच में रन आउट होने वाले कप्तान डेविड वार्नर इस बार बल्ले से खुद को साबित करना चाहेंगे तो वही यह देखना दिलचस्प होगा कि केन विलियमसन चोट से उबर कर वापसी करते है या नहीं। उनके आने से टीम का मध्यक्रम मजबूत होगा। सनराइजर्स की गेंदबाजी हमेशा प्रभावशाली रही है और ऐसा लगता है कि इस मुकाबले में अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को मौका मिल सकता है जो हमवतन राशिद खान के साथ स्पिन गेंदबाजी का भार संभालेंगे। भुवनेश्वर कुमार तेज आक्रमण की अगुवाई करेंगे।

## कोहली ने राहुल का कैच दो बार छोड़ने की गलती मानी, कहा अब आगे बढ़ने का समय

दुबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में किंग्स इलेवन पंजाब से मिली 97 रन हार के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया। बिना किसी हिचक के कोहली ने किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल का दो बार कैच छोड़ने की गलती मानी जिससे उनकी टीम को गुरुवार को हार का सामना करना पड़ा। कोहली ने माना कि उनकी यह गलती टीम पर भारी पड़ी क्योंकि इससे उन्हें 35-40 रन का नुकसान हुआ जिससे विपक्षी टीम 200 रन का स्कोर पार करने में सफल रही। बीच के ओवरों में हमने अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने अच्छी शुरुआत की थी और हमने अच्छी वापसी की। मै इसकी जिम्मेदारी लेता हूं।

# जीएसटी के पहले दो साल में क्षतिपूर्ति राशि का हुआ अन्यत्र इस्तेमाल, कानून का हुआ उल्लंघन: कैग



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था के कार्यान्वयन के पहले दो साल में जीएसटी मुआवजे की 47,272 करोड़ रुपए की राशि को गलत तरीके से रोककर कानून का उल्लंघन किया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार ने जीएसटी मुआवजा उपकर का इस्तेमाल अन्य उद्देश्यों के लिए किया, जो जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर कानून का उल्लंघन है। इस राशि का इस्तेमाल राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए ही किया जाना था। सरकारी खातों पर जारी अपनी ऑडिट रिपोर्ट में कैग ने कहा है कि इस राशि को सतत जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर संग्रह कोष में डाला जाना था। वर्ष 2017 से जीएसटी लागू किए जाने के बाद राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए यह कोर्ष बनाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार ने ऐसा नहीं किया, जो जीएसटी कानून का उल्लंघन है। जीएसटी मुआवजा उपकर कानून, 2017 के तहत उपकर लगाने का प्रावधान है, जिससे राज्यों को जीएसटी के कार्यान्वयन से होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई की जाती है। कानून और लेखा प्रक्रिया के तहत किसी वर्ष के दौरान उपकर के रूप में जुटाई गई राशि को जीएसटी मुआवजा उपकर कोष में जमा कराना होता है। यह लोक खाते का हिस्सा होता है।2017-18 में 62,612 करोड़ रुपए की राशि क्षतिपूर्ति उपकर के रूप में जुटाई गई। इसमें से 56,146 करोड़ रुपए की राशि ही उपकर कोष में स्थानांतरित की गई। इसी तरह 2018-19 में उपकर से 95,081 करोड़ रुपए की राशि जुटाई गई, जबकि 54,275 करोड़ रुपए की राशि ही क्षतिपूर्ति कोष में स्थानांतरित की गई। 2017-18 में क्षतिपूर्ति उपकर कोष में 6,466 करोड़ रुपए कम स्थानांतरित किए गए।

## सोने में 324 रुपए और चांदी में 3,124 रुपए का उछाल

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सुधार आने पर दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 324 रुपए बढ़कर 50,824 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। इससे बहुमूल्य धातुओं में पिछले चार सत्र से चली आ रही गिरावट पर ब्रेक लग गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले दिन के कारोबार में सोना 50,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 2,124 रुपए के उछाल के साथ 60,536 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जो कि पिछले कारोबारी सत्र में 58,412 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत में 324 रुपए की तेजी रही। इससे बाजार में चार दिन से जारी गिरावट रुक गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी दर्शाता 1,873 डॉलर प्रति औंस पर और चांदी 23.10 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही। पटेल ने कहा कि अमेरिकी प्रोत्साहन पैकेज की उम्मीद को देखते हुए डॉलर इंडेक्स का लाभ कुछ कम रह गया जिससे बृहस्पतिवार के मुकाबले सोने की कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। सोने का भाव 57,000 रुपए की उंचाई से गिरकर 50,000 रुपए के दायरे में आया है जबकि चांदी 78,000 रुपए की उंचाई से सुधरकर 60,000 रुपए के दायरे में आई है।

# बाजार में छह दिनों से जारी गिरावट पर लगा विराम

## चौतरफा लिवाली से सेंसेक्स 835 अंक उछला

भाषा। मुंबई




शेयर बाजारों में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लग गया और बीएसई सेंसेक्स 835 अंक उछलकर 37,000 अंक से ऊपर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कुछ सुधार के बाद निवेशकों ने लिवाली को तरजीह दी। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में 28 पैसे की तेजी से भी बाजार धारणा को बल मिला।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान सकारात्मक दायरे में रहा। अंत में यह 835.06 अंक यानी 2.28 प्रतिशत मजबूत होकर 37,388.66 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 244.70 अंक यानी 2.26 प्रतिशत उछलकर 11,050.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल सभी 30 शेयर लाभ में रहे। बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, एल एंड टी, टीसीएस, ओएनजीसी, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और एसबीआई 6.64 तक मजबूती में रहे।साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 1,457.16 अंक यानी 3.83 प्रतिशत जबकि निफ्टी 454.70 अंक यानी 4.04 प्रतिशत नीचे आया। अमेरिकी सांसदों के वित्तीय प्रोत्साहन पर काम करने और अगले सप्ताह इस पर मतदान की रिपोर्ट के बाद वैश्विक बाजारों में स्थिरता आई। कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (पीसीजी शोध) संजीव जरबदे ने कहा, अमेरिका में अगर प्रोत्साहन पैकेज दिया जाता है तो इससे बाजार को मदद मिलेगी। लेकिन बाजार यदि यहां से नीचे जाता है तो, निवेशकों को भविष्य में संपत्ति सृजित करने को लेकर अच्छी गुणवत्ता वाले शेयर लेने चाहिए। वैश्विक स्तर पर एशिया के अन्य बाजारों में जापान में तोक्यो और दक्षिण कोरिया में सोल लाभ के साथ बंद हुए जबकि चीन में शंघाई और हांगकांग नुकसान के साथ बंद हुए। शुरूआती कारोबार में यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। इस बीच, विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे मजबूत होकर 73.61 पर पर बंद हुआ। वही, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.05 प्रतिशत मजबूत होकर 41.96 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## रुपया 28 पैसे की बढ़त के साथ 73.61 प्रति डॉलर पर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त के चलते निवेशकों की धारणा सुधरने से शुक्रवार को रुपया 28 पैसे की बढ़त के साथ 73.61 (अस्थाई) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.76 प्रति डॉलर पर मजबूत खुला। बाद में यह 28 पैसे की बढ़त के साथ 73.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया 32 पैसे टूटकर 73.89 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान रुपया 73.56 प्रति डॉलर के उच्चस्तर तक गया। इसने 73.77 प्रति डॉलर का निचला स्तर भी छुआ।

# ईएसआईसी योजनाओं से जुलाई में 7.41 लाख नए सदस्य जुड़े

भाषा। नई दिल्ली

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुलाई में कुल 7.41 लाख नए सदस्य जुड़े। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पिछले महीने इन योजनाओं से 8.13 लाख नए सदस्य जुड़े थे। ये आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट का हिस्सा हैं। आंकड़ों के अनुसार इस साल मई में ईएसआईसी से जुड़ने वाले कुल नए सदस्यों की संख्या 4.81 लाख रही। अप्रैल, 2020 में यह संख्या 2.6 लाख रही थी। सरकार ने कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लगाया था। अनलॉक की प्रक्रिया जून से शुरू हुई है।

## एसीसी ने सेल के निदेशक मंडल के पुनर्गठन की अनुमति दी

नई दिल्ली। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल के निदेशक मंडल (बोर्ड) के पुनर्गठन की मंजूरी दे दी है। इस्पात मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि बोर्ड के पुनर्गठन से कंपनी की दक्षता में सुधार होगा। साथ ही इससे कंपनी में विकेंद्रीकरण आएगा। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने सेल के बोर्ड के पुनर्गठन की अनुमति दे दी है।

## वैगनआर के सीएनजी संस्करण की बिक्री का आंकड़ा तीन लाख इकाई के पार

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के मॉडल वैगनआर एस-सीएनजी की कुल बिक्री का आंकड़ा तीन लाख इकाइयो को पार कर गया है। यह अपने खंड मे सबसे अधिक बिकने वाली कार हो गई है। मारुति सुजुकी ने शुक्रवार को बयान मे कहा कि वैगनआर के सीएनजी संस्करण की बिक्री का आंकड़ा तीन लाख इकाइयों को पार कर गया है। यह सभी यात्री वाहन खंडो मे सबसे सफल सीएनजी कार बन गई है।

## सरकार ने फेम चरण-दो के चार्जिंग स्टेशनों की मंजूरी दी

नई दिल्ली। सरकार ने फेम इंडिया योजना चरण-दो के तहत महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ के लिए 670 इलेक्ट्रिक बसो की मंजूरी दी है। इसके अलावा योजना के तहत मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, गुजरात और पोर्ट ब्लेयर के लिए कुल 241 चार्जिंग स्टेशनो की मंजूरी दी है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शुक्रवार को कहा कि यह फैसला केंद्र की पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता को कम करने और वाहन से उत्सर्जन के मुद्दे को हल करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरणनुकूल सार्वजनिक परिवहन के दृष्टिकोण के भी अनुरूप है। जावड़ेकर ने कहा, यह एक अच्छी शुरुआत है।

# सरकार ने चेहरा रहित आयकर अपील प्रणाली की शुरुआत की, अधिसूचना जारी




भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार चेहरारहित आयकर अपील प्रणाली को परिचालन में लाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी। इस प्रणाली का मकसद ईमानदार करदाताओं को सम्मान देना और कर संग्रह में पारदर्शिता लाना है। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस चेहरारहित (फेसलेस) अपील प्रणाली में सभी आयकर अपीलों को करदाता और कर अधिकारी के आमने-सामने आए बिना अंतिम रूप दिया जाएगा। हालांकि, गंभीर धोखाधड़ी, बड़ी कर चोरी, संवेदनशील और छापेमारी के मामलों, अंतरराष्ट्रीय कर और कालाधन कानून के तहत आने वाले मामले इसके तहत नहीं आएंगे। बयान में कहा गया है कि इस बारे में आवश्यक गजट अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 अगस्त को पारदर्शी कराधान- ईमानदार का सम्मान मंच के तहत कर रिटर्न का चेहरारहित आकलन और करदाता चार्टर जारी किया था। प्रधानमंत्री ने 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की वर्षगांठ के मौके पर चेहरारहित अपील प्रणाली शुरू करने की भी घोषणा की थी।

## कोविड-19 महामारी के बीच मुख्य वित्त अधिकारियों का भरोसा रिकॉर्ड निचले स्तर पर : सर्वे

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी के बीच तीसरी तिमाही में देश की वित्तीय और वृहद आर्थिक स्थिति को लेकर मुख्य वित्त अधिकारियों (सीएफओ) का विश्वास 15 प्रतिशत घटकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। एक सर्वे में यह जानकारी दी गई है। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट का कम्पोजिट सीएफओ विश्वास सूचकांक 2020 की तीसरी तिमाही में 15 प्रतिशत घटकर 74.2 के निचले स्तर पर आ गया। यह सूचकांक का रिकॉर्ड निचला स्तर है। सर्वे में करीब 350 मुख्य वित्त अधिकारियों की राय को शामिल किया गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.378 अरब डालर बढ़कर 545.038 अरब डालर के नए रिकार्ड स्तर पर पहुंचा




मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 18 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 3.378 अरब डॉलर बढ़कर 545.038 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों में यह पता चला है। इससे पहले 11 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 35.3 करोड़ डॉलर कम होकर 541.660 अरब डॉलर रह गया था। समीक्षावधि में विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि की प्रमुख वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) में तेजी आना है। यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार का एक अहम अंग होता है। इस दौरान एफसीए 3.943 अरब डॉलर बढ़कर 501.464 अरब डॉलर पर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह में देश का कुल स्वर्ण भंडार 58 करोड़ डॉलर कम होकर 37.44 अरब डॉलर रह गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिला विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10 लाख डॉलर बढ़कर 1.483 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास जमा देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.651 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# नीतीश ने जलवायु परिवर्तन पर संरा में राज्य के सतत विकास प्रयास किए साझा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जलवायु परिवर्तन पर आयोजित एक बैठक में अपने राज्य की नीतियों और पर्यावरण अनुकूल कृषि तथा जल संरक्षण सहित सतत विकास प्रयासों को साझा किया जिनका उद्देश्य वैश्विक तापमान 1.5 सेल्सियस ने नीचे रखने के लक्ष्य को पाने में योगदान देना है।

यह बैठक संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की ओर से आयोजित की गई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र से इतर क्लाइमेंट एंबीशन विषय पर वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए आयोजित उच्च स्तरीय गोलमेज बैठक में शिरकत करने वाले कुमार एकमात्र भारतीय नेता थे। उन्होंने कहा कि बिहार जहां वैश्विक आबादी के दो प्रतिशत लोग हैं, 2015 के पेरिस समझौते में उल्लेखित अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में एक अहम पक्षकार है। कुमार ने अपने वीडियो संबोधन में कहा, बिहार में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों जैसे अनियमित वर्षा, अत्यधिक गर्मी, गिरते भूजल स्तर, सूखे और भीषण बाढ़ को ध्यान में रखते हुए हमने जल विकास और हरियाली अभियान के तहत अपनी रणनीति तैयार की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का दृढ़ विश्वास है कि जीवन का कोई भी रूप तभी संभव है जब पानी और हरित क्षेत्र हो। कुमार ने कहा, हमारी नीति में जलवायु अनुकूल कृषि, सतह और भूजल का संरक्षण, सौर ऊर्जा, स्वच्छ ईंधन और जैव विविधता संरक्षण शामिल है और यह हमें सतत विकास के मार्ग पर आगे ले जा रही है। उन्होंने कहा , विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाले स्थानों में से एक होने के बावजूद हम खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए खाद्य वनीकरण के साथ ही हरित क्षेत्र भी बढ़ा रहे हैं। हमने इसके लिए राज्य के बजट में 3.5 अरब डॉलर अतिरिक्त आवंटित किए हैं। कार्य मिशन मोड पर चल रहा है।कुमार ने कहा, यह 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देगा। बैठक में गुतारेस ने अपने संबोधन में कहा, सभी कारकों – सरकारें, शहर कंपनियां, गैर–सरकारी संगठन और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को 2050 से पहले नेट–शून्य के लिए अपनी स्वयं की योजना बनाने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि नेट जीरो उत्सर्जन का मतलब इंसान के कार्यों से उत्पन्न ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन को कम करते हुए इसे एकदम समाप्त करना है।



दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन, इचोन में सेना के विशेष युद्ध कमान में 72 वें सशस्त्र बल दिवस के अवसर पर एक समारोह के दौरान

# शार्ली एब्दो के पूर्व कार्यालय के पास हमला, चार घायल

एपी। पेरिस

● **वारदात को अंजाम देने वाला व्यक्ति हिरासत में, अभी तक हमले का मकसद नहीं जान सकी हैं जांच एजेंसियां**

**फ्रांस** की राजधानी पेरिस में व्यंग्यात्मक साप्ताहिक पत्रिका शार्ली एब्दो के पूर्व कार्यालय के पास शुक्रवार को चाकू से किए गए हमले में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों को शुरू में ऐसा लगा था कि हमले में दो लोग शामिल थे, लेकिन अब उनका मानना है कि यह सिर्फ एक व्यक्ति था और उसे पूर्वी पेरिस में बास्तील प्लाजा के पास हिरासत में ले लिया गया।

हमले का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है और यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि क्या यह घटना शार्ली एब्दो से संबद्ध है, जिसने इस्लामी चरमपंथियों द्वारा 2015 में साप्ताहिक पत्रिका के कार्यालय पर हमले के बाद यहां अपना कामकाज समेट लिया था। उस घटना में 12 लोग मारे गए थे। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने हमलावरों या घायलों की पहचान सार्वजनिक नहीं की है।

प्रधानमंत्री जीन कास्टेक्स ने पेरिस के एक उत्तरी उपनगर की यात्रा बीच में ही रोक दी, ताकि वह घटनाक्रमों की निगरानी के लिए गृह मंत्रालय जा सकें। शाली एब्दो हमला मामले में मुकदमा शहर में चल रहा है। इस घटना के सिलसिले में शुक्रवार दोपहर गवाही होनी थी।

## साल के अंत तक आ सकता है कोरोना वैक्सीन

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड–19 के टीके के साल के अंत तक आने की उम्मीद है और यदि ऐसा होता है, तो यह किसी भी वायरस के टीके को विकसित करने में लगा सबसे कम समय होगा।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केली मेकनैनी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि टीका साल के अंत तक आ जाएगा। यह हमारा हमेशा से लक्ष्य रहा है और हम इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाणिज्यिक स्तर पर निर्माण के संबंध में जो किया है, वह बेहद महत्वपूर्ण हैं।मेकनैनी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पहले ही टीकों के निर्माण की क्षमता बढ़ाने की तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा, ऐसा करने के लिए, आम तौर पर वाणिज्यिक–स्तर के उत्पादन में कई वर्षों का समय लगता है, लेकिन राष्ट्रपति ने कुछ महीनों में ही यह कर दिखाया।

# भारतीय उपमहाद्वीप में अलकायदा कर सकता है छोटे हमले: अमेरिकी अधिकारी

भाषा। वाशिंगटन

● **लगातार बनाए गए दबाव के चलते आतंकी संगठन बाहरी देशों में किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने में अक्षम, अपने अस्तित्व को बचाए रखना चाहता है संगठन**

**वैश्विक** स्तर पर प्रतिबंधित अलकायदा इन इंडियन सब कांटिनेंट (एक्यूआईएस) अब संभवत: केवल छोटे पैमाने पर स्थानीय हमले करने में सक्षम है। यह बात अमेरिका के आतंकवाद निरोधक केंद्र के निदेशक ने सीनेट की एक समिति में बताई है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में अलकायदा की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए इस आतंकवादी संगठन के प्रमुख अयमान अल जवाहिरी ने वर्ष 2014 में एक्यूआईएस की स्थापना की थी।

राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी केंद्र के निदेशक क्रिस्टोफर मिलर ने सीनेट समिति से बृहस्पतिवार को कहा, दक्षिण एशिया में एक्यूआईएस अपने नेता असीम उमर की वर्ष 2019 में अमेरिकी कार्वाई के दौरान अफगानिस्तान में मारे जाने बाद दोबारा उबरने की कोशिश कर रहा है और संभवत: छोटे स्तर पर क्षेत्रीय हमले करने में ही सक्षम है।

अमेरिका के आंतरिक सुरक्षा पर खतरे को लेकर सीनेट की गृह सुरक्षा और सरकारी मामलों की समिति के समक्ष बयान देते हुए मिलर ने बताया कि मार्च के मध्य में एक्यआईएस ने नवई अफगान जिहाद का विशेष संस्करण प्रकाशित किया जिसमें अमेरिका–तालिबान समझौतों की प्रशंसा की गई थी, जो करार पर अलकायदा नेताओं के रुख को प्रतिबिंबित करता है।

मिलर ने कहा, अंतत: अफगानिस्तान में अलकायदा की उपस्थिति कुछ दर्जन लड़ाकों तक सीमित हो गई है और उनकी प्राथमिकता अपने अस्तित्व को बचाए रखने की है। ऐसे में वे लगातार बनाए गए आतंकवाद रोधी दबाव की वजह से संभवत: देश से बाहर हमले करने में सक्षम नहीं है। मिलर के मुताबिक दो दशक पहले आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई शुरू की गई थी और अमेरिका ने उल्लेखनीय रूप से आतंकवादी खतरे को कम किया है। उन्होंने कहा, आज अमेरिका और हमारे सहयोगियों के लिए खतरा कम है लेकिन वर्ष 2001 के मुकाबले अधिक बिखरा हुआ है।

दक्षिण कोरिया के अधिकारी की हत्या का मामला

# किम जोंग ने घटना पर जताया गहरा खेद

एपी। सियोल

● **आरोप लगाया गया था कि उत्तर कोरिया ने दोनों देशों की समुद्री सीमा पर उसके एक अधिकारी की हत्या कर दी है**

**उत्तर** कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के अधिकारी की गोली मारकर हत्या किए जाने पर शुक्रवार को कहा कि इस अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर उन्हें बहुत अफसोस है। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया ने आरोप लगाया था कि उत्तर कोरिया ने दोनों देशों की समुद्री सीमा पर उसके एक अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी है।

किम के इस रुख से दक्षिण कोरिया में उत्तर–कोरिया विरोधी भावना कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही, यह भी माना जा रहा है कि पिछले सप्ताह हुई अधिकारी की हत्या के बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे एन के तल्ख रवैए में भी नरमी आएगी।मून के सलाहकार सुह हून ने उत्तर कोरियाई नेता के संदेश का हवाला देते हुए कहा, कॉमरेड किम जोंग उन ने राष्ट्रपति मून जे इन और दक्षिण कोरिया की जनता से इस अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर अफसोस प्रकट किया है।




जर्मनी के बर्लिन शहर में ब्रांडेनबर्ग गेट पर फ्राइडर्स फॉर फ्यूचर विरोध रैली में शामिल लोग

# स्वतंत्र–निष्पक्ष चुनाव का परिणाम स्वीकार करेंगे ट्रम्प: व्हाइट हाउस

संवाददाता। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने कहा है कि यदि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव होते हैं, तो देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चुनाव परिणाम स्वीकार करेंगे।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केली मेकनैनी ने ऐसे समय में यह बयान दिया है, जब राष्ट्रपति ने तीन नवंबर को होने वाले चुनाव में हार मिलने की स्थिति में सत्ता के शांतिपूर्वक हस्तांतरण को लेकर प्रतिबद्धता जताने से इनकार करके हाल में विवाद खड़ा दिया है।मेकनैनी ने सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को लेकर आश्वासन मांगने संबंधी सवाल के जवाब में कहा, राष्ट्रपति स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के परिणाम स्वीकार करेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि यदि आप यह प्रश्न डेमोक्रेटिक पार्टी से पूछे, तो बेहतर होगा, क्योंकि उसके नेता पहले ही कह रहे हैं कि वे चुनाव परिणाम स्वीकार नहीं करेंगे।

मेकनैनी से पत्रकार ने सवाल किया गया था, मैं उस बात का जिक्र कर रहा हूं, जब राष्ट्रपति से यह पूछा गया था कि क्या सत्ता का शांतिपूर्वक हस्तांतरण होगा, तो उन्होंने हां नहीं कहा था, इसलिए मैं अब पूछ रहा हूं कि यदि वह चुनाव हार जाते हैं, तो क्या सत्ता का शांतिपूर्वक हस्तांतरण होगा? प्रेस सचिव ने कहा, दक्षिण कैरोलाइना के डेमोक्रेट नेता जिम क्लिबर्न ने कहा कि ट्रम्प निष्पक्ष चुनाव होने पर जीत नहीं पाएंगे। सीनेटर बारबरा बॉक्सर ने कहा कि ट्रम्प के जीतने का एक मात्र जरिया यह है कि वह उसे चुरा लें।

उन्होंने कहा, वाशिंगटन पोस्ट ने शीर्षक दिया था कि ट्रम्प के जीतने पर डेमोक्रेट परिणाम पर संभवत: भरोसा नहीं करेंगे। हिलेरी क्लिंटन ने कहा था कि जो बाइडेन को किसी भी हाल में हार नहीं माननी चाहिए। मेकनैनी ने कहा, राष्ट्रपति स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के परिणाम स्वीकार करेंगे। वह अमेरिकी लोगों की इच्छा स्वीकार करेंगे।

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने चुनाव में हार की स्थिति में सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को लेकर प्रतिबद्धता जताते से इनकार कर दिया था और ईमेल या डाक के जरिए मतदान (मेल–इन–बैलेट) को लेकर संदेह व्यक्त करते हुए इसे अनर्थ करार दिया था।

व्हाइट हाउस में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में ट्रम्प से सवाल किया गया कि चुनाव में हार मिलने की स्थिति में क्या वह व्हाइट हाउस शांतिपूर्वक छोड़ देंगे? इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा, हम देखेंगे कि क्या होता है।

## वैटिकन के प्रमुख कार्डिनल का इस्तीफा

**रोम।** वैटिकन के संत नियुक्ति कार्यालय के एक प्रमुख कार्डिनल एंजेलो बेससियू ने बृहस्पतिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

हाल ही में एक घोटाले में उनका नाम सामने आया था। वैटिकन ने हालांकि इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि पोप फ्रांसिस ने उनका इस्तीफा क्यों स्वीकार किया। वैटिकन ने एक पंक्ति का बयान जारी कर कहा कि फ्रांसिस ने बेससियू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

वैटिकन के राज्य सचिवालय में दूसरे नंबर पर रहे बेससियू का नाम वेटिकन के लंदन रियल एस्टेट सौदे में निवेश से जुड़े घोटाले में सामने आया है। इसमें वैटिकन को बिचौलियों को शुल्क के रूप में लाखों यूरो देने पड़े थे। इस मामले में वैटिकन के अभियोजकों ने बिचौलियों सहित कई अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की है पर इसमें बेससियू को शामिल नहीं किया गया है।

# ट्रम्प प्रशासन ने छात्रों, पत्रकारों के वीजा की तय समयसीमा का प्रस्ताव पेश किया

भाषा। वाशिंगटन



**ट्रम्प** प्रशासन ने अमेरिका में विदेशी छात्रों, अनुसंधानकर्ताओं और पत्रकारों के वीजा के लिए एक निर्धारित समयसीमा का बृहस्पतिवार को प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि वह मौजूदा वीजा कार्यक्रम के दुरुपयोग को लेकर चिंतित है और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा बढ़ने की आशंका है।

प्रस्ताव को शुक्रवार को फेडरल रजिस्टर में अधिसूचित किया जाएगा। हालांकि इस प्रस्ताव में किसी एक देश के नाम का जिक्र नहीं है, लेकिन इसे प्रणाली में मौजूदा खामियों का चीन द्वारा दुरुपयोग किए जाने के मद्देनजर लाया गया है। विदेशी छात्रों, अनुसंधानकर्ताओं और पत्रकारों की वीजा श्रेणियों में सर्वाधिक लाभ चीन को ही हुआ है।

प्रस्तावित नियम के तहत एफ (छात्र वीजा) या जे (अनुसंधानकर्ता वीजा) गैर प्रवासियों को उनका कार्यक्रम समाप्त होने की अंतिम तिथि तक के लिए अमेरिका में प्रवेश दिया जाएगा और इसकी अधिकतम अवधि चार साल होगी।अमेरिकी गृह मंत्रालय ने कहा कि जिन देशों के नागरिकों के वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अमेरिका में रहने की दर अधिक है, उनके नागरिकों को दो साल की तय अवधि के लिए ही रहने की अनुमति होगी।

मंत्रालय ने कहा कि यदि कोई विदेशी आतंकवाद को समर्थन देने वाले देशों की सूची में शामिल देश में जन्मा है या उसके पास ऐसे किसी देश की नागरिकता है, तो ऐसी स्थिति में भी उसके अमेरिका में ठहरने की अवधि अधिकतम दो साल के लिए सीमित की जा सकती है।

इसके अलावा मंत्रालय ने आई गैर प्रवासियों (विदेशी पत्रकारों) के लिए 240 दिन की समय सीमा तय करने का प्रस्ताव रखा हैं, जिसे उनके कार्य को देखते हुए अधिकतम 240 और दिनों के लिए बढ़ाया जा सकता हैं। इस समय, आई वीजा पर कई विदेश पत्रकार अमेरिका में दशकों से रह रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया कि विदेशी छात्रों को देश छोड़ने के लिए अब मौजूदा 60 दिन के बजाय 30 दिन मिलेंगे। हितधारकों को इस अधिसूचना का जवाब देने के लिए 30 दिन का समय दिया जाएगा। उसने कहा कि विदेशी छात्रों, अनुसंधानकर्ताओं को मीडियाकर्मियों की संख्या बढ़ने के कारण उसके लिए उनकी निगरानी करना मुश्किल हो गया है।

## नार्वे के सम्राट अस्पताल में भर्ती

**कोपनहेगन।** नार्वे के 83 वर्षीय सम्राट हेराल्ड पंचम को ओस्लो के मुख्य अस्पताल में शुक्रवार को भर्ती कराया गया। नार्वे के राजमहल ने यह जानकारी दी। हालांकि राजमहल ने हेराल्ड पंचम के स्वाथ्य के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। राजमहल ने बताया कि उनके बेटे और उत्तराधिकारी राजकुमार हाकून ने नार्वे सरकार के साथ निर्धारित बैठकों सहित अपने पिता के सभी दायित्व संभाल लिए हैं। उल्लेखनीय है कि 17 जनवरी 1991 में हेराल्ड पंचम ने पिता और नार्वे के तत्कालीन राजा ओलव के निधन के बाद गद्दी संभाली थी। हेराल्ड 14वीं सदी से अबतक के पहले नार्वे में मूल रूप से जन्मे राजा हैं। उन्होंने एक राजकुमार होते हुए आम लड़की से शादी की और वर्ष 2011 में उस समय देशवासियों का दिल जीत लिया जब एंडर्स बेहेरिंग ब्रेविक द्वारा की गई सामूहिक हत्या के बाद उन्होंने देशवासियों के साथ शोक का नेतृत्व किया। वर्ष 2016 में हेराल्ड ने अपने भाषण में समलैंगिक अधिकारों का समर्थन किया था।



तुर्की और ग्रीस के बीच एजियान सागर में चल रही तनातनी के बीच विस्थापितों को लेकर जाता हुआ तुर्की का जहाज





## लुप्त होने के कगार पर खड़े वन्यजीव की पड़ताल करती एक कहानी

# टाइगर्स : हंटिंग द ट्रैफिकर्स

**बीबीसी अर्थ चैनल पर प्रसारित होने वाली सीरीज़ 'टाइगर्सः हंटिंग द ट्रैफिकर्स, दक्षिण-पूर्व एशिया के इस शिकारी जानवर के विनाश पर एक इन्वेस्टीगेशन है और इसे किया है रॉयल नेवी के पूर्व कमांडो एल्डो केन ने। इस खोजपरक सीरीज़ में बताया गया है कि किस प्रकार कृत्रिम और अवैध फार्म बनाकर इस जानवर के विलुप्त होने की तैयारी की जा रही है। प्रस्तुत है टीम पायनियर की एक रिपोर्ट-**

टाइगर अर्थात बाघ के अवैध व्यापार ने इस सुंदर जानवर के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। अवैध बाघ फार्म बनाकर अपने आर्थिक लाभ के लिए इसका अवैध व्यापार कर रहे लोगों के बारे में इस सीरीज़ में खुलासा किया गया है। पूर्व रॉयल मरीन कमांडो एल्डो ने इसकी तस्करी के मलयेशिया, चीन, थाईलैंड, लाओस और वियतनाम में फैले इस व्यापार को करने वालों की छिपकर फिल्म भी बनाई है। साथ ही वो उन लोगों से भी मिले जो पशुओं की सुरक्षा, संरक्षा का महती कार्य पूरे दायित्व से निभा रहे हैं। वो इस सीरीज़ को 'टाइगर्स : हंटिंग द ट्रैफिकर्स, का नाम देते हैं जिसका अर्थ है अवैध व्यापारियों का शिकार। उनकी इस साहसिक और रोचक सीरीज़ में उन निष्ठुर, संगठित वन्य अपराधियों की गहन पड़ताल की गई है। ये एक प्रकार से वन्यजीवन तस्करों के विरुद्ध धर्मयुद्ध छेड़ने जैसा ही है। इससे उन निरीह पशुओं के जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव अवश्य देखने को मिलेंगे। इन बदलावों से ही संभव है कि इस अद्भुत पशु को उसका अस्तित्व समाप्त होने से पहले बचाया जा सके।

प्रस्तुत है उनसे साक्षात्कार के प्रमुख अंश-

**❑ आपकी ये ये फिल्म किस बारे में है?**

हम इसमें ये देखते हैं कि किस प्रकार दक्षिण-पूर्व एशिया में बड़ी संख्या में अवैध टाइगर फार्म बनाकर टाइगर की अस्थि, मदिरा और ग्लू जैसे उत्पादों की मांग को बढ़ाया गया है। आज टाइगर की तस्करी एक बड़ा व्यापार बन चुकी है। टाइगर उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण विश्व में टाइगर्स की संख्या पर विपरीत असर पड़ रहा है क्योंकि वनों में पाए जाने वाले टाइगर के उत्पादों को अधिक मूल्य पर खरीदा बेंचा जाता है। इस फिल्म के माध्यम से अवैध टाइगर फार्म बनाकर संबंधित उत्पादों की मांग को पूरा करने में लगे अंडरवर्ल्ड को भी सामने लाया गया है। इसमें उन जटिल समस्याओं को भी उठाया गया है जो इस व्यापार से जुड़ी हैं और इस संकटग्रस्त पशु के अस्तित्व की रक्षा को लेकर जागरूकता भी इसका एक उद्देश्य है। हमनें अन्य जांचकर्ताओं के साथ अवैध टाइगर फार्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है ताकि जो लोग ऐसा करके लाभ कमाने में लगे हैं उन्हें सामने लाया जा सके। दक्षिणपूर्व एशिया में वन्य टाइगर्स की संख्या निरंतर कम होती जा रही है और इस बात की भी आशंका है कि कहीं टाइगर विलुप्त ही न हो जाए। यही कारण है कि इस अवैध व्यापार को रोकना अवश्यंभावी है।

**❑ किस बात से प्रभावित होकर आप इस प्रोजेक्ट से जुड़े थे?**

चूंकि मैंने 16 वर्ष की आयु में ही रॉयल नेवी में प्रवेश ले लिया था, मैंने विश्व भ्रमण तथा दक्षिण-पूर्व के जंगलों में काफी समय व्यतीत किया है। आज भी मुझे वो रोमांचक क्षण याद हैं कि किस प्रकार मैं जंगली जानवरों के साथ रहा करता था। यही कारण है कि मैं तभी से इस अद्भुत जानवर की समस्याओं से अवगत हूं और उसके लिए कुछ करना चाहता था।

कुछ साल पहले मैं ग्रेन मीडिया के निर्देशक ऑरलेंडो वॉन एंसीडेल से ऐसी जोखिमयुक्त कहानियों के बारे में बात कर रहा था जिन्हें मेरे अनुसार सामने लाया जाना चाहिये। तब ये कहानी मेरी सूची में सबसे ऊपर थी। ऐसी प्रजातियों की कहानी जिनका अस्तित्व मानव विलासिताओं के चलते लुप्त होने के कगार पर आ गया हो, के कहे जाने के लिए जटिल प्रक्रिया होती है जिसे इन्वेस्टीगेटिव जर्नलिज़्म कहा जाता है जिसमें काफी जोखिम भी होता है। मेरे लिए लेकिन, ये एक सर्वथा उपयुक्त प्रोजेक्ट था।

**❑ आपने पिछले कुछ साल शिकारियों के विरुद्ध गश्ती दल के साथ बिताए हैं। किस कारण से आप टाइगर तस्करी को लेकर एक प्रकार का खुलासा लाना चाहते थे?**

मैं पिछले कुछ सालों से एक धर्मार्थ संगठन के साथ काम कर रहा था जिसमें पूर्व सैन्य अधिकारियों को वन्यजीवों का समुचित संरक्षण सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक भूमिका अदा करने तथा अपराधों को रोकने का अवसर प्रदान किया जाता है। चूंकि हम उच्च प्रशिक्षण प्राप्त किये होते हैं तो हमारा उद्देश्य अवैध शिकारियों के विरुद्ध कार्य करने वाले यूनिट्स का प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन होता है। कई बार इन शिकारियों, जो थोड़ी आय के लिए अपना जीवन दांव पर लगा देते हैं, के पास दूसरा विकल्प ही नहीं होता। प्रमुख समस्या उस नेटवर्क से जुड़ी है जो दक्षिणपूर्व एशिया में बने संगठित तस्करी नेटवर्क अवैध उत्पादों की मांग ही है। अवैध शिकार केवल इसलिये ही होता है क्योंकि इन उत्पादों की मांग बढ़ती जा रही है।

जल्दी ही मुझे ये स्पष्ट हो गया कि अवैध शिकार के विरुद्ध चलने वाले समस्त अभियान की इस बढ़ती मांग, तस्करी सिंडीकेट तथा सरकारी भ्रष्टाचार के कारण अनदेखी की जा रही है। जहां भी इन उत्पादों की मांग होती है वहां कोई न कोई व्यक्ति अवैध शिकार के लिए अपने जीवन को दांव पर लगाने को तैयार दिखता है। यही कारण था कि मैं इस अवैध व्यापार से जुड़े नेटवर्क, संगठित अपराध तथा सरकारी लिप्तता के बारे में अधिक से अधिक जानकारी एकत्र करना चाहता था।

**❑ आपके समक्ष जमीन पर किस प्रकार की चुनौतियां थीं?**

इस प्रकार की पड़ताल में चुनौतियां और जोखिम तो रहता ही है। ये व्यापारर मलेशिया से लेकर थाइलैंड, लाओस, वियतनाम तथा चीन तक पसरा है। इन देशों के व्यापार की प्रकृति के कारण ही तस्करी को अन्य अवैध गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है जैसे ड्रग्स, मानव तस्करी आदि। अतः जोखिम की मात्रा काफी अधिक होती है। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती और जोखिम तो इन अन्वेषणकर्ताओं को था क्योंकि जो हमारे साथ काम कर रहे थे और जिन्हें इन गतिविधियों को सामने लाने के क्रम में अपनी जान भी गवां सकते हैं। मैं तो वास्तव में इस व्यापार को एक उद्योग का आकार लेते देखकर अत्यंत असहाय अनुभव कर रहा था।

**❑ इस फिल्म के निर्माण के क्रम में आपने स्वयं को कुछ अत्यंत जोखिमपूर्ण स्थितियों में डाला। ऐसे में रॉयल मरीन कमांडो स्नाइपर के आपके पूर्व जीवन से आपको इस परिस्थिति से निबटने में कितनी मदद मिली?**

इस पूरे फिल्मांकन के दौरान मुझे मेरी पृष्ठभूमि का पूरा लाभ मिला। मेरे द्वारा पूर्व में सीखे गए कई कौशल बहुत काम आए जैसे कि जांच के लिए उपयोगी सूचना का एकत्रीकरण। कई बार तो मैं और निर्देशक लौरा ही वहां होते थे। मुझे समस्त योजना को इस प्रकार नियोजित करना पड़ता था जैसे कि हम किसी मिलिटरी मिशन पर हों। इसमें हम वाहनों के आने-जाने, संपर्क, कार्रवाई तथा संकटकालीन विकल्प तैयार रखना आदि। किसी भी लाइव इन्वेस्टीगेशन के लिए लचीला होना परम आवश्यक होता है। कई बार तो हम 18 घंटे तक बाहर रहे और फिर हमें किसी दूसरे देश की लीड पर काम करने निकलना होता था। लेकिन इस पूरे दौरान हमें ज्ञात रहता था कि हम जो भी कर रहे हैं वो अत्यधिक जोखिमयुक्त तथा खतरनाक था।

**❑ क्या इससे जुड़ी कोई विशेष स्मृति या क्षण आपको स्मरण आता है?**

हमारे लिए सबसे स्मरणीय क्षण मलेशिया में तमन नेगरा नेशनल पार्क में टाइगर शिकार विरोधी इकाई के साथ समय बिताना रहा। वहां हमनें अवैध शिकारियों की तलाश में कई सप्ताह साथ बिताए थे। उन्होंने मलेशिया में बचे चंद टाइगर्स के संरक्षण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। लेकिन उसी देश में औद्योगिक स्तरीय शिकार का होना उनके प्रयासों को एक प्रकार से धता बताना ही कहा जाएगा। वन्य टाइगर वहां से वियतनाम और चीन भेजे जाते हैं। वहां जीवित पशु के स्थान पर मृत पशु को अधिक कीमत पर बेचा जा सकता है। उन लोगों के साथ समय व्यतीत करना और उनकी कार्यप्रणाली को जानना समझना वास्तव में अत्यंत रोचक रहा। उन्हीं से मुझे इस सीरीज़ को बनाने और टाइगर्स को अवैध शिकार से बचाने तथा उनके संरक्षण हेतु प्रेरणा मिली।

मेरे लिए सबसे स्तब्ध कर देने वाले परिदृश्य में कुछ विशालकाय स्थान थे जिनमें एक साथ सैकड़ों टाइगर्स को बंद करके रखा जा सकता था। टाइगर से जुड़ा व्यापार चोरीछिपे होता है जबकि हाथी दांत और गेंडे से जुड़े मामलों में क्रूरता साफदृष्टव्य होती है। पहले उनकी फार्मिंग करके उन्हें पैदा और विकसित किया जाता है और बाद में उन्हें उनकी अस्थियों के लिए मार दिया जाता है। हम ऐसे स्थानों तथा इससे जुड़े क्रूरता के तत्व को विश्व के सामने लाना चाहते थे।

**❑ आपके अनुसार लोग इसे क्यों देखेंगे और उन्हें इससे क्या सीख मिल सकती है?**

वन्यजीवों के संरक्षण में रुचि रखने वाले लोगों को इसे देखना चाहिये। ये आपको लुप्त होने के कगार पर खड़े एक वन्यजीव की दशा की पड़ताल करती एक कहानी है कि किस प्रकार पशु को वस्तु मानकर उसका उपभोग करने से पूरे वन्यजीवन पर खतरा हो सकता है। मुझे आशा है कि इस फिल्म के माध्यम से थोड़ा बदलाव हो सकेगा। इससे उन स्थानीय तथा अंतर्राष्ट्रीय एनजीओ के कार्य को अधिक महत्वपूर्ण माना जा सकेगा जो टाइगर के बचाव और संरक्षण से जुड़े हैं।

**( ये सीरीज़ आपके लिए सोनी बीबीसी अर्थ चैनल पर 3 अक्तूबर से रात 9 बजे उपलब्ध होगी )**

# एसपी बालासुब्रमण्यम : गायकी से दिलों को जीतने वाले सुरों के जादूगर

**भाषा।** चेन्नई

**पार्श्व** गायक एस पी बालासुब्रमण्यम ने अपनी सुरीली आवाज से कई पीढ़ियों के दिलों पर राज किया। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू समेत विभिन्न भाषाओं में गाने गाए और कई पुरस्कार भी जीते। कोविड-19 से 74 साल की उम्र में बालासुब्रमण्यम का यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने तमिल और अपनी मातृभाषा तेलुगू, हिंदी समेत 16 भाषाओं में गाने गए। कई राष्ट्रीय और राज्यों के पुरस्कार के साथ ही पद्म श्री और पद्म भूषण से भी उन्हें नवाजा गया। उन्होंने पांच दशक के अपने करियर में कई पीढ़ी के संगीतकारों के साथ काम किया और 40,000 से ज्यादा गाने गाए। बाद के दिनों में वह कई रियल्टी शो से भी जुड़े। एस पी बालासुब्रमण्यम का पूरा नाम श्रीपति पंडिताराध्याउला बालासुब्रमण्यम था। मोहम्मद रफी के गानों से प्रभावित बालासुब्रमण्यम ने हजारों सदाबहार गाने गाए। सभी तरह के गानों को उन्होंने अपनी आवाज दी, चाहे खुशी के नगमें हो या दर्द भरे गीत। उन्होंने 1966 में पहला गीत गाया था। वर्ष 1969 में एमजीआर अभिनीत अदिमाईपेन में उनका गाया अयराम निलावे वा बहुत लोकप्रिय रहा और उसके बाद वह बुलंदियों को छूते गए। शास्त्रीय गायन में औपचारिक प्रशिक्षण नहीं होने के बावजूद उन्होंने जिन ऊंचाइयों को छुआ , वहां तक कई प्रशिक्षित गायक भी नहीं पहुंच पाते हैं। उनका जन्म आंध्रप्रदेश के नेल्लौर में चार जून 1946 को हुआ था। प्रख्यात संगीतकार इलैयाराजा समेत उनके कई दोस्त उन्हें प्यार से बालू कहकर बुलाते थे। पिछले वर्षों में बालासुब्रमण्यम ने कहा था, मैं सिनेमा जगत में नहीं आना चाहता था। साठ के दशक में मैं एक इंजीनियर बनना चाहता था। चाहता था कि 250 रुपए वेतन मिले और मेरे पास एक जीप हो। उन्होंने एम एस विश्वनाथन, इलैया राजा, ए आर रहमान समेत कई संगीतकारों के साथ काम किया और पी सुशीला, एस जानकी, वाणी जयराम और चित्रा समेत अन्य गायिकाओं के साथ युगल गाने भी गाए। बालासुब्रमण्यम को गानों के लिए छह राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। हिंदी फिल्मों में भी उन्होंने एक से बढ़कर एक गाने गाए जिनके श्रोता आज भी कायल हैं। इसके अलावा उन्होंने भक्ति गाने भी गए। संगीतकार इलैयाराजा के साथ उनकी बहुत प्रगाढ दोस्ती थी। गायक के जे एसुदास के प्रति भी वह बहुत स्नेह रखते थे और उन्हें गुरु कहकर पुकारते थे। बालासुब्रमण्यम की बहन एस पी शैलजा भी गायिका हैं। बालासुब्रमण्यम के पुत्र चरण भी सिनेमा-संगीत क्षेत्र में सक्रिय हैं।



## फिल्मी हस्तियों ने एसपी बालासुब्रमण्यम को याद किया

**भाषा।** मुंबई

**प्रसिद्ध** गायिका लता मंगेशकर, संगीतकार एआर रहमान, अभिनेता सलमान खान, अक्षय कुमार, अनिल कपूर और अभिनेत्री राम्या कृष्णन ने मशहूर गायक एसपी बालासुब्रमण्यम के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। एसपीबी नाम से मशहूर 74 वर्षीय गायक का दो महीने तक कोरोना वायरस से जूझने के बाद शुक्रवार को निधन हो गया। बालासुब्रमण्यम के बेटे एस पी चरण ने संवाददाताओं को बताया कि उनके पिता ने दोपहर 1.04 बजे के आसपास अंतिम सांस ली। मंगेशकर ने बालासुब्रमण्यम को अद्भुत गायक और विनम्र इंसान बताते हुए उनके साथ किए गए काम को याद किया। उन्होंने कहा, मैं एसपी बालासुब्रमण्यम के निधन से बहुत दुःखी हूं। हमने साथ में अनेक गाने रिकॉर्ड किए और कई शो किए। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। रहमान ने एसपीबी के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। बालासुब्रमण्यम से सलमान खान के अनेक गीतों को स्वर दिया और 1990 के दशक में मानो वह सलमान की आवाज ही बन गए थे। मेरे रंग में रंगने वाली , पहला पहला प्यार है , मौसम का जादू और हम आपके हैं कौन इनमें से कुछ हैं। बृहस्पतिवार को ही एसपीबी के जल्द स्वस्थ होने की कामना करने वाले सलमान ने कहा कि उनके निधन से वह टूट गए हैं। उन्होंने ट्वीट किया, एसपी बालासुब्रमण्यम सर के बारे में सुनकर आहत हूं। आप संगीत की अपनी निर्विवाद विरासत के रूप में हमेशा हमारे साथ रहेंगे। परिवार के प्रति संवेदनाएं। अनिल कपूर ने उन्हें महान इंसान बताया और कहा कि उनकी कमी वाकई खलेगी। अक्षय कुमार ने कहा, कुछ महीने पहले ही लॉकडाउन के दौरान एक डिजिटल कंसर्ट में उनसे बात हुई थी। वह तंदुरुस्त, ऊर्जावान और अपने खास अंदाज में दिख रहे थे। जीवन का वाकई कुछ पता नहीं। मेरी दुआएं और संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। बाहुबली में काम कर चुकीं राम्या ने ट्वीट किया, इतने खास इंसान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। फिल्मकार मधुर भंडारकर, बिजॉय नांबियार और सुजॉय घोष ने भी एसपीबी को श्रद्धांजलि दी।



# इंडियाज़ बेस्ट डांसर में ताजा हुआ शक्ति कपूर और चंकी पांडे का फिल्मी सफर

**सोनी** एंटरटेनमेंट टेलीविजन का शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर इस समय छोटे पर्दे का सबसे पॉपुलर शो बना हुआ है। इस वीकेंड इस शो में कॉमेडी स्पेशल होगाए जिसमें कॉमेडी के जाने.माने सितारे शक्ति कपूर और चंकी पांडे का स्वागत किया जाएगा। दोनों अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। फिल्मों में एक से बढ़कर एक किरदार निभा चुके इन दोनों कलाकारों ने सेट पर जमकर मस्ती की। उन्होंने इन सभी कंटेस्टेंट्स की अद्भुत प्रतिभा और उनके एक्ट्स की दिलचस्प थीम की भी तारीफ की। खास तौर पर वे कंटेस्टेंट रुतुजा जुन्नारकर और उनके कोरियोग्राफर वैभव के डांस एक्ट से काफी प्रभावित थेए जिन्होंने चंकी पांडे की फिल्म ष्पाप की दुनियाष् के गाने ष्मैं तेरे तोताष् पर परफॉर्म किया था। चंकी ने कहाए श्मामा मिया! यह मेरे लिए फ्लैशबैक की तरह था। शक्ति कपूर भी इस फिल्म का हिस्सा थे। जिस तरह आपने परफॉर्म कियाए वो बेहतरीन था। अब मुझे लगता है कि काश मैंने और नीलम ने उसी तरह परफॉर्म किया होताए जिस तरह आप दोनों ने किया। वैभवए मुझे आपका ष्आखरी पास्ताष् का नयापन भी बहुत अच्छा लगा।श् रुतुजा जुन्नारकर की शानदार परफॉर्मेंस के बाद चंकी पांडे ने बताया कि वो इंडस्ट्री में कैसे आए और अपने शुरुआती दिनों में उन्हें फिल्में कैसे मिली और इस दौरान शक्ति कपूर से उन्हें किस तरह सपोर्ट किया था। पर्दे पर कई किरदारों को लोकप्रिय बना चुके शक्ति कपूर ने बताया कि उन्होंने चंकी पांडे के साथ तकरीबन 40 फिल्मों में काम किया।



## 'नेटवर्क्स इंडियाज बेस्ट वर्क प्लेसेस फॉर वीमन 2020 की शीर्ष 50 की सूची में'

**मुंबई।** ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट ने सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया को भारत में महिलाओं के लिए शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों की 2020 की सूची इंडियाज बेस्ट वर्कप्लेसेस फॉर वीमन 2020 में शुमार किया है। इस तरह एसपीएन ने एम्प्लॉयर ऑफ चॉइसष् के रूप में अपने रुतबे को और मजबूत कर लिया है। यह समूह को मिली तीसरी सराहना है। इससे पहले उसे जून 2020 में ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट की इंडियाज बेस्ट कंपनीज टू वर्क फॉर 2020 और इंडियाज बेस्ट वर्कप्लेसेस इन मीडिया 2020 सूचियों में शामिल होने का गौरव मिल चुका है।एनपी सिंह प्रबंध निदेशक और सीईओ सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने कहा इंडियाज बेस्ट वर्कप्लेसेस फॉर वीमन 2020 में शुमार होना एक महत्वूपूर्ण उपलब्धि है जो विविधता की शक्ति में हमारे विश्वास को प्रतिबिंबित करती है।

## शूटिंग शुरू करने से पहले वरुण धवन ने कराई कोविड-19 जांच



**मुंबई।** अभिनेता वरुण धवन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर बताया कि फिल्म के सेट पर लौटने से पहले उन्होंने एहितायतन कोविड-19 जांच कराई। धवन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक तस्वीर और वीडियो साझा किया जिसमें वह पीपीई पहने हुए स्वास्थ्यकर्मी के साथ दिखे हैं। अभिनेता ने अपने प्रशंसकों से अपील की है कि वे सामाजिक दूरी का पालन करें और जब भी बाहर जाएं तो मास्क जरूर पहनें। धवन ने पोस्ट में लिखा है कि वह सभी एहतियातों के साथ काम पर लौट रहे हैं। उन्होंने इसमें दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी भी लिखा है। अभिनेता की अगली फिल्म कूल नंबर। है। इसका निर्देशन उनके पिता व निर्देशक डेविड धवन ने किया है। यह फिल्म 1995 में रिलीज हुई कूली नंबर वन की रिमेक है।

## अर्जुन रामपाल ने कराई कोविड-19 जांच

**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन रामपाल ने शुक्रवार को बताया कि उन्होंने कोविड-19 जांच कराई है, जिसकी रिपोर्ट में उनके



कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं होने की पुष्टि हुई। रामपाल ने फिल्म नेल पॉलिश में अपने सह-कलाकारों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद खुद को पृथक कर लिया था। रामपाल (47) ने बृहस्पतिवार को बताया था कि उनके साथी कलाकारों मानव कौल और आनंद तिवारी के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद फिल्म की शूटिंग तत्काल रोक दी गई है। अभिनेता ने ट्वीट किया कि वह डॉक्टरों की सलाह पर चार दिन बाद दोबारा जांच कराएंगे। उन्होंने ट्वीट किया, अच्छी खबर है। मैं कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाया गया हूं। चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह पर चार दिन बाद फिर जांच कराउंगा क्योंकि मैं कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के सीधे संपर्क में था।

थाना सिधौली इलाके के गांव मुज्जफरपुर-गणेशपुर के मध्य का मामला...

# अन्तरराज्यीय लुटेरे गैंग का सरगना साथी समेत मुठभेड़ में गिरफ्तार

● लुटेरे के बाएं पैर में लगी गोली, बाल-बाल बचे थाना प्रभारी अटरिया

● आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह ने पुलिस टीम की थपथपाई पीठ


जिला अस्पताल में भर्ती घायल आरोपी


मौके से पकड़ी गई ट्रक


थाना प्रभारी अटरिया करुणेश सिंह

**संवाददाता। सीतापुर**

**देश के** 6 राज्यों के हाइवे पर माल लदे चलते ट्रको से लूट करने वाले अन्तर्राज्यीय लुटेरे के ऐसे 50 हजार के इनामिया सरगना को पुलिस मुठभेड़ के बाद सीतापुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना सिधौली इलाके के भौनाभारी रोड पर गांव मुजफ्फरपुर एवं गनेशपुर के मध्यम गिरफ्तार करने में सफलता पा ली है। थाना अटरिया थाना सिधौली, आईजी रेंजर लखनऊ की सर्विलांस टीम, स्वाट टीम, रायबरेली और उन्नाव को यह कामयाबी गुरूवार की भोर मिली। पकड़ा गया 50 हजार का इनामिया अन्तर्राराज्यीय लुटेरा मिथुन पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम चिढ़ावत थाना टोक खुर्द जनपद देवास मध्य प्रदेश का रहने वाला है। जिसके विरूद्ध करीब दो दर्जन मामले मुठभेड़ के दर्ज है। मुठभेड़ के दौरान बाएं पैर में गोली से घायल मिथुन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अटरिया थाना प्रभारी करूणेश सिंह को भी गोली लगी लेकिन बुलेट प्रूफ जाकेट ने उनकी जान बचा ली। इस दौरान मिथुन की निशानदेही पर ट्रक चालक साजिद पुत्र नवाब निवासी ग्राम झोखट थाना मक्शी जिला उज्जैन म. प्र को भी एक अवैध तंमचा, कारतूस व ट्रक काटने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया है। सीतापुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता पर आईजी रेंज लक्ष्मी सिंह खुद एसपी आरपी सिंह, एएसपी उत्तरी राजीव दीक्षित, एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह व पुलिस टीम को शाबाशी देने सीतापुर पहुंची थी। लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पत्रकारो को इस मुठभेड़ काण्ड की पूरी जानकारी दी।

**इस टीम ने किया गिरफ्तार**- गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी अटरिया, करूणेश सिंह, कोतवाल सिधौली रामप्रकाश, उपनिरीक्षक राधेश्याम, विपिन कुमार, कास्टेबल शिवम, केदार सिंह, अरूण पाल सिंह, आसिफ खां, रमेश, सचिन, सर्विलांस टीम आईजी रेंज लखनऊ की टीम में एसआई सर्वेश पाल, हेड कास्टेबल आनंद सिरोही, सुदीप कटियार, अजीत सिंह, स्वाट टीम रायबरेली में एसआई अम्बरीश त्रिपाठी, हे.का. संतोष कुमार, कां. पंकज यादव, राजीव कुमार, चालक अरूण सिंह, स्वाट टीम उन्नाव में एसआई मो. फिरोज खां, कांस्टेबल अंकित सिंह, कां. आकाश बाल्यान, कां. योगेश शामिल रहे।

**पत्रकारों से नहीं हुए मुखातिब कमिश्नर**-लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में कमिश्नर अनिल गर्ग और आईजी रेंज लक्ष्मी सिंह ने प्रेस वार्ता बुलाई थी, लेकिन यह बताकर कि सीएम वीडियो कांफ्रेसिंग के चलते दोनों अधिकारियों के साथ लखनऊ वापस लौट रहे हैं। हालांकि चलते-चलते आईजी रेंज सिधौली क्षेत्र में हुए अंतर्राज्यीय इनामिया लुटेरे की गिरफ्तारी के गुडवर्क का बखान जरूर कर गईं।

### छह राज्यों में था लुटेरों का आतंकः आईजी


आईजी लक्ष्मी सिंह

**पुलिस मुठभेड़** में कुख्यात लुटेरे को गिरफ्तार करने वाली टीम की पीठ थपथपाने आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह स्वंय सीतापुर पहुंची। पत्रकारो से मुखातिब होते हुए आईजी ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे के गैंग में 11 लोग शामिल है, और गैंग का आतंक मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उ.प्र., उत्तराखण्ड, बिहार, बंगाल राज्यों में है। गैंग बंगाल में पांच, बिहार में एक व उ.प्र. के गोरखपुर व इंटौजा में एक-एक वारदात को अंजाम दे चुका है।

### एसएसडी फोर्स का मनाया गया 97वां स्थापना दिवस

**सीतापुर।** समता सैनिक दल द्वारा एसएसडी फोर्स का 97वां स्थापना दिवस मनाया गया। संविधान निर्माता बीआर अम्बेडकर द्वारा स्थापित एवं भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित समता दल के चीफ कमाण्डर रंजीत पुश्कर व जिला कमाण्डर धीरेन्द्र कुमार द्वारा लोनियनपुरवा बुद्धविहार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समता मैत्री भाईचारा की विचार धारा को आगे बढ़ाने का जोर दिया गया तथा भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केक काटा गया। कार्यक्रम में सत्येन्द्र कुमार सिंह, आनन्द निर्मल चौधरी, डीपी आदिम, अनुज भारती, कुलदीप कुमार, रमेष कुमार, राहुल गौतम, भंतेचंद कीर्ती, विमला रानी, अयोध्या प्रसाद, अजीत भारती, नीरज कुमार, सुरेन्द्र सिंह आजाद, विषाल कुमार आदि मौजूद रहे।

शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर बोला हमला...

# मुद्दों से गुमराह कर रही भाजपाः अनिल सिंह

● बूथ स्तर पर संगठन को करें मजबूत

**संवाददाता। सीतापुर**



**शुक्रवार को** सीतापुर पहुंचे शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर अनिल सिंह का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। शहर के एक निजी बैंक्वेट हाल में पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की बात कही। बीजेपी पर हमला बोलते हुए श्री सिंह ने कहा कि बेरोजगारी को लेकर सरकार कुछ नही कर रही है। पीएम युवाओं को पकौड़ा तलने की बात कह रहे है। सरकार असल मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रही है। शिवसेना 2022 विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगी। बैठक में जिला प्रमुख गोविंद सहाय गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष का तलवार देकर के स्वागत किया। कार्यक्रम में शिवसैनिक मौजूद रहे।

**शिवसैनिकों को मिली जिम्मेदारी**- शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष ने सीतापुर में नए पदाधिकारियों को मनोनीत किया है। आशीष टण्डन को जिला उप प्रमुख, नियाज हुसैन को जिला महासचिव, मोहम्मद माहिर रिजवी को जिला सचिव, मोहम्मद रिजवान, जिला सचिव, रंजीत त्रिपाठी, जिला सह मीडिया प्रभारी, ,कमाल मिर्जा, नगर सचिव, निशांत कुमार मिश्रा, वार्ड अध्यक्ष गवालमंडी, योगेंद्र कुमार राजवंशी को ब्लॉक प्रमुख पहला, अजय राठौर, नगर युवा सेना उप प्रमुख, पीयूष श्रीवास्तव नगर युवा सेना महामंत्री, वैभव श्रीवास्तव, नगर युवा सेना सचिव, पवन कुमार मिश्र, नगर युवा सेना महामंत्री बनाया गया है।

# कोरोना ने ली दो और की जान 40 पहुंचा मौतों का आंकड़ा

● कोरोना के मिले 32 नए केस, 407 एक्टिव केस

**संवाददाता। सीतापुर**




**ऊपर वाले** का शुक्र रहा कि पिछले चार दिनों की तरह कोरोनो केस का आकंडा दहाई में ही सीमित रहा। 32 नए कोरोना के मरीज मिले। शहर के तरीनपुर, गोशाला व तामसेन गंज में 2-2 और जिला कारागार, चर्च रोड सिविल लाइंस, सीएमओ बंगला, शास्त्री नगर, जिला अस्पताल व मुंशीगंज में 1-1 केस मिला है। हरगांव में 6, महमूदाबाद में 4, खैराबाद व सिधौली में 2-2 और लहरपुर, परसेंडी व रेउसा में 1-1 किस निकला है। 3 केस अनआईडेंटटीफाइड स्थानों के हैं। इसी के साथ जनपद में कोरोना मरीजों की संख्या 3,421 पहुंच गई है। एसओ थानगांव संजीव कुसवाहा के साथ ही उनकी पत्नी कोरोना की चपेट में आ गई हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ अन्नत मिश्रा ने बताया कि एक चिकित्सक को भी संक्रमण हो गया है, तीनों को होम क्वारंटीन किया गया है। उन्होंने बताया कि एंटीजन से 57 जांच की गई थी। पिछले कुछ दिनों से जनपद में कोरोना के मरीज जरूर कम निकल रहे हैं, लेकिन डेथ रेट में बढ़ोत्तरी हो रही है। अब तक जनपद में 40 मौत हो चुकी हैं। कोरोना से मौत के मामले में सीतापुर प्रदेश में 43वें स्थान पर है। 24 घंटे में 2 की मौत हो गई है। 32 पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 109 डिस्चार्ज हुए हैं। 407 एक्टिव केस कोरोना से जंग लड़ रहे हैं।

### सर्दी, जुखाम, बुखार में परेशानी हो तो कराएं जांच

सर्दी, जुखाम, बुखार के साथ ही सांस लेने में परेशानी हो रही तो कोरोना हो सकता है और आप जांच कराके आसानी से शंका का समाधान कर सकते हैं। इसके लिए सेहत महकमे ने बंदोबस्त कर दिया है। कोविड कंट्रोल रूम के 05862- 242265 फोन नंबर पर सुबह 9 बजे से 11.30 तक नाम लिखवाकर उसी दिन शाम साढ़े 4 बजे जांच करा सकते हैं। यदि नाम सुबह 11.30 बजे के बाद लिखाया जाता है तो उसकी जांच दूसरे दिन होगी। जांच के लिए सेक्रेड हार्ट स्कूल स्थित केन्द्र पहुंचना होगा। अर्बन हेल्थ पीएचसी इस्माइलपुर-9695696013, दुर्गापुरवा-7275931246, सदरबाजार-9795199054 पर दोपहर 10- बजे तक नाम लिखाकर भी जांच कराई सकती है। इन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जांच के लिए दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच पहुंचना होगा।

सांसद, विधायकों ने मुख्यमंत्री को सुनाया जनता का दर्द...

# प्राथमिकता पर कराए जाएं पंचायत भवनों का निर्माणः सीएम

● वीसी में योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर के विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**संवाददाता। सीतापुर**

**सीएम योगी** आदित्यनाथ ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए सीतापुर के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सामुदायिक शौचालय व ग्राम पंचायत भवन के निर्माण संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से कराए जाने, ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारी तैनाती के दिये निर्देश दिए। आमजन की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देष देते हुए उन्होंने एल-2 हास्पिटल में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देष दिए कि विकास कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जनता से अधिकारी अच्छा व्यवहार करें और लगातार फीड बैक भी लेते रहे। वीडियों कांफ्रेसिंग में धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने ऑनलाइन प्रतिभाग करते हुये कोटा आवंटन प्रक्रिया पर्ची के माध्यम से कराये जाने का आग्रह किया। लहरपुर विधायक सुनील वर्मा ने लहरपुर में रोडवेज बसस्टाप बनाये जाने, शारदा सहायक नहर के किनारे बैरीकेटिंग कराये जाने का अनुरोध किया। बिसवां विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने बिसवां में केवानी नदी परियोजना पर कार्य कराये जाने, 220के0वी0ए0 पावर हाउस एवं प्रधानमंत्री जन विकास योजना के अन्तर्गत बिसवां विधानसभा क्षेत्र में तेजी से कार्य कराये जाने, व बिसवां चीनी मिल में भुगतान कराए जाने का अनुरोध किया।

## क्विक न्यूज

### आंख अस्पताल में दिव्यांगों के लिए शौचालय का हुआ उद्घाटन


सीतापुर-उद्घाटन मौके पर मौजूद पदाधिकारी

**सीतापुर।** डीसीएम श्री राम लिमिटेड शुगर मिल एण्ड डिस्टलरी यूनिट अजबापुर लखीमपुर खीरी की तरफ से सीतापुर आंख अस्पताल शौचालय बनवाया गया है। इसमें दिव्यांगों के लि अलग सुविधा है। कर्नल रणवीर सिंह भदौरिया व केएन राय ने शुक्रवार को शौचालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर कर्नल गौतम सिकदार, हिमांशू कुलचेत्र,अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

### बड़रावा में सफाई ने होने से बीमारियों का खतरा

**मछरेहटा सीतापुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़रवा के मजरा फतेहपुर गांव में सफाई कर्मी ना होने से जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है।जिसके कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है ग्रामीणों का कहना है। गांव में सफाई ना होने के कारण लोगो मे बीमारिया के फैलने का खतरा बना हुआ है ग्रामीणों द्वारा मौखिक रूप से कई बार एडीओ पंचायत कृष्ण कुमार सरोज से शिकायत करने के बाद भी मामले को जिम्मेदार लोगों ने गांव में सफाई की स्थिति का जायजा लेने अभी तक जरूरी नहीं समझा लिहाजा गांव में जगह-जगह गंदगी व्याप्त है एवं जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है जिसमें ग्रामीणों मेंजबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। सफाई कर्मी गांव में ना आने के कारण नालियों मैं गंदा पानी घर के सामने भर जाने से यहां के वाशिंदे काफी परेशान हैं।

### एसडीएम ने की व्यापारियों के साथ बैठक

**महोली सीतापुर।** महोली में नगर पंचायत कार्यालय में एसडीएम शशिभूषण राय ने व्यापारियों के साथ बैठक करके कोरोना के प्रति जागरूक किया। एसडीएम ने कहा कि दुकानों के सामने गोला बनाना और मास्क लगाकर दुकान पर बैठना जरूरी है। उन्होंने नालों से अतिक्रमण हटाने पर भी जोर दिया। उन्होंने ईओ दिनेष कुमार को अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर एक महीने के अंदर नाला अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता ने शनिवार को बंदी के दिन भी कुछ व्यापारियों द्वारा दुकान खोलने की षिकायत भी की। महामंत्री संजय शुक्ला, हर्ष मगन, रामू रस्तोगी, राजेश चौरसिया, धर्मेंद्र कनौजिया, बृजेश त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

### श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने मनाया ऑनलाइन विश्व फार्मेसी दिवस



**सीतापुर।** श्रीकृष्णा कॉलेज ऑफफार्मेसी ने विश्व फार्मेसी दिवस का ऑनलाइन आयोजन किया। इसमें बच्चों ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। पैनल ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति का आंकलन कर परिणाम घोषित किया। संस्थान के निदेशक डा. अनुराग मिश्र ने फार्मेसी व फार्मासिस्ट की उपयोगिता व समाज के प्रति उनके कर्त्तव्यों पर विचार व्यक्त किए।

### अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां कोतवाली के महमूदाबाद-बिसवां मार्ग पर गैस एजेंसी के निकट अनियंत्रित अल्टो कार ने बाइक सवार पति-पत्नी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में थाना सदरपुर के पिपरा खुर्द के रामराज और उनकी पत्नी शीला देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को सीएचसी बिसवां ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने के चलते दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं कार सवार सबल सिंह व उनकी मां संगीता सिंह को भी चोटे आई है। पुलिस ने कार कब्जे में ले ली है।

### कोविड जागरूकता कार्यक्रम में किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान

**लहरपुर सीतापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लहरपुर तहसील सभागार में महिला सशक्तिकरण, जिला विधिक साक्षरता व कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मौजूद लोगों को अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी गई एंव कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया। तहसीलदार मदन मोहन वर्मा, प्रभारी कोतवाल गिरीश चंद्र अग्निहोत्री, बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद बाजपेई, महामंत्री श्रवण कुमार जायसवाल, बालकृष्ण वर्मा के साथ आगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका मौजूद रहीं।

### दहेज के अभाव में कर दिया शादी से मना

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के शेखूपुर गांव के जलीस को दहेज की कुप्रथा का दंश झेलना पड़ रहा है। जलीस ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने बेटी की शादी सटैया खीरी के आफताब पुत्र बब्बन से तय की थी और मंगनी में मोटरसाइकिल के लिए 84,000 और साढ़े 14 हजार की अंगूठी दी थी। इतना दहेज देने के बाद भी आफताब के परिवारीजनों ने 2 लाख रूपए की मांग करते हुए शादी करने से इंकार कर दिया है। उन्होंने शादी की तारीख 24 अक्टूबर मुकर्रर थी। प्रभारी ओपी राय ने आफताब, बब्बन, बब्बन की पत्नी व सलमान पर केस दर्ज कर दिया गया है।

### सक्षम संस्था की ओर से नेत्रदान हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ

**सीतापुर।** दिव्यांगों के विकास हेतु समर्पित राश्ट्रीय संगठन ''सक्षम'' द्वारा नेत्रदान पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर संस्था के सचिव सुभाश चन्द्र अग्निहोत्री ने बताया कि अन्धता निवारण के इस पुनीत कार्य में सक्षम संस्था निरन्तर प्रयत्नषील है। नेत्रदान एक महादान है इस बात को रेखांकित करते हुए आँख अस्पताल सीतापुर की सी.एम.ओ. कर्नल डॉ0 मधू भदौरिया ने आम जनता से अपील की है कि नेत्रदान के इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक लोग जुड़ें और दृश्टिहीन लोगों को दुनिया देखने का अवसर प्रदान करने में अपना सहयोग दें। संस्था द्वारा नेत्रदान हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। नेत्रदान हेतु सक्षम की वेबसाइट पर लॉगिन करके ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की अन्तिम तिथि 4 अक्टूबर है। ऑनलाइन आवेदन करने पर ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदक को प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। सक्षम सस्था की ओर से समाजसेवी डॉ0 जे.पी. श्रीवास्तव, महेष कुमार अग्रवाल, संदीप भरतिया, मुकेष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सरदार गुरदीप सिंघ, अक्षत अग्रवाल, डॉ0 प्रमोद धवन तथा सुभाश अग्निहोत्री ने जनजागरुकता अभियान के अन्तर्गत नेत्रदान के विशय में लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि अन्धत्व निवारण मे हमारी भी भूमिका हो सके इसलिए हम सभी को आगे आना चाहिए। आपके इस प्रयास से किसी दृष्टिहीन को देखने का अवसर प्राप्त होगा और समाज में नेत्रदान के प्रति लोगों का उत्साह भी बढ़ेगा।

समाजवादी पार्टी, भारतीय किसान यूनियन, भारतीय किसान यूनियन अवध, किसान मंच नागरिक अधिकार संगठन, संगतिन किसान मजदूर संगठन ने...

# संसद में पारित कृषि विधेयक के विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन


सीतापुर-हाइवे पर प्रदर्षन करते किसान यूनियन पदाधिकारी


एडीएम को ज्ञापन देते एमएलसी आनंद भदौरिया, पूर्व विधायक मनीष रावत व अन्य


सीतापुर-ज्ञापन देते पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामलाल राही व अन्य

● किसान यूनियन पदाधिकारियों ने हाइवे व लालबाग पर प्रदर्शन कर जताया विरोध

**संवाददाता। सीतापुर**

**संसद में** पारित तीन कृषि विधेयकों के विरोध में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन, भारतीय किसान यूनियन अवध, किसान मंच नागरिक अधिकार संगठन, संगतिन किसान मजदूर संगठन के लोगों ने एक साथ एकत्र होकर और वाहनों से राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर पहुंचें। राजकीय इण्टर कालेज से जुलूस की शक्ल में सभी संगठन के लोगों ने लालबाग गेट पर पहुंचकर एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भारत बंद के आवाहन का कोई असर नहीं दिखा। पिसावां, मछरेहटा, मिश्रिख, हरगांव, महोली में भी उक्त संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। संगतिन किसान मजदूर संगठन की ऋचा सिंह किसान मंच जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह, पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री रामलाल राही ने लिखित समर्थन दिया और सपाइयों ने भी कलेक्टेऊट पहुंचकर एडीएम विनय कुमार पाठक को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव उमेशे पाण्डेय, जिलाध्यक्ष बाबू नन्दकिशेोर वर्मा, मृत्युंजय पाण्डेय, हिमांशेू, वीरेन्द्र यादव, भारतीय किसान यूनियन अवध से क्षेत्र प्रभारी जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शोभा लोधी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शैलेन्द्र राज, जिला उपाध्यक्ष अम्बुज श्रीवास्तव, राजू गुप्ता, संगठन से सुरेष सिंह, अल्पना सिंह, संगतिन किसान मजदूर संगठन से ऋचा सिंह एवं कैसर जहां, नागरिक आधार संगठन से हरिशंकर गुप्ता, मनरून निशां, जिला कांग्रेस कमेटी से पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री रामलाल राही, जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव, आमोद मिश्र, अल्पना सिंह, शिशिर बाजपेई, अभिषेक त्रिपाठी, संजीव कुमार सनी, श्रीश शुक्ला, अभिलाश सिंह, सूरज चौधरी, पुष्पेन्द्र सिंह, राजकिशोर वर्मा, रिजवान, धीरज कश्यप आदि मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी से जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, महमूदाबाद विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, एमएलसी आनंद भदौरिया, पूर्व विधायक महोली अनूप गुप्ता, पूर्व विधायक सदर राधेश्याम जायसवाल, सिधौली से पूर्व विधायक मनीष रावत, सपा महिला सभा प्रदेश अध्यक्षा गीता सिंह, अफ्जाल कौसर, अनिल वर्मा, प्रवीण सैनी, ओमेन्द्र वर्मा, शेखर यादव, जयसिंह यादव सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा ने मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की 104वीं जयंती

● जिले के सभी बूथों पर हुए आयोजन


सीतापुर-पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा व अन्य

**सीतापुर।** दीनदयाल उपाध्याय की 104वीं जयंती शहर के साथ ही जिले के सभी बूथों पर मनाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने विकास भवन परिसर में स्थापित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, विश्राम राठौर, पूनम मिश्रा, दिनेश शर्मा, राजेश शुक्ला, संजय मिश्रा, इंदू सिंह चौहान, नैमिष रतन तिवारी, भानु सिंह, मंडल अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह, आकाश अग्रवाल, राजीव मेहरोत्रा, आशीष मिश्रा 'गीतू' महेश शर्मा, अनिल भार्गव, मृदुल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**बिसवां में मनाई जयंती:** बिसवां नगर के आठों सेक्टरों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए दीन दयाल उपाध्यय की जयंती मनाई गई। पार्टी के नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता के आवास पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला, नगर महामंत्री रोहित, शुक्ला, नंद किशोर अवस्थी, अमित सिंघल, कुशप्रताप सिंह, सलिल सेठ, रोहित शर्मा, गुड्डू तिवारी, पीयूष मौर्या आदि मौजूद रहे।

# किसान बिल के खिलाफ जिलेभर में प्रदर्शन

## ● बिल को वापस लेने की मांग

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी





**केंद्र सरकार** द्वारा पास बिल को किसान विरोधी बताते हुए विपक्षी दलों व किसान संगठनों ने विरोध जताया। बिल को वापस लेने सहित विभिन्न मांगें उठाई गईं। इस संबंध में राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।

भाकियू राष्ट्रवादी ने राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि बिल किसानों के अहित में है। इसे तत्काल वापस लिया जाए। एक जनायोग बताया जाए जिसका अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट को बनाया जाए। बेरोजगारी को देखते हुए तत्काल सभी सरकारी विभागों में खाली पड़े पद समाप्त करने की बजाए वैकेंस निकालकर उसे नियुक्त किया जाए। रोजगार के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए जो कि किसान हित के अधिकार हैं। साठ वर्ष के ऊपर के किसानों को दस हजार मासिक पेंशन भत्ता दिया जाए। इसके सहित अन्य मांगें रखीं। ज्ञापन देते समय रामकिशुन विश्वकर्मा, रामसागर, गोबरधन दास, लाल बहादुर विश्वकर्मा, मनीराम वर्मा व छोटे लाल आदि लोग मौजूद रहे।

औरंगाबाद संवाददाता के अनुसार, पराली जलाने के नाम पर किसानों का शोषण बंद किया जाए। साथ ही धान, गन्ना की फसल का भुगतान शीघ्रता से हो। यह बात श्यामू शुक्ला ने विकासखण्ड पसगवां के गांव खूंटी बुजुर्ग में लगी भाकियू अवध की किसान चौपाल में कही। साथ ही चौपाल को संबोधित करते हुए संगठन के कार्यवाहक प्रदेस अध्यक्ष श्यामू शुक्ला ने किसानों से एकजुट होने का आवाह्न किया। पूरी ग्राम पंचायत से आए कई दर्जन किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के आयोजक हिमांशू दीक्षित, लक्ष्मीकांत दीक्षित, प्रतिकूल शुक्ला, अनुराग दीक्षित के अलावा मुख्य रूप से शोभित शुक्ला, मोहित शुक्ला, विपिन शुक्ला, राहुल सिंह, मोहन तिवारी, सोनू और अंकित त्रिवेदी किसान नेता व सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन राजू गुट के आवाह्न पर संगठन के कार्यवाहक प्रदेस अध्यक्ष श्यामू के नेतृत्व में आज सैकड़ों किसानों ने मैगलगंज के मुख्य चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करके राष्ट्रपति को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज को सौंपा। इसमें मुख्य बिंदु जो जल्द ही उच्च सदन में अध्यादेश पास किया है वह सरकार वापस ले। वह किसानों के लिए काला कानून साबित होगा। सिर्फ कारपोरेट जगत को फायदा देगा अगर किसान हित का बिल लाना है तो एमएसपी से कम कोई भी व्यापारी फसल की खरीद न करें और खरीदें। उस पर कार्यवाही हो ऐसा बिल लाए। सरकार साथ ही गन्ना भुगतान का मुद्दा भी मांग में शामिल रहा। सरकार से मांग की कि चीनी मिलें चलें। इससे पहले ब्याज सहित किसानों का भुगतान करवाये। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने वाली सरकार से यह भी मांग की गई कि किसान आयोग का गठन करके स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को लागू करे। सरकार तभी किसानों का हित सम्भव है। चौथी मांग धान की पूरी खरीद सरकारी केंद्रों पर तय समय पर कराई जाए व सरकारी मूल्य से कम मूल्य पर धान खरीदने वाले खरीदारों पर कार्यवाही की जाय। सड़कों से लेकर खेतों तक जो आवारा पशुवों के झुंड घूम रहे हैं। किसानों की फसलों को चौपट कर रहें हैं। उनको पकड़वा कर पशु आशय ग्रह भिजवाया जाए। सरकारी दफ्तरों, पुलिस थानों में किसानों से अवैध वसूली पर पूर्णतय: अंकुश लगाया जाए ऐसी सात मांगों का मांग पत्र नारेबाजी के साथ दिया गया। आज प्रदर्शन में मुख्य रूप से बलजीत सिंह कंबोज, ठाकुर राहुल सिंह, सरदार साहब सिंह, सुखबिंदर सिंह, अजीत सिंह, गुरुनाम सिंह, बिक्रम गौतम व सरबर रजा कादरी आदि तमाम किसान नेता व किसान शामिल रहे।

गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार, देश के प्रधानमंत्री ने संसद में किसानों के पारित बिल को किसान संगठनों व विपक्षी दलों ने किसान विरोधी बताते हुए पारित बिल के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूटा। जोरदार आंदोलन के बीच सपाइयों ने भारत देश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। मौके पर पुलिस तमाशा देखती रही और विपक्षी दलों व किसान संगठनों ने अलग अलग धरना प्रदर्शन और चक्का जाम कर ज्ञापन नायाब तहसीलदार को सौंपा। सपा द्वारा फूंके गए प्रधानमंत्री के पुतले पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गोला पुलिस आठ नामजद सहित लगभग बारह सपाइयों पर मुकदमा लिखने की तैयारी समाचार लिखे जाने तक कर रही थी। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन खीरी के जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण वर्मा के नेतृत्व में किसानों ने सडकों पर धरना प्रदर्शन किया चक्का जाम आंदोलन के बाद भारत के प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में शिवदयाल वर्मा, लालू वर्मा, नरायनलाल वर्मा, राजकुमार, विनोद कुमार, सरदार जगतार सिंह, राजवीर सिंह, गुरुविंदर सिंह, सपा के युवा नेता आकाश लाला के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन और चक्का जाम कर आंदोलन किया। इसमें नितिन तिवारी, रजत गुप्ता, पंकज लाला, विवेक तिवारी, अनुपम मिश्रा, शिवम गुप्ता आदि थे। कांग्रेस के युवा नेता शुभम अग्निहोत्री, बालगोंविद, विनोद मिश्रा, बलविंदर सिंह व दिलशाद आदि कांग्रेस जन भाग लिया।

गोला कोतवाल अनिल यादव ने बताया कि सपा कार्यकर्ताओं के द्वारा फूंका गया। प्रधानमंत्री के पुतले पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आठ नामजद सहित लगभग 12-13 लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

## जनसंघ के संस्थापक का मनाया गया जन्मदिवस



**मोहम्मदी-खीरी।** जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म दिवस रामलीला मैदान स्थित भाजपा कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह रहे। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर ही भाजपा सरकारें काम कर रही है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार का उद्देश्य है। इससे पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, राम मोहन रस्तोगी, दिनेश गुप्ता, महामंत्री रवि शुक्ला, नीरज रस्तोगी, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, सुशील वर्मा, व डा. शिवा गुप्ता सहित सभी कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

मैगलगंज संवाददाता के अनुसार, भारतीय राजनीति के पुरोधा जनसंघ के संस्थापक कुशल संगठनकर्ता महान विचारक व एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर कोटि कोटि नमन ये वक्तव्य मण्डल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी पग्गु के है जो उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 104 वीं जयंती पर मैगलगंज बूथ प्रथम अथवा नयागांव बूथ प्रथम व द्वितीय पर पंडित जी की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये दिये। इस मौके पर महामंत्री राममोहन गुप्ता भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, डाक्टर विजय शुक्ला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, आशुतोष गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता कोषाध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चपरता पहुंचा यात्रा का पड़ाव

**मैगलगंज-खीरी।** गोमती नदी के कल्चरल डाक्यूमेंटेशन के उद्देश्य को लेकर की जा रही यात्रा का पड़ाव आजकल चपरतला है। यहां जतनगंज पुल के दोनों ओर खीरी तथा हरदोई जनपद में स्थित सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का सुशील सीतापुरी ने भ्रमण कर जानकारी हासिल की। चपरतला की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन के सौजन्य से ही सुशील सीतापुरी के संयोजन में आदिगंगा के कल्चरल डाक्यूमेंटेशन का ऐतिहासिक महत्व का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गोमती के घाटोंए धार्मिक स्थानो, मेलों, परंपराओं तथा जनजीवन आदि का अध्ययन कर इसे भविष्य में पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जायेगा।

## आधार कार्ड को लेकर उपजिलाधिकारी दिखीं गंभीर



**मोहम्मदी-खीरी।** उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने आधार कार्ड की गंभीर समस्या को देखते हुए आज डाकखाने का निरीक्षण किया। वहां पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। 2 दिन के टोकन बांटने के साथ उन्हीं का आधार कार्ड, सोशल डिस्पेंसिंग के साथ बनाने के निर्देश दिए। बेवजह की भीड़ न लगे । उन्हीं का आधार कार्ड बनवाया बनाया जाए जिनका टोकन बना हो। उन्होंने कहा एक प्रत्येक दिन डाक खाने से लेकर यूनियन बैंक, आर्यावर्त बैंक में 25 से बढ़ाकर 50 आवेदकों के आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। यह दोनों बैंकों में आधार कार्ड बनाने का काम शुरू भी हो चुका है। इस क्रम में उप जिलाधिकारी ने बताया कि इस जनहित और भीड़-भाड़ को देखकर जिलाधिकारी से विशेष सहयोग मिल रहा है तथा मैंने बैंक के एलडीएम से आधार कार्ड बनवाने में उचित सहयोग करने के साथ बैकों को उचित दिशा-निर्देश देने को कहा गया है। गौरतलब है कि काफी दिनों से डाकखाने में लंबी-लंबी लाइनें लग रही थी। जिससे आम जनता काफी परेशान थी। उसी को देखते हुए उप जिलाधिकारी ने जनहित की भावना को देखते हुए उचित और सराहनीय कदम उठाया है।

## विधायक ने किया वाहन प्रदूषण केन्द्र का उद्घाटन



**फतेहपुर।** महेंद्र सेवा संस्थान के द्वारा एआरटीओ कार्यालय के पास वाहन प्रदूषण जांच केंद्र का उद्घाटन सदर विधायक विक्रम सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान संस्था के प्रबंधक महेंद्र मौर्य ने बताया कि हमारे यहां सभी वाहनों के प्रदूषण की जांच होती है। कहा कि दिव्यांगों, महिलाओं के लिए कार्य में वरीयता भी दी जाती है। इस अवसर पर धीरज कुमार, रवि कुमार, किशन, भोला, गोरेलाल आदि मौजूद रहे।

## आचार्यकुलम द्वारा किया गया महामृत्युंजय मंत्र का अनुष्ठान सम्पन्न

**फतेहपुर।** नगर के पटेल नगर चौराहा स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में आचार्यकुलम द्वारा आयोजित महामृत्युंजय मंत्र जप अनुष्ठान का समापन हुआ। जिसमें प्रात: हवन-पूर्णाहुति अंकित शुक्ल के द्वारा हुई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण इत्यादि हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। अंत मे आचार्यकुलम द्वारा आचार्यों के योगदान हेतु उनके सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सदर विधायक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि रहे। विधायक ने आचार्यों का माल्यार्पण कर सम्मान किया और उन्हें सनातन धर्म को समाज मे यथोचित सम्मान और प्रोत्साहन देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य विनोद शुक्ल ने की और संचालन आचार्य भोला नाथ मिश्र ने किया। समारोह में पूर्व भाजपा अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, क्षेत्रीय मंत्री अनु श्रीवास्तव, संरक्षक मंडल कोटेश्वर शुक्ला, मनोज त्रिवेदी, दिलीप तिवारी, केशव, आचार्य नीरज आदि उपस्थित रहे।

## डीएम से कोटेदार की शिकायत

**फतेहपुर।** भिटौरा ब्लॉक के ग्राम उमरी व जम्मूपुर के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि कोटेदार द्वारा राशन दिए जाने में धांधली व राशन कार्ड धारक के साथ गाली गलौज व अभद्र व्यवहार किए जाने के बारे में बताया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे राशन वितरण में घोर धांधली व घटतोली करता है। राशन मांगने पर कहता है कि भिखारियों की तरह यहां चली आती हो। यदि ज्यादा परेशान करोगे तो तुम्हारा राशन कार्ड कटवा दूंगा। बताया कि राम सजीवन पुत्र रामनाथ निवासी उमरी का अंत्योदय कार्ड के चयन किया गया था किंतु कोटेदार ने उसका कार्ड बनवाकर अपने भाई के नाम जारी करवा दिया तथा प्रीती देवी, रंजना देवी, सुनीता देवी, माया देवी, मीना देवी, रंजना देवी, मिथिलेश कुमारी, चंद्र कली, अनीता पटेल आदि के राशन कार्ड भी कटवा दिए हैं।

## मनायी गयी पं. दीन दयाल की जयन्ती

**संवाददाता।** फतेहपुर



**भाजपा जिलाध्यक्ष** आशीष मिश्रा के नेतृत्व में व कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री कुलदीप सिंह भदौरिया द्वारा जारी सूची के अंतर्गत पूरे जनपद में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई। जिसमें बूथ अध्यक्षों द्वारा अलग-अलग बूथों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बिंदकी विधायक करण सिंह पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, सदर विधायक विक्रम सिंह, खाद एवं रसद राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप उर्फधुन्नी सिंह, संतोष सिंह राजू, प्रमोद द्विवेदी, अपर्णा सिंह गौतम, राहुल सिंह, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, पुष्पराज पटेल सहित भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा अलग-अलग बूथों में जिनको जो जिम्मेदारी दी गई, वहां पर जयंती को धूमधाम से मनाया। इसी कड़ी में कलक्टरगंज वार्ड में बूथ अध्यक्ष द्वारा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डॉ0 ज्ञानेंद्र सचान, जिला कोषाध्यक्ष व कलक्टरगंज वार्ड के सभासद दिवाकर अवस्थी, जिला प्रवक्ता विवेक श्रीवास्तव के नेतृत्व जयंती मनाई गई व उनके जीवन पर विस्तृत चर्चा की गई तथा उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष सुगंध शुक्ला, जिला संयोजक आईटी पंकज मिश्रा, अवनीश द्विवेदी, प्रिंस तिवारी, उमंग मिश्रा, मोनू शुक्ला, किशन सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उधर मीराखपुर उत्तरी में मंडल प्रभारी व महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री विजय लक्ष्मी साहू ने बिंदकी नगर में बूथो में जाकर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर महामंत्री पूरन सिंह, आकाश साहू, हरिओम वर्मा, रमाकांत बाजपेई, रोहित कश्यप, विनय गुप्ता, हिमांशु सविता, अनंती, गुड़िया, स्वतंत्र शुक्ला, सोनू बाजपेई, पंकज यादव, गोपाल सैनी, भरत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान डाल रहे जरुरतमंदों के हक पर डाका

## ● ग्रामीणों ने की शिकायत

## ● ग्राम प्रधान के काले कारनामों की जांच को पहुंचे परियोजना निदेशक, मिली खामियां

**संवाददाता।** ओयल-खीरी



**जहां केन्द्र** व राज्य सरकारें ग्रामीण क्षेत्र के गरीब तबके के लोगों को रोजगार दिलाने के लिए नित नई.नई योजनाएं बना कर इन के माध्यम से करोड़ों रुपये खर्च कर देती हैंए ताकि साबका साथ सबका विकास हो सके। परन्तु कुछ भ्रष्ट हो चुके जिम्मेदारों की खाऊकमाऊ नीतियों के चलते सरकार द्वारा संचालित की जा रही जनहितकारी योजनाओं का लाभ सिर्फ जिम्मेंदारों के चंद चहेतों तक ही सीमित रह जाता है। जिसका जीता जागता उदाहरण ब्लाक बेहजम की ग्राम पंचायत सुन्सी में मनरेगा जाब कार्ड के नाम पर ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार शुक्ला द्वारा गरीब जरुरत मंद लोगों को दरकिनार कर अपने चंद अपात्र चहेतों को लाभ पहुँचाने के लिए उनके मनरेगा के माध्यम से जाब कार्ड बना कर सरकारी मनसूबों पर पानी उड़ेला जा रहा है। गांव में हो रही भ्रष्टाचार की ग्रामीणों ने कई बार लिखित शिकायत भी जिम्मेदार अधिकारियों से की।

ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत पर गांव में बीते नौ सितम्बर को जांच करने एडीओ पंचायत रामाधारए पंचायत सेक्रेटरी शोभिता श्रीवास्तवए पंचायत मिण् विजयपाल आदि जिम्मेदार पहुँचे थे। जहां उन्होंने जांच के दौरान ग्राम पंचायत सुन्सी निवासी रामकिशोर पुत्र सुन्दर लालए राजकिशोर पुत्र सुन्दर लाल जो कि साधन संपन्न शस्त्र लाइसेंस धारक हैंए सुदामा देवी पत्नी स्व0 विद्यासागर जिनके पति सुन्सी गांव के प्रा0वि0 में प्रधानाध्यापक के रुप में कार्यरत थेए संजीव कुमार शुक्ला पुत्र सदाशिवए कृष्ण बिहारी पुत्र सुन्दर लाल व इनकी पत्नी पूनमए श्यामकिशोर सुन्दर लालए रीता पत्नी दुर्गेश तिवारीए नरेंद्र पुत्र भभूतीए शीतल जो खुद एएनएम है और पंचायत मित्र विजय पाल की पत्नी हैं के नाम भी जाब कार्ड बना था तथा ग्राम उधन्ना निवासी निर्मला देवी पत्नी रामकुमारए संगीता पत्नी सियाराम आदि लोगों जो कि साधन संपन्न होते हुए भी इसके नाम मनरेगा जाब कार्ड बने पाये गये था। जांचोपरांत एडीओ पंचायत रामधार ने शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया था कि जांच पर आख्या लागा कर रिपोर्ट तीन दिन में सौंपी जायेगी किन्तु 15 दिन बीत जाने के बाद भी जांच अधिकारी ने रिपोर्ट नहीं दी और मामले को ठंण्डे बस्ते में डाल दिया। इसके बाद कार्यवाही न होता देख ग्रामीण हरद्वावरी लाल राजकुमारए पंचम, धनीराम रामगोपाल तथा सतीश आदि ने पुन: उच्चधिकारियों को शिकायत की। कि गांव में जिन लोगों के फर्जी तरीके से अनुसीचित जाति के लोगों के हक पर डाका डालते हुए ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार शुक्ला ने अपने उन चहेतों ;जनरल कैटेगिरी के लोगों को एससी कैटेगिरी में दर्शा करद्ध के नाम जाब कार्ड बनवाये हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इन सभी लोगों के पास खेती योग्य पर्याप्त भू.भाग है और यह लोग कभी मजदूरी करने भी नहीं आते हैं। जिस पर बीते गुरुवार को जांच करने पहुंचे परियोजना निदेशक रामकृपाल चैधरी के साथ आये एपीओ रामकुमारए बीडिओ पंचायत धमेंशचन्द्र पाण्डेयए ग्राम पंचायत अधिकारी सोभिता श्रीवास्तव व पंचायत मित्र विजय पाल आदि मौके पर पहुंचे और ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार शुक्ला को साथ लेकर जांच की। जांच में कमियां पाये जाने पर पीडी रामकृपाल चैधरी ने प्रधान व जिम्मेदारों को फटकार लगाई और निर्देशित किया कि फर्जी तरीके से बनवाये गये जाब कार्डों को निरस्त कर जरुरत मंदों के जांब कार्ड बनाने को कहा। इस बावत परियोजना निदेशक/जांच अधिकारी रामकृपाल चैधरी के नम्बर 9454465382 के दूरभाष नम्बर पर जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि अभी जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है तथा मामले में गोलमोल बातें करते हुए फोन ही काट दिया।

## क्विक न्यूज

### पोषण पखवाड़ा के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम



**निघासन-खीरी।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास कार्यालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधिक्षक डा. लालजी पासी आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को समझाते हुए बताया कि संचारी, असंचारी, दस्तक, रोगों के बारे में घर-घर जाकर लोगों को जागरुक करें। बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजू रानी ने बताया कि हर घर पोषण त्यौहार के माध्यम से आंगनबाड़ी, सहायिका, आशा व घर-घर जाकर साफ-सफाई के बारे में लोगों को जानकारी दें और प्रत्येक घर जाकर दरवाजे पर नम्बर जरूर डालें। किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतें सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान को हम सब मिलकर सफल बनाना है। इस मौके पर कलीराम राना, राजेश्वरी, गारगी राय, क्षमा देवी, नीलम, देवकी सिंह शशि, सुधा, मौसमी बानों, सरिता व सुनीता वर्मा आदि काफी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मौजूद रही।

### सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के उदई सरांय गांव निवासी बालराज का पुत्र वीरचन्द्र थाना क्षेत्र के झाऊपुर रिश्तेदारी में गया था। आज सुबह वह मोटर साइकिल द्वारा वापस अपने गांव उदई सरांय जा रहा था। जैसे ही वह कोतवाली क्षेत्र के सनगांव मोड हाईवे पर पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही नमस्ते इण्डिया दूध डेयरी के चार पहिया वाहन नम्बर यूपी 77 एन/5855 ने टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा। सूचना पर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गयी।

### इलाज के दौरान महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर इलाज कराने गयी 45 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं मृतका के पति ने डाक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाने के मीरपुर गांव निवासी मोहनलाल का पुत्र भीम की चार दिन बाद शादी है। जिस पर उसकी मां सोहनी उर्फप्रेमा शादी को लेकर काफी व्यस्त चल रही थी। बताते है कि कल दर्द होने के कारण गांव में ही परचून की दुकान से उसने अजूबी टेबलेट मंगाई। खाने के बाद दर्द न ठीक होने पर वह अपने पति के साथ शिवपुर गांव स्थित झोलाछाप डाक्टर आशीष के यहां गयी। जहां चिकित्सक द्वारा महिला को इंजेक्शन लगाया गया। कुछ ही देर बाद उसके शरीर में झुनझुनाहट शुरू हो गयी और बदन ऐंठने लगा तथा मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। जिस पर चिकित्सक प्राइवेट एम्बुलेन्स द्वारा उसे शहर के एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर चिकित्सक उसे वापस शिवपुर ले गया। जहां मृतका के पति, परिजनों व गांव वालों ने हंगामा शुरू कर दिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की जान गई

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिधांव व बहुआ के बीच गुरूवार की देर शाम वाहन की चपेट में आ जाने से एक लगभग 25 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी जय करण की पत्नी रंजीता देवी जिसका मायका बांदा जनपद के थाना तेन्दवारी गांव जसईपुर में है। बताते हैं कि कल शाम लगभग साढ़े छः बजे वह अपने पति के साथ मोटर साइकिल द्वारा वापस ससुराल आ रही थी। जैसे ही बाइक बहुआ व सिधांव गांव के बीच पहुंची। तभी पीछे से आ रहे वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिसके फलस्वरूप महिला की मौत हो गयी। वहीं पति मामूली तौर पर चुटहिल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया

**फतेहपुर।** श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मन्दिर द्वारा संचालित मूकबधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग आवासीय विद्यालय खम्भापुर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का 104वॉं जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 वकील अहमद व संचालन मनीश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्धक सीताराम यादव ने दीप प्रज्ज्वलित व माँ शारदे तथा अन्त्योदय पथ, अन्त्योदय प्रण व अन्त्योदय लक्ष्य के साथ एकात्म मानववाद के प्रणेता की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर अर्जुन सिंह, शैलेन्द्र कुमार, रंजन सिंह, हेमन्त सिंह, सर्वेश कुमार, सुमन देवी, जितेन्द्र सविता, सुनीता, पवन कुमार, चन्द्रपाल, रामगोपाल, लाल बहादुर, वीरेन्द्र, हमीद, रामा देवी, ओमलता, सावित्री आदि उपस्थित रहे।

### डीएलआरसी की बैठक में डीएम ने की समीक्षा

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय समिति (डीएलआरसी) की बैठक बैंक अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। उन्होने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वारोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, स्वतः रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, शिक्षा ऋण प्रगति, राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना, सोलर लाइट योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आरसेटी प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, अपर जिलाधिकारी पप्पू गुप्ता, एलडीएम, सहायक निदेशक मत्स्य, सीवीओ, डीसीएनआरएलएम, खादी ग्रामोद्योग, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित विभिन्न बैंको के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।

### सपाइयों ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन


**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों की नीतियों से किसान और श्रमिकों के हितों को गहरा आघात लग रहा है। इन नीतियों से कारपोरेट घरानों को ही फायदा होगा। जबकि किसानों और श्रमिकों की बदहाली और बढ़ेगी कृषि और किसान के साथ श्रमिक ही कठिन समय में देश की अर्थव्यवस्था को संभालता है, पर अब अन्नदाता को ही हर तरह से उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है। यदि समय रहते श्रमिक कानून को वापस नहीं लिया गया तो प्रदेश में खेती बर्बाद हो जाएगी और श्रमिक बंधुआ मजदूर बनकर रह जाएगा। इन लोगों ने कहा किसानों के सम्मान में भाजपा सरकारों का रवैया पूर्णतया अन्यायपूर्ण है। खेतों से किसानों का मालिकाना हक छीना जा रहा है। इससे एमएसपी सुनिश्चित करने वाली मंडियां धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगी। किसानों को फसल का लाभ तो दूर निर्धारित उचित दाम भी नहीं मिलेगा। इस अवसर पर सतीश राज, स्वामी शरन पाल, कपिल यादव, राजू साहू, बृजेंद्र सिंह यादव, चौधरी मंजर यार, राजन तिवारी, संगीता राज पासी, देवी गुलाम कुशवाहा, मो0 रहीम राईन, सत्यम अवस्थी, सुधीर सिंह, जगदीश सिंह, जसवीर सिंह रिंकू, गुड्डू पाल आदि मौजूद रहे।

### चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया सर्विस सेन्टर का उद्घाटन



**फतेहपुर।** शहर के सीओ ऑफिस के समीप आबूनगर में एक मोटर एवं सर्विस सेंटर का उद्घाटन नगरपालिका प्रतिनिधि रजा मोहम्मद ने फीता काटकर किया। प्रोपाइटर समीम खान ने बताया कि उनके यहां सभी कंपनियों की बैटरी मिलती हैं। ऑटो रिक्शा, मोटरसाइकिल, कार, जीप की बैटरी उपलब्ध है और गाड़ियों की सर्विस व धुलाई का कार्य किया जाता है। इस मौके पर जावेद अहमद, मोईन आदि मौजूद रहे।

### सुजपा के प्रदेश (पश्चिमी) अध्यक्ष बने श्रवण श्रीवास्तव, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**फतेहपुर।** पटेल नगर चौराहा स्थित एक होटल में सुहेलदेव जनता पार्टी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सुहेलदेव जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतलाल राजभर एवं कोषाध्यक्ष प्रमोद राजभर ने मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया। कार्यक्रम में सुजपा प्रदेश पश्चिमी का प्रदेश अध्यक्ष श्रवण श्रीवास्तव को बनाया गया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि विधान सभा 2022 के चुनाव में पूरे प्रदेश में प्रत्याशी उतारे जाएंगे और गांव-गांव दौरा करके पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि इस जनपद की सभी विधानसभा सीटों में भी तेजतर्रार प्रत्याशी उतारे जाएंगे।

# कृषि बिल के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

संवाददाता। इटावा







**समाजवादी** के जिला अध्यक्ष द्वारा कचहरी परिसर में अपने साथियों के साथ पहुंचकर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों से किसान और श्रमिकों के हितों को गहरा आघात लग रहा है इस नीति से कारपोरेट संचालकों को ही फायदा होगा जबकि किसानों और किसानों की बदहाली और बढ़ेगी कृषि और किसानों के साथ श्रमिक ही कठिन समय में देश की आर्थिक व्यवस्था को संभालता है पर अब अन्नदाता को ही हर तरह से उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है प्रदेश में खेती बर्बाद होती जा रही है कृषक बधुआ मजदूर बनकर रह जाएंगे किसानों के संबंध में भाजपा सरकार का रवैया पूर्णता अन्यायपूर्ण है वह खेतों से किसानों का मालिकाना हक खत्म करना चाहती है किसान एवं श्रमिक विरोधी विधेयकों का विरोध समाजवादी पार्टी द्वारा किया गया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल यादव और उनके कार्यकर्ताओं द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट को कचहरी परिसर में ज्ञापन दिया।

### भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**इटावा।** केन्द्र सरकार द्वारा 5 जून को लागू किये गए अध्यादेश का देश के किसान विरोध कर रहे हैं।वहीं सरकार द्वारा इन अध्यादेशों को एक देश एक बाजार के रुप में कृषि सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम बता रही है वहीं भारतीय किसान यूनियन ने अध्यादेश ओं को कृषि क्षेत्र में कंपनी राज्य के रूप में देख रही है कुछ राज्य सरकारों द्वारा भी इस को संघीय ढांचे का उल्लंघन मानते हुए इन्हें वापस लिए जाने की मांग कर रही है देश के अनेक हिस्सों में इसके विरोध मैं किसान आवाज उठा रहे हैं किसानों को इन कानून से कंपनी की बंधुआ बनाए जाने का खतरा सता रहा है कृषि में कानून नियंत्रण मुक्त विपणन भंडारण आयात निर्यात किसान हित में नहीं है इसका खामियाजा देश के किसान विश्व व्यापार संगठन के रूप में भी भुगत रहे हैं देश में 1943.44 में बंगाल के सूखे के समय ईस्ट इंडिया कंपनी के अनाज भंडारण के कारण 4000000 लोग भूख से मर गए थे समर्थन मूल्य कानून बनाने जैसे कृषि सुधारों से किसानो का बिचोलिया और कंपनियों द्वारा किया जा रहा अति शोषण बंद हो सकता है और इस कदम से किसानों की आय में वृद्धि होगी भारतीय किसान यूनियन आज उत्तर प्रदेश के जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन के माध्यम से निम्न मांग करती है

### स्वास्थ्य विभाग के निजीकरण संविदा आउट सोर्सिंग के विरोध में दिया गया ज्ञापन

**इटावा।** देश की स्वास्थ्य व्यवस्था देश के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रखती है यदि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ती है तो उसको नियंत्रण करना बहुत ही मुश्किल हो जाएगा पिछले कुछ सालों में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था का लगातार नहीं कर पाने की वजह से देश की स्वास्थ्य व्यवस्था खतरे में आ चुकी है देश की शासन व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले पैरामेडिक्स की हालात तो हद से ज्यादा खराब हो है देश में पैरामेडिक्स की लगभग 7 से ज्यादा कोरे चलती हैं लेकिन आज तक पैरामेडिकल काउंसलिंग देश में नहीं बनाई गई है और पैरामेडिक्स सहित देश में नरसिंह और फॉर मिसेस के देश में लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा पद खाली हैं लेकिन सरकार इसके प्रति कतई चिंतित नहीं है पिछले कुछ सालों में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था का लगातार निजी करण होने के साथ संविदा और आउटसोर्सिंग के जरिए नब्बे परसेंट स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती की व्यवस्था के तहत की गई जिसकी वजह से स्वास्थ्य कर्मियों को शोषण होने के साथ उनका जीवन खतरे में खतरे में पड़ चुका है स्वास्थ्य कर्मी भी देश के सिपाही अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान को बचाते हैं देश की व्यवस्था के वास्तविक नर्सिंग स्टाफ दिखाई देते हैं और करेगा इस बात का नहीं होता और आ चुका है।

### कांग्रेस और कामरेड किसान सभा का मिला समर्थन

**इटावा** जनपद की नवीन मंडी में कुछ किसानए पल्लेदार और आढ़तिया किसान बिल का विरोध कर रहे हैं। वह सभी नवीन मंडी के प्रांगण में धरने पर बैठे । आज जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं किसान सभा के मुकुट सिंह सहित पदाधिकारी आढ़तियों एवं किसान के समर्थन में धरने पर बैठे। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह का कहना है की केंद्र सरकार द्वारा जो किसानों के लिए बिल पास किया गया है उस बिल के माध्यम से किसानों को मजदूर बनाने का कार्य कर रहे हैं। इस काले कानून से मंडी को भी खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। मेरा मानना है कि इस काले कानून को वापस लिया जाए। यह किसानों के विरोध का कानून है। इसी क्रम में कामरेड मुकुट सिंह ने बताया कि पूरे देश में किसानों के लिए जो यह बिल लाए हैं इसका विरोध हो रहा है। इससे किसानों की जमीनें कारपोरेट कंपनियों के पास चली जाएंगी। किसान बर्बाद हो जाएगा उसकी जमीनों का सर्वनाश हो जाएगा। पूरे देश के सभी राज्यों में किसान सभा इसका विरोध कर रही है। सभी किसान विरोध में खड़े हैं केंद्र सरकार ने जो तीन बिल पास किए हैं इनको वापस लेए यह किसानों के लिए साजिश रच कर कंपनियों और कारपोरेट को फायदा पहुंचाने के लिए बिल लाए गए हैं। नवीन मंडी में मुकुट सिंह किसान सभा के पदाधिकारीए जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मलखान सिंहए पूर्व शहर अध्यक्ष राशिद खानए शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे सहित मंडी के संरक्षक एवं कई किसान मौजूद रहे।

### भर्थना में भी किसान सभा कामरेड सड़क पर उतरे

**भर्थना।** संवैधानिक निर्देशों को तार तार करते हुए संसद में पास किये गये कृषि अध्यादेश भारत के किसानों के गले में फांसी का फंद्दा है। पहले से संकटों में घिरा किसान इन नये कानूनों के लागू होने से हमेशा के लिए बर्बाद हो जायेगा। यह बात शुक्रवार भरथना तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरसेड़ा में केन्द्र सरकार के विरोध में व किसान विरोधी अध्यादेशों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस पर किसान सभा इटावा के उपाध्यक्ष कामरेट शिवराम सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि किसानों की बेहतरी का वायदा कर सत्ता हथियाने बाली भाजपा सरकार पूँजीपतियों के इशारे पर किसान का गला घोट रही है। खेती किसानी को कारपोरेटीकरण करके किसान के हाथ काटे जारहे है। उन्होंने मामहिम राष्ट्रपति से इन विधेयकों पर हस्ताक्षर नही करने की अपील की है। कामरेट दुर्गविजय सिंह शाक्य, राम कृष्ण,प्रेम शंकर बाबू, जल देव, सुभाष चन्द्र, शादाब, चन्द्रभान, सुरेन्द्र सिंह शाक्य आदि कामरेट नेताओं ने किसान सभा को सम्बोधित करने के बाद विधेयकों की छाया प्रतियां जलाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है।

## सेन्ट्रल जेल में कोरोना के 27 नये पॉजिटिव मरीज 2282 हुआ आंकड़ा

**फरुखाबाद।** सेन्ट्रल जेल इस समय कोरोना के निशाने पर आ गयी है। बीती देर रात कोरोना की आयी रिपोर्ट में कुल आये 62 में से 27 बंदी व जेल कर्मी पॉजिटिव आ गये। जिससे अब जेल में हड़कंप है। जेल एक बंदी और बंदीरक्षक भी दहशत में हैं।बीती रात आयी रिपोर्ट में कायमगंज निवासी दो महिला और दो पुरुष, शमसाबाद में दो युवक, कमालगंज में एक महिला और दी पुरुष, इसके साथ ही केन्द्रीय कारागार में कुल 27 बंदी व जेल कर्मी पॉजिटिव आये है। शहर के मोहल्ला गाढ़ी खाना निवासी दो महिला व एक पुरुष, बीएसए कार्यालय का 45 वर्षीय कर्मी, भोलेपुर निवासी एक महिला पॉजिटिव आयी है।जनपद में अब तक पाये गये मरीजों का आंकड़ा 2282 पर आ गया है। 37 की मौत हो चुकी है। बीती देर रात कुल 62 नये केस मिले है ।

# कृषि बिल के विरोध में हाईवे जाम

संवाददाता। फरुखाबाद

**केंद्र** सरकार के कृषि बिल के खिलाफ आज (शुक्रवार) को तमाम विपक्षी पार्टियों के साथ भारतीय किसान यूनियन के बंद का असर देखने को मिल रहा है। संसद के दोनों सदनों से कृषि बिल पास हो चुके हैं। अब तो बस राष्ट्रपति के दस्तखत का इंतजार है, लेकिन विरोध कम होता नहीं दिख रहा है। हाई-वे जाम कर किसान यूनियन और कांग्रेस नें सरकार को खरी-खरी सुनायी।

कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के इटावा-बरेली हाई-वे ज्योता रोड चौराहे पर भारतीय किसान यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष कानपुर मंडल प्रभाकांत मिश्रा के नेतृत्व में किसान सड़क पर चक्का जाम कर धरने पर बैठ गये। जिसके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय कटियार, प्रदेश सचिव कौशलेन्द्र सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा नें भी जाम का समर्थन कर दिया। किसान यूनियन के साथ पंजा मिलते ही सरकार के खिलाफ गुस्सा जमकर फूटा।भाकियू और कांग्रेस नें कहा कि सरकार द्वारा लाये गये तीनों किसान विरोधी अध्यादेश विलों को वापस लिया जाए। किसान सम्मान निधि का लाभ पहली किस्त की तरह सभी किसानों को दिया जाए। किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार रूपये से बढ़ाकर 24 हजार किया जाये।चक्काजाम की खबर पर तहसीलदार राजू कुमार और प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौके पर पंहुचे और भाकियू नें तहसीलदार को ज्ञापन देकर जाम खोल दिया। इस दौरान रामसेवक, बाबू सिंह, अमर सिंह, सत्यराम राजपूत, बाबूराम यादव आदि रहे।

### सरकार तोड़ रही किसानों का मनोबल

**फरुखाबाद।** सरकार के विधेयकों को किसान व श्रमिक विरोधी बताकर सपा नें कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौपा। सपा नें सरकार के खिलाफ जमकर जुबानी हमला बोला।सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पंहुचे। उन्होंने डीएम को ज्ञापन देकर भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार धीरे-धीरे किसानों का ,मालिकाना हक छिनना चाह रही है। यदि सरकार नें ध्यान नही दिया तो किसान बंधुआ मजदूर बनकर रह जाएगा।सपा नें कहा कि वर्तमान में अन्नदाता का ही हर प्रकार से उत्पीडन हो रहा है। प्रदेश में अन्ना पशु किसानों को फसलें बर्बाद कर रहें है। खेत मालिक चौकीदार बनकर रह गया है। भाजपा सरकार की नीति देश को निजी क्षेत्रों में सौप देनें की है। सपा नें कहा कि कृषि अध्यादेश के बाद भाजपा सरकार श्रमिक विरोधी औ ोगिक सम्बंध संहिता-2020 विधेयक ले आयी है। श्रमिक कानून के बदलाव के बाद तो श्रमिकों का शोषण करने का पूरा अधिकार फैक्ट्री मालिकों को मिल जायेगा। भाजपा श्रमिकों-किसानों का मनोबल तोड़ने, उन्हें असहाय बनानें की साजिश रच रही है।

# डीएम ने सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय विकास भवन का किया औचक निरीक्षण



संवाददाता। फरुखाबाद

**जिलाधिकारी** मानवेन्द्र सिंह ने सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय विकास भवन का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले विकास कुमार। बताया गया कि विकास कुमार द्वारा दिनांक 24 अगस्त को परीक्षा की तैयारी हेतु छरू माह के अवकाश हेतु दिया गया था आवेदन उसके बाद वह कार्यालय नहीं आ रहे है। अवकाश आवेदन स्वीकृत नहीं पाया गया। विभागीय कार्यवाही करने के साथ कृसाथ शासन को अवगत कराने के दिए निर्देश। सहायक निदेशक मत्स्य सप्ताह में शुरू के तीन दिन फर्रूखाबाद एवं अन्तिम तीन दिन कन्नौज कार्यालय में बैठना सुनिश्चित करें। निरीक्षण गार्ड फाइल बनाने के दिए निर्देश। कार्यालय में पुराने कवाड़ एवं पुरानी पत्रावलियों का निस्तारण कराने के दिए निर्देश। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने निमार्णाधीन कोविड - 19 एल 2 अस्पताल कौशलेन्द्र अस्पताल फ्तेहगढ़ का निरीक्षण कर लिया जाएजा। एल 2 अस्पताल के परिषर में सभी जर्जर बिल्डिंगों निस्तारण कराने के दिए निर्देश। पूरे परिषर में अभियान चलाकर कराई जाए बेहतर साफ सफाई। एल 2 अस्पताल में पुताई,स्टाफ हायरिंग एवं आक्सीजन की व्यवस्था के साथ साथ अन्य सभी कार्यों को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराने हेतु की जाए शीघ्र अतिशीघ्र कार्यवाही। एल 2 अस्पताल के कार्यों में नहीं होना चाहिए किसी तरह का विलम्ब। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनपद में वनथर्ड संक्रमित मरीजों की कराई जाए आरटीपीसीआर जांच। कोविड 19 के दृष्टिगत जनसामान्य को अधिक से अधिक किया जाए जागरूक। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाया

**जसवंतनगर।** जयंती के अवसर पर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनेक स्थानों पर कार्यक्रम व विचार गोष्ठी आयोजित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। ग्राम कैस्त में भारतीय जनता पार्टी के मंडल द्वितीय अध्यक्ष महेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जन्म दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति पार्टी के इटावा विधानसभा प्रभारी मुकेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि श्री उपाध्याय ने अपना सारा जीवन गरीबों के उत्थान एवं उनकी स्थिति को सुधारने तथा इस सोच को आमजन तक पहुंचाने में लगा दिया आज उनकी जन्म जयंती पर हम सभी लोगों को उनके अंत्योदय के सपने को साकार करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने श्री उपाध्याय की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# विद्युत पोल में उतरा करंट, एक व्यक्ति की मौत



संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद

**दरवाजे** से थोड़ी दूर पर बिजली विभाग के लगे विद्युत पोल के पास लघुशंका करने गये एक व्यक्ति की बिजली के करेंट से मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंची गधे डी निवासी सोनू सोनू सिंह 28 वर्ष पुत्र देवेंद्र सिंह रात करीब 9: 00 बजे दरवाजे के बाहर लघु शंका के लिए घर से बाहर निकले। दरवाजे से थोड़ी दूर पर बिजली विभाग के लगे विद्युत पोल के पास वह लघुशंका करने लगे ।उनका बैलेंस बिगड़ने पर पोलमें लगी स्टिक को पकड़ लिया ।स्टिक में पहले से ही करंट आ रहा था ।करंट लगते ही उनके मुंह से बहुत तेज चीख निकली। जब तक परिजन दौड़ कर आते वह मौके पर ही बेहोश हो गए। परिजनों ने लाद कर फर्रुखाबाद प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद परिजन उन्हें लोहिया ले गए जहां पर भी उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिजन उसका शव गांव ले आए जहां अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। ग्राम प्रधान पति सत्येंद्र सिंह ने बताया की सोनू की मौत बिजली के करंट से चिपक कर हुई है। मृतक पांच भाई एकबहन की शादी हो गई।मृतक के चचेरे भाई ऋषि पाल ने थाना पुलिस को तहरीर दी तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अलका के दरोगा विद्या शंकर तिवारी को मौके पर भेजकर सबका पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम कराने के लिए थाना प्रभारी आरके शर्मा ने आदेशित किया ।

## चोरी के प्रयास में पांच गिरफ्तार

**ताखा।** पुलिस द्वारा सर्राफ दुकान पर चोरी का प्रयास करते हुए 5 अपराधियों गाडी, देशी तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस तथा 120 ग्राम नशीला पाउडर सहित गिरफ्तार किया गया । थाना ऊसराहार की पुलिस को सूचना मिली कि सरसईनावर स्थित शिवकृपा ज्वैलर्स की दुकान पर ज्वैलरी का सामान खरीदने आये एक्सयूवी गाडी सवार जिसमे दो महिलाएं व तीन पुरूष द्वारा ज्वैलरी चुराने का प्रयास किया गया । इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना ऊसराहार पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुची तो पुलिस टीम को दुकान के सामने एक सफेद रंग की महिन्द्रा ग्न्ट 300 कार खडी हुई दिखाई दी तथा दुकान में 02 महिला व 03 पुरूष बैठे हुये थे जिन्होने ज्वैलर्स की दुकान से सोने की चैन चोरी करने का प्रयास किया था । अभियुक्तों गिरफ्तार कर तलाशी ली गयी तो उनके पास से तमंचा कारतूस नशीला पाउडर बरामद किया।

# जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन भाजपाइयों ने मनाया

संवाददाता। कानपुर देहात



**एकात्ममानववाद** के प्रतीक व भारतीय जनसॅध ( वर्तमान भारतीय जनता पार्टी) के सॅस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिवस भाजपाईयों ने धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर पार्टी व देश के प्रति उनके योगदान को याद किया गया। भारतीय जनता पार्टी के गठन से पूर्व इस पार्टी का नाम भारतीय जनसॅध था जिसकी स्थापना एकात्म मानववाद के प्रतीक पं0 दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी सहित अन्य लोगों ने की थी। 25 सितम्बर को जनसॅघ के सॅस्थापक दीनदयाल उपाध्याय का जन्म दिवस था। इस मौके पर भाजपाईयों ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्र्यापण कर उनके योगदान को सराहा गया। भाजपाईयों ने रूरा कस्बे के शास्त्रीनगर, जवाहरनगर, नतपुरवा, शहबाजपुर और बैजूपुरवा गॉव सहित अन्य स्थानों पर जनसॅघ के सॅस्थापक का जन्मदिन मनाया। प्रमुख रूप से भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष निशान्त सिंह गौर, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रजोल शुक्ला, राजू सिंह भदौरिया, जागेन्द्र सिंह, शिवकुमार कमल सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने अकबरपुर वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात



**उच्च** न्यायालय, इलाहाबाद एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा.निर्देशों के अनुपालन में जनपद में संचालित वृद्धा आश्रम, अकबरपुर, कानपुर देहात का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के अध्यक्षए जनपद न्यायाधीश यशवन्त कुमार मिश्र के निर्देशन में निरीक्षण समिति द्वारा किया गया तथा सोनाली पूनियाए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला वृद्धजनों के लिए महिलाओं के अधिकार व कानून से सम्बन्धित विधिक जागरुकता शिविर का भी आयोजन किया गया।

निरीक्षण समिति के अध्यक्ष राममिलन सिंहए माननीय प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशए सदस्य भगत सिंहए सिविल जज;सी0डि0द्ध एफ0टी0सी0ए सोनाली पूनियाए सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा आज वृद्धा आश्रम अकबरपुर कानपुर देहात का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों को कोरोनाकाल में कोविड.19 महामारी से बचाव हेतु सभी को मास्क लगाने एवं हर 20 मिनट के अन्तराल पर किसी भी साबुन से अपने हाथ अच्छी तरह साफ करने के लिये कहा गया। निरीक्षण समिति द्वारा वृद्ध आश्रम में नियुक्त प्रबन्धक सौरभ शर्मा एवं अन्य कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि वृद्धजनों को मास्क तथा सैनेटाइजर यथासमय उपलब्ध करायें तथा वृद्धजनों को सामाजिक दूरी का भी अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण समिति द्वारा कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुये राजकीय महिला शरणालय, स्वरूपनगर, कानपुर नगर, राजकीय बालगृह बालिका स्वरूपनगर, कानपुर नगर आदि का वीडियो कांफ्रेंसिंग से वर्चुअल निरीक्षण किया गया।

# पत्रकार के असामयिक निधन से मीडिया में शोक की लहर

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**देश** के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में अपनी सेवायें देते रहे फर्रुखाबाद जनपद के वरिष्ठ पत्रकार राजू भारती का आज शुक्रवार को सुबह तड़के 4 बजे आगरा में इलाज के दौरान असामयिक निधन हो गया है। जिससे मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न समाचार पत्रों में बीते कई वर्षो से अपनी सेवायें देते आ रहे राजू भारती पिछले हफ्ते अचानक बीमार पड़ गये और वह अपना इलाज कराने कानपुर के रामाडेंटल कालेज के आईसीयू में भर्ती किये गये। जहां उन्हें प्रारम्भिक स्तर पर स्वास्थ्य लाभ दिखाई दिया। लेकिन ज्यादा सुधार न होने पर श्री भारती को आगरा के लिए रेफर कर दिया गया। जहां आज सुबह तड़के 4 बजे इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वर्तमान में श्री भारती कानपुर से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र लोकभारती में अपनी सेवायें दे रहे थे। श्री भारती के निधन से मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

उनके निधन पर पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव,भाजपा सांसद मुकेश राजपूत,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सचिन सिंह यादव,पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल,निवर्तमान महानगर अध्यक्ष विजय यादव आदि राजनेताओं सहित विभिन्न राजनैतिक दलों,मीडिया जगत के वरिष्ठ पत्रकारो व विभिन्न समाजसेवियों आदि ने शोक व्यक्त किया है। प्रिण्ट एंव इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री भारती प्रिण्ट एंव इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएन के जनपद ईकाई मेंजिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कई वर्षो से बने हुए थे। वह अपने मृद स्वभाव के बजय से वह सभी के प्रिय थे। आज उनके मिधन से मीड़िया जगत में अपूर्णनीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई नही की जी सकती है।

# कृषि विधेयक के विरोध में किसान संगठनों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



संवाददाता घाटमपुर

**कृषि** बिधेयक के देश ब्यापी बिरोध में अन्य जगहों की तरह आज घाटमपुर में भी किसान संगठनों ने बिरोध प्रकट करते हुए महामहिम राष्टपचि को संवोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव को दिया और कृषि बिधेयक वापस लेने की माँग की। दोपहर बाद भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) के तहसील अध्यक्ष महेशचंद्र कुशवाहा, नगर अध्यक्ष आशिक मिस्त्री, नगर उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश त्रिवेदी, संगठन मंत्री हरीराम गोस्वामी, पूर्ब जिला उपाध्यक्ष चुन्ना सिंह, गंगानरायन प्रजापति, उमा तिवारी, रामदेवी कुशवाहा तथा भोलू बादशाह जिला अध्यक्ष कानपुर नगर की अगुवाई में पंहुचे किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए तहसील पंहुची और महामहिम राष्टपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव को दिया ज्ञापन में तीनों कृषि बिधेयकों को किसान बिरोधी बताते हुए वापस लेने की माँग की गयी। उधर आज ही भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) के तहसील अध्यक्ष बिनोद सिंह भी अपने साथियों के साथ तहसील पंहुच कर ज्ञापन दिया और महामहिम राष्टपति तक पंहुचाने की माँ की गयी।

# एकात्म मानववाद के प्रणेता थे पं उपाध्याय: सांसद

संवाददाता। चित्रकूट



पं उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करते सांसद आरके पटेल।

**पं दीनदयाल उपाध्याय** के जन्मदिवस पर भाजपा सांसद आरके सिंह पटेल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उपाध्याय की 104वीं जयंती मनाई। शुक्रवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने अपने आवास पर पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कहा कि पं उपाध्याय का लक्ष्य अंत्योदय, प्रण पथ अंत्योदय का मार्ग प्रसस्त करने वाला था। पं उपाध्याय एकात्म मानव दर्शन के विचारों से ओतप्रोत थे। पं उपाध्याय के विचार दर्शन सबके लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने समाज के अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए काम किया। उनके लक्ष्य को आगे बढाने का कार्य भाजपा कर रही है।

सांसद आरके पटेल ने कहा कि पं उपाध्याय की जयंती प्रदेश के एक लाख 63 हजार 505 बूथों पर मनाई जा रही है। इस मौके पर भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सुनील सिंह पटेल, राजकुमार त्रिपाठी, आशीष रघुवंशी समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि पं उपाध्याय देश के सबसे तेजस्वी तपस्वी चिन्तक रहे। उनके चिन्तन के मूल में लोक मंगल राष्ट्र कल्याण समाहित है। राष्ट्र को धर्म, अध्यात्म और संस्कृति का सनातन पुंज बताते हुए राजनीति की नई व्याख्या की। इस मौके पर अर्पित जायसवाल, पंकज अग्रवाल, मनोज कुशवाहा, संजय पाण्डेय, सचिन ठाकुर, मनोज आदि मौजूद रहे।

# जांच में चयनित बीस फीसदी लोग पाए गए अपात्र

**हमीरपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित किये गये लाभार्थियों में जांच में बीस फीसदी लाभार्थी अपात्र पाये गये है। जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गयी है। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थी को एक लाख बीस हजार रुपये की धनराशि तीन किश्तो में दी जाती है। पिछली मर्तबा जो लाभार्थी चुने गये थे उनका सत्यापन जिला स्तरीय कमेटी गठित कर जांच करायी गयी है। जिसमे 6863 लोग अपात्र पाये गये है।

कुरारा ब्लाक में 5370 लाभार्थियों का लक्ष्य दिया गया था जिसमे 1374 लोग अपात्र पाये गये है इसी प्रकार सुमेरपुर ब्लाक में 11349 लाभार्थियों का लक्ष्य दिया गया था जिसमे चयन के बाद 2089 लाभार्थी अपात्र पाये गये है इसी प्रकार मौदहा ब्लाक में 6378 के चयन के विरुद्ध 941 अपात्र पाये गये है, मुस्करा ब्लाक में 4470 के विरुद्ध 1394 लोग अपात्र पाये गये है। राठ में 1526 के विरुद्ध 378 लाभार्थी अपात्र, गोहांड में 1645 लाभार्थियों के विरुद्ध 377 अपात्र, सरीला मे 1855 के विरुद्ध 320 लाभार्थी अपात्र पाये गये है। इस प्रकार जिले मे 32,493 लाभार्थियों का चयन किया गया था जिसमे 6,863 लोग अपात्र पाये गये है। डीआरडीए के परियोजना निदेशक ने बताया कि जांच चलती रहती है कई मर्तवा जांच की जाती है समय परिस्थितिया बदलती रहती है कई लोग उस समय पात्रता श्रेणी मे आते है बाद मे किसी प्रकार उनकी आर्थिक स्थिति ठीक हो जाती है तो अपात्रता की श्रेणी मे आ जाते है जो लोग अपात्र पाये गये है उनको लाभ नही दिया जायेगा। इस मामले की जानकारी सीडीओ व जिलाधिकारी को दे दी गयी है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास चयन में गांवों में हो हल्ला मचता रहता है आय दिन जिलाधिकारी के सामने लोग शिकायते करने आते है इसलिये कम से कम तीन मर्तवा जांच करायी जाती है तब लाभार्थी के खाते मे पैसा भेजा जाता है।

# सीढ़ी से गिरकर युवक की मृत्यु

**सरीला ( हमीरपुर )।** कस्बे की कांशी राम कॉलोनी में खाना खाने के बाद ऊपरी मंजिल पर टहल कर वापस आते समय संतुलन बिगड़ जाने से 28 वर्षीय युवक सीढ़ियों से नीचे गिर कर घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक कांशीराम कॉलोनी में बेवा पार्वती अपने बेटे अमित उर्फ नीशू व अंशु के साथ रहती है इसके पति की लगभग पंद्रह साल पहले मौत हो चुकी है। कल देर रात उसका बड़ा बेटा अमित उर्फनीतू (28) खाना खाने के बाद सबसे ऊपरी मंजिल की छत पर टहलने चला गया था। टहलने के बाद वापस आते समय अमित का संतुलन बिगड़ गया और वह सीढ़ी से नीचे गिर गया। आनन-फानन में परिजन उसे अचेत अवस्था में सीएचसी ले आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों भाई मेहनत मजदूरी करके परिवार चलाते थे।उसकी मां लगभग दो साल से कैंसर रोग से पीड़ित है। उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद से मृतक के घर कोहराम मचा है।

## विवक न्यूज

### अस्थायी जेल से बंदी फरार, पुलिस परेशान

**हमीरपुर।** कोविड 19 के बचाव के लिये मुख्यालय में बनायी गयी अस्थायी जेल से एक कैदी फरार हो गया। जिला कारागार के अधीक्षक एके गौतम ने बताया कि मुख्यालय में सरदार पटेल विद्यालय में कैदियों को बंद करने के लिये अस्थायी जेल स्थापित की गयी है जिसमें 60 बंदियों को बंद करने की क्षमता है इस समय 57 कैदी बंद है। कल ललपुरा क्षेत्र के कुम्हऊपुर गांव निवासी सूरज गांजा रखने के आरोप में कल अस्थायी जेल में बंद किया गया था मगर मौका पाकर पीछे से दीवार फांदकर भाग गया है थाने में उसकी रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस फरार कैदी को खोजने में जुट गयी है अस्थायी कारागार की सुरक्षा और बढ़ा दी गयी है। जो भी नया कैदी है उसे सबसे पहले 14 दिन तक अस्थायी जेल में ही बंद किया जाता है इसके बाद उसकी कोविड की जांच कराने के बाद कारागार भेजा जाता है।

### दुर्गेशनंदन अध्यक्ष व दिगंबर सिंह को महामंत्री चुना गया

**मौदहा(हमीरपुर)।** विकासखंड सभागार में संपन्न हुई ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारियों की संयुक्त बैठक जिसमें ग्राम विकास अधिकारी एसो. (संघ) की ब्लाक इकाई की नई कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी दुर्गेश नंदन पाडेय को अध्यक्ष, उपेंद्र कुमार पाडेय ग्राम विकास अधिकारी को उपाध्यक्ष, दिगंबर सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी महामंत्री, प्रीति सिंह ग्राम विकास अधिकारी कोषाध्यक्ष व अभिषेक सरोज ग्राम पंचायत अधिकारी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कुछ मुद्दों पर भी चर्चा हुई जिसमें आला अधिकारियों द्वारा जिले में प्रथम रैंक हासिल करने के चक्कर से नियम विरुद्ध कार्य करने का अनावश्यक दबाव बनाना व पंचायत चुनाव नजदीक होने के चलते राजनीति से प्रेरित अनावश्यक झूठी शिकायतों के आधार पर सचिवों को प्रताड़ित करना, समाचार पत्रों में ग्राम के विकास से संबंधित खबरों के प्रकाशन में एक पक्षीय खबर प्रकाशित करते हुए दूसरे पक्ष को भी जानना अति आवश्यक है वही। बैठकों में उच्चाधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थों से अशिष्ट भाषा का प्रयोग न किया जाए सहित छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रभारी खंड विकास अधिकारी ब्रजमोहन पटेल को सौंपते हुए मांग की।

### दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के गांव में बूथ स्तर पर एकात्म मानववाद के प्रणेता तथा जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। क्षेत्र के झलोखर गांव में बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण किया उक्त अवसर पर सुभाष पांडे ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता तथा जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों के उत्थान के लिए अंत्योदय योजना का शुभारंभ किया था तथा उनका चिंतन समाज के दबे कुचले लोगों के लिए था इस अवसर पर अखिलेश सिंह अभिषेक सुशील परिहार सूरज श्रीवास्तव कालका प्रसाद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे इसी तरह क्षेत्र के रिठौरी किरवा गांव में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### आधी रात को हाईवे पर धू-धू कर जला ट्रक

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बा सुमेरपुर में कल देर रात बिजली का तार टूट कर गिर जाने से एक ट्रक में आग लग गयी आग लगते ही उसका ड्राइवर व क्लीनर जान बचाकर उतर गए और आग बुझाने में जुट गए फिर भी पूरा ट्रक जल गया मशीन ने आकर पूरी तरह से आग पर काबू पाया। बीती रात एक ट्रक कानपुर की ओर जा रहा था तभी ग्रीन लाज के पास क्रासिंग के समय विद्युत तार टूट कर ट्रक के ऊपर गिर गया तो उसमें आग लग गयी आग लगते ही ट्रक ड्राइवर व उसका सहायक दोनों घबरा गए किसी तरह से ट्रक के नीचे आये तब तक आग की लपटें देख और भी लोग वहां पहुंचकर आग बुझाने में मदद करने लगे। पुलिस मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। जब तक दम कल मशीन मौके पर पहुंची ट्रक जल चुका था।

### बाइक देने से मना करने पर की तोड़फोड़ व मारपीट

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** अलग अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफकार्यवाही की है। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम भभौरा निवासी ब्रजभान पुत्र रामसिंह ने पुलिस को बताया कि वह दरवाजे पर बैठा था तभी गांव का निवासी अजय सिंह उर्फरज्जू आया और अकारण गाली गलौज करने लगा ष्ट्व मना करने पर मारपीट की।इसी गांव में घटित एक दूसरी घटना में लक्ष्मण पुत्र जयराम ने पुलिस को बताया कि गांव के निवासी शिवकांत पुत्र जयराम व विवेक कुमार उर्फउत्तम उसके घर आये और बाइक मांग रहे थे। मना करने पर दोनों ने उसकी बाइक में तोड़ फोड़ की और मारपीट की। रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### बीमारी से तंग आकर फांसी लगा ली

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के करौंदी गांव में 85 वर्षीय वृद्ध ने बीमारी से तंग आकर आज फांसी लगाकर जान दे दी है। करौंदी गांव का उदल प्रजापति (85) लगभग दो साल से पेट दर्द की बीमारी से परेशान रहता था। उसका इलाज भी चलता था। उसके बेटे जयनारायण ने बताया कि खाना खाने के बाद परिवार के लोग सोने चले गए और उसका पिता दरवाजे में बने छप्पर मैं लेटने चला गया था। सुबह देखा तो वह फांसी पर लटका था उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष जरिया विक्रमाजीत सिंह ने बताया कि मृतक ने बीमारी से तंग आकर जान दी है।

### हमीरपुर में कैदी अस्थायी जेल से फरार

**हमीरपुर।** हमीरपुर मुख्यालय में बनी अस्थायी जेल से आज कैदी दीवार फांदकर फरार हो गया। जिला कारागार के अधीक्षक ए के गौतम ने बताया कि की ललपुरा क्षेत्र के कुमहाऊपुर निवासि सूरज कल सुबह गाजा रखने के आरोप में बंद हुआ था। अस्थाई जेल शहर के किनारे सरदार पटेल इण्टर कालेज में बनायीं गयी है।आज मौका पाकर कैदी दिवार से कूदकर भाग गया।कैदी की कौतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है।

### किसान सड़कों पर उतरकर करेगा आन्दोलन

**चित्रकूट।** सरदार सेना के जिलाध्यक्ष विजयशंकर पटेल की अगुवाई में केन्द्र सरकार के किसानों के पारित तीन जिलों को निरस्त कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार कर्वी को सौंपा गया। शुक्रवार को सरदार सेना के जिलाध्यक्ष विजयशंकर पटेल की अगुवाई में सौंपे ज्ञापन में कहा कि कृषि विधेयक बिल 2020 लोकसभा में जबरन पास कराया गया है। इस बिल का नाम है कांटेक्ट फार्मिंग बिल। सीधा असर किसानों की फसल पर पड़ेगा। पूंजीपतियों के हाथ में किसान की फसल चली जायेगी। किसान पूंजीपतियों का बंधुआ बन जायेगा। सरदार सेना ने भारत बन्द का समर्थन करते हुए इस विधेयक को वापस लेने की मांग की है। सरदार सेना ने मांग की कि इस विधेयक को निरस्त करने का आदेश जारी किया जाये।

### भाजपा जिलाध्यक्ष लखनऊ रिफर

**कुरारा (हमीरपुर)।** भाजपा जिलाध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता को कोरोनावायरस ने पर 4 दिन पूर्व सोमवार को भर्ती किया गया था बुधवार की रात में सांस लेने में तकलीफहोने पर चिकित्सक द्वारा लखनऊ किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया गया है जहां उनका इलाज हो रहा है।

# किसान दुखी हैं तो जिम्मेदार हैं अधिकारी: राजा बुन्देला

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड का दौरा पूरा करके बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला मुख्यमंत्री और मुख्यसचिव से मिलकर जिले में अन्ना जानवरों की विकट समस्या और बरती जा रही प्रशासनिक लापरवाही की शिकायत करेंगे। पहाड़ी क्षेत्र के बछरन गांव में उन्होंने चौपाल लगाकर आसपास के कई गांवों के किसानों ने अन्ना जानवरो से हो रही फसलों की बर्बादी की दास्तान बताई थी। शुक्रवार को राज्यमंत्री राजा बुंदेला ने किसानों को चौपाल में आश्वस्त किया था कि योगी-मोदी किसानों के साथ हैं। सरकार किसानों के चेहरों पर मुस्कान और खुशहाली लाने को प्रयासरत है। प्रशासनिक मशीनरी की कार्यशैली में दोष है। चौपाल में उन्होंने किसानों से पूंछा कि क्या अधिकारियों को समस्यायों की जानकारी है, तब किसानों ने बताया कि ब्लाक स्तर से लेकर जिले तक वह अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, कोई सुनने वाला नहीं है। बछरन और आसपास के अर्जुनपुर, गोसाईपुर, रमपुरिया, जमहिल, गुठउपुर समेंत कई गांवों के सैकड़ों किसान चौपाल में मौजूद थे।

किसानों ने राजा बुंदेला को बताया कि सरकार तमाम योजनाएं चला रही है, अन्ना जानवरों के चलते वह लोग पूरी तरह बर्बादी की कगार पर हैं। बछरन गांव से मुख्यालय की ओर लौटने पर रास्ते मे सैकड़ों अन्ना जानवर घूमते हुए खुद राजा बुंदेला ने देखे भी। शुक्रवार को बुन्देली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह से वार्ता की। अन्ना जानवरों की विकट समस्या की जमीनी हकीकत को वह मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से भेंटकर बतायेंगे। सरकार को जमीनी हकीकत की जानकारी मिलने पर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही होना तय है। राजा बुंदेला ने अन्ना जानवरों की समस्या से जुड़े फोटोग्राफ और जिले के किसानों की लिखित शिकायतें भी मंगाई हैं, ताकि चूक करने वाले बच न पाएं। सरकार को बहुत सी चीजें पता ही नहीं होती, अधिकारी कागजी बाजीगरी दिखाते हैं, लेकिन जब किसानों की पीड़ा बताई जाएगी तो सारे जिम्मेदार अधिकारी अपनी खैर मनाना शुरू कर दें। सरकार की नीति और नियत में कोई संदेह नहीं है। यदि किसान दु:खी है तो निश्चित रूप से उसके लिए सीएम और सरकार नहीं बल्कि अधिकारी जिम्मेदार हैं।

# वन विभाग के एनओसी न देने से कार्य प्रभावित

**चित्रकूट।** बुन्देलखंड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान ने डीएम को सौंपे पत्र में कहा कि विद्युत उपकेन्द्र कैलहा को जाने वाली लाइन की वन विभाग एक साल से एनओसी नहीं दे रहा है। कर्का से चूल्ही मानिकपुर मार्ग निर्माण को लोनिवि को वन विभाग एनओसी नहीं दे रहा और वन विभाग के एनओसी न देने के कारण रुकमाखुर्द से बहिलपुरवा सम्पर्क मार्ग की धनराशि मंजूर होने के बाद भी कार्य शुरु नहीं हो रहा है। शुक्रवार को बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि 2015-16 में विद्युत उपकेन्द्र कैलहा मंजूर हुआ था। फीडर का कार्य 90 फीसदी पूरा होने के बाद 33 हजार की विद्युत लाइन सरैंया से कैलहा जानी थी। बहिलपुरवा के पास जंगल में वन विभाग में रोक लगा दी है। विद्युत लाइन जाने को वन विभाग से एनओसी दिलाई जाये। मानिकपुर ब्लाक के कर्का चूल्ही मानिकपुर सम्पर्क मार्ग निर्माण को दशकों से प्रयास चल रहे हैं। सम्पर्क मार्ग निर्माण को लोनिवि ने कार्य शुरु कराया था। वन विभाग ने लोनिवि के साथ सर्वे नहीं किया। ये मार्ग निर्माण होने से मानिकपुर पहुंचने में महज 15 किमी दूरी तय करनी पड़ेगी। डीएम से कहा कि नई दुनिया रुकमाखुर्द से बहिलपुरवा सम्पर्क मार्ग की धनराशि मंजूर होने के बाद भी वन विभाग के एनओसी न देने से कार्य शुरु नहीं हो रहा है। शासन से एक साल पहले बजट मंजूर होने के बाद भी कार्य शुरु नहीं हो पाया है। सम्पर्क मार्ग न बनने से पाठावासियों को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

# डाकखाने में आधार कार्ड बनवाने में दलालों का बोलबाला



डाकखाने के बाहर आधार कार्ड बनवाने वालो की भीड़

**मौदहा ( हमीरपुर )।** आधार कार्ड बनवाने एवं संशोधन करवाने में लम्बी लाइनों को देखकर दलालों के मुँह मे पानी आ रहा है। गरीब मजदूर व्यक्तियों को देखकर उनको अपने जाल में फँसाने से जरा भी बाज नहीं आ रहे। दलाल उन नये लोगों से कानाफूसी करते हैं और आधा घंटे के अन्दर उनका आधार कार्ड बन जाता है।एवं पुराने लोग वहीं पर खड़े रहते हैं। और उस दिन की समयावधि समाप्त हो जाती है तो ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी अगले दिन की तारीख दे देते हैं। फिर वही प्रतिदिन का नियम चलता है।दलाल अपने जाल में फँसकर नये नये लोगों से एक गाढ़ी कमाई करके उनका आधार कार्ड बनवा देते हैं।एवं पुराने लोग वहीं पर खड़े के खड़े रहते हैं। इस मामले से ग्रामीण क्षेत्र के लोग आजिज आ चुके है इस मामले की शिकायत कई मर्तवा उच्चाधिकारियो से की जा चुकी है मगर कोई कार्यवाही नही हुई है जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। दलाल आधार कार्ड बनवाने के लिये ठेका ले लेते है इसके बाद धन उगाही करते है इसकी भनक डाक विभाग को भी मगर वह चुप्पी साधे हुये है। जिससे यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

# अधिकार सीज होने के बाद भी ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है कार्य

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा विकासखंड क्षेत्र के भैसा पाली गांव में वित्तीय वर्ष दो हजार सोलह सत्रह में स्वीकृत खड़ंजा की धनराशि ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा बिना निर्माण कराए आहरित कर ली गई थी इसकी सूचना जन सूचना का अधिकार के तहत ग्रामीणों द्वारा मांगे जाने पर इसका खुलासा हुआ था वही शौचालय निर्माण में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा गबन के मामले प्रधान के अधिकार सीज कर दिए गए हैं तथा सचिव का निलंबन किया जा चुका है फिर भी इस खरंजा निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है

क्षेत्र के भैसा पाली गांव में गांव निवासी सुरजन के मकान से लल्लू के मकान तक वर्ष दो हजार सोलह सत्रह में खड़ंजा का निर्माण कार्य कराने के लिए राज्य वित्त से लगभग 80 मीटर खडंजा स्वीकृत हुआ था इस की धनराशि ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा बिना निर्माण कराए आहरित कर ली गई थी ग्रामीण रामकृपाल ने बताया कि जन सूचना अधिकार के तहत इसकी जानकारी विकास खंड कार्यालय से मांगी थी उसमें जानकारी मिली कि इस कार्य का भुगतान हो चुका है जबकि मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ था इस धांधली की शिकायत ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी से कर जांच कराए जाने की मांग की थी इसकी भनक लगते ही ग्राम प्रधान द्वारा खड़ंजा का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि पुरानी ईटों से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि गबन के मामले में ग्राम प्रधान व सचिव के अधिकार सीज किए जा चुके हैं तथा ग्राम पंचायत में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है ग्रामीणों ने इस प्रकरण की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# एडीजी ने खुद खड़े होकर करवाए चालान



चालान करवाते एडीजी, डीएम व एसपी।

**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रेमप्रकाश, जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने शुक्रवार को शहर के ट्राफिक चौराहा, बस स्टाप, पुरानी बाजार आदि विभिन्न मुख्य चौराहों पर औचक निरीक्षण कर बिना मास्क, हेलमेट तथा सीटबेल्ट के लोगों का चालान कराया। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक ने डीएम-एसपी से कहा कि प्रतिदिन औचक निरीक्षण कर पुलिस पर राजस्व के अधिकारियों को लगाकर मुख्य चौराहों पर जांच अभियान चलायें। ज्यादा से ज्यादा बिना मास्क, हेलमेट और सीटबेल्ट के वाहन चालकों का चालान करायें। लोगों से अपील किया कि कोरोना को देखते हुए सावधानी बरतें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर मास्क अवश्य लगायें। समय-समय पर साबुन से हाथ धोकर सैनेटाइजर का प्रयोग करें। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मऊ थानाध्यक्ष व पैरोकार ओवेश खान ने समय से गवाहों की पेशी कराकर संगीन मामले के आरोपी रामबहादुर उर्फ पुट्टल पुत्र फक्कड़ निवासी बरिया थाना मऊ को अदालत से दस वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के जुर्माना से दण्डित कराया। 18 मई 2018 को आरोपी ने रात दस बजे घर में घुसकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था। छुडाने के प्रयास में लात-घूसा व डंडों से पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी थी।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के 11 कर्मी मिले संक्रमित

**हमीरपुर।** जिले के 17 लोग कोरोना जंग जीतने के बाद अपने घर पहुंचे हैं। वहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वे के निर्माण में लगे ग्यारह कर्मचारियों कोरोना संक्रमित मिले। चौबीस घंटे के दौरान कुल 21 और लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई। वही एक साल के दुधमुंहे, 50 साल की उम्र पार कर चुके नौ लोगों सहित कुल 17 लोगों ने कोरोना को मात दे दी है। इन सभी को आज डिस्चार्ज कर दिया गया है। जिला महिला अस्पताल के 40 वर्षीय कर्मचारी में भी कोरोना की पुष्टि हुई है। इसी तरह कुरारा के 25 वर्षीय युवकए हुसैना गांव का 52 वर्षीय ग्रामीणए मौदहा तहसील के सुरौली बुजुर्ग का 60 वर्षीय वृद्धए सुमेरपुर का 27 वर्षीय युवक और 70 वर्षीय महिलाए राठ निवासी 53 वर्षीय अधेड़ए राठ के मराठीपुरा निवासी 28 वर्षीय युवतीए रीवन गांव की 66 वर्षीय वृद्धा व भरुआ सुमेरपुर के 24 वर्षीय युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। शुक्रवार को 17 मरीजों को कुरारा और सुमेरपुर के अस्पतालों से डिस्चार्ज किया गया है। एक मरीज को बांदा मेडिकल कॉलेज से छुट्टी मिली है। सुमेरपुर निवासी एक वर्षीय के मासूम बालक का होम आइसोलेशन पूरा हो चुका है। इसके अलावा जिन लोगों ने कोरोना को मात दी है उनमें नौ लोगों की उम्र 50 साल के पार है। जबकि सात मरीज 19 साल से लेकर 42 साल के बीच के हैं।

# भाजपा सरकार की नीतियों से किसानों और श्रमिकों की बदहाली बढ़ेगी: अनुज



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपाई।

**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अगुवाई में किसान एवं श्रमिक विरोधी विधेयकों को वापस लेने की मांग को लेकर सपाइयों ने पुलिस बल के साये में जुलूस निकालकर राज्यपाल संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अगुवाई में पुलिस बल के साये में सपाइयों ने किसान एवं श्रमिक विरोधी विधेयक को वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार किसान और श्रमिकों के हितों पर गहरा अघात कर रही है। इन नीतियों से कारपोरेट घरानों को लाभ होगा। किसानों व श्रमिकों की बद्हाली बढेगी। कृषि और किसान के साथ श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था संभालते हैं। उन्हें ही उत्पीडन का शिकार बनाया जा रहा है। समय रहते कृषि और श्रमिक कानूनों को वापस न लिया गया तो प्रदेश में खेती बर्बाद हो जायेगी और किसान बंधुआ मजदूर बनकर रह जायेंगे। भाजपा सरकार का रवैया पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। खेतों में किसानों का मालिकाना हक सरकार छीनना चाहती है। एमएसपी सुनिश्चित करने वाली मंडियां धीरे-धीरे खत्म हो जायेंगी। किसानों को उचित दाम नहीं मिलेगा। कृषि अध्यादेश के बाद भाजपा सरकार श्रमिक विरोधी विधेयक ले आई है। श्रमिक कानूनों में बदलाव के बाद श्रमिकों का शोषण करने का पूरा अधिकार फैक्टरी मालिकों को मिल जायेगा। नई व्यवस्था में तीन सौ से ज्यादा कर्मचारी वाली कम्पनी सरकार से मंजूरी लिए बिना जब चाहे कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर सकती है। अब फैक्टरी मालिकों के हाथ में छटनी का हथियार आ गया है। उसका दुरुपयोग कर कर्मचारी यूनियन नहीं बनने देगी। किसानों और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा को कृषि विधेयक तथा श्रम कानून वापस लिए जायें। इस मौके पर पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, मो गुलाब खां, अमर पटेल, फराज खां, सुभाष सिंह, चन्दन कोटार्य, राजकिशोर, राजीव लोचन त्रिपाठी, रमेश यादव, अम्बरीश सिंह आदि मौजूद रहे।

# सांसद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी बूथों पर पं. दीनदयाल की जयंती मनाई

**कन्नौज।** एकात्म मानववाद के महान चिंतक, अंत्योदय के प्रणेता युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 104वीं जयंती शुक्रवार को जनपद के सभी बूथों में मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने पं0 उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। पं. उपाध्याय की जयंती पर सांसद सुब्रत पाठक , प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत द्वारा कई बूथों पर पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिले, मंडल के पदाधिकारियो द्वारा 2 से 3 बूथों पर पहुंचकर दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण की जिम्मेदारी का निर्वहन किया। सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि भाजपा द्वारा प्रत्येक बूथ में मनाए जाने वाले 6 राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अंतर्गत आज भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा जनपद के प्रत्येक बूथ में पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन तथा संगोष्ठी के माध्यम से पंडित दीनदयाल की जयंती को मनाया गया है।

पंडित दीनदयाल जी की 104 वीं जयंती पर संगठन द्वारा अपेक्षित करणीय कार्य अंतर्गत भाजपा पदाधिकारियों द्वारा दो-दो , तीन-तीन बूथों में पहुंचकर उपाध्याय की जयंती को मनाते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। पं0 उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए जहां उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला वहीं उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी दोहराया । एकात्म मानववाद विचार दर्शन में व्यक्ति, परिवार, समाज , राष्ट्र और मानवता समाहित है। जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने यहां आयोजित संगोष्ठी में कहा कि राजनीतिक दल जनता के प्रतिनिधि के रूप में निर्मित किए जाते हैं । लोक शक्ति ही उनका आधार है । लोग ही राजनीतिक दलों के शिल्पी होते हैं और अपने राजनीतिक भविष्य का निर्माण करते हैं। अत: राजनीतिक दल केवल सत्ता के प्यासे लोगों का जमघट नहीं वरन वह ध्येयवादी, समर्पित एवं विशिष्ट विचारधारा के लिए प्रयत्नशील रहने वाले लोगों का सांघिक अस्तित्व एवं अनुशासित संगठन हुआ करता है।

## शहादत को नमन

# शहीद गोपाल शुक्ला की अन्त्येष्टि में उमड़ा जनसैलाब



शहीद को श्रद्धांजलि देते मंत्री व अन्य

**कन्नौज।** देश की सीमा पर सुरक्षा में तैनात कन्नौज जनपद के ठठिया थाना क्षेत्र निवासी वीर जवान गौरव शुक्ल के सर्वोच्च बलिदान को नमन करने के लिए शुक्रवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। पंचायतीराज मंत्री भूपेन्द्र चौधरी, सांसद सुब्रत पाठक ने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सेना की लद्दाख सीमा पर तैनात जिले के ठठिया थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मवैया सरसई निवासी गोपाल बाबू शुक्ला देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे। शुक्रवार को सेना के जवान व अधिकारी शहीद का शव लेकर उनके गांव पहुंचे। पंचायती राज मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, सांसद सुब्रत पाठक, विधायक अर्चना पाण्डेय, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व शहीद जवान को सेना व पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### पत्नी व मां को सौंपी गई 50 लाख की आर्थिक सहायता

**कन्नौज।** शहीद जवान के परिजनों को दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार की ओर से पंचायती राज मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सांत्वना दी। मंत्री ने शहीद की पत्नी आरजू को 35 लाख व माँ पुष्पा देवी को 15 लाख की आर्थिक सहायता सौंपी। मंत्री ने परिजनों को सभी प्रकार की सुविधाऐं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

### ● वक्ताओं ने उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों पर डाला प्रकाश

संवाददाता। सुलतानपुर


पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई

**भारतीय** जनता पार्टी ने एकात्म मानववाद के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 104 वीं जयंती जिले के 2118 बूथों व 372 सेक्टरों पर समर्पण दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनायी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की और उनके आदर्शों व सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि नगर के सुपर मार्केट स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर.ए.वर्मा की अगुवाई, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन तथा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा एवं शहर विधायक सूर्यभान सिंह की उपस्थित में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों व सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा कार्यालय परिसर में लालडिग्गी सेक्टर की गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा ने कहा पीएम मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय के सपने को साकार कर रही है। श्री मिश्रा ने कहा 70 सालों बाद आया किसान बिल किसानों को हर बंधन से मुक्त कर उनके विकास व खुशहाली के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्त्ता कांग्रेस, सपा- बसपा द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम का मुहतोड़ जबाब दे। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर. ए. वर्मा ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नमन करते हुए कहा कि पंडित जी का जीवन सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। डॉ वर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने एकात्म मानववाद व अन्तयोदय के विचारों से देश को एक प्रगतिशील विचारधारा दी। पंडित जी ने वैकल्पिक राजनीति की जो नींव रखी वो आज देश के गरीब, वंचित व शोषित वर्ग को विकास की मुख्य धारा में लाने का काम कर रही है।

## विकास कार्यों को दोगुनी गति से कराया जायेगाः अदिति सिंह

**रायबरेली( सं. )।** जनसंवाद कार्यक्रम के क्रम में सदर विधायक अदिति सिंह ने अमावां विकास खण्ड के गांव गढी खास, हरदासपुर, चकलोहराहार, सरावां, चौपुरा एवं नैकानी का पुरवा और नगर पालिका रायबरेली क्षेत्र के वार्ड न. 7 के मोहल्ला शीतला विहार व वार्ड न. 3 के मोहल्ला देवानन्दपुर का भ्रमण कर जनता का कुशलक्षेम पूछा। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान अदिति सिंह ने कहा कि वैश्विक कोरोना महामारी का दौर चल रहा है, इसमें हम सभी को अपनी - अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए अपने कार्यों को करना पड़ेगा। अदिति सिंह ने स्वीकार किया कि वैश्विक कोरोना महामारी में विकास कार्यों की गति प्रभावित हुई है, जिसकी प्रमुख वजह बजट का अभाव रहा है। जैसे ही सरकार द्वारा बजट प्राप्त होगा। विकास कार्यों को दोगुनी गति से कराया जायेगा। सदर विधायक ने बताया कि मौजूदा हालात के मद्देनजर मनरेगा, खाद्यान्न वितरण, पेन्शन, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के माध्यम से प्रदेश सरकार निम्न आय वर्ग का विशेष ध्यान रख रही है।

## कर्ज में डूबे किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता। खीरों, रायबरेली





**थाना क्षेत्र** के गाँव मोहनपुर मजरे लोदीपुर निवासी कर्ज में डूबे एक किसान ने शुक्रवार को तड़के लगभग 3 बजे अपने घर के अन्दर फाँसी लगाकर जान दे दिया। परिवारजनों के जागने पर घटना की जानकारी हुई तो शोर सुनकर दौड़े पड़ोसियों ने उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक किसान की पत्नी द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मोहनपुर निवासिनी कमलेश कुमारी ने बताया कि उसका पति शिव कुमार 42 वर्ष पुत्र महादेव यादव खेती करता था। उसने रनापुर पहरौली में स्थित बड़ौदा पूर्वी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण लिया था। फसल खराब हो जाने व बेसहारा मवेशियों द्वारा बर्बाद कर देने के कारण बैंक का ऋण अदा नहीं कर सका। इसी दौरान बीती 25 जून 2020 को उसने क्षेत्र के महाजनों से कर्ज लेकर अपनी बड़ी बेटी अमिता की शादी भी की थी। इस बार भी बेसहारा मवेशियों व बारिश व तेज हवा से बर्बाद हुई फसल के कारण ऋण अदा करने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। जिससे वह अक्सर तनाव में रहता था। गुरुवार की रात सभी परिवारीजन खाना खाकर सो गए। शुक्रवार को तड़के लगभग 3 बजे जब उसकी आँख खुली तो उसका पति शिव कुमार उसी की साड़ी से घर के अन्दर छत के कुंडे के सहारे लटकता हुआ दिखाई दिया। उसके शोर मचाने पर दौड़े पड़ोसियों व परिवारजनों ने उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना से पत्नी कमलेश कुमारी, बेटी अमिता, सविता, रिया और बेटे अभिषेक का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा घटना की तहरीर दी गई है। शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भारी बारिश ने किसानों के अरमानों पर फेरा पानी

**सुलतानपुर।** किसानों के अरमानों पर एक बार फिर प्रकृति ने पानी फेर दिया। मानसून की शुरुआत जून, जुलाई व अगस्त में अच्छी से बारिश हुई तो धान की फसल तैयार हो गई। सितंबर माह में किसान धान की अंतिम सिचाई के लिए मध्यम वर्षा की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन भारी बारिश व हवाओं ने अच्छे उत्पादन की उम्मीद ही खत्म कर दिया है। जिले के किसानों ने सोचा कि यह बरसात फसलों को संजीवनी देगी, लेकिन लेकिन तेज हवाओं ने धान की फसलों को जमीन में गिरा दिया। शुरूआती दौर में जहां किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे थे वहीं अब किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिच गई हैं। किसानों की जो बची उम्मीद थी वह भी टूट गई। बारिश के कहर से धान की उपज आधी रह जाने की आशंका है। फसल की वही प्रजातियां बच सकेगी जो देरी से रोपी गई है और जिनकी बढ़त अभी बहुत कम है। भदैंया ब्लाक के बालमपुर निवासी प्रगतिशील कृषक भोला सिंह ने बताया कि पूरे सीवान में अधिकतर धान की फसल जमीदोज हो गई है। व्यवहारिकता यह है कि गिरी फसलें पानी में पानी में पड़ी रहने से तीन दिन के भीतर सड़ जाती है। वहीं खरीफकी अन्य फसलों अरहर और तिल को भी बरसात से भारी नुकसान हुआ है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के मृदा विज्ञान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आरआर सिंह ने कहा कि भारी वर्षा के बावजूद समतल और जल निकासी की सुविधा वाले खेतों में पानी का जमाव कुछ दिनों में खत्म हो जाएगा और फसल को पनपने की स्थितियां बन जाएगी।

## सपा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया

संवाददाता। रायबरेली



**समाजवादी** पार्टी रायबरेली ने जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अगुवाई में किसानों एवं श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के लिए कृषि विधेयक एवं श्रम कानून को वापस लेने व राज्य में लागू न करने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष इ. वीरेन्द्र यादव, पूर्व विधायक सुरेन्द्र विक्रम सिंह, रामलाल अकेला, श्रीमती आशा किशोर, श्याम सुन्दर भारती, अरशद खान, श्रवण चौधरी, मुकेश रस्तोगी, ओ.पी. यादव, राजेश मौर्या, नीलू पाण्डेय, नारेन्द्र सिंह, चन्द्रराज पटेल, डा. आई. जावेद, जे.पी. यादव, देवेश यादव, शुभम सिंह, माताफेर सिंह, अरविन्द चौधरी आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इ. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पूंजीपतियों को नमन एवं किसानों को दमन और मजदूरों का शोषण एवं धन्ना सेठों का पोषण करना चाहती है। भाजपा सरकार देश के चन्द बड़े धन्ना सेठों के समक्ष नतमस्तक है। यह सरकार किसानों एवं मजदूरों की हितैषी नहीं है। इस अध्यादेश से बहुसंख्यक किसानों का भविष्य अंधकार में हो जायेगा। देश की 60 प्रतिशत आबादी की रोजी-रोटी किसानों और मजदूरों पर निर्भर है। भाजपा श्रमिकों के हितों की हत्या कर मालिकों को मलाई बांटने का काम कर रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा किसानों और श्रमिक वर्ग का मनोबल तोड़ने, उन्हें असहाय बनाने की साजिश में जुट गई है। इससे साबित हो गया है कि किसानों को फायदा पहुंचाने और श्रमिकों को रोजगार देने के उसके दावे सिर्फ सफेद झूठ हैं। इन कानूनों को वापस लिया जाना चाहिए। ऐसी झूठी और प्रपंच रचने वाली सरकार के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश है।

## छापेमारी कर बालश्रम से मुक्त कराए गए 17 बाल श्रमिक


बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए जाते टीम के सदस्य पायनियर

**गोंडा।** शुक्रवार को श्रम विभाग,एन्टी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट व चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम उन्मूलन अभियान के अंतर्गत जानकी नगर स्थित एक बेकरी की दुकान पर छापा मारकर 15 बाल किशोरों व गुरुनानक चौक स्थित एक होटल से 2 बालकों को कार्य से मुक्त कराया गया। श्रम प्रर्वतन अधिककारी योगेश दीक्षित ने बताया कि सभी बालकों, किशोरों का चिकित्सकीय परीक्षण व कोरोना टेस्ट कराकर बाल कल्याण समिति गोंडा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात नियोजकों के विरूद्ध बालश्रम उन्मूलन अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। छापेमारी की संयुक्त टीम में टीआरपी (नया सवेरा) चंद्रेश यादव व सहाब अहमद, एन्टी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट कार्यालय पुलिस अधीक्षक से सब इन्सपेक्टर देवेंद्र प्रसाद तिवारी, सब इन्सपेक्टर अवधेश पाण्डेय, हेड कास्टेबल जीतन प्रसाद यादव ,कास्टेबल चंद्रशेखर यादव महिला कानिस्टेबल बबिता सिंह व चाइल्ड लाइन के आशीष मिश्रा, महिला कल्याण अधिकारी फरहाना फातिमा व जिला बाल संरक्षण इकाई से जितेंद्र मिश्रा सम्मिलित थे।

## करोड़ों के बकाया बिल की वसूली के लिए विजिलेंस टीम चलाएगी छापेमारी अभियान

**सुलतानपुर।** जिले के उपकेंद्रों पर बिजली उपभोक्ताओं का 644 करोड़ रुपये बिजली का बिल बकाया है। इसके लिए राजस्व वसूली के साथ ही कनेक्शन काटने की कार्रवाई का खाका तैयार किया गया है। कनेक्शन लेने के बाद एक बार भी बिल न जमा करने वालों के घर विजिलेंस टीम छापा भी मारेगी। विभाग ने उन सभी उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर ली है, जिन पर जल्द कार्रवाई होनी है। जिले के सभी उपकेंद्रों पर कुल तीन लाख 42 हजार 828 बिजली कनेक्शन हैं, जिसमें दो लाख 39 हजार 236 बकाएदार हैं। बिल न जमा करने वालों में ज्यादातर पर दस हजार या फिर उससे भी अधिक का बकाया है। कुल 644 करोड़ की वसूली के लिए विभाग ने कई बार प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। एकमुश्त व किश्त समाधान योजना के तहत दी गई सहूलियतों के बाद भी बिल अदायगी के लिए उपभोक्ताओं ने दिलचस्पी नहीं दिखाई।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी समस्याएं



### ● सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मास्क लगाने की अपील

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन के दौरान आये हुए एक-एक फरियादियों समस्याओं को सुना और उसका ससमय निस्तारण का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आये से फरियादियों से अपील की कि कोविड-19 संक्रमण से बचने के लिये सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते रहें व मास्क अवश्य पहनें तथा अपने घरों में साफ-सफाई व सेनेटाइजेशन पर नियमित रूप ध्यान रखें। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए प्रत्येक व्यक्तियों का कोरोना वायरस टेस्ट कराने के उपरांत उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) हर्षदेव पाण्डेय सहित फरियादीगण उपस्थित रहे।

## भरभराकर मलबे में तब्दील हुआ आशियाना,बेघर हुआ परिवार

**शिवगढ़ ( रायबरेली )।** सूबे की योगी सरकार गरीब पात्रों को आवास मुहैया कराने के दावे तो बड़े-बड़े करती है किन्तु जमीनी हकीकत कुछ और है। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते गरीब पात्रों को आजादी के 72 वर्ष बाद भी छत नसीब नही हो पा रही है। आपात्रों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और पात्र योजनाओं के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। अफसोस इस बात का है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के कान पर जू तक नहीं रेंगती। मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरों का है। जहां रहने वाले मनोज कुमार पुत्र परीलाल के पूर्वजों की पीढ़ियां बीत गई किंतु गरीबी के चलते उन्हें पक्की छत नसीब नही हो सकी। वहीं पिछले 16 वर्षों से कच्चे जर्जर मकान में पत्नी राजकुमारी के साथ रह रहे मनोज कुमार ने ग्राम प्रधान से लेकर खण्ड विकास अधिकारी तक आवास के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिए किन्तु किसी ने इस गरीब परिवार के प्रार्थना पत्र पर ध्यान नही दिया। बारिश दिनों में मकान गिरने के डर से पीड़ित मनोज कुमार अपनी पत्नी राजकुमारी, 15 वर्षीय बेटे करन, 11 वर्षीय पुत्री पिंकी, 4 वर्षीय राधिका के साथ भोजन करने के पश्चात हमेशा खरफूस की बनी झोपड़ी के नीचे पड़ी एक चारपाई पर बैठकर अथवा लेटकर किसी तरह रात काटता था। आखिर वहीं हुआ जिस बात का डर था बृहस्पतिवार की देर शाम मनोज कुमार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ भोजन करने के पश्चात परिवार के साथ जैसे ही झोपड़ी के नीचे गया मनोज का पूरा कच्चा आशियाना भरभरा कर मलबे में तब्दील हो गया। बताते यदि मनोज का परिवार 5 मिनट भी लेट हो जाता तो जो भयावह मंजर होता उसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। बारिश के कहर से गिरे आशियाने के नीचे दबकर मनोज की पूरी गृहस्थी, खाने का सामान एवं कपड़े चौपट हो गए।

## आवास योजना में अपात्रों से हुई रिकवरी

संवाददाता। गोंडा

### ● प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गरीबों को मिला आशियाना

**सरकार** द्वारा गरीबों के आर्थिक व सामाजिक उन्नयन हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन के साथ ही एक अदद छत से वंचित गरीबों को आशियाना देनें का भी काम किया जा रहा है। ऐसे गरीब जिनके रहने का कोई ठिकाना नहीं था उन्हें सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आच्छादित कर आवास योजना का लाभ दिया गया है। इसके साथ ही अभी भी पात्रता श्रेणी में आने वाले आवास विहीन गरीबों को आवास मुहैया कराने के लिए आवास प्लस योजना के तहत सर्वे कार्य कराया जा रहा है। बीते चार वित्तीय वर्षों में जनपद के 37421 लाभार्थियों को आवास योजना से लाभान्वित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि वित्तीय कि 2016-17 में 14663, वर्ष 2017-18 में 10917, वर्ष 2018-19 में 10853 तथा वर्ष 2019-20 में 988 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभान्वित करने का काम हुआ। उन्होंने बताया कि जांच में 37521 लाभार्थियों में 1727 लाभार्थी ऐसे भी पाए गए जो कि पात्रता श्रेणी में नहीं आते थे, और उन्होंने गलत तरीके से योजना का लाभ ले लिया था, उनसे आवास योजना के तहत जारी की गई धनराशि की वसूली भी की गई। इस प्रकार पात्रता परीक्षण में 35694 लाभार्थी पात्र पाए गए जिन्हें आवास योजना का वास्तविक लाभ मिला। उन्होंने बताया कि 35694 लाभार्थियायें में से अब मात्र 160 ऐसे लाभार्थी बचें हैं जिनका आवास अभी बनकर पूर्ण नहीं हुआ है, शेष सभी आवास पूरी तरह से बनकर प्रयोग किए जा रहे हैं। पीडी डीआरडीए सेवाराम चौधरी ने बताया कि ऐसे आवास विहीन गरीब जिन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला, उनका सर्वे आवास प्लस योजना के तहत कराया जा रहा है। जिले में कुल 01 लाख 01 हजार 907 लोगों का पंजीकरण हुआ जिसमें पंजीकरण के सापेक्ष पात्रता की जांच कराने पर 33 हजार 373 लाभार्थी गुरूवार तक कराई गई जांच में अपात्र पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि शेष 68534 लाभार्थियों की पात्रता का सत्यापन अभी कराया जा रहा है तथा शासन की मंशानुसार वास्तव में हर आवास विहीन व्यक्ति को आवास योजना से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवास हेतु पंजीकरण में ब्लॉक मुजेहना में 4527, झंझरी में 3730, मनकापुर में 4568, पण्डरीकृपाल में 3427, नवाबगंज में 16030, वजीरगंज में 3512, इटियाथोक में 3647, बेलसर में 12693, तरबगंज में 10951, रूपईडीह में 7915, कटरा बाजार में 5623, करनैलगंज में 8558, हलधरमऊ 4815, बभनजोत में 5023 छपिया में 2354 तथा विकास खण्ड परसपुर में 4534 लोगों सहित कुल 01 लाख 01 हजार 907 लोगों ने आवास हेतु पंजीकरण कराया।

उन्होंने बताया कि सरकार की मंशानुसार कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहने पाये, इसके लिए पात्रता का परीक्षण कराया जा रहा है।

## एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक से तलब की जमीन कब्जे की रिपोर्ट

**करनैलगंज-गोंडा।** करनैलगंज नगर के सिख गुरुद्वारा की जमीन को जबरिया कब्जा करने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस संबंध में गुरुद्वारा प्रधान की शिकायत पर एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक से मामले की रिपोर्ट तलब की है। करनैलगंज श्री गुरुद्वारा कमेटी के सरदार हरजीत सिंह का कहना है कि गुरुद्वारा भवन के पीछे गुरुद्वारा की जमीन खाली पड़ी थी और उसी जमीन से सटी नजूल जमीन थी। कुछ लोगों ने पहले नजूल जमीन को कब्जे में लिया और उसके बाद गुरुद्वारा की खाली पड़ी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर रहे हैं। जिसके बारे में पूर्व में भी अधिकारियों को अवगत कराते हुए शिकायती पत्र दिया गया था। जिसपर कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब गुरुद्वारा की जमीन को कब्जे में लेने का प्रयास तेजी से हो रहा है। मामले में एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक से रिपोर्ट तलब की है और मौके पर नजूल जमीन और गुरुद्वारे की जमीन की पैमाइश करके करने को भी कहा है। उधर गुरद्वारा की भूमि पर कब्जे का मामला तेजी से तूल पकड़ रहा है।

## क्विक न्यूज

### भाजपाइयों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को किया याद

**करनैलगंज-गोंडा।** स्थानीय कादीपुर हनुमान मंदिर, रिशाला गुमटी, कुम्हरगड्डी, बस स्टाप एवं सकरौरा के विभिन्न बूथों पर भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन चरित्र के बारे में स्मरण किया गया। इस दौरान जिला कार्यसमिति सदस्य श्रीराम सोनी, मेवाराम त्रिपाठी, चंद्र कुमार शर्मा, आईटी जिला सहसंयोजक आशीष सोनी, रामकुमार मौर्या, सचिन गुप्ता, शिवा मौर्या, क्षेमेश्वर पाठक, अमित विक्रम शर्मा, अवधेश सिंह, राजेश मिश्रा, अंकित गोस्वामी, शिवकुमार, नरेन्द्र सोनी, मुंशीलाल, अवनीश सोनी, गनेश मिश्रा, अर्जुन मौर्या सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर एकात्म मानववाद के प्रणेता व महान चिंतक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर नारायन पुर माझा बूथ पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। बूथ अध्यक्ष कुंज बिहारी शुक्ला, अनिल कुमार शुक्ला, मुकेश कुमार वैश्य, दु:ख हरण सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पं. दीनदयाल के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चिन्तक संगठनकर्ता, भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की जयन्ती के अवसर पर भाजपा जिले के सभी 2256 बूथों पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण करके उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हुए मनाया गया। लालगंज मण्डल में रामदेव पाल द्वारा बूथ सं0 235, 236, 237, पर पं0 दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देष को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेषित विचार धारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सषक्त भारत चाहते थे, इस अवसर पर जिला महामंत्री दिनेष त्रिपाठी, षरद सिंह, सरोज गौतम, जिला उपाध्यक्ष दलबहादुर सिंह, देवेन्द्र सिंह, जिलामंत्री विवेक षुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी विजय बाजपेई, नगर अध्यक्ष प्रथम अखिलेष तिवारी, सभासद विष्वप्रकाष पाठक, बूथ अध्यक्ष विमल मिश्रा, नितिन गौढ़ दीपू सिंह बीनू सिंह, पूर्णिमा सिंह, अनुभव मिश्रा, अंकुष दीक्षित, विषाल सिंह सहित जिले के सभी अध्यक्षों ने अपने-अपने मण्डलों पर कार्यक्रम को मनाया। सदर बिधान सभा मंडल अमावा के सेक्टर समरहदा बूथ संखया 22 23 24 25 नन्दा का पुरवा तथा सेक्टर मैनूपुर बूथ संखया 44 52 53आदि बूथोमे अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता श्रध्देय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर सभी बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओ के साथ पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत

**करनैलगंज-गोंडा।** बिजली विभाग की लापरवाही से हादसों का सिलसिला लगातार चल रहा है। शुक्रवार को करंट की चपेट में आकर एक भैंस झुलस कर मौके पर ही मर गई। बताया जा रहा है कि 11 हजार वोल्ट का तार खंभे से नीचे लटक रहा था। बगल से निकल रहे जानवरों के झुंड में एक भैंस को करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामला क्षेत्र थाना परसपुर के ग्राम बहूवन मदार माझा प्राथमिक विद्यालय के पास का है। गांव के रास्ते के किनारे लगे बिजली के खंभे से तार लटक रहा था। जो खेत मे बैरीकेटिंग लोहे के तार से टच था। बिजली का तार खेत के बाउंड्री वाले तार से टच था। जिससे चिपक कर गांव के वंशराज की भैंस की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर ग्राम लेखपाल व पुलिस कर्मी पहुंच गए।

### सपाइयों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव के नेतृत्व में मांगों से संबंधित ज्ञापन सपाइयों ने जिला प्रशासन के द्वारा राज्यपाल को भेजा। सपा नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों से किसान और श्रमिकों को गहरा आघात लगा है। अन्नदाता परेशान है, खेती किसानी चौपट हो रही है। देश की सम्पदा को निजी क्षेत्र में सौंप देने से रोजगार की समस्याएं तेजी से बढ़ेगी और देश की जनता पर इसका गलत असर पड़ेगा। सपाइयों ने ज्ञापन के जरिए भाजपा सरकार की अन्य नीतियों को भी जनविरोधी करार देते हुए विधेयक और श्रम कानूनों को वापस लेने और प्रदेश में न लागू करने की मांग की है। ज्ञापन भेजने वालों में पूर्व विधायक अरुण वर्मा, जिला महासचिव सलाहुद्दीन, सांसद प्रतिनिधि, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, परमात्मा यादव, मनोज अग्रवाल, सुनील चौरसिया, राजू चौधरी, सुरेन्द्र यादव आदि शामिल रहे।

### पूर्ति कार्यालय में भीग रहे कागजात

**कादीपुर, सुलतानपुर।** लगातार बारिश होने के चलते तहसील स्थित पूर्ति कार्यालय के जर्जर भवन की छतों की स्थिति बदहाल हो गई है। छत से पानी टपक रहा है। हालात यह हो गए हैं बारिश से जरूरी कागजात भी पानी में भीग जाते हैं।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने बीडीओ को दिया ज्ञापन

**बछरावां रायबरेली।** वामपंथी दलों व किसान संगठनों के राष्ट्रीय आवाहन पर आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी रायबरेली ने प्रतिरोध दिवस मनाया। वही प्रतिरोध करते हैं खंड विकोस अधिकारी बछरावां रायबरेली के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय को अपना ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में अपनी मांगे रखी की संसद में पास हुए किसान विरोधी तीनों कानून वापस लिए जाएं क्योंकि तीनों कानूनों पर हस्ताक्षर न करने का अधिकार आपको है वही देश में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए किसानों की सभी प्रकार के ऋण माफकिए जाए। किसानों की लागत मूल्य का दो गुना फसल का दाम दिया जाए।

# समय से स्कूल नहीं जाने वाले गुरुजी होंगे निलंबित

## नियम विरुद्ध कार्य करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई

## बीएसए कार्यालय को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाएगाः बीएसए

**संवाददाता** । बस्ती

**तेजतर्रार** माने जाने वाले नवागत बीएसए जगदीश शुक्ल ने स्पष्ट किया कि वह जब तक कुर्सी पर हैं, किसी की मनमानी नहीं होने देंगे। एक भी काम नियम विरुद्व नहीं होगा। अगर किसी खंड शिक्षा अधिकारी ने ऐसा करने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। समय से या स्कूल न जाने वाले गुरुजी लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने अपने आदतों में सुधार नहीं किया तो निलंबित होने के लिए तैयार रहे। यही चेतावनी उन्होंने कार्यालय में लेटलतीफ कर्मियों को भी दी है। कहा कि हर हाल में साढ़े नौ बजे कर्मियों को कुर्सी पर बैठ जाना होगा। बात-बात में दरी बिछाने वाले शिक्षक नेताओं को भी नसीहत देते हुए कहा कि वह जहां भी रहे हैं, एक भी बेवजह धरना प्रदर्शन होने नहीं दिया और अगर किसी नेता ने करने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया। बीएसए ने कहा कि वह किसी भी कीमत में न तो शिक्षा का और ना कार्यालय का माहौल खराब होने देंगे। अगर अगर किसी को कोई समस्या है तो वह स्कूल बंद होने के बाद उनसे स्वंय मिल सकते है।

शिक्षक नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए माने जाने वाले नवागत बीएसए जगदीश शुक्ल कहते हैं कि वह चार साल महराजगंज और छह माह संतकबीरनगर में बीएसए रह चुके हैं, मगर उन्होंने कभी भी शासनादेश के विरुद्व कार्य नहीं किया और न किसी राजनेता और अधिकारियों के दबाव में आकर कोई काम किया, और न करने दिया।

कहते हैं कि सरकार षिक्षकों को वेतन के रुप में भारी भरकम धनराषि खर्च कर रही है, अगर यही शिक्षक स्कूल न जाकर राजनीति करेंगे तो उसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उनका और सरकार का मकसद स्कूलों में शिक्षा का बेहतर माहौल बनाना है।

# कांग्रेसियों ने कृषि बिल के विरोध में निकाला मार्च



**संवाददाता** । मिर्जापुर

**भारत** बंद कार्यक्रम के समर्थन में जनपद के विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं किसान भाइयों को साथ में लेकर पैदल मार्च कर बिल का विरोध किया गया। इसमें मुख्य रूप से अदलहाट बाजार में जिला कांग्रेस कमेटी मिर्जापुर के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल के नेतृत्व में पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी तरह से चुनार नगर, पाहो बाजार एकछवा बाजार, पूरजागिर चौराहा, मिर्जापुर नगर, अहरौरा नगरए मड़िहान बाजार, हालिया में गड़बड़ा धाम, इत्यादि जगहों पर कांग्रेस के पदाधिकारी सम्मानित कार्यकर्ता एवं सम्मानित किसानों के साथ पैदल मार्च निकालकर ने अध्यादेश कानून 2020 का विरोध किया गया।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से राज्यसभा में बिल को पारित किया गया वह भारत के इतिहास में पहली बार हुआ जिसमें भारतीय संविधान को भी अपमानित किया गया। जबकि सरकार इस बिल को किसान के फायदेमंद बता रही है तो किसानों से बात क्यों नही किया गया या किया जा रहा है। यह बिल पूरी तरह से उद्योगपतियों के हिट में है क्योंकि सरकार द्वारा डैच का भी निर्धारण को लेकर भी बिल में बात नहीं की गयी है। इसलिए हम सभी लोग इस बिल का विरोध करते हुए सरकार से अनुग्रह करते है कि इस पर पुनः विचार कर किसानों के हित का ख्याल रखा जाये।

कांग्रेस पार्टी किसान विधेयक बिल का देश व प्रदेश में बड़ी प्रबलता के साथ विरोध किया जा रहा है। इसी के तहत उप्र कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव कमलेश दूबे ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा किसान विरोधी बिल को पारित किया गया है। जिससे किसान प्रदेश व जिले के पूंजीपतियों का गुलाम बनकर रह जायेगा।

जिला सचिव मनीष दूबे ने कहा कि प्रदेश व जिले के किसानों के हितो की रक्षा की जाए। कांग्रेस पार्टी के लोग इस विधेयक व काले कानून का पुरजोर विरोध करते है और निरन्तर लड़ाई लड़ते रहेगे।

# सपाइयों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन



**संतकबीरनगर**। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गौहर अली खां के नेतृत्व में सपाइयों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए किसान बिल एवं श्रम विधेयक का विरोध करते हुए राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। सपाईयो ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि किसान विरोधी विधेयक का विरोध वापस लेने तक जारी रहेगा। किसानों, गरीबो, मजदूरों पर अत्याचार रुक नहीं रहा है। तानाशाह सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता सबक सिखाने का कार्य करेगी। ज्ञापन देने वालों में श्याम जी विश्वकर्मा, सपा युवा नेता एखलाक अहमद, दीनानाथ चौधरी, अर्जुन, प्रदीप सिंह सिसोदिया, मुहम्मद अहमद, मनोहर सिंह, राजमन यादव, रामनाथ चौरसिया, पूर्व मंत्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद, ब्लाक प्रमुख खलीलाबाद मनोज राय, पूर्व सांसद सुरेन्द्र यादव, सोनू यादव, शैलेन्द्र यादव, कौशल कुमार चौधरी, रमेश चन्द्र यादव, चन्द्र भूषण पाण्डेय, कोमल यादव, पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, जावेद अहमद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, लोरिक यादव, केडी यादव, कोमल यादव, अजीम खान सहित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# समाजवादी पार्टी ने कृषि बिलों का किया विरोध



**मिर्जापुर**। समाजवादी पार्टी मीरजापुर के एक प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर केन्द्र सरकार के किसानों व श्रमिकों के खिलाफ बनाए जा रहे है काले कानून का कड़ा विरोध दर्ज कराया व इस काले कानून को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों के हितों की अनदेखी करने वाले कृषि विधेयक उनके हित को बुरी तरह प्रभावित करेंगे। वर्तमान सरकार व्यापारिक व बड़े घरानों की गोद में बैठकर किसानों, नौजवानों य मजदूरों के अहित में फैसले लेकर कानून बना रही है। समाजवादी पार्टी इस विधेयक व काले कानून का पुरजोर विरोध करती है और आम जनमानस के लिए निरन्तर संघर्षरत रहे है और रहेंगे। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ,पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, शिवशंकर सिंह यादव, मुन्नी यादव, जगदम्बा सिंह पटेल, सुरेन्द्र सिंह पटेल, अशोक यादव, सुभाष पटेल, रोहित शुक्ला, आनन्द त्रिपाठी, संजय यादव, जवाहरलाल मौर्या, नसीम कुरैशी, अभय यादय, सलीम बादशाह, बब्बूलाल यादव, रमेश ओझा, राकेश यादव, मोती पासी आदि लोग रहे ।

## भाकियू ने प्रदर्शन कर सौंपा मांग पत्र



**संतकबीरनगर**। भारतीय किसान यूनियन (भारत का किसान संगठन) के जिलाध्यक्ष पंडित जनार्दन मिश्रा के नेतृत्व में भाकियू नेताओं ने किसान बिल विधेयक के विरोध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रहा। भाकियू नेताओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान बिल विधेयक पारित कर देश के किसानों के साथ अन्याय किया है और इसकी लड़ाई अनवरत जारी रहेगा। उन्होने अपना मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा है। ज्ञापन देने वालो में सुभाष चन्द्र किससान, अनुप चौधरी, राम केवल वर्मा, रमाशंकर यादव, दयाराम विश्वकर्मा, शंकर, मुनु प्रसाद, रामाज्ञा चौधरी, सुग्रीम चौधरी, अशोक कुमार मिश्रा, चन्द्रिका प्रसाद, राम सागर चौधरी, अवध कुमार, रूद्र प्रसाद मौय्र, राकेश भास्कर, पन्नेलाल सहित भाकियू नेता शामिल रहे।

# सीडीओ ने किशोरियों को दिए सेनेटरी पैड के साथ पोषण किट



**संवाददाता** । बस्ती

**राष्ट्रीय** पोषण माह सिंतबर मनाया जा रहा है। शुक्रवार को विकास भवन के सभागार में सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने 11 से 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को पोषण किट वितरित किया। जिसमें सेनेटरी पैड, आयरन की गोलियां, चना और गुड़ सहित अन्य पौष्टिक सामग्री शामिल है। सीडीओ ने किषोरियों और उनके माताओं से कहा कि वह बाहर का खाद्य पदार्थ और जंक फूड का सेवन कत्तई ना करें। क्यों कि यह खाद्य पदार्थ शरीर को तो नुकसान करती ही है, साथ ही कई बीमारी का कारण भी बनता है। कहा कि अगर बालिकाएं किशोरावस्था से ही अपने स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखें तो उनको भविष्य में गर्भावस्था तथा उनके बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सकता है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ कप्तानगंज, रामनगर, स्काउड गाइड, रेडक्रास सोसायटी के सचिव कुलवंत सिंह मजहबी और इनरव्हील क्लब सहित अन्य मौजूद रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए नपा ने बनाया प्लान

**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**नगरीय** क्षेत्र में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान चलाये जाने से पहले जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देशन में नगर पालिका कार्यालय में बैठक कर रूपरेखा बनाया गया। विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के नगर पालिका खलीलाबाद प्रशासन नगरीय क्षेत्र के समस्त वार्डो में विशेष साफ- सफाई अभियान के अलावा ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, फागिंग कराये जाने के लिए रूपरेखा तैयार किया है। इसके अलावा जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार भी कराया जायेगा। बैठक में सफाई इंचार्ज पंकज कुमार, जिला समन्वयक शनि, सभासद विनोद जायसवाल, कर अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव, शंकर चौहान, सुनील प्रजापति, सफाई नायक नवी अहमद, श्रवन कुमार, बृजनन्दन, सुधीर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अंकों की गणित में किन्नरों को मिलेगी आवास में प्राथमिकता

## अंकों के आधार पर होगा प्रधानमंत्री आवास प्लस के लाभार्थियों का चयन

**संवाददाता** । बस्ती

**सरकार** प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना को पूरी तरह पारदर्शी बनाने का प्रयास कर रही है। पात्र और अपात्रों के चयन में इस बात का विषेष ध्यान रखा जा रहा है कि कोई पात्र ना छूटने पाए और किसी अपात्र को आवास न मिलने पाए। इसी को जिले के 73 जिला स्तरीय अधिकारियों को लगाया गया है, ताकि कोई पात्र न छूटने पाए। पहली बार सरकार ने पहले आओ पहले पाओ की प्रथा को समाप्त कर अंकों के आधार पर चयन करने का फार्मूला अपनाया है। अकों के लिए पांच मानक निर्धारित किए गए हैं, अगर कोई किसी लाभार्थी को पांच अंक मिलता है, तो पहले आवास आवंटित किया जाएगा, और अगर कहीं पांच लाभार्थियों का अंक समान होता है, तो ऐसी दषा में प्राथमिकता तय किया गया है। पहली प्राथमिकता षहीद परिवार, दूसरी कुष्ठ रोगी, कैंसर एवं एचआईवी, तीसरी इकलौती बेटी वाला परिवार, चौथा बनवासी और पांचवां किन्नर को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना ग्रामीण में कुल 88861 लाभार्थियों की सूची बनी। सरकार ने लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए धन देने से पहले पात्र और अपात्रों का सत्यापन कराया। सत्यापन और डिलिषन करने का जिम्मा पहली बार सेक्रेटरी को मिला। सत्यापन के बाद 22500 अपात्र मिले। इसके बाद जिले भर के 73 अधिकारियों को इस लिए इस कार्य में लगाया गया कि कहीं कोई पात्र ना छूट जाए। डीआरडीए के पीडी आरपी सिंह ने बताया कि डिलीषन के बाद 66361 लाभार्थियों का पहले आधार कार्ड को फीड कराना और उसके बाद सभी का मनरेगा में जॉब कार्ड बनाया जा रहा है, ताकि उन्हें आवास निर्माण में काम करने के लिए 90 दिन की मजदूरी दी जा सके। बताया कि इसमें कुछ तकनीकी दिक्कतें आ रही है। दो अक्टूबर 20 को प्रधानमंत्री के द्वारा सभी पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिया जाएगा।

## टास्क फोर्स सीखड़ में बैठक सम्पन्न

**संवाददाता** । मिर्जापुर

**बेटी** बचाओ बेटी पढाओ के अंतर्गत जिले के विकास खण्ड सीखड़ में टास्क फोर्स कि बैठक आहुत हुई। जिसमें प्रमुख रूप से महिला कल्याण अधिकारी व ममता संस्था से यूनिसेफ कन्सलटेंट डाक्टर प्रीति वर्मा द्वारा कन्या सुमंगला योजना व संचालित योजनाओं, बाल संरक्षण सेवाएं स्पांसरशिप, फास्टर केयर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्याए दत्तक ग्रहणए वन स्टाप सेंटर के साथ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत इस प्रकार के कृत्यों पर रोकथाम एवं साथ ही ग्राम स्तर पर भी टास्क फोर्स का गठन कर उपरोक्त विषयों पर कार्यवाही करने के लिए चर्चा कर ज़मीनी स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए चर्चा किया गया।

# विधायक जय ने बूथ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

**संवाददाता** । संतकबीरनगर



**भारतीय** जनता पार्टी नगर इकाई द्वारा एकात्म मानववाद के प्रेरणा स्रोत महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जयंती खलीलाबाद के बगहिया बूथ नंबर 390 391,392 पर मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में खलीलाबाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे उपस्थित रहे। उन्होंने दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद अंत्योदय के प्रणेता जिन्होंने देश की गरीब जनता तक कोई भूखा ना सोए हर तन पर कपड़ा हो और सभी के घर में खाने को अन्न की व्यवस्था हो इसी सोच के साथ उन्होंने अपना सारा जीवन अर्पित कर दिया देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई ने अंत्योदय कार्ड योजना के तहत गरीब व्यक्तियों को मुफ्त राशन पहुंचाने का कार्य किया और आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों को मुफ्त बिजली कनेक्शन मुफ्त आवास मुफ्त उज्जवला गैस कनेक्शन एवं तमाम ऐसी योजनाएं देने का कार्य किया आज हम लोग ऐसे ऋषि तपस्वी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। जिन्होंने अपना सारा जीवन जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह ने की कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री विवेकानंद वर्मा, निरंजन लोहिया, प्रशांत मिश्रा, मुरलीधर जायसवाल, हिमांशु राय, विष्णु मिश्रा, घनश्याम दास बिरला, बलराम गुप्ता, नागेश सैनी, विनोद कुमार, अंगद चौहान सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आज मनाया जाएगा गर्भ निरोधक दिवस

**सोनभद्र**। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज गर्भ निरोधक दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी जहां परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे वहीं जिले के सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर स्टाल लगाकर गर्भनिरोधक संसाधनों के बारे में जानकारी प्रदान कर उसका वितरण किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक लाभार्थी इसका लाभ उठा सकें। परिवार नियोजन के नोडल व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव ने बताया कि आज गर्भ निरोधक दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी करते हुए स्वास्थ्य कर्मी सहित आशा व एएनएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कि इस करोना काल में अधिकाधिक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधनों से लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने बताया कि गर्भ निरोधक दिवस पर जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों समेत सब सेंटर लेवल पर स्टाल लगाकर परिवार नियोजन के अस्थाई संसाधनों जैसे छाया गोली,अंतरा इंजेक्शन, माला एन, पीपीआईयूसीडी कंडोम आदि के बारे में जानकारी प्रदान कर लाभार्थियों को उसका वितरण भी किया जाएगा । डॉक्टर आर जी यादव के मुताबिक कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए स्वास्थ्य कर्मी मुंह पर मास्क और दो गज की दूरी बनाकर परिवार नियोजन के विभिन्न संसाधनों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## हकीकुल्लाह सहित दर्जनों ने कांग्रेस का दामन थामा

**संतकबीरनगर**। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हकीकुल्लाह शाह एवं प्रदेश सचिव किताबुल्लाह खां का स्वागत कांग्रेसियो ने जोरदार किया। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता को ग्रहण किया। सभी सदस्यों का जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेसियो ने खलीलाबाद शहर में पैदल मार्च कर किसान बिल का विरोध जताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र की सरकार देश के किसानो की हत्या करना चाहती है लेकिन कांग्रेस पार्टी किसान बिल विधेयक का विरोध करती रहेगी।

# ढूढ़े नहीं मिल रहे पॉजिटिव मरीज

**संवाददाता** । बस्ती

**पॉजिटिव** आए गैर जनपद के लोगों को ट्रेस करना स्वास्थ्य प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। कई ऐसे मामले आए जहां गैर जनपद के लोगों की एंटीजेन से कोविड-19 की जांच की गई। जांच में पाजिटिव आने के बाद वे ढूढ़े से नहीं मिल रहे है। वहीं बिना होम आइसोलेशन प्राविधान के 60 वर्ष से अधिक उम्र के कोमार्विड मरीजों द्वारा जबरन होम आइसोलेट रहने का मामला संज्ञान में आया। इसे गंभीरता से लेते हुए डीएम आशुतोष निरंजन ने एसपी को सूचना देते हुए उसे ट्रेस कर यथोचित स्थान पर शिफ्ट कराए जाने और जहां उसका सैम्पल लिया गया उस नूर हास्पिटल को नोटिस भेजे जाने, जबरिया होम आइसोलेट रहने वालों की सूचना पुलिस को देते हुए यथोचित हास्पिटल में शिफ्ट कराए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि दूसरे जिलों के व्यक्ति की एंटीजेन जांच नहीं की जाए। जिसकी जांच की जाए उसका आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर जरूर लिया जाए। कारण यदि कोई पाजिटिव व्यक्ति भाग जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है तो ऐसे में असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। कोविड-19 महामारी के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के सम्बन्ध में विकास भवन स्थित एकीकृत कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेंटर में हुई बैठक में नए केसों की शिफ्टिंग, डिस्चार्ज केसो,एल-3 ओपेक हास्पिटल कैली में भर्ती गंभीर मरीजो, सैम्पलिंग, होम आइसोलेटेड मरीजों, कान्ट्रैक्ट ट्रेसिंग, प्रशासनिक मददों की समीक्षा की गई। गुरूवार की देर शाम हुई समीक्षा बैठक में एसीएमओ डा. एफहुसैन ने 37 नए पाजिटिव केस मिलने की जानकारी दी । इनमें 22 होम आइसोलेशन, छह केस अन्य जनपद और एक केस अनट्रेस है। अनट्रेस्ड केस शहरी क्षेत्र का है। दो -तीन बार मोबाइल नम्बर पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन स्वीच आफमिला।

# पं. दीनदयाल का पूरा जीवन राष्ट्र समर्पित रहाः चौबे



## भाजपा ने 1475 बूथों पर मनाई पं. दीनदयाल की 104वीं जयन्ती

**संवाददाता** । सोनभद्र

**प्रखर** राष्ट्रवादी, कुशल संगठन कर्ता अन्त्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पथ प्रदर्शक पं. दीनदयाल उपाध्याय के 104वीं जयन्ती भारतीय जनता पार्टी ने 1475 बूथों पर बड़े धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया। और दीनदयाल के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एक प्रखर राष्ट्रवादी कुशल संगठनकर्ता थे। हम सभी कार्यकर्ता उन्हे सादर नमन करते है। उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा के नांगला गांव मे हुआ उनके पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय एक साधारण से रेलवे कर्मचारी थे। उनका राजनैतिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के रुप में शुरु हुआ। अपने राजीनतीक जीवन में पंडित ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रोटी, कपड़ा मकान शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज दिलाना उनका दर्शन है। दीनदयाल उपाध्याय के पद चिन्हों पर चलकर हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता काम करते है। पं. दीनदयाल ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित किया उन्होंने अखण्ड भारत की कल्पना की थी। दीनदयाल जी की मृत्यु 11 फरवरी 1968 में हुई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे, जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, बूथ अध्यक्ष सीमा शर्मा, सेक्टर संयोजक रविन्द्र सिंह नगर अध्यक्ष बलिराम सोनी, कैलाश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## याद किए गए एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय

**बस्ती**। एकात्म मानववाद, अन्त्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय को उनके 104 वीं जयन्ती पर याद किया गया। मुख्य अतिथि विधायक दयाराम चौधरी ने सदर विकास खण्ड के गनेशपुर मण्डल ग्राम पंचायत सियारापार के बूथ नम्बर 95, 96, 72 में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पंडित जी घर गृहस्थी की तुलना में देश की सेवा को अधिक श्रेष्ठ मानते थे,देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने कहा था कि 'हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारत माता है, केवल भारत ही नहीं। माता शब्द हटा दीजिए तो भारत केवल जमीन का टुकड़ा मात्र बनकर रह जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**चकिया,चन्दौली** ।शहाबगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत केराडीह गांव के पास मोटरसाइकिल सवार की सरिया लदी ट्रैक्टर टाली में टक्कर होने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बाइक चालक शेखर 25 वर्ष ग्राम उत्तरी गढ़वा चकिया क्षेत्र का रहने वाला था जो वाशिंग पाउडर के फेरी का काम करता था। हर दिन की भांति शाम को भी वह फेरी करने के बाद वापस अपने गांव जा रहा थाएकि रास्ते मे सामने से आ रही किसी वाहन की रोशनी से उसकी आंखे चमक जाने के कारण वह सरिया लदी ट्रैक्टर टाली में जा टकराया जिससे सरिया उसके गर्दन को पार कर गयी और उसकी मौत हो गयी।सूचना पाकर पंहुची शहाबगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कारवाई में जुट गई है।

## पीएनबी ने किया सैनिटाइजर और मास्क का वितरण

**सिद्धार्थनगर।** पंजाब नैशनल बैंक ने सामाजिक कारपोरेट दायित्व के तहत जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा की उपस्थिति में उनके कर कमलों द्वारा मास्क एवं सैनिटाइजर का वितरण किया । पंजाब नैशनल बैंक अपनी स्थापना के समय से ही समाज के हित में कार्य करने के लिये तत्पर रहा है । बैंक द्वारा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न माध्यमों से बढ़.चढकर योगदान दिया जा रहा है । बैंक विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से वृद्धए विकलांगोंए निरूसहाय को मदद करता रहा है जैसे. स्वयं सहायता समूहों को विकलांगों को ट्राई साईकिलए वृद्ध व्यक्तियों को ठंढ में कंबल वितरणए किसानों को जानकारी के लिये विभिन्न कैम्पों के माध्यम से जागरूक बनाना । बैंक द्वारा व्यापार के साथ ही साथ यह भी प्रयास किया जाता है कि समाजिक कारपोरेट दायित्व के माध्यम से भी आम.जन.जीवन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जा सके । बैंक का ऐसा विश्वास है कि जब तक समाज का हर वर्गए समाज की मुख्यधारा में नही आ जाता तब तक समाज का संपूर्ण विकास संभव नही है । इस अवसर पर मंडल कार्यालय बस्ती के मुख्य प्रबंधक श्री विनय कुमार श्रीवास्तव, श्री सुमित पन्ना शाखा प्रबंधक, ईओबीसी नौगढ़ उपस्थित रहे।

## पीआरवी ने मौके पर पहुंचकर दी मदद

**देवरिया** । पीआरवी 1450 को दिनाँक 24/09/2020 को समय 02:18 बजे इवेंट 0427 पर थाना रामपुर कारखाना अन्तर्गत हेत्तिमपुर से कॉलर ने गाड़ी पंचर होने की सूचना दी । इस सूचना पर पीआरवी ने मौके पर पहुंचकर कॉलर से पूछताछ की तो ज्ञात हुआ कि कॉलर अपनी रि?तेदारी में राजीवनगर जिला पटना से बरेली जा रहे थे तभी रास?ते में नेशनल हाईवे 28 पर अचानक इनोवा गाडी पंचर हो गयी थी काफी बारिश होने के कारण कोई मिस्त्री नहीं मिल रहा था जिससे सभी लोग काफी घबराये हुये थे। पीआरवी ने तुरंत मिस्त्री को राजी करवाकर कॉलर की कार का पंचर बनवाकर सकुशल गन्तव्य के लिये रवाना किया ।

## अधिवक्ता परिसर को कराया गया सेनेटराइज

**सकलडीहा,चन्दौली।** तहसील परिसर में बीते दिनों 11 तहसील कर्मियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर खलबली मची हुई है। बार एसोसिएशन की ओर से शिकायत के बाद शुक्रवार को अधिवक्ता परिसर सहित पूरे तहसील की सेनेटराइज कराया गया। इसके बाद भी तहसील परिसर में सोशल डिस्टेंस का पालन नही हो रहा है। कोविड 19 जैसी महामारी को लेकर पूरे देश में खलबली मची हुई है। इसके बाद भी कोरोना महामारी को लेकर लोग लापरवाह दिख रहे है। बीते दिनों एक लेखपाल की रिपोर्ट आने पर पाजीटिव आने पर एसडीएम के निर्देश पर पूरे तहसील के कुल 102 कर्मचारियों की जांच हुई थी। जांच के दौरान कुल 11 कर्मचारियों की रिपोर्ट पाजीटिव आने पर तहसील में खलबली मच गया था। बार एसोसिएशन की ओर से सेनेटराइज कराने की मांग किया गया था। शुक्रवार को सुबह एसडीएम के निर्देश पर अधिवक्ता परिसरए अधिवक्ता भवनए चौकी सहित पूरे तहसील का सेनेटराइज किया गया। इस बाबत एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि कोरोना महामारी को लेकर अधिवक्ताओं की मांग पर पूरे तहसील परिसर का सेनेटराइज कराया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से मकान का छज्जा टूटा

**सकलडीहा,चन्दौली।** आकाशीय बिजली की आफत से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। गुरूवार की देर शाम में अचानक आकाशीय बिजली के गरजने व चमकने से पूरी रात आपूर्ति ठप रही। वही कस्बा के व्यापारी नेता देवेन्द्र जायसवाल के मकान से आकाशी बिजली टकराने से मकान का छज्जा टूट गया। इसके अलावा हजारों का इलेक्ट्रानिक सामान जलकर नष्ट होगया।आकाशीय बिजली के गरजने व चमकने से आसपास के क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। बीते दिनों आकाशीय बिजली की चपेट में ओरवा गांव के 48 वर्षीय कमला राम की मौत होगयी थी। वही हरिहरपुर गांव में दो महिला गंभीर रूप से झुलस गयी थी। गुरूवार को अचानक तेज बारिस के साथ आकाशीय बिजली चमकने से कस्बा कई घरों का इलेक्ट्रानिक सामान सहित विद्युत आपूर्ति ठप होगया।

# रामचंद्र विद्यार्थी के नाम से बनेगा संग्रहालय: सीएम

### मुख्यमंत्री योगी ने देवरिया के सर्वांगीण विकास के लिए 159 परियोजनाओं का किया वर्चुअल शिल्यान्यास/लोकार्पण



संवाददाता। देवरिया

**जनपद** के सर्वागींण विकास एवं जन सुविधाओं/आवश्यकताओं के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 465 करोड 16 लाख 81 हजार की कुल 159 कार्य परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिल्यान्यास किया। उन्होने कहा कि शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी के सम्मान में जनपद देवरिया में संग्राहालय का निर्माण किया जायेगा तथा शहीद सोना सोनार के नाम से गंड़क नदी पर निर्मित सेतु का नामकरण भी किया जायेगा। उन्होने कहा कि स्व. विधायक जन्मेजय सिंह के नाम से किसी पार्क का भी नामकरण होगा। उन्होने नगर में अतिवृष्टि से हो रहे जल जमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिये नगर पालिका परिषद देवरिया को अच्छी कार्य योजना तैयार किये जाने को कहा। इसके लिये आवश्यक धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने सम्बोधन में कहा कि आज पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। उन्होने अन्त्योदय की बात की थीए उनके विचारों को साकार करने का कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में अनेक योजनायें संचालित कर कृषकों के जीवन स्तर में सुधार लाये जाने का कार्य किया जा रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानो को मिले यह सुनिश्चित हो रहा है। विकास एवं कृषि से जुड़े सभी योजनाओं का लाभ हर स्तर पर कृषकों को मिले तथा किसानो को तकनीक से जुडे एवं योजनायें उन तक पहुँचेए इसके लिये कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में परित कृषि बिल किसानो को उन्हे उपज का अच्छा लाभ मिले तथा मण्डी से वे मुक्त होए इसके लिये यह बिल अत्यंत ही कृषक हित में है। उन्होने कहा कि किसानों को बेहतर सड़कें व अन्य आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से किसानो के फसलों का नुकसान का मुआवजा तत्कालिक रुप में दिलाये जाने तथा यदि किसी प्रकार की जनहानि हो तो राहत 24 घण्टे के अन्दर उस परिवार को पहुँचाये जाने का निर्देश भी दिया। उन्होने शिल्यान्यास/लोकार्पित करते हुए कहा कि परियोजनाये समबद्ध ढंग व गुणवत्तापूर्ण रुप से आगे बढे और वह पूर्ण हो यह अनिवार्य रुप से सुनिश्चित होना चाहिये। उन्होने कहा कि जनपद देवरिया महर्षि देवरहवा बाबा का साधना व तपोस्थली रही है। उनके सम्मान में जनपद में निर्मित मेडिकल कालेज का नाम उनके नाम से रखा गया। मेडिकल कालेज का स्थापना एवं उसके निर्माण कार्य को आगे बढाने में सभी जन प्रतिनिधियों एवं तत्कालीन सांसद एवं राजस्थान राज्यपाल कलराज मिश्र का काफी योगदान रहा है, जिसका निर्माण युद्ध स्तर पर हो रहा है।

## मुख्यमंत्री ने जौनपुर की भी परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**जौनपुर( सं. )।** दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद की विभिन्न परियोजनाएं का शिलान्यास एवं लोकार्पण लखनऊ से ऑनलाइन किया गया। जनपद में लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम एनआईसी में किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा रु 1758.26 लाख की 19 सड़कों,रु 1888.68 लाख की 17 अन्य निर्माण कार्यों सहित कुल रु. 3646.94 लाख की 36 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा रु 7280.79 लाख की 39 सड़कों एवं रुण् 1888ण्30 लाख की पांच अन्य निर्माण कार्यों सहित कुल रु 9169.09 लाख की कुल 44 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अंत्योदय के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है जिनकी कर्मभूमि जनपद जौनपुर रही है। उन्होंने जौनपुर के माध्यम से देश को बहुत कुछ देने का कार्य किया है। इस कारण जौनपुर से एक आत्मिक लगाव है। आज का कार्यक्रम जौनपुर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का है। कलीचाबाद में गोमती नदी पर प्रस्तावित पुल का नाम राजा यादवेंद्र दत्त दुबे पर करने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की। जनपद ने कई वैज्ञानिक भी दिए हैं। सिकरारा से शेरवा सड़क के उच्चीकरण के कार्य को सरकार तेजी के साथ आगे बढ़ाएगी और सड़क का नामकरण पूर्व कुलपति बीएचयू डा लालजी सिंह के नाम से किया जाएगा।

# पं. दीनदयाल का दर्शन, अंतिम व्यक्ति के उत्कर्ष को सदैव प्रेरित करेगा: सदर सांसद



संवाददाता। देवरिया

### पंडित दीनदयाल की मनाई गई जयंती

**पंडित** दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पर आज भारतीय जनता पार्टी देवरिया के कार्यकर्ताओं ने सभी 2629 बूथों पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया। इसी के तहत सदर सांसद डाण् रमापतिराम त्रिपाठी ने पोखरभिंडा और औरा चौरी बूथ पर दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया।इसके बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये सदर सांसद ने कहा कि एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय दर्शन के प्रणेताए जनसंघ के संस्थापक सदस्यए सामाजिक व राजनीतिक जीवन में सत्यनिष्ठा के प्रतिमानए कुशल संगठनकर्ता पं दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर कोटि.कोटि नमन करता हूँ।दीनदयाल जी का दर्शनए भारतीय राजनीति को अंतिम व्यक्ति के उत्कर्ष हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान बृजेश गुप्ताए अजय सिंह पिन्टू,प्रवीण निखर सतेन्द्र मणि त्रिपाठी, राधेश्याम शुक्ला, सर्वेश मणि, अमित सिंह,मेवालाल निषाद,धर्मेन्द्र निषाद आदि उपस्थित रहे। न्यू कालोनी पार्क स्थित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करने के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये राज्यमंत्री जयप्रकाश निषाद ने कहा कि एक उत्कृष्ट संगठनकर्ता के रूप में दीन दयाल जी ने जो वैकल्पिक राजनीति की नींव रखी वो आज देश के गरीबए वंचित व शोषित वर्ग को विकास की मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है। उनका जीवन सामाजिक समरसता व राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है।ऐसे महान देशभक्त की जयंती पर उन्हें कोटि.कोटि नमन। नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति के पुरोधाए बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी और जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंण्दीन दयाल उपाध्यायजी ने भारतीय संस्कृति और मूल्यों की रक्षा व संरक्षण के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। एकात्म मानववाद व अंत्योदय के विचारों से उन्होंने देश को एक प्रगतिशील विचारधारा देने का काम किया। इस दौरान अजय शाही,अजय कुमार दूबे, श्रीनिवास मणि, हेमन्त मिश्रा, अम्बिकेश पाण्डेय,संजय पाण्डेय,अजय उपाध्याय, दुर्गेश पाण्डेय,रमेश वर्मा,सीपीसिंह,गोविन्द मणि, पवन मिश्रा, धीरज तिवारी आदि उपस्थित रहे। राघव नगर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल ने कहा कि दीनदयाल जी जैसा व्यक्तित्व बहुत कम इस धरती पर आते है।इनका जीवन हम सभी को प्रेरित करता रहेगा।

# मुख्तार की पत्नी, दो सगे सालों समेत पांच के खिलाफ गैर जमानती वारंट



### सीजेएम कार्यालय से एनबीडब्लू प्राप्त होने के बाद की गई कार्रवाई

संवाददाता। मऊ

पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देश पर थाना दक्षिण टोला पुलिस ने मऊ के बाहुबली विधायक व माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी आफशा अंसारी व उनके दो सगे सालों समेत पांच लोगों के खिलाफ अवैध जमीन कब्जा करने के मामले में सीजेएम कार्यालय से एनबीडब्लू प्राप्त होने के बाद गैर जमानती वारंट जारी किया है। पुलिस टीम द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किए जाने के बाद पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने बताया कि थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ में 9 जुलाई 2020 को पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 129,2020 धारा 419, 420, 433, 434, 447, 467,468,471 भादवि व 3,4 लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम बनाम विकास कान्ट्रक्शन रजदेपुर देहाती रौजा गाजीपुर पार्टनर आतिफ में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी आफशा अंसारी व उनके दो सगे साले सहित पांच नाम प्रकाश में आए है। इनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को सीजेएम महोदय के कार्यालय से एनबीडब्लू प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही किया गया है। यह कारवाई आफशा अंसारी पत्नी मुख्तार अंसारी निवासी तरंजी मोहल्ला थाना मोहम्मदाबाद युसुफपुर जनपद गाजीपुर,आतिफ उर्फ सरजील रजा पुत्र जमशेद रजा निवासी सैयद बाड़ा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, अनवर शहजाद पुत्र जमशेद रजा निवासी सैयद बाड़ा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुरए जाकिर उर्फ विक्की पुत्र सफाउत हुसैन निवासी मुस्तफाबाद थाना कोतवाली जनपद गाजीपुरए रवि नरायन सिंह पुत्र स्व, चन्द्रदेव नरायन सिंह निवासी डोमनपुरा बालापुर थाना मोहम्मदाबाद युसुफपुर जनपद गाजीपुर के खिलाफ किया गया है।

## मुख्तार अंसारी के खिलाफ वारंट बी अंतर्गत धारा 267 सीआरपीसी जारी

**मऊ** । मऊ सदर विधान सभा के विधायक व माफिया मुख्तार अंसारी जो वर्तमान समय में रुपनगर मोहाली ;पंजाबद्ध जेल में निरुद्ध द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने के सम्बन्ध में कार्रवाई करते हुए वारंट बी के अंतर्गत धारा 267 सीआरपीसी जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने बताया कि थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ में 5 जनवरी 2020 को पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 04,2020 धारा 419,420,467, 468,471ध120बी भादवि व 30 शस्त्र अधिनियम बनाम मुख्तार अंसारी सहित 6 अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए को सीजेएम कार्यालय से वारंट.बी प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है।

### प्रकाश कन्स्ट्रक्शन की मालकिन सहित कई पर एफआईआर

**मऊ।** बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी गिरोह के सदस्यों को आर्थिक लाभ पहुंचाने वालों के खिलाफपुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देश पर नकेल कसने की कार्रवाई शुरु कर दिया गया। इस क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुख्तार अंसारी गिरोह को लाभ पहुंचाने वाले प्रकाश कन्स्ट्रक्शन की मालकिन सहित कई पर पुलिस द्वारा शिकंजा कसते हुए कार्रवाई किया गया। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देश पर थाना कोतवाली पुलिस ने मुख्तार अंसारी गिरोह को लाभ पहुंचाने वाले प्रकाश कन्स्ट्रक्शन की मालकिन किरन राय पत्नी श्री प्रकाश राय निवासी 230 निजामुद्दीनपुरा थाना कोतवाली मऊ सहित अन्य लोगों के विरुद्ध 516,20 धारा 419,420,467, 468,471 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए नकेल कसने की कार्वाई किया है। पुलिस टीम द्वारा की गई कार्रवाई से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। बताते चलें कि अभियुक्त मेण् प्रकाश कन्स्ट्रक्शन की मालकिन किरन राय पत्नी प्रकाश चन्द्र राय द्वारा कूटरचना कर पूर्व में बन्द हुई प्रकाश कन्स्ट्रक्शन फर्म से सम्बन्धित अभिलेखों को लगाकर बड़े.बड़े टेण्डर प्राप्त करके मुख्तार अंसारी गिरोह को लाभ पहुंचाने सम्बन्धी तथ्य प्रकाश में आया है। इसी आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई किया है।

## ठेकेदार संतोष सिंह समेत चार के खिलाफ एफआईआर

**मऊ** । मुख्तार अंसारी गिरोह को आर्थिक लाभ पहुंचाने एवं ठेकेदारों को डरा.धमकाकर टेंडर डालने से रोकते हुए जान से मारने की धमकी देकर फर्मों से दस प्रतिशत अवैध धन वसूली के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कोतवाली पुलिस में ठेकेदार संतोष सिंह समेत चार लोगों के खिलाफ धारा 384ए 420ए 506ए120 बी भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने बताया कि संतोष कुमार सिंह पुत्र स्वण् लालचंद निवासी बहरीपुर पो डुमरांव थाना सरायलखंसी वर्ष 2009 में हुई मन्ना सिंह की हत्या में अभियुक्त भी है, अनूप कुमार सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी सहादतपुरा थाना कोतवालीए राजीव कुमार सिंह पुत्र बांके बिहारी निवासी बढुआगोदाम थाना सरायलखंसीए अशोक राय पुत्र स्वण् उमाशंकर राय निवासी निजामुद्दीनपुरा थाना कोतवाली द्वारा ठेकेदारों को डरा.धमकाकर टेंडर डालने से रोकना तथा जान से मारने की धमकी देना एवं फर्मों से 10 प्रतिशत अवैध धन की वसूली करके मुख्तार अंसारी को लाभ पहुंचाने की बात प्रकाश में आया है। इस सम्बंध में सम्बंध में थाना कोतवाली पर उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 384,420,506,120 बी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति उपवन में 104 अशोक के पौधों का किया गया रोपण



**पड़ाव,चन्दौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 104 वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय चौराहे के समीप स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति उपवन में एक दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसमे 104 अशोक के पौधों के रोपण के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष तीन जिलों के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंहए हसंराज विश्वकर्माए विद्याशंकर रायए ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय बहादुर पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों के बिच भाजपा के नितियों पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद मुख्य अतिथि सुनील ओझा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र की सेवा.भाव में ही समर्पित कर दिया उनका योगदान अतुलनीय है इस अवसर पर पर्यटन मंत्री निलकठ तिवारीए आरपी कुशवाहाए तिवारी ए विधायक साधना सिंहए विधायक शुशील सिंहए विधायक अवधेश सिंहए विधायक सौरभ श्रीवास्तवए विधायक अनिल गुप्ता, गुड्डू , संजय पासवान, आदि सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वाहन से 403 पेटी शराब बरामद,दो तस्कर गिरफ्तार

**मुगलसराय।** सैयदराजा थाने की पुलिस तथा स्वाट टीम ने मिलकर मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की रात्रि नौबतपुर के पास से एक डीसीएम ट्रक से403 पेटी शराब बरामद किया।इस दौरान दो तस्कर पुलिस के हत्थे चडे। वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस ने बरामद माल थाने लाकर आरोपितों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में कारवाई की। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देश पर शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहा है। बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक डीसी एम् पर शराब लादकर तस्कर बिहार की ओर जा रहे हैं।इस सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा लक्ष्मण पर्वत, स्वाट टीम प्रभारी अभय कुमार , सत्येंद्र कुमार यादव ने वाहन चेकिंग नौबत पुर के पास शुरू के दी। तभी उक्त वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन को रूकवाया इसके पहले ही वाहन स्वामी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया जबकि दो लोग पकड़े गए हैं। इन लोगों के नाम रोहिताश यादव ग्राम अचरौल थाना चंदवाजी जिला जयपुर राजस्थान तथा दीपक ग्राम रोहणा थाना खरखौदा जिला सोनीपत हरियाणा बताया गया है।

## विश्व गर्भ निरोधक दिवस के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भनिरोधक संसाधनों के बारे में दी जाएगी जानकारी

**गाजीपुर।** प्रत्येक वर्ष 26 सितंबर को जनसंख्या स्थिरता के उद्देश्य से विश्व गर्भनिरोध दिवस मनाया जाता है जिसके आयोजन के दौरान गर्भ निरोधक साधनों के प्रति जानकारी बढ़ानेए युवा दम्पतियों को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर सूचित विकल्प देकर परिवार के प्रति निर्णय लेने के लिये सक्षम बनाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी स्वास्थ्यकर्ताओं को विश्व गर्भनिरोध दिवस को मनाने की महत्ता पर जानकारी दी जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसीएमओ, एवं नोडल अधिकारी डॉ के के वर्मा ने बताया कि परिवार कल्याण महानिदेशक द्वारा भेजे गए पत्र में निर्देशित किया है कि विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी आधुनिक परिवार नियोजन के साधनों विशेषकर आधुनिक अन्तराल विधियों का स्टाल लगाकर प्रदर्शन किया जाए। वहीं परिवार नियोजन के सूचित विकल्प देने हेतु राजकीय अस्पतालों पर परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाए। कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए आशा बहुओं की ओर से नवदम्पतियों को नयी पहल किट उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा जनपदों में सास.बहू सम्मेलन आयोजित किए जाएं।पहले और दूसरे बच्चे के बीच तीन वर्ष का अन्तर है जरूरी: डॉ वर्मा ने कहा कि नवदम्पतियों को शादी के दो वर्ष बाद पहला बच्चाए पहले और दूसरे बच्चे के बीच तीन वर्ष का अन्तर और उसके बाद नसबन्दी करवाने का परामर्श दिया जाता है। योजना के तहत आशा बहुओं को प्रोत्साहन का भुगतान होता है।

# आशा, आंगनबाड़ी व एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अक्टूबर से



संवाददाता। गाजीपुर

**जनपद** में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा जिसको लेकर ब्लॉक वार कार्य योजना बनाए जाने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से दिया जा चुका है। इसी क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर पर डॉ इमाम हुसैन सिद्दीकी की अध्यक्षता में ब्लाक की आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं दस्तक अभियान में किस तरीके से जन समुदाय के बीच में जाकर लोगों को जागरूक किया जाना हैए उसके बारे में भी बताया गया। रेवतीपुर ब्लॉक की बीपीएम बबीता सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर में 22 एएनएमए157 आशाए 9 आशा संगिनी एवं 53 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को ट्रेनिंग दिया गया। यह प्रशिक्षण संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए दिया गया। आज के प्रशिक्षण में बताया गया कि दस्तक अभियान एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान पूरे अक्टूबर चलेगा।

## आलू बीज विक्रय की दर निर्धारित

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उप्र द्वारा वर्ष 2020.21 हेतु आलू उत्पादक कृषकों के लिए आलू बीज विक्रय की दर शासन से निम्नवत निर्धारित किये हैं। कृषकों से अपील है कि बुवाई हेतु गुणवत्तायुक्त आलू बीज के लिए कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी के प्रभारी रवीन्द्र सिंह मोण्नंण् 9451626833 पर सम्पर्क करें। विस्तृत जानकारी प्राप्त करके बुकिंग आदि किये जा सकता है। आलू बीज एफ1 का रुण् 3150 प्रति कुंतलए आलू बीज एफ2 का रुण् 2675ए ओवर साइज एफ1 रुण् 2455ए ओवर साइज एफ2 रूण् 2395ए शीड साइज टुथ फुल रुण् 2280 दर प्रति कुंतल है। सफेद एवं लाल आलू बीज प्रजातियों की विक्रय दर एक प्रजातियों की एक समान है।

## सेनापुर में तेज बारिश से मकान धराशाई

**केराकत, जौनपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सेनापुर गांव में बीती रात मूसलाधार बारिश से करकट का बना मकान गिरकर धराशाई हो गया। बता दें कि सिरी पुत्र बाबुनन्दन रोज की भांति खाना खाकर करकट के बने मकान में अपने पौत्र गोलू कुमार के साथ सो गए। सुबह करीब 4 बजे मकान गिरने की आहट हुई तो भागमभाग में जब तक बाहर निकलतेए तब तक दीवाल गिरकर धराशाही हो गया जिसमें सिरी राम बुरी तरह से घायल हो गए और गोलू को हल्की चोट आयी। साथ ही मकान में रखी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान रमेश कुमार ने हल्का लेखपाल को सूचना दे दिया।

## तहसील भवन जर्जर, प्रशासन ने सतर्कता बरतने की चस्पा की नोटिस

**मछलीशहर, जौनपुर।** अधिवक्ताओं के तहसील परिसर में एक जर्जर भवन के मरम्मत या ध्वस्तीकरण की मांग उठाते ही तहसील प्रशासन ने एक नोटिस चस्पाकर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो गया जो तहसील में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार स्थानीय तहसील परिसर में स्थित तहसीलदार न्यायालय कक्ष एवं उससे लगे भवन तथा रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय लगभग सैकड़ों वर्ष पुराना होने के चलते पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इतना ही नहींए इस भवन के एक हिस्से में एक बड़ा पेड़ उग जाने से भवन का एक हिस्सा गिरने भी लगा है। इधर 3 दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते भवन की छत से पानी भी टपकाने लगा है।

# सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न


संवाददाता। जौनपुर

**अपर** जिलाधिकारी वित्त्त व राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई जहां उन्होंने जनपद में घटित हो रही दुर्घटनाओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने कर्तव्यों का गम्भीरतापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद के दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों एवं ब्लैक स्पाट के चिन्हांकन के सम्बन्ध में परिवहन अधिकारीए क्षेत्राधिकारी यातायात एवं लोक निर्माण विभाग या सम्बन्धित निर्माणदायी संस्था के अधिकारी संयुक्त रूप से एक सप्ताह में समस्त चिन्हित ब्लैक स्पॉटों का भौतिक निरीक्षण कर लें। साथ ही यातायात उपनिरीक्षक को निर्देशित किया कि सड़क पर चलने वाली भारी वाहन जो लोहे के सामानध्बिल्डिंग मैटेरियल ढोने का कार्य कर रहे हैए उनके पीछे लाल रंग का कपड़ा अवश्य लगवायें। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु एआरटीओ एवं टीएसआई को निर्देशित किया कि जागरुकता कार्यक्रम ऐसे जगह अवश्य करें जहां पर तत्काल में दुर्घटना हो चुकी है और ट्रैक्टरए ट्राली के पीछे रेफ्लेक्टर टेप अवश्य लगवायें। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एसपी सिंह ने अवगत कराया कि विभाग के निर्देश पर सप्ताह में दो दिन हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वाले वाहनों के चालकों के प्रति अभियान चलाया जाता है और उनके वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने से लाभ व न लगाने से हानि से अवगत भी कराया जाता है। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को चिकित्सकीय सहायता के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि 108 एम्बुलेंस सहित अन्य एम्बुलेंस की स्थिति को अपडेट रखें। एनएच 231 के सीआरओ को निर्देशित किया कि मानक के अनुसार अपने रोड पर एम्बुलेंस की संख्या बढ़ा लें और लिंक रोड पर स्पीड ब्रेकर यथाशीघ्र बनाकर सफेद कलर से पेंट करायें।

## नकली व बिना लाइसेंस के मेडिकलों पर कार्यवाही जारी रहेगी: बंसल

**जौनपुर।** औषधि निरीक्षक अमित बंसल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विगत एक वर्ष के कार्यकाल में कुल 24 अधोमानक तथा नकली दवाएं जनपद में पकड़ी गई हैं जबकि पूर्व के 5 वर्षों में एक भी प्रकरण नकली दवाओं का प्रकाश में नहीं आया था। 10 प्रकरणों में आपराधिक वाद सीजेएम कोर्ट जौनपुर में दायर किए जा चुके हैं। श्री बंसल ने कहा कि बाकी प्रकरणों में निर्माता स्तर पर विवेचना जारी है जिसमें निर्धारित समयावधि में वाद दाखिल कर दिया जाएगा। जनपद में सेनेटाइजर के दाम ज्यादा लेने के कारण कई दुकानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लखनऊ मुख्यालय को कार्यवाही के लिए भेजा गया है।

## किसान विरोधी बिल को लेकर विपक्ष ने किया प्रदर्शन



**देवरिया** । किसान विरोधी बिल को लेकर भारतीय किसान यूनियन आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा । प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप शाही ने कहा कि किसानके विरुद्ध लोकसभा व राज्यसभा में तीन बिल पाल पारित हुए जो किसानों के हित में नहीं है हम चाहते हैं कि लोकसभा राज्यसभा में पारित किसान विरोधी बिल को वापस लिया जाए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का खाद्य की खरीदारी का कानून बनाया जाए गन्ना मूल्य का भुगतान सिगरेट किसानों को दिया जाए इस दौरान शिवचंद यादवए मुन्ना सिंहए कुंवर राणा प्रताप सिंहए विशाल एइंजीनियर उमेश चंद्र एसुरेश चौहान एदिग्विजय नारायण एसदानंद यादवए विनय सिंह मंडल उपाध्यक्ष एहरिनारायण चौहान आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष एमुकुंद भास्करए मुन्ना रायए धर्मेंद्र पांडे एसहित आदि लोग उपस्थित थे।

# सिपाही ने बैरक में खुद को गोली से उड़ाया

घटना की जानकारी होते ही जिले के एसपी अनुराग आर्य भी मौके पर पहुंचे

संवाददाता। प्रतापगढ़



**जिले** की लालगंज कोतवाली में शुक्रवार को कोतवाली में तैनात सिपाही ने कारबाइन से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सिपाही ने किन परिस्थितियों में आत्महत्या की अथवा घटना कुछ और है। एसपी अनुराग आर्य तथा एएसपी पूर्वी सुरेंद्र द्विवेदी व एएसपी पश्चिमी दिनेश द्विवेदी भी लावलश्कर के साथ कोतवाली पहुंच गए। गाजीपुर जिले के खरौना खानपुर गांव के आशुतोष यादव (24 वर्ष) 2018 बैच का आरक्षी था। ट्रेनिंग के बाद आशुतोष की पोस्टिंग प्रतापगढ़ जिले के लालगंज कोतवाली में हुई थी। हाल ही में मृतक आरक्षी अवकाश लेकर घर गया था और कुछ दिनों पहले ही वापस लौटा था। शुक्रवार को उसकी ड्यूटी कोतवाल राकेश भारती के साथ हमराह में लगी थी। सुबह करीब 11 बजे कोतवाल गश्त पर निकलने को तैयार हुए तो आशुतोष का पता नही चला।

फिलहाल कोतवाल अन्य आरक्षियों को लेकर कहीं चले गए। सायं बेला में कोतवाल ने फिर हमराह में लगे सिपाही आशुतोष की खोज खबर शुरू कराई तो उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद पुलिसकर्मी बैरेक की तरफ गए तो बैरेक में तीसरे मंजिल की छत पर सिपाही लहुलुहान अवस्था में मृत मिला। इसके बाद आनन-फानन में सीओ जगमोहन यादव तथा कोतवाल तथा थाने के कई दरोगा व सिपाही बैरेक पहुंचे। घटना की जानकारी होते ही जिले के एसपी अनुराग आर्य भी मौके पर पहुंच गए।

इसके पहले अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दिनेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने कोतवाल तथा पुलिसकर्मियों से सिपाही की मौत का कारण जानने का प्रयास किया। हालांकि सिपाही की मौत पर अभी कोई कारण सामने नही आ सका है। यह दुर्योग ही रहा कि मृत सिपाही आशुतोष की लालगंज में पहली पोस्टिंग उसकी सर्विस की आखिरी पोस्टिंग बन गई। देर रात मृतक सिपाही के घर भी हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस द्वारा भेजवाई गई। कोतवाली में इस बात की चर्चा भी रही कि आखिर सिपाही आशुतोष जब हमराह ड्यूटी पर नहीं गया तो उसके पास कैसे कारबाइन मौजूद रह गई। पुलिस नियमों के मुताबिक आरक्षी के थाने से वापसी पर उसका शस्त्र मालखाने में जमा कराया जाता है। मृतक आशुतोष अभी अविवाहित है। कोतवाली की बैरक में सिपाही की आत्महत्या की खबर नगर में भी जंगल में आग की तरह फैल गई। कोतवाली गेट पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ भी जुटी रही। लोगों के मुताबिक लालगंज कोतवाली के इतिहास में पहली बार सिपाही के द्वारा आत्महत्या की घटना घटित बताई जाती है।

## स्वदेशी जागरण मंच ने आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान मे स्थानीय तहसील सभागार मे स्वावलंबन तथा आत्मनिर्भरता को लेकर परिचर्चा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे स्वदेशी जागरण मंच की ओर से कुछ विभूतियों का सम्मान भी किया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती सप्ताह से जुडे कार्यक्रम मे राष्ट्रभाषा तथा स्वदेशी संस्कृति के उत्थान पर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने कहा कि भारत इस समय आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बतौर मुख्यअतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लालजी ने भी लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुण्डा के जिला प्रचारक हेमन्त ने भी राष्ट्र की मजबूती के लिए स्वजागरूकता पर जोर दिया।

# हादसे में व्यापारी और चालक की मौत, सात जानवर भी मरे

रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र की घटना

नेशनल हाइवे पर खड़े ट्रक में घुसी जानवरों से भरी अनियंत्रित डीसीएम

संवाददाता। रामसनेहीघाट (**बाराबंकी**)

**जानवर** लादकर गोरखपुर जा रही एक डीसीएम नेशनल हाइवे पर खड़ी ट्रक मे घुस गयी। भोर पहर हुए इस भीषण हादसे मे डीसीएम चालक व व्यापारी समेत दो लोगो की मौत हो गयी। वहीं डीसीएम मे सवार पांच अन्य व्यापारी जख्मी हो गये तथा जानवर भी काल कवलित हो गये। पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु जिला अस्पताल मे भर्ती कराया है जहा उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र की है। प्राप्त विवरण के अनुसार गुरूवार की रात डीसीएम संख्या यूपी 32 टी 7102 उन्नाव से मवेशी लादकर गोरखपुर जा रही थी।

डीसीएम मे मवेशी व्यापारी के साथ साथ सवारियां भी बैठी थी कि तभी उक्त डीसीएम रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दिलौना मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। यहां पहले से खड़े ट्रक में अनियंत्रित डीसीएम चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे डीसीएम बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गयी। इस हादसे मे बांगरमऊ उन्नाव निवासी डीसीएम चालक असलम की मौके पर ही मौत हो गयी तथा उसमे सवार आधा दर्जन लोग जख्मी हो गये। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल गोलू पुत्र श्याम लाल काशीपुर हरदोई अनिल पुत्र सुरेंद्र धनाखेडा हरदोई मोहित राम पुत्र जगदीश मोहम्मदपुर रामचंद्र उन्नाव कल्लू उन्नाव मनोज पुत्र कृपाल को जिला अस्पताल भेजा जहां रास्ते घायल अनिल पुत्र सुरेंद्र धनाखेडा हरदोई ने भी दम तोड़ दिया। वहीं डीसीएम में लदे सात मवेशियों की भी मौत हो गई, जिससे नेशनल हाइवे यातायात मार्ग भी अवरूद्ध हो गया जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर घंटों बाद सुचारु कराया।

### पूर्व चेयरमैन का निधन

**बाराबंकी।** नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन राजीव चौधरी का शुक्रवार की सुबह राजधानी के निजी अस्पताल में निधन हो गया वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे इसी के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था पूर्व चेयरमैन के निधन से नगर वासियों में शोक की लहर दौड़ गई है वही नगर पालिका परिसर में एक शोक सभा भी आयोजित की गई जिसमें वर्तमान अध्यक्ष सहित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कर्मचारी व सभासद मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक व 15 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता। मुसाफिरखाना

**अपराधिक** गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक 15 ग्राम स्मैक सहित एक अदद तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद किया। जिले में अपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अंगद प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। शुक्रवार को उपनिरीक्षक गिरजेश मिश्र उपनिरीक्षक इलेश तिवारी हेड कांस्टेबल अजय सोनकर अशोक सिंह व कांस्टेबल मो. सरवर ने स्थानीय गौरीगंज रोड स्थित नगेसर गंज नहर के पास मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

# सार्वजनिक कोटे के चयन की खुली बैठक में जमकर चले लाठी-डंडे

संवाददाता। तिलोई (**अमेठी**)

**समूह** की महिलाओं को वरीयता प्रदान करते हुये तिलोई ब्लाक के ग्राम सभा लोधवारिया मे निरस्त सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दुकान चयन के दौरान अधिकारियों से आपत्ति दर्ज करा रहे युवकों पर दूसरे पक्ष ने लाठी डंडो से हमला बोल दिया। जिसमे दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हमले की खबर आग की तरह फैली देखते ही देखते दुसरे पक्ष से सैकड़ों लोग भी इकट्ठा हो गए। स्थिति को नियंत्रण करने में पुलिस के हाथ पांव फूल गए और खुली बैठक को अग्रिम आदेश तक निरस्त कर दिया गया। बताते चले कुछ दिन पूर्व ग्राम सभा के कोटेदार चन्द्रिका प्रसाद पर ग्राम सभा वासियों ने गम्भीर अरोप लगाये थे जिसकी जांच के बाद तत्कालीन उपजिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी ने भारी अनिमितताओं को पकडते हुये चयनित कोटे को निलम्बित कर दिया था शासन के मंशानुसार समूह की महिलाओ को वरीयता देते हुये निरस्त दुकानों को सार्जनिक वितरण प्रणाली के तहत नयी कोटे की दुकान के लिए ग्राम सभा लोधवरीया में खुली बैठक संपन्न हो रही थी जिसमे क्षेत्र पंचायत सदस्य विनय तिवारी ने कर्मचारियों से अपनी आपत्ति दर्ज कराने का प्रयास किया तो दोनो पक्षो में तू तू मै मै हुई शुरू हो गयी जिसमे एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी डण्डो से हमला बोल दिया हमले की खबर आग की तरह फैली देखते ही देखते दुसरे पक्ष से सैकड़ो लोग लाठी डंडो के साथ इकठठा हो गए।

## कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित होगा कृषक वैज्ञानिक संवाद

**अमेठी।** उप कृषि निदेशक अमेठी ने बताया कि जनपद के समस्त कृषकों को जनपद में संचालित स्नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत कृषक वैज्ञानिक संवाद का कार्यक्रम आगामी एक अक्टूबर को कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा जगदीशपुर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के साथ.साथ मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग एवं पशुपालन विभाग के विशेषज्ञों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। प्रतिभाग करने वाले विशेषज्ञों से जनपद के प्रगतिशील किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकए बागवानीए पशुपालन एवं मत्स्य पालन से संबंधित जानकारियां कृषकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने जनपद के समस्त कृषकों से अपील कहा कि आगामी एक अक्टूबर को कृषि विज्ञान केंद्र में अ भाग लें।

# एसडीएम धरने पर बैठे, मचा हड़कंप

एडीएम की रिपोर्ट से खफा थे विनीत

लालगंज तहसील में तैनाती के दौरान वकीलों पर राइफल तानने का है आरोप

संवाददाता। प्रतापगढ़



एसडीएम के बैठने के बाद गेट पर तैनात पुलिसकर्मी

**जिले** में तैनात एसडीएम विनीत उपाध्याय के शुक्रवार को अचानक डीएम कैम्प कार्यालय पर पत्नी के साथ धरने पर बैठ जाने के हाई प्रोफाइल ड्रामे को लेकर प्रशासन मे हडकंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक एसडीएम विनीत लालगंज मे एसडीएम की तैनाती के दौरान अधिवक्ताओं से हुए विवाद मे एडीएम द्वारा अपने खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट को लेकर खफा थे। एसडीएम विनीत ने डीएम से अपने खिलाफ गलत रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की शिकायत की। एडीएम शत्रोहन वैश्य की रिपोर्ट पर शासन ने एसडीएम विनीत से स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम डा. रूपेश कुमार से मिलने के बाद खफा एसडीएम विनीत कैम्प कार्यालय पर धरने पर बैठ गये। उनके समर्थन मे धरने मे पत्नी भी शामिल हो गईं। एसडीएम विनीत के धरने पर बैठने को लेकर जिला प्रशासन मे हडकंप मच गया। आनन-फानन मे डीएम कैम्प कार्यालय पर सीओ नगर समेत भारी पुलिस फोर्स आ पहुंची। फोर्स ने कैम्प कार्यालय पर मीडिया समेत लोगों का आवागमन रोक दिया। मामले में एडीएम शत्रोहन वैश्य का कहना है कि लालगंज मे अधिवक्ताओं के विवाद को लेकर उन्होंने जांच मे एसडीएम विनीत को आरोपी पाया। इस पर शासन को तत्कालीन डीएम मार्कण्डेय शाही ने रिपोर्ट भेजी थी। बता दें जिले की लालगंज तहसील मे एसडीएम तैनात रहे विनीत उपाध्याय का पिछले वर्ष नवंबर मे वकीलों से विवाद हो गया था। वकीलों ने सात नवंबर को एसडीएम विनीत का तहसील परिसर मे घंटों घेराव भी किया था। इससे नाराज एसडीएम विनीत उपाध्याय अगले दिन आठ नवंबर को अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुड्डू के तिलकराम स्थित आवास पर पहुंच गये। वहां अधिवक्ता की ना मौजूदगी मे उनके बुजुर्ग पिता पूर्व प्रधान चंद्रमौलि शुक्ल से अभद्र व्यवहार किया।

इसके बाद तत्कालीन लालगंज एसडीएम विनीत लालगंज घुइसरनाथ मार्ग पर स्थित अधिवक्ता के एक दूसरे मकान पर पहुंचे और अतिक्रमण के नाम पर उसे गिराने को बात करने लगे। जानकारी मिलने पर तहसील से कई अधिवक्ता तथा स्थानीय लोग भी पहुंच गये। बातचीत के दौरान तत्कालीन एसडीएम विनीत ने उस समय आपा खो दिया और अपने साथ मौजूद सुरक्षा मे तैनात एक होमगार्ड की सरकारी राइफल छीनकर वकीलों की तरफ तान दिया था। वकीलों ने इसकी शिकायत डीएम तथा शासन से की थी।

# कृषि विधेयकों के विरोध में सड़कों पर उतरे किसान संगठन

संवाददाता। बाराबंकी



**संसद** में पारित कृषि विधेयकों के विरोध में किसानों का गुस्सा शुक्रवार को सड़कों पर आ गया। जगह जगह प्रदर्शन कर किसान संगठनों ने विधेयक वापस लिए जाने की मांग की और इससे संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से हलकान रहा जिससे यह साबित होता है कि जिले में भारत बंद का पूर्णतया असर रहा। विदित हो कि संसद में पारितकृषि विधेयकों का किसान संगठन लगातार विरोध कर रहे हैं इसी के चलते आज भारत बंद का आवाहन किया गया था जिस के क्रम में आज सुबह से ही जिले के किसान गन्ना कार्यालय परिसर में एकत्रित होना शुरू हो गए और दोपहर तक इनकी संख्या सैकड़ों में पहुंच गई। इसके बाद किसानों ने ना केवल गन्ना कार्यालय परिसर में नारेबाजी की बल्कि जुलूस निकाल कर सड़कों पर भी प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल के नेतृत्व मेंकिसानों ने गन्ना कार्यालय परिसर से निकलकर कचहरी होते हुए जिला कलेक्टर प्रांगण पहुंचे जहां पर ज्ञापन देकर विधेयक वापस लिए जाने की मांग की। इसी क्रम में किसान यूनियन के अन्य संगठनों ने भी अलग अलग तरीके से प्रदर्शन कर विधेयक का विरोध जताया और इसे किसान विरोधी बताते हुए वापस लिए जाने की मांग की। आज हुए जगह.जगह प्रदर्शन से जहां इसका असर यातायात पर भी पड़ा वही किसी प्रकार की अनहोनी घटना ना होने पाए इसके लिए प्रशासन को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। राजनीतिक दलों ने भी किसान संगठनों का पूर्णतया समर्थन किया और उनकी मांगों को जायज ठहराया। इसमें आम आदमी पार्टी भी शामिल रही आम आदमी पार्टी के नेता वीरेंद्र पटेल ने कहा कि सरकार वैसे तो किसान हितैषी होने का दावा कर रही है किंतु यह सब उसका दिखावा है जो संसद में विधेयक पारित कर यह साबित भी कर दिया है।

### सपा कार्यकर्ताओं ने कृषि कानून के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन पर शुक्रवार को स्थानीय जिला मुख्यालय पर पर सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित कृषि कानून के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव की अगुवाई में सपा कार्यकर्ताओं ने भारत बन्द का समर्थन करते हुए स्थानीय कलेक्ट्रेट पहुँचकर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से देश का किसान संकट के दौर में पहुंच गया है दैवीय आपदाओं के साथ ही आवारा पशुओं से किसानों की फसलें खराब हो जा रही है रात दिन मेहनत के बाद भी किसान को उपज का लागत भी नहीं मिल पा रहा है इसके अलावा गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं हो पा रहा है। किसान खाद बीज व अन्य रासायनिक उर्वरक के लिए दर दर की ठोकरें खाने को विवश हो रहा। देश के किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

## बुंदेलखंड के गरीब ब्राह्मणों को रोजगार देने की मांग

**ललितपुर।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिला ललितपुर ने प्रधानमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में दिया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश में और उसके अंतर्गत बुंदेलखंड क्षेत्र में हो रही निर्दोष ब्राह्मण की हत्या व आत्महत्या जिसमे मांग की गई है कि दोषियों को जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई कर उन ब्राह्मण परिवारों को न्याय दिलाया जाए। और यह भी ज्ञापन में संज्ञान लाया गया कि उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड छेत्र में ब्राह्मण परिवार अत्यधिक गरीबी स्थिति में जीवन यापन कर रहे है। ऐसी स्थिति में सरकार को ब्राह्मण परिवारों का सर्वे कराकर जो गरीब निर्धन बेरोजगार ब्राह्मण परिवार के युवक युवतियां है। उनको रोजगार स्वरोजगार व व्यापार करने में सहायता हो सके।

## संविदा चालकों व परिचालकों ने चक्का जामकर किया प्रदर्शन



संवाददाता। बाराबंकी

**परिवहन** निगम के संविदा चालक व परिचालक शुक्रवार अपनी मांगों को लेकर कार्य से विरत रहे और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई यूनियन के अध्यक्ष तनवीर एस सिद्दीकी ने किया। उन्होंने बताया कितेन मे विसंगतियो के विरोध मे हमारा संगठन मांग कर रहा है लेकिन सरकार उस पर ध्यान नही दे रही है। कहा कि हम लोग कोरोना काल मे अपना कर्तव्य का निर्वहन किये हैं लेकिन उसके बावजूद हमारी वेतन से कटौती कर दी गयी है जिससे परिवार चलाना दूभर है। इस प्रदर्शन में परिचालक व चालक कार्य से विरत रहकर चक्का जामकर दिया उसके बाद आरएम को पांच बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौंपने वालो में यूनियन के अध्यक्ष तनवीर एस सिद्दीकी व उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव रहे इनके साथ परिचालक पवन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे वहीं यूनियन की मुख्य मांग थी 50 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर पर प्रोत्साहन कटौती की जा रही है जो सही नही है और लोकल गाड़ियों में एमएसटी व दिव्यांग वरिष्ठ नागरिकों की संख्या अधिक होती है जिनकी इनकम हमारी आय में नही जोड़ी जाती है जिसका मानक बनाकर हम लोगों की आय में जोड़ा जाए।

# जयंती पर याद किए गए पंडित दीन दयाल

सभी बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपाइयों ने अर्पित की पुष्पांजलि

संवाददाता। बाराबंकी




**एकात्म** मानववाद एवं अन्त्योदय की विचारधारा के प्रवर्तक पं दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर भाजपाइयों ने खूब याद किया। भाजपा कार्यालय सहित जिले में प्रत्येक बूथ पर दीनदयाल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यर्पण करके उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।सभी बूथों पर दीनदयाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा भी हुई।पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में बूथ पर कार्यक्रम आयोजित हुए।शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जयंती मनाई गई।जिला अध्यक्ष ने कहा कि समाज के कमजोर तबके के उत्थान के लिए दीनदयाल के प्रयासों को सदैव याद किया जाएगा।उन्होंने दीनदयाल को आधुनिक भारत के मूर्धन्य विचारक की संज्ञा दी।सिरौलीगौसपुर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि उपाध्याय जी भारत की सामाजिक सच्चाइयों से भलीभांति परिचित थे। उनके एकात्म मानवतावाद ने सदियों से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े दुर्बल वर्ग को विकास की मूलधारा में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किये। बनीकोडर में विधायक सतीश शर्मा ने उपाध्याय जी को भारत का महान नेता बताते हुए कहा कि कमजोर तबके की सेवा करने का उनके जीवन का संदेश सदियों तक गूंजता रहेगा। सांसद प्रतिनिधि दिनेश रावत सतरिख व विधायक बैजनाथ रावत कोठी एवं पूर्व एमएलसी हरगोविन्द सिंह सलारपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मजीठा में जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, रामपुर में प्रमोद तिवारी, मवैय्या में महामंत्री शीलरत्न मिहिर, महादेवा में महामंत्री सन्दीप गुप्ता, भयारा में महामंत्री भल्ल्न वर्मा, सूरतगंज में अलका मिश्रा, जलालपुर में रोहित सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए पार्टी ने कुल 880 कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम प्रभारी बनाकर बूथों पर भेजा था।भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला महामंत्री सन्दीप गुप्ता, मीडिया प्रभारी विजय आनन्द बाजपेई, डॉ रिजवान अली, अश्विनी श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष रामु वर्मा, रामचन्द्र, हेमन्त सिंह अभिषेक जायसवाल, प्रवीण सिंह, अनमोल सिंह राघवेंद्र प्रताप सिंह, अलोक सिंह मौजूद रहे।

### भारतीय जनता पार्टी ने मनाया उपाध्याय का जन्मोत्सव

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म उत्सव मनाया जिस पर एकात्मवाद एवं राजनीतिक शुचिता के धनी श्री उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष श्रीमती बसंती लारिया एवं संचालन नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने किया कार्यक्रम में शशि शेखर पांडेय नगर महामंत्री दीपक पाराशर, रवि साहू हरिओम निरंजन आदि मौजूद थे।

## मां वैष्णोधाम यात्रा के लिए साइकिल जत्था रवाना

**बाराबंकी।** मन में आस्था की ज्योति जलाए 15 सदस्यीय भक्तों का साइकिल जत्था शुक्रवार को मां वैष्णोधाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11वर्षों से लगातार पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने माता वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए जाने वाले सभी भक्तों को अंग वस्त्र भेंट कर माला पहनाकर झंडी दिखाकर रवाना किया धार्मिक यात्रा ग्राम पंचायत चचेरुवा के अन्तर्गत अल्लीपुर में माता जी के पौराणिक मंदिर से रवाना हुई

यात्रा को रवाना करते हुए पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने कहा कि मन में सच्ची भक्ति है तो कोई राह कठिन नहीं हो सकती माता वैष्णो सभी भक्तों के कष्ट दूर करे और कोविड-19 से सभी जनमानस को निजात दिलाएं ऐसी मंगल कामना करते हुए सभी भक्तो की सफल और सुखद यात्रा की कामना की साइकिल जत्थे में शामिल रामसनेही यादव, सोनू यादव, अमित कुमार, पंकज कुमार, मिलन यादव, संतोष कुमार, लालजी, प्रवेश कुमार यादव, मंशाराम यादव आदि शामिल हैं।

# छप्पर रखने के दौरान अचानक ढही दीवार, मलबे में दबकर कई घायल

संवाददाता। फतेहपुर (**बाराबंकी**)

**छप्पर** रखने के दौरान अचानक दीवार भरभराकर ढह गई। छप्पर व दीवाल के मलवे के नीचे कई ग्रामीण दब गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मलवा हटाकर घायल लोगों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से छह लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद में निवासी बिहारीलाल के यहां शुक्रवार की दोपहर घर की दीवाल पर छप्पर रखने की तैयारी हो रही थी। छप्पर को दीवाल पर रखने के लिए कई ग्रामीण एकत्रित हो गए थे। ग्रामीणों ने जैसे ही छप्पर उठाकर दीवाल पर रखना चाहा इस बीच पक्की दीवाल भर भराकर ढह गई। जिसके मलवे के नीचे गांव के दिलीप कुमार (33), कुलदीप (25), प्यारेलाल (52), रंजीत (24), जानकी (38), अनन्त (26), बिहारीलाल (40), भगवती (36), राम नारायण (35) व गड्डू (33) दब गए। मलवे में दबे लोगों की चीख पुकार सुनकर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने मलवा हटाकर सभी को बाहर निकाली। सूचना पर पहुंची दो एंबुलेंस से सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी फ्तेहपुर भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बिहारीलाल, जानकी, राम नारायण, दिलीप, कुलदीप व गुड्डू को जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया।

### सड़क हादसे में 38 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत

मसौली (**बाराबंकी**) लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नवीन मण्डी के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 38 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। वाहन की चपेट में आयी महिला करीब 50 मीटर हाँइवे पर घसीटती रही, जिससे शव भी क्षत विक्षत हो गया मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर तेलियानी की रहने वाली है। शुक्रवार की भोर नवीन मण्डी स्थल के सामने उस समय हादसा हुआ जब अहमदपुर तेलियानी निवासी रेहाना बानो पत्नी फहीम शाह घर से पैदल निकलकर रसौली स्थित अपने पति के पास जा रही थी मृतका का पति रसौली में टायर पंचर की दुकान चलाता है। पैदल जा रही रेहाना को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमे महिला फंस गयी और करीब 50 मीटर सड़क पर रगड़ती रही जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह ने मृतक महिला की शिनाख्त की कोशिश की तभी मौके पर पहुँचे अकबरपुर धनेठी निवासी शब्बीर पुत्र मुस्तफ ने अपनी बहन के रूप में की। पुलिस ने शव का पँचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के तीन पुत्र एव तीन पुत्रियां है घटना के बाद से घर में कोहराम मच गया है।